काशी हिन्दू विश्वविद्यालय

BANARAS HINDU UNIVERSITY

वार्षिक रिपोर्ट

२०१८-२०१९

सम्पादन समिति

अध्यक्ष
प्रो. माया शंकर पाण्डेय
अंग्रेजी विभाग, कला संकाय

सदस्य सचिव
डॉ. पुष्पमित्र त्रिवेदी
उपकुलसचिव (शिक्षण)

सदस्य

प्रो. राकेश सिंह
कृषि अर्थशास्त्र विभाग
कृषि विज्ञान संस्थान

प्रो. वशिष्ठ नारायण त्रिपाठी
हिन्दी विभाग
कला संकाय

प्रो. कृष्ण मोहन पाण्डेय
अंग्रेजी विभाग
कला संकाय

प्रो. निधि शर्मा
अर्थशास्त्र विभाग

प्रो. मधु जी. तापड़िया
जीव विज्ञान विभाग

डॉ. सत्यपाल शर्मा
हिन्दी विभाग
कला संकाय

डॉ. पंचानन दलाई
अंग्रेजी विभाग
कला संकाय

डॉ. आरती निर्मल
अंग्रेजी विभाग
कला संकाय

डॉ. संजीव सर्राफ
उप पुस्तकालय अध्यक्ष
केन्द्रीय ग्रन्थालय

डॉ. विचित्रसेन गुप्त
हिन्दी अधिकारी

कुलसचिव, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय द्वारा प्रकाशित।

डिजाइन, लेआउट एवं मुद्रण: **एडमैक्स एसोसिएट,** वाराणसी

संस्थापक

काशी हिन्दू विश्वविद्यालय

महामना पण्डित मदन मोहन मालवीय

२५.१२.१८६१ – १२.११.१९४६

(पौष कृष्ण अष्टमी, वि. सं. १९१८ – मार्गशीर्ष कृष्ण पंचमी, वि. सं. २००३)

The Founder

of the

BANARAS HINDU UNIVERSITY

Mahamana Pandit Madan Mohan Malaviya

25.12.1861 – 12.11.1946

(Paush Krishna Ashtami, V.S. 1918 – Margashirsha Krishna Panchami, V.S. 2003)

न त्वहं कामये राज्यं न स्वर्गं नाऽपुनर्भवम् ।
कामये दुःखतप्तानां प्राणिनामार्तिनाशनम् ॥

"I do not covet kingdom, neither heaven, nor Nirvana
The only desire I have is to serve Disconsolate."

– Mahamana Malaviya

कुलगीत

मधुर मनोहर अतीव सुन्दर,
यह सर्वविद्या की राजधानी।

यह तीनों लोकों से न्यारी काशी।
सुज्ञान धर्म और सत्यराशी।।
बसी है गंगा के रम्य तट पर,
यह सर्वविद्या की राजधानी। मधुर-।।

नये नहीं है ये ईंट पत्थर।
है विश्वकर्मा का कार्य सुन्दर।।
रचे हैं विद्या के भव्य मन्दिर,
यह सर्व सृष्टि की राजधानी। मधुर-।।

यहाँ की है यह पवित्र शिक्षा।
कि सत्य पहले फिर आत्म-रक्षा।।
बिके हरिश्चन्द्र थे यहीं पर,
यह सत्यशिक्षा की राजधानी। मधुर-।।

यह वेद ईश्वर की सत्यबानी।
बने जिन्हें पढ़ के ब्रह्मज्ञानी।
थे व्यास जी ने रचे यहीं पर,
यह ब्रह्मविद्या की राजधानी। मधुर-।।

वह मुक्तिपद को दिलाने वाले।
सुधर्म पथ पर चलाने वाले।।
यहीं फले फूले बुद्ध शंकर,
यह राज ऋषियों की राजधानी। मधुर-।।

सुरम्य धारायें वरुणा अस्सी।
नहाए जिनमें कबीर, तुलसी।।
भला हो कविता का क्यों न आकर,
यह वाग् विद्या की राजधानी। मधुर-।।

विविध कला अर्थशास्त्र गायन।
गणित खनिज औषधी रसायन।।
प्रतिचि-प्राची का मेल सुन्दर,
यह विश्वविद्या की राजधानी। मधुर-।।

यह मालवी की है देश भक्ति।
यह उनका साहस यह उनकी शक्ति।।
प्रकट हुई है नवीन होकर,
यह कर्मवीरों की राजधानी।

मधुर मनोहर अतीव सुन्दर,
यह सर्वविद्या की राजधानी।

Dr. SHANTI SWARUP BHATNAGAR
Eminent Scientist
who composed the BHU Kulgeet

Kulgeet (English Translation)

So sweet, serene, infinitely beautiful
This is the presiding centre of all learning.

Radiant Kashi, wonder of the three worlds
Treasure-Chest of Jnana, Dharma and Satya
Nestling on Ganga's bank,
centre for all disciplines. So sweet-.

No Recent work of brick and stone
Primordial design of divinity alone
Mansions of Vidya,
centre for all creation. So sweet-.

Clear here is the doctrine pure
Truth first, then only one's self
Home of Harishchandra,
Truth's testing ground. So sweet-.

The Voice of God in Vedic record
Constant Inspiration for soul-accord
Work-shop of Veda Vyasa,
centre for Brahma Vidya. So sweet-.

Find here the steps to freedom
Tread here the path of Dharma
Flaming trail Buddha's and Shankara's
centre for philosopher-kings. So sweet-.

Life-Giving waters of Varuna and Assi
Sustenance of Kabir and Tulsi
Fountainhead of eloquent speech and poetry. So sweet-.

Music, Economics, other arts so many
Maths, Mining, Medicine and Chemistry
Fraternal forum of East and West,
university in truest sense. So sweet-.

Patriotism of Malaviyaji
His intrepidity and energy
All in youthful manifestation,
centre for men of action.

So sweet, serene, infinitely beautiful
This is the presiding centre of all learning.

प्रो. राकेश भटनागर
कुलपति

Prof. Rakesh Bhatnagar, Ph.D
FNA, FASc, FNASc
Vice-Chancellor

काशी हिन्दू विश्वविद्यालय
Banaras Hindu University
(Established by Parliament by Notification No. 225 of 1916)
VARANASI-221 005 (INDIA)
Phones : 91-542-2368938, 2368339
Fax : 91-542-2369100, 2369951
E-mail : vc@bhu.ac.in
Website: www.bhu.ac.in

नवम्बर १३, २०१९

प्रस्तावना

काशी हिन्दू विश्वविद्यालय की वर्ष २०१८-१९ का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए मुझे अत्यन्त गौरव और प्रसन्नता की अनुभूति हो रही है। इस प्रतिवेदन में विश्वविद्यालय के संस्थानों, संकायों, विभागों और केन्द्रों की विभिन्न शैक्षणिक गतिविधियों का समावेश है। प्रस्तुत प्रतिवेदन में शैक्षणिक कार्यक्रमों के अतिरिक्त, उल्लिखित अवधि के दौरान संचालित महत्वपूर्ण सह-पाठ्यक्रम और विकास गतिविधियों के क्षेत्र में अर्जित विशिष्ट उपलब्धियों पर भी प्रकाश डाला गया है।

शैक्षणिक उत्कृष्टता के एक संस्थान के रूप में हम शिक्षा के समस्त क्षेत्रों में उत्कृष्टता प्राप्ति के अपने प्रयास में सैद्धांतिक और व्यावहारिक दोनों रूपों में अन्वेषण, नवाचार और ज्ञान प्रदान करने हेतु समर्पित हैं। अपने चारों ओर तीव्रता से बदलते इस माहौल में भी, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय देश और दुनिया भर के प्रतिभाशाली शिक्षाविदों और छात्रों को निरंतर आकर्षित कर रहा है।

प्रतिवेदित वर्ष के दौरान अनेक महत्वपूर्ण शैक्षणिक मुद्दों का समाधान किया गया। इससे विश्वविद्यालय में सौहार्दपूर्ण शैक्षणिक वातावरण विकसित करने में मदद मिली है। हमारी शैक्षणिक जिम्मेदारियों के अंतर्गत व्यवहार्य कार्यक्रमों और हमारे वर्तमान प्रस्तावित पाठ्यक्रमों की महत्वपूर्ण विशेषताओं की पूर्ण समझ और समाज की आवश्यकताओं के अनुसार उनमें उचित संशोधन करना शामिल है। विश्वविद्यालय की शोध और शैक्षणिक योजनाओं को व्यावहारिक रूप में कार्यान्वित करने के लिए परिचालन योजना को उच्च प्राथमिकता दी गयी। महामना की दृष्टि के अनुरूप, अकादमिकों के योग्यता स्तर में संवर्धन और शिक्षण एवं अधिगम प्रक्रिया में सुधार द्वारा मजबूती और विकास दोनों पर ध्यान भी केन्द्रित किया गया।

अपने महान संस्थापक की समग्र शिक्षा प्रदान करने की दृष्टि के अनुरूप छात्रों के प्रत्यक्ष व्यावहारिक लाभ हेतु विद्यार्थियों के कौशल संवर्धन के लिए कई महत्वपूर्ण उल्लेखनीय कार्यक्रम और नीतियाँ शुरू की गईं। विद्यार्थियों के आध्यात्मिक और नैतिक उन्नयन की दृष्टि से वर्ष के दौरान अनेक लब्ध प्रतिष्ठ विद्वानों के व्याख्यान और संगोष्ठियों का आयोजन किया गया। साथ ही, छात्रावास सुविधाओं में निरन्तर विस्तार और उन्नयन किया गया तथा इनडोर और आउटडोर खेलों की सुविधाओं में सुधार और योग शिक्षा की सम्यक व्यवस्था की गयी।

काशी हिन्दू विश्वविद्यालय समस्त सहभागियों की सामर्थ्य और सहयोग से बना है। इस वर्ष की वार्षिक प्रतिवेदन में उस गत्यात्मक विशेषता का उल्लेख है जिसमें परिसर की प्रत्येक कक्षा, प्रयोगशाला और भवन सम्मिलित है। अपने समर्पित सहकर्मियों के साथ लगनशील आचार्यों ने बड़ी संख्या में विद्यार्थियों को गहनता से प्रेरित किया है और परिणामस्वरूप उनमें संतुष्टि का भाव विद्यमान है।

मैं, संपादक मण्डल और उससे जुड़े अन्य सभी कार्मिकों को इस महत्वपूर्ण और बहुमूल्य दस्तावेज को तैयार करने के लिए उनके अथक प्रयासों की सराहना करता हूँ और उन्हें हार्दिक धन्यवाद देता हूँ।

(राकेश भटनागर)

विषय सूची

भाग- १

१. भूमिका

१.१. विश्वविद्यालय - एक दृष्टि में १५-२२

१.२. शैक्षणिक सत्र २०१८-१९ की प्रमुख विशेषताएँ २३-३३

२. विश्वविद्यालय के शैक्षणिक अवयव (अंग)

२.१. मुख्य परिसर

२.१.१. संस्थान

२.१.१.१. कृषि विज्ञान ३७-४१

२.१.१.२. चिकित्सा विज्ञान (आधुनिक, आयुर्वेद, दन्त चिकित्सा) ४२-४५

२.१.१.३. पर्यावरण एवम् संपोष्य विकास ४६-४७

२.१.१.४. प्रबन्ध शास्त्र ४८-५२

२.१.१.५. विज्ञान ५३-६१

२.१.२. संकाय

२.१.२.१. कला ६४-६६

२.१.२.२. वाणिज्य ६७

२.१.२.३. शिक्षा ६८

२.१.२.४. विधि ६९-७०

२.१.२.५. संगीत एवं मंच कला ७१-७५

२.१.२.६. सामाजिक विज्ञान ७६-७७

२.१.२.७. संस्कृत विद्या धर्म विज्ञान ७८-७९

२.१.२.८. दृश्य कला ८०

२.१.३. महिला महाविद्यालय ८१-८२

२.१.४. अध्ययन केन्द्र

२.१.४.१. खाद्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी ८४

२.१.४.२. आनुवांशिकी विकार ८५-८६

२.१.४.३. डी. एस. टी.-अन्तर्विषयक गणितीय विज्ञान ८७

२.१.४.४. नेपाल अध्ययन ८८

२.१.४.५. महिला अध्ययन एवं विकास ८९

२.१.४.६. मालवीय शांति अनुसंधान ९०

२.१.४.७. समन्वित ग्रामीण विकास ९१

२.१.४.८. सामाजिक बहिष्करण एवं समावेशी नीति अध्ययन ९२

२.१.४.९. हाइड्रोजन ऊर्जा केन्द्र ९३

२.१.४.१०. नैनो विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी इकाई/केन्द्र ९४

२.१.५. स्कूल

२.१.५.१. सेन्ट्रल हिन्दू ब्वायज़ स्कूल ९६-९९
२.१.५.२. सेन्ट्रल हिन्दू गर्ल्स स्कूल १००-१०१
२.१.५.३. श्री रणवीर संस्कृत विद्यालय १०२-१०३

२.१.६ का.हि.वि. ग्रंथालय प्रणाली १०४-१११
२.१.७ यू.जी.सी. मानव संसाधन विकास केन्द्र ११२-११३
२.१.८ मालवीय भवन ११४-११५
२.१.९ भारत कला भवन ११६-११८

२.२. दक्षिणी परिसर १२०-१२१

२.३. विश्वविद्यालय के विशेषाधिकार के अन्तर्गत संचालित नगरीय महाविद्यालय

२.३.१. आर्य महिला पी.जी. कॉलेज १२४-१२९
२.३.२. वसन्त महिला महाविद्यालय १३०-१३२
२.३.३. वसन्त कन्या महाविद्यालय १३३-१३७
२.३.४. दयानन्द पी.जी. कॉलेज १३८-१३९

३. अध्ययन हेतु पाठ्यक्रम १४०-१४५

४. प्रदत्त उपाधियाँ/ सनद/ प्रमाण पत्र १४८-१४९

४.१. छात्रों की संख्या १५०-१५२
५. मानव संसाधन रूपरेखा १५३-१५६
६. वित्तीय संसाधन १५७-१५८
७. पुरस्कार, सम्मान व पेटेन्ट १५९-१८३
८. छात्रवृत्तियाँ/ अध्येतावृत्तियाँ (छात्रों के लिये) १८४
९. सुविधाएँ

९.१. आवास १८६
९.१.१. छात्रावास (बालक) १८७
९.१.२. छात्रावास (बालिका) १८७
९.१.३. छात्रावास (विवाहित/विदेशी छात्र) १८७
९.१.४. विश्वविद्यालय कर्मचारियों के निवास हेतु आवास सुविधाएँ १८८
९.२. अतिथि गृह संकुल १८८
९.३. इन्टरनेट एवं संगणक १८८-१८९
९.४. सम्मेलन कक्ष १८९
९.५. पुरातन छात्र प्रकोष्ठ १८९
९.६. भारतीय सांस्कृतिक सम्बन्ध परिषद् १८९-१९०
९.७. इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय १९०-१९१
९.८. अन्तर्राष्ट्रीय केन्द्र १९१
९.९. समाचार पत्र प्रकाशन एवं प्रचार प्रकोष्ठ १९१-१९५
९.१०. विद्युत, जल और दूरभाष केन्द्र १९५-१९६
९.११. अनुरक्षण (भवन एवं उपकरण) १९६-१९९

९.१२. स्वास्थ्य देखभाल (अस्पताल और स्वास्थ्य केन्द्र) १९९-२००
९.१३. विश्वविद्यालय क्रीड़ा परिषद् २००-२०३
९.१४. छात्र अधिष्ठाता द्वारा आयोजित कार्यक्रम २०३-२०७
९.१५. कैरियर विकास केन्द्र २०८
९.१६. जलपान गृह २०८
९.१७. राष्ट्रीय सेवा योजना २०८-२०९
९.१८. नेशनल कैडेट कोर २०९-२१०
९.१९. बैंक एवं डाक घर २१०-२११
९.२०. रेल आरक्षण पटल २११
९.२१. एयर स्ट्रिप एवं हेलीपैड २११
९.२२. विपणन संकुल २११
९.२३. काशी हिन्दू विश्वविद्यालय क्लब २११
९.२४. छात्र कल्याण
९.२४.१. संस्थापन सेवा २११-२१३
९.२४.२. विश्वविद्यालय सेवायोजन सूचना एवं मंत्रणा केन्द्र २१३-२१६
९.२४.३. छात्र परिषद् २१६
९.२४.४. नगर छात्र निकाय २१६-२१७
९.२४.५. छात्र कल्याण: समान अवसर एवं समावेशी पद्धति २१७-२१९
९.२४.६. पाठ्येतर क्रियाकलाप २१९-२२०
९.२५. हिन्दी प्रकाशन समिति २२०
१०. नये अध्यादेश/संशोधन २२१-२३२

भाग – २

परिशिष्ट-१ विश्वविद्यालय कोर्ट, कार्यकारिणी परिषद् व विद्वत् परिषद् के सदस्यगण एवं अधिकारीगण २३४-२४४
परिशिष्ट-२ वर्ष २०१८-१९ में विश्वविद्यालय के शिक्षकों के शैक्षणिक योगदान का विवरण २४५-२६१
परिशिष्ट-३ विभिन्न अभिकरणों द्वारा वित्तपोषित शोध परियोजनाओं की सूची २६२-२७०
परिशिष्ट-४ वर्ष २०१८-१९ में आयोजित कुछ प्रमुख संगोष्ठियाँ, सम्मेलन एवं कार्यशालाएँ २७१-२७८
परिशिष्ट-५ वर्ष २०१८-१९ में शैक्षणिक विचार-गोष्ठियों में भाग लेने के लिए प्रतिनियुक्त शिक्षकों की संख्या का विवरण २७९-२८८
परिशिष्ट-६ वर्ष २०१८-१९ में सीधी नियुक्ति और पदोन्नति २८९

मालवीय भवन



हिन्दी संस्करण

वार्षिक रिपोर्ट २०१८-२०१९

अद्‌भुत स्थापत्य कला

प्रौद्योगिकी संस्थान, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय



१ - भूमिका

सन् १९१६ में परिसर विन्यास संबंधी महामना की दृष्टि



विश्वविद्यालय परिसर में छः संस्थान अवस्थित हैं:

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, आई. आई. टी. (बी.एच.यू.)

चिकित्सा विज्ञान संस्थान (आई.एम.एस.)

कृषि विज्ञान संस्थान (आई.ए.एस.)

पर्यावरण एवम् संपोष्य विकास संस्थान (आई.ई.एस.डी.)

प्रबन्ध शास्त्र संस्थान

विज्ञान संस्थान

एवं **महिला महाविद्यालय (एम.एम.वी.)**

१.१. विश्वविद्यालय - एक दृष्टि में


सिंह द्वार

काशी हिन्दू विश्वविद्यालय (का.हि.वि.वि.), देश के अति-प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों में से एक है जिसकी स्थापना महामना पंडित मदन मोहन मालवीय जी द्वारा सन् १९१६ में की गयी थी। यह एक स्वायत्तशासी उत्कृष्ट संस्था है जिसके विज़िटर भारत के महामहिम राष्ट्रपति जी हैं। यह एशिया का सबसे बड़ा आवासीय विश्वविद्यालय है। पं. मदन मोहन मालवीय जी, डॉ. एनी बेसेंट एवं डॉ. एस. राधाकृष्णन् जैसे मनीषियों की दूरदर्शिता की जीवन्त प्रतीक यह राष्ट्रीय संस्था प्राचीन भारतीय ज्ञान-विज्ञान एवं आधुनिक वैज्ञानिक चिन्तन दृष्टि का एक अद्भुत संगम है। अपने ज्ञानदीप्त संस्थापक द्वारा पल्लवित-प्रतिपादित शिक्षा की समग्र और पवित्रतामूलक पद्धति को नूतन आयामों से जोड़कर यह विश्वविद्यालय युवा वर्ग का उन्नयन कर रहा है तथा उनकी सृजनात्मक प्रतिभा का संपोषण कर उन्हें पर्याप्त सुविधाएँ प्रदान कर रहा है।

संस्थापक की दृष्टि

- ''यह मेरी हार्दिक इच्छा और उम्मीद है कि आज से स्थापित होने वाले इस प्रकाश स्तम्भ से ऐसे स्नातक दीक्षित हों जो न केवल बौद्धिकता में विश्व के किसी भी क्षेत्र के विद्यार्थियों के समतुल्य हों बल्कि एक सुसंस्कृत जीवन यापन करने वाले देशभक्त तथा धर्मनिष्ठ भी हों।''
- ''एक आवासीय विश्वविद्यालय अपने उद्देश्य के प्रति अपूर्ण है यदि वह अपने स्नातकों में समान उत्कंठा से उनके भावावेगों को समुन्नत नहीं करता जिस प्रकार उनके बौद्धिक विकास हेतु वह सचेष्ट है। अतएव इस विश्वविद्यालय ने अपना मूल लक्ष्य युवकों का चरित्र निर्माण के लिए निर्धारित किया है। यह संस्थान न केवल अभियन्ताओं, वैज्ञानिकों, चिकित्सकों, धार्मिक विचारकों, व्यापारियों को बनाने के लिए प्रयत्न करेगा बल्कि ऐसी प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करेगा जो अत्यंत चरित्रवान, नैतिक तथा सम्मान के योग्य होंगे, जिनका उदाहरण महान विश्वविद्यालय के महनीय उद्देश्यों के समरूप दिया जा सकेगा।''

विश्वविद्यालय

विश्वविद्यालय की स्थापना चरित्र निर्माण तथा अभिभावकत्व की मूल परिकल्पना के अनुरूप एक आवासीय विश्वविद्यालय के रूप में की गई। यह सम्भवत: विश्व का अनूठा विश्वविद्यालय है जिसमें ५५० हेक्टेयर (१३६० एकड़) के चहारदीवारी से घिरे तथा स्थापत्य की दृष्टि से अनुपम भवनों के परिसर में नर्सरी से लगायत डॉक्टरेट उपाधि तक की शिक्षा प्रदान की जाती है। इस विशाल हरीतिमा से परिपूर्ण परिसर में विज्ञान, अभियांत्रिकी एवं तकनीकी, मानविकी, समाज विज्ञान, वाणिज्य, विधि, शिक्षा, दृश्यकला, मंचकला, संस्कृत विद्या धर्मविज्ञान, कृषि, पुस्तकालय विज्ञान, पत्रकारिता तथा बड़ी संख्या में भारतीय एवं विदेशी भाषाओं आदि लगभग समस्त विधाओं की शिक्षा प्रदान की जाती है।

विश्वविद्यालय के आठ विभागों को विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के विशेष सहायता कार्यक्रम के अन्तर्गत (इनमें पांच उच्चानुशीलन केन्द्र तथा तीन विभाग डी. आर. एस. लेवल- २) वित्तीय अनुदान प्राप्त हैं। अन्य ५ विभागों/ स्कूलों को विज्ञान एवं तकनीकी विभाग (भारत सरकार) के डी. एस. टी. - कार्यक्रम एफ. आई. एस. टी. तथा ०२ डी. एस. टी.-पी. यू. आर. एस. ई. के अन्तर्गत वित्तीय अनुदान मिल रहा है। शहर में अवस्थित चार महाविद्यालयों को विश्वविद्यालय द्वारा मान्यता प्रदान की गयी है। विश्वविद्यालय तीन विद्यालयों का भी संचालन करता है, इसके अतिरिक्त एक केन्द्रीय विद्यालय भी परिसर में अवस्थित है। इनके अलावा मुख्य परिसर से ७५ किलोमीटर दूर मिर्जापुर जिले के बरकछा नामक स्थान पर १०९२.६ हेक्टेयर (२७०० एकड़) भूमि के विस्तृत परिसर में सन् २००६ में राजीव गाँधी दक्षिणी परिसर की भी स्थापना की गई है।

उत्कृष्टता का प्रतीक

इंडिया टुडे (३१ मई, २०१०) में प्रकाशित इंडिया टुडे-नील्सन सर्वेक्षण के अनुसार काशी हिन्दू विश्वविद्यालय को भारतीय विश्वविद्यालयों में प्रथम श्रेणी प्राप्त हुआ है। यह महत्वपूर्ण सर्वेक्षण प्रसिद्धि, शैक्षणिक गुणवत्ता, संकाय गुणवत्ता, शोध प्रकाशन/रिपोर्ट/परियोजना, बुनियादी संरचना एवं रोजगार अवसरों जैसे छ: विशिष्ट मानकों के विश्लेषण पर आधारित था। काशी हिन्दू विश्वविद्यालय में शिक्षण एवं शोध की गुणवत्ता के आयाम में सुधार करने के लिए निरंतर प्रयास किये गये हैं। सत्र २००९-१० के दौरान प्रतिष्ठित पत्रिका *करेंट साइंस* में प्रकाशित दस वर्षीय सर्वेक्षण में सूचकांक जर्नलों में अधिकतम शोध-पत्रों के प्रकाशन के लिए काशी हिन्दू विश्वविद्यालय को सर्वोच्च २५ भारतीय विश्वविद्यालयों में पहले स्थान पर रखा गया है। इंडिया टुडे के (जून २०१३) में प्रकाशित इंडिया टुडे-नील्सन के द्वारा कराये गये सर्वेक्षण के अनुसार काशी हिन्दू विश्वविद्यालय भारत के पाँच शीर्ष विश्वविद्यालयों में स्थान रखता है। अन्य एजेंसियों ने भी इस विश्वविद्यालय एवं इसके विभिन्न संकायों/विभागों को समान प्रकार की श्रेणी दी है।

कृषि विज्ञान संस्थान

समग्र कृषि और संबद्ध विज्ञान के सतत् और समान विकास के उद्देश्यों के प्रति प्रतिबद्ध, मानव संसाधन विकास, अध्यापन, अनुसंधान एवं विस्तार के एकीकृत दृष्टिकोण के माध्यम से स्वतंत्रता, सुरक्षा और समृद्धि के द्वारा मानव संसाधन का विकास करना ज्ञान निर्माण कारक उपयोग दक्षता, फसलों / सब्जियों / फलों / पशुओं / मुर्गी / मछली में उत्पादन, गुणवत्तायुक्त बीज उत्पादन सुधार, आजीविका सुरक्षा में सुधार और भुखमरी मुक्त समाज के सपने को साकार करने की दिशा में संस्थान ने सतत् २०१२-१३ में उपलब्ध संसाधनों एवं विशेषज्ञताओं के सहयोग से शिक्षा (खेल और सांस्कृतिक गतिविधियों सहित) और अनुसंधान (प्रसार गतिविधियों सहित) के क्षेत्र में उपलब्धियाँ हासिल की हैं।

आई.आई.टी. (बी.एच.यू.)

कृषि विज्ञान संस्थान

चिकित्सा विज्ञान संस्थान

सर सुन्दरलाल चिकित्सालय

ब्रोचा छात्रावास

चिकित्सा विज्ञान संस्थान एवं चिकित्सालय

विश्वविद्यालय द्वारा उत्तर प्रदेश, बिहार, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ एवं झारखण्ड आदि राज्यों से आने वाले गरीबों को १२०० बिस्तर की क्षमता वाले सर सुन्दरलाल चिकित्सालय द्वारा सस्ती चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जाती है। प्रधानमंत्री स्वास्थ्य सुरक्षा योजना के अंतर्गत १५० करोड़ रुपये की लागत से ट्रॉमा सेन्टर का निर्माण किया गया है तथा जिसके द्वारा बड़े पैमाने पर प्रसार, शोध एवम् अध्ययन-अध्यापन कार्यक्रमों का विस्तार होगा।

पर्यावरण एवं संपोष्य विकास संस्थान

काशी हिन्दू विश्वविद्यालय ने वर्ष २०१० में एक राष्ट्रस्तरीय पर्यावरण एवं संपोष्य विकास संस्थान स्थापित किया तथा २०११ में शैक्षणिक पदों पर नियुक्तियां हुई। संस्थान का उद्देश्य संपोष्य विकास के बारे में शिक्षा एवं संपोष्य विकास हेतु शिक्षा को शामिल करना है। संस्थान का लक्ष्य ऐसा शिक्षण, शोध व विस्तार कार्य करना है जिससे भविष्योन्मुख भारत का संपोष्य विकास हो तथा निर्धनता मिटे और देश के प्राकृतिक संसाधनों का कुशल व समुचित प्रबंधन बरकरार रहे।

एशिया का सबसे बड़ा आवासीय विश्वविद्यालय

विश्वविद्यालय के विभिन्न संकायों में संपूर्ण भारत एवं विश्व के ५४ देशों से ३१,००० छात्र एवं छात्राएँ अध्ययनरत हैं। विभिन्न विषयों के लगभग १४,००० अन्त:वासी छात्र-छात्राओं के लिए इन्टरनेट सहित सभी आधुनिक सुविधाओं से युक्त ७० छात्रावास उपलब्ध है। १४०० कर्मचारी आवास एवं ७ अतिथि गृह भी हैं।

एन.सी.सी.कैडेट्स के लिए फ्लाइंग प्रशिक्षण

काशी हिन्दू विश्वविद्यालय एकमात्र ऐसा विश्वविद्यालय है जिसके पास अपना हवाई पट्टी एवं तीन हेलीपैड हैं। इनका उपयोग एन.सी.सी. कैडेट्स के प्रशिक्षण के लिए किया जाता है।

पुस्तकालय

का.हि.वि.वि. के केन्द्रीय पुस्तकालय प्रणाली में १३,००० ऑनलाइन शोध पत्रिकाओं, ५०,००० ई-पुस्तकों, डिजिटलाइज़्ड पाण्डुलिपियों सहित १५ लाख पुस्तकों का विशाल संग्रह है। यह पुस्तकालय विभागीय, संकायों तथा संस्थानों के पुस्तकालयों की शृंखला का समुच्चय है। इसके अतिरिक्त दिन-रात कार्यरत २०० से अधिक सीटों की एक वातानुकूलित साइबर लाइब्रेरी है। नवीनीकृत वातानुकूलित पत्रिका अध्ययन कक्ष की भी स्थापना की गई है जिसमें ६० व्यक्तिगत कक्ष शोध छात्रों एवं शिक्षकों के लिए उपलब्ध हैं।

पर्यावरण जागरूकता एवम् सौन्दर्यीकरण

- का.हि.वि.वि. परिसर ५७५.७५ एकड़ का प्रक्षेत्र सुन्दर बागीचों एवं हरीतिमा युक्त है।
- ३३.५ कि.मी. का कटिलें बाड़ों का घेरा है।
- संस्थानों, संकायों, मैदानों एवम् आवासीय परिसरों के चारों तरफ १,४२,८०० झाड़ियाँ लगाई गयी हैं।

हवाई पट्टी

साइबर लाइब्रेरी

केन्द्रीय पुस्तकालय

महिला महाविद्यालय

संगणक केन्द्र

- ११ एकड़ की नर्सरी जिसमें ४०,५०० फलदार पौधे, २०,००० वन वृक्ष, १५००० सजावटी पौधे, १५ लाख मौसमी फल के पौधे एवं ५००० अन्य पौधे हैं।

सूचना एवं संचार संरचना

विश्वविद्यालय में १०० किलोमीटर लम्बी फाइबर ऑप्टिक नेटवर्क है जो समस्त शैक्षणिक एवं प्रशासनिक भवनों तथा छात्रावासों को लोकल एरिया नेटवर्क (LAN) द्वारा संगणक केन्द्र से जोड़ता है एवं उच्च क्षमता की संगणना एवं प्रशिक्षण की सुविधाओं से युक्त है। विश्वविद्यालय को एन.एम.ई.आई.सी.टी. के अंतर्गत नेशनल नॉलेज नेटवर्क के तीन १ जी. बी. पी. एस. नोड् उपलब्ध है।

मन्दिर

परिसर के केन्द्र में भगवान शिव का मन्दिर स्थित है जो 'श्री विश्वनाथ मन्दिर' के नाम से जाना जाता है। सफेद संगमरमर से निर्मित इस मन्दिर का विस्तृत ले-आउट एवं नक्शा स्वयं मालवीय जी की देखरेख में तैयार हुआ था। हरीतिमा युक्त मन्दिर परिसर तथा सुरुचिपूर्ण उद्यान दर्शनार्थियों के नेत्रों को ठंडक तथा मन को शांति प्रदान करता है। मन्दिर के केन्द्र में शिवलिंग तथा दीवारों पर हिन्दू शास्त्रों के श्लोक चित्रों सहित उत्कीर्ण हैं।

भारत कला भवन

काशी हिन्दू विश्वविद्यालय में अन्तर्राष्ट्रीय महत्व का संग्रहालय - भारत कला भवन है जिसमें प्राचीन कलात्मक वस्तुओं का अद्भुत संग्रह उपलब्ध है। भारत कला भवन में १३ कला वीथिकाएँ हैं जिनमें एक लाख से अधिक दुर्लभ कला वस्तुओं तथा दुर्लभ मूर्तियाँ, मिनिएचर पेन्टिंग्स, राजस्थान, मुगल एवम् पहाड़ी पेन्टिंग, सिक्के, गहनें, रत्न आदि सहित ऐतिहासिक महत्व की साहित्यिक वीथिका में प्रसिद्ध लेखकों की हस्तलिखित कृतियाँ संग्रहीत हैं। यहाँ दुर्लभ पुस्तकों का एक पुस्तकालय भी है।

राजीव गाँधी दक्षिणी परिसर

काशी हिन्दू विश्वविद्यालय ने मिर्जापुर जिले के बरकछा में अपने दक्षिणी परिसर का विस्तार किया है। समाज के कमजोर वर्गों एवं जनजातियों के युवकों एवं युवतियों के लिए विशेषत: स्थापित इस शिक्षा केन्द्र का विकास शिक्षण, प्रशिक्षण एवम् उद्यमशीलता के लिए किया जा रहा है। विश्वविद्यालय का उद्देश्य इस पिछड़े क्षेत्र के निवासियों के लिए जीवनभर के लिए उपयुक्त शैक्षणिक सुविधाओं तथा नवीन अनुसंधान से लाभान्वित होने का अवसर उपलब्ध कराना है।

ब्राण्ड का.हि.वि.

भारत का यह ऐसा पहला केन्द्रीय विश्वविद्यालय है जिसने 'ग्राफिक आइडेन्टिटी कार्यक्रम' को लागू किया है। इसके अन्तर्गत सील, लोगो, द्विभाषी लोगोटाइप्स, टैगलाइन, कलर आइडेंटिटी के अतिरिक्त कार्यालयीय उपयोग की स्टेशनरी एवं साइनेज़ सिस्टम का मानकीकरण डिज़ाइन स्टूडियो, सोविनियर शॉप, इलेक्ट्रॉनिक, वेब एवं सोशल मीडिया की सहायता से किया जा रहा है।

श्री विश्वनाथ मंदिर

भारत कला भवन

राजीव गांधी दक्षिणी परिसर

काशी हिन्दू विश्वविद्यालय BANARAS HINDU UNIVERSITY

Bilingual Logotype with Seal

बीएचयू

सर्वविद्या की राजधानी

Logo with Tagline

शोध एवं शिक्षण

का.हि.वि.वि. ने गुणवत्तापूर्ण शोध व अध्यापन को प्रोत्साहित किया है। इसमें कुछ मील के पत्थर निम्नलिखित हैं:

- यू.जी.सी. द्वारा 'पोटेंशियल फॉर एक्सलेंस' की मान्यता ।
- परिसर स्थित 'भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, आई.आई.टी. (बी.एच.यू.) की स्थापना।
- दक्षिणी परिसर में पशु चिकित्सा विज्ञान संकाय की स्थापना हेतु विद्वत्/ कार्यकारिणी परिषदों की स्वीकृति।
- डी.बी.टी. (भारत सरकार) की सहायता से सेंटर फॉर फूड साइंस एवं टेक्नोलॉजी द्वारा स्नातक/ स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों का संचालन।
- डी. एस. टी. समर्थित अन्तर्वैषयिक सेंटर फॉर मैथेमेटिकल साइन्सेस।
- डी.बी.टी. समर्थित सेंटर फॉर जेनेटिक डिसआर्डर।
- डी.बी.टी. समर्थित अन्तर्वैषयिक जीव विज्ञान स्कूल।
- पी.एम.एस.एस.वाई. द्वारा ट्रॉमा सेंटर की स्थापना।
- यू.एस.ए.आई.डी.कार्यक्रम के अन्तर्गत कृषि विज्ञान संस्थान तथा अमरीकी विश्वविद्यालयों - कारनैल, जॉर्जिया, ओहियो, यू. सी. डेविस, टस्किजी, बफैलो, परदू तथा इलिनायस् के मध्य नवप्रवर्तन सहभागिता/भागीदारी।
- फैकल्टी ऑफ डेंटल साइन्स।
- आई.सी.ए.आर., नई दिल्ली द्वारा कृषि शिक्षा का सशक्तिकरण एवं विकास।
- आई.सी.ए.आर., नई दिल्ली द्वारा कृषि विज्ञान संस्थान में बायो कन्ट्रोल, टीशू कल्चर, फिशरीज़ एवं उच्च तकनीक संपन्न प्रयोगशालाओं के जरिए प्रयोग आधारित शिक्षण।
- भौतिकी विभाग के लिए टैन्डेट्रान एक्सेलेरेटर की मंजूरी।
- इसरो द्वारा का.हि.वि.वि. में स्पेस साइंस एवं शोधकार्यों का सशक्तिकरण।
- आई.सी.ए.आर. द्वारा केन्द्रीय सुविधाओं के अन्तर्गत कृषि विज्ञान संस्थान में सीड/अध:संरचनीय सुविधाएँ।
- संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा सेंटर फॉर ह्यूमन वैल्यूज़ एण्ड एथिक्स एवम् सेंटर फॉर इण्टर कल्चरल स्टडीज़ की स्थापना के लिए सहयोग।
- संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा अन्तर-सांस्कृतिक अध्ययन केन्द्र का स्थापना हेतु सहयोग।
- विशिष्ट भोजपुरी अध्ययन केन्द्र एवं लोक कला संग्रहालय।

का.हि.वि.वि. में अन्तर राष्ट्रीय पीठ

- यूनेस्को शान्ति एवं अन्तर्सांस्कृतिक सहमति पीठ
- नेपाल पीठ
- प्रस्तावित यूनिसेफ बाल अधिकार पीठ

भावी योजना

- राजीव गांधी दक्षिणी परिसर में ट्राइबल एवं जेनोमिक मेडिसीन संस्थान।
- गंभीर संक्रामक बीमारियों पर अनुसंधान के लिए बायोसेफ्टी लेवेल चतुर्थ (बीएसएल-४) सुविधा।
- ट्रांसलेशनल अनुसंधान केन्द्र।
- सेन्टर फॉर बोन मैरो ट्रांसप्लांट एवं स्टेम सेल रिसर्च सेंटर।
- सेंटर फॉर एडवांस्ड फंक्शनल मैटेरियल्स।
- जेनोमिक्स एवं प्रोटियेमिक्स में शोध को बढ़ावा ।
- संगणक केन्द्र, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया सेंटर, डिज़ाईन स्टूडियो, सोफिस्टिकेटेड इन्स्ट्रूमेन्टेशन सेंटर आदि सुविधाओं से युक्त 'अनुसंधान भवन'।
- भारतीय सांस्कृतिक परम्परा के अध्ययन को प्रोत्साहन।
- विश्वस्तरीय सुविधाओं से संपन्न एकीकृत खेलकूद परिसर।
- आवासीय अपार्टमेंट का बहुमंजिला भवन।
- १०,००० की क्षमता का कन्वेन्शन सेन्टर।
- ५०० कमरों की क्षमता का अन्तर्राष्ट्रीय छात्रावास।

पुरातन छात्र

अपने प्रतिष्ठित विद्वानों के माध्यम से विशिष्ट क्षेत्रों में उच्चतम शिक्षा व ज्ञान के प्रसार में योगदान करने के साथ ही सामुदायिक मूल्यों का पुनर्स्थापन एवं सतत् प्रवाह इस बात का प्रमाण है कि यहाँ से ज्ञान प्राप्त विशिष्ट व्यक्तियों की एक लम्बी शृंखला सम्पूर्ण विश्व में विभिन्न व्यावसायिक संगठनों के प्रमुख पदों पर आसीन हैं।

हमारे कुलपति

यहाँ के यशस्वी कुलपतियों में महामना मालवीयजी, सर सुन्दरलाल, डॉ.एस. राधाकृष्णन् एवं आचार्य नरेन्द्र देव जैसे महापुरुष रहे, जिन्होंने इस महान विश्वविद्यालय का नेतृत्व किया।

- सर सुन्दर लाल (०१.०४.१९१६ - १३.१२.१९१८)
- डॉ. पी.एस. शिवस्वामी अय्यर (१३.०४.१९१८ - ०८.०५.१९१९)
- पंडित मदन मोहन मालवीय (२९.११.१९१९ - ०६.०९.१९३८)
- डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन् (१७.०९.१९३९ - १६.०१.१९४८)
- डॉ. अमर नाथ झा (२७.०२.१९४८ - ०५.१२.१९४८)
- पंडित गोविन्द मालवीय (०६.१२.१९४८ - २१.११.१९५१)
- आचार्य नरेन्द्र देव (०६.१२.१९५१ - ३१.०५.१९५४)
- डॉ. सी.पी. रामास्वामी अय्यर (०१.०७.१९५४ - ०२.०७.१९५६)
- डॉ. वी.एस.झा (०३.०७.१९५६ - १६.०४.१९६०)
- जस्टिस एन. एच. भगवती (१६.०४.१९६० - १५.०४.१९६६)
- डॉ. त्रिगुण सेन (०९.१०.१९६६ - १५.०३.१९६७)
- डॉ. ए.सी. जोशी (०१.०९.१९६७ - ३१.०७.१९६९)
- डॉ. के. एल. श्रीमाली (०१.११.१९६९ - ३१.०१.१९७७)
- डॉ. मोती लाल धर (०२.०२.१९७७-१५.१२.१९७७)
- डॉ. हरि नारायण (१५.०५.१९७८-१४.०५.१९८१)
- प्रो. इकबाल नारायण (१९.१०.१९८१ - २९.०४.१९८५)
- डॉ. आर. पी. रस्तोगी (३०.४.१९८५-२९.४.१९९१)
- प्रो. सी. एस. झा (०१.०५.१९९१ - १४.०६.१९९३)
- प्रो. डी. एन. मिश्रा (०८.०२.१९९४ - २७.०६.१९९५)
- डॉ. हरि गौतम (०२.०८.१९९५ - २५.०८.१९९८)
- प्रो. वाई. सी. सिम्हाद्रि (३१.०८.१९९८ - २०.०२.२००२)
- प्रो. पटचा रामचन्द्र राव (२०.०२.२००२ - १९.०२.२००५)
- डॉ. पंजाब सिंह (०३.०५.२००५ - ०७.०५.२००८)
- प्रो. डी. पी. सिंह (०८.०५.२००८ - २१.०८.२०११)
- डॉ. लालजी सिंह (२२.०८.२०११ - २२.०८.२०१४)
- प्रो. गिरीश चन्द्र त्रिपाठी (२७.११.२०१४-२६.११.२०१७)
- डॉ. नीरज त्रिपाठी (२७.११.२०१७-२८.०३.२०१८)
- प्रो. राकेश भटनागर (२८.०३.२०१८-)

दीक्षान्त सम्बोधन

८८वां दीक्षान्त समारोह : २००६;
भारत के राष्ट्रपति, महामहिम
डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम

८९वां दीक्षान्त समारोह : २००७;
भारत के उपराष्ट्रपति, महामहिम
डॉ. श्री भैरो सिंह शेखावत

९०वां दीक्षान्त समारोह : २००८;
माननीय भारत के प्रधानमंत्री,
डॉ. मनमोहन सिंह

९१वां दीक्षान्त समारोह : २००९;
भारत की राष्ट्रपति, महीयसी
श्रीमती प्रतिभा देवी सिंह पाटिल

९२वां दीक्षान्त समारोह : २०१०;
भारत के उपराष्ट्रपति, महामहिम
श्री हामिद अंसारी

९३वां दीक्षान्त समारोह : २०११;
माननीय मानव संसाधन विकास मंत्री
श्री कपिल सिब्बल

९४वां दीक्षान्त समारोह : २०१२;
माननीय लोक सभा स्पीकर
श्रीमती मीरा कुमार

विशेष दीक्षान्त समारोह
२५ दिसम्बर २०१२
भारत के राष्ट्रपति
महामहिम श्री प्रणब मुखर्जी

९५वां दीक्षान्त समारोह : २०१३;
कुलाधिपति, का.हि.वि.वि.
डॉ. कर्ण सिंह

९६वां दीक्षान्त समारोह : २०१४;
पद्म विभूषण
प्रो. जयन्त विष्णु नार्लिकर



९७वां दीक्षान्त समारोह : २०१५;
पद्म विभूषण
डॉ. जी. माधवन नायर

९८वां दीक्षान्त समारोह : २०१६;
भारत के प्रधानमंत्री
माननीय श्री नरेन्द्र दामोदार दास मोदी

९९वां दीक्षान्त समारोह : २०१७;
भारत रत्न
प्रो. सी.एन.आर. राव

१००वां दीक्षान्त समारोह : २०१८;
पद्म विभूषण
डॉ. रघुनाथ अनन्त माशेलकर

प्रशासन

विश्वविद्यालय की प्रशासनिक व्यवस्था मुख्य रूप से कार्यकारिणी परिषद् एवं विद्वत् परिषद् द्वारा संचालित की जाती है। इस उच्च अधिकारयुक्त मण्डल में सत्र २०१८-१९ के सदस्यों के नाम परिशिष्ट-१ में वर्णित हैं। वर्तमान आंकलन अवधि (२०१८-१९) के अन्तर्गत निम्नलिखित महानुभाव विश्वविद्यालय के वैधानिक अधिकारियों के रूप में अपनी सेवाएँ प्रदान कर रहे हैं :

कुलपति
प्रो. राकेश भटनागर

कुलसचिव
डॉ. नीरज त्रिपाठी

वित्ताधिकारी
डॉ. एस.बी. पटेल

परीक्षा नियंता
श्री मनोज पाण्डेय

छात्र अधिष्ठाता
प्रो. महेन्द्र कुमार सिंह

मुख्य कुलानुशासक
प्रो. रॉयना सिंह

पुस्तकालयाध्यक्ष
प्रो. एच.एन. प्रसाद (प्रोफेसर इंचार्ज)

काशी हिन्दू विश्वविद्यालय कार्यकारिणी परिषद बैठक

१.२. शैक्षणिक सत्र २०१८-१९ की प्रमुख उपलब्धियाँ

उक्त अवधि के दौरान अनेक महत्वपूर्ण शैक्षणिक एवं विकासपरक कार्यक्रम पूरे किए गए और नई पहलें की गईं। वर्तमान वर्ष के दौरान की मुख्य उपलब्धियां व पहलें नीचे दी जा रही हैं-

प्रवेश

नया शैक्षणिक सत्र गुरूवार, २८-जून, २०१८ को प्रारम्भ हुआ और विभिन्न स्नातक व स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में १२,२३० नये विद्यार्थी (७५१९ पुरुष, ४७११ महिला) पंजीकृत हुये। विभिन्न स्नातक/स्नातकोत्तर/पीएच.डी. पाठ्यक्रमों में पंजीकृत हुए पुरूष व महिला विद्यार्थियों का संकायवार विवरण अध्याय-४.१ में दिया जा रहा है। उक्त अवधि के दौरान १६९ नये विदेशी विद्यार्थियों (१०२ पुरुष, ६७ महिला) ने विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश लिया। इन विद्यार्थियों का देशवार का विवरण अध्याय ४.१ में दिया जा रहा है।

समीक्षाधीन वर्तमान वर्ष के दौरान ५८८५ स्नातकों, ४४०६ परास्नातकों एवं ०६ एम.फिल. शोधार्थियों ने अपनी-अपनी उपाधियाँ प्राप्त की और १२३९ शोधार्थियों को पीएच.डी. की उपाधि प्रदान की गई। उपाधि प्राप्तकर्ताओं का संकाय व पाठ्यक्रम विवरण अध्याय ४ में दिया गया है।

शैक्षणिक योगदान

उच्च गुणवत्ता वाले शैक्षणिक परिवेश को प्रोत्साहित करने में काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के संकाय सदस्य अग्रणी रहे हैं। वर्ष २०१८-१९ की अवधि के दौरान काशी हिन्दू विश्वविद्यालय से ३०६९ से अधिक प्रकाशन (विवरण अनुलग्नक-२ में दिया गया है) निर्गत हुए हैं जिनमें २५२२ शोध पत्र (अंतर्राष्ट्रीय जर्नल्स में १५०४ तथा राष्ट्रीय जर्नल्स में १०१८) शामिल हैं।

सम्मान/पुरस्कार/मान्यता

काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के शिक्षकों के शैक्षणिक योगदान को विभिन्न रूपों में मान्यता मिली है (अध्याय-७ में सूचीबद्ध)। अनेक शिक्षक विभिन्न प्रतिष्ठित अकादमियों (यथा-इंडियन अकेडेमी ऑफ साइंस, नेशनल अकादमी ऑफ साइंस, नेशनल अकेडेमी ऑफ मेडिकल साइंस) के अध्येता चुने गए हैं। विदेशों में (उदाहरणार्थ-अलेक्जेंडर वॉन हम्बोल्ड, अध्येत्तावृत्ति, जर्मनी; आईएनएसए-डीएफजी अध्येतावृत्ति) उन्नत शोध के लिए कई शिक्षकों को अध्येतावृत्ति तथा एशोसिएटशिप प्रदान की गई है। व्यावसायिक संगठनों में पदाधिकारी, अध्यक्षता/विद्वत निकायों एवं सम्मेलनों की अध्यक्षता, राष्ट्रीय/अन्तर्राष्ट्रीय समितियों, पत्रिकाओं का संपादकत्व इत्यादि अन्य मान्यताओं में शामिल हैं।

शोध परियोजनाएं

वर्ष के दौरान कुल रू.३५८२ लाख से अधिक अनुदान की १३१ नई शोध परियोजनाएं मंजूर की गई। साथ ही, ३५९ चालू परियोजनाएं (कुल अनुदान रु.१५७४० लाख से अधिक) जारी रहीं। देश की प्रमुख निधियम एजेंन्सियों ने बीएचयू को शोध में सहयोग प्रदान किया। शोध परियोजनाओं का विस्तृत विवरण अनुलग्नक-३ में दिया गया है।

वर्ष २०१८-१९ की अवधि में शिक्षकों का शैक्षणिक योगदान

शोध पत्र			लेख		पुस्तकें			मोनोग्राफ्स	७
राष्ट्रीय	१०१८		राष्ट्रीय	१९३	राष्ट्रीय	८५		मैनुअल्स	८
अन्तर्राष्ट्रीय	१५०४		अन्तर्राष्ट्रीय	८२	अन्तर्राष्ट्रीय	६३		लीफलेट्स/अन्य	१०९
योग	**२५२२**		**योग**	**२७५**	**योग**	**१४८**		**योग**	**१२४**

विभिन्न अभिकरणों द्वारा वित्तपोषित शोध परियोजनाओं की सूची
सत्र २०१८-१९ में स्वीकृत नई शोध परियोजनाएँ

	नवीन परियोजनाएं		पूर्व से संचालित परियोजनाएं	
संस्थान/संकाय/विभाग का नाम	**संख्या**	**स्वीकृत धनराशि (लाख रू.)**	**संख्या**	**स्वीकृत धनराशि (लाख रू.)**
विश्वविद्यालय अनुदान आयोग	२०	१६५.६७	३२	२६४.८८
अतंर विश्वविद्यालय त्वरण केन्द्र	-	-	०१	.७५
अनाज अनुसंधान एवं विकास निगम	-	-	०१	८.३२
जैव प्रौद्योगिकी विभाग	१७	५७३.१५	३२	१५३१.२५
विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग	५५	२१६०.४६	१३७	८६७९.६३
जैव प्रौद्योगिकी उद्योग अनुसंधान संस्थान,	०४	५०.९१	१२	१८८.१७

विज्ञान और प्रौद्योगिकी परिषद्	-	-	१२	१८१.८०
क्रिश्चियन मेडिकल कॉलेज और अस्पताल, वेल्लोर	-	-	०१	८.०१
भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद्	०४	४८.१०	१३	२१३.८९
भारतीय चावल अनुसंधान संस्थान, नई दिल्ली	०४	५.३७	०४	२८.३७
परमाणु उर्जा विभाग	०५	१५.५५	०५	१८३.७३
रक्षा मंत्रालय	-	-	०३	९९.४५
पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय	०३	५३.२६	०५	१०६.८९
भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद्	०९	५९.२६	-	-
विदेशी अभिकरण वित्त पोषण एजेंसी	०२	४०.०१	-	-
भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद्	०४	२३१.०१	१५	५९८.४०
भारतीय राष्ट्रीय विज्ञान अकादमी	-	-	०९	५२.८५
धनुका एग्रीटेक लिमिटेड	-	-	१	८.०३
विदेशी अभिकरण	-	-	०५	७७.३५
सहयोग परियोजना, स्ट्रैसा	-	-	०३	६.३०
संस्कृति मंत्रालय	-	-	०१	१०७.००
भारतीय अन्तरिक्ष अनुसंधान संगठन	-	-	०४	१०४.२६
विश्व स्वास्थ्य संगठन	-	-	०३	३९३.६३
आई.सी.आर.आई.एस.ए.टी.(एक्सलेरेटर प्रोग्राम ग्री-टेक स्टार्ट-अप)	-	-	०२	३५.३०
बिल एंड मिलिंडा गेट्स फाउडेंशन, यू.एस.ए.	-	-	०१	३१९.१२
जैव प्रौद्योगिकी उद्योग अनुसंधान सहयोग परिषद्, नई दिल्ली	-	-	०१	१५.३०
जी.बी. पंत राष्ट्रीय हिमालय पर्यावरण एवं संधारणीय विकास संस्थान	-	-	०१	१४.१५
उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड	-	-	०१	२४.०३
खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय	-	-	०१	४१.२७
भारतीय राष्ट्रीय विज्ञान अकादमी	०१	२.३४	०२	६.६०
अन्तरराष्ट्रीय मक्का और गेहूं उन्नयन केंद्र सहयोगी परियोजना, हैदराबाद	-	-	०३	१२.६१
भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान	-	-	०१	२.००
मानव और परिवार स्वास्थ्य कल्याण सोसाइटी मंत्रालय, नई दिल्ली	०२	१७२.८०	-	-
भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद्	-	-	१७	१२४.२६
आई.आई.टी., दिल्ली	-	-	०१	१.७५
इंडोफिल उद्योग	-	-	०१	३.९०
जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय, बेलगम	-	-	०१	३.०७
राष्ट्रीय स्वाथ्य मिशन	-	-	०१	१.५०
राष्ट्रीय स्वास्थ्य संस्थान, ब्लूमवर्ग	-	-	०१	१०.१४
स्ट्रेस टोलरेंट राइस फॉर अफ्रीका एंड साउथ एशिया	-	-	०१	५.०
संयुक्त राष्ट्र बाल कोष, (यूनिसेफ)	-	-	०१	६.२५
कृषि अनुसंधान परिषद् (उत्तर प्रदेश)	-	-	०१	४.६२
केन्द्रीय औषधीय एवं सगंध पौधा संस्थान, लखनऊ	-	-	०१	२७.७४
कोलंबो विश्वविद्यालय, श्रीलंका	-	-	०१	९.४२
कोरोनमोन्डाल, अन्तर्राष्ट्रीय लिमिटेड, सिकन्दराबाद	-	-	०१	२.०४

ग्वर्नेंस वित्तीय सेवा आयोग	-	-	०१	१२.९८
रक्षा मंत्रालय एवं विकास संगठन	-	-	०१	१०.२६
वित्त आयोग, नई दिल्ली	-	-	०१	२.४३
डर्मोटोलॉजी, वेनेरोलॉजी और लेप्रौलॉजी के भारतीय संघ	०१	४.५	-	-
भारतीय संघ जनसंख्या के अध्ययन के लिए	-	-	०१	३.९५
मानव संसाधन विकास मंत्रालय	-	-	०१	.४०
जल संसाधन विकास मंत्रालय	-	-	०१	४०.१७
वित्त मंत्रालय	-	-	०१	९.५०
विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय	-	-	०१	२.३४
ध्रुवीय और महासागर अनुसंधान के लिए राष्ट्रीय केन्द्र	-	-	०१	१७.२०
शिक्षा अनुसंधान प्रशिक्षण की राष्ट्रीय परिषद्	-	-	०१	३.९१
राष्ट्रीय मिशन स्वच्छ गंगा	-	-	०१	६३.०७
राष्ट्रीय शैक्षिक योजना एवं प्रशासन विश्वविद्यालय	-	-	०१	२०.६
तेल और प्राकृतिक गैस निगम	-	-	०१	१५.६८
जनसंख्या और स्वास्थ्य अनुसंधान संस्थान	-	-	०१	३.६०
चिकित्सक अनुसंधान महासंघ,एपीआई	-	-	०१	.६५
राष्ट्रीय कृषि विकास योजना	-	-	०१	२०००.००
निवास जीवन समन्वयक	-	-	०१	१०.७७
संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक वैज्ञानिक और संगठन	-	-	०१	४.००
यूपी.एस.ए.एल.	-	-	०१	५.५१
योग	**१३१**	**३५८२.३९**	**३५९**	**१५७४०.०५**

सम्मेलन

विभिन्न विषय क्षेत्रों में हुए विकास का मूल्यांकन करने तथा शैक्षणिक विचार-विमर्श हेतु अवसर उपलब्ध करने के लिए बहुत से विभागों/संकायों में शैक्षणिक समागम आयोजित किया गया जिसमें काफी संकाय में बाहरी प्रतिभागी शामिल हुए। कुल मिलाकर सन् २०१८-१९ के दौरान बीएचयू में १३७ सम्मेलन आयोजित किए गए (विस्तृत विवरण में अनुलग्नक -४ में दिया गया है)।

देश एवं विदेशों में आयोजित संगोष्ठियों/सेमिनारों/कार्यशालाओं इत्यादि में बीएचयू के शिक्षकों ने सक्रिय सहभागिता की। वर्ष २०१८-१९ के दौरान विभिन्न सम्मेलनों में भाग लेने के लिए शिक्षकों को प्रतिनियुक्त किया गया जिनमें से १०० विदेश हेतु तथा ८७ भारत के लिए प्रतिनियुक्त किए गए थे। बाहरी देशों में जो प्रतिनियुक्ति की गई थी वे हैं – यूएसए, कनाडा, दक्षिण अफ्रीका, चीन, यूके, जापान, भूटान, आस्ट्रेलिया तथा जर्मनी इत्यादि (विवरण अनुलग्नक -५ में दिया गया है)।

शैक्षणिक सत्र २०१८-१९ से प्रारम्भ होने वाले नये पाठ्यक्रम

- पर्यावरण विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी में स्नातकोत्तर : पृथ्वी और वायुमंडलीय विज्ञान/ पारिस्थितिक विज्ञान/ पर्यावरण जैव प्रौद्योगिकी
- व्यावसायिक अर्थशास्त्र और प्रबंधन में स्नातकोत्तर
- बैचलर ऑफ वोकेशन (फैशन डिजाइनिंग एंड इवेंट मैनेजमेंट)
- बैचलर ऑफ वोकेशन (आधुनिक कार्यालय प्रबंधन)
- मास्टर ऑफ वोकेशन (मेडिकल लेबोरेटरी टेक्नोलॉजी)
- भारतीय दर्शन और धर्म में स्नातकोत्तर डिप्लोमा
- बाल पंचकर्म में तकनीकी सहायक में प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम (पूर्णकालिक)

दीक्षांत समारोह

विश्वविद्यालय के १०० वें दीक्षांत समारोह के भाग के रूप में विभिन्न संस्थानों/संकायों का दीक्षांत समारोह २२.११.२०१८ को आयोजित हुआ। प्रो. रघुनाथ अनंत माशेलकर, माननीय राष्ट्रीय अनुसंधान प्रोफेसर और अध्यक्ष, ग्लोबल रिसर्च एलायंस ने मुख्य अतिथि के रूप में दीक्षांत समारोह को संबोधित किया। दीक्षांत समारोह की अध्यक्षता कुलपति प्रो राकेश भटनागर ने की। इस अवसर पर पं.राजन मिश्रा और पं. साजन मिश्रा को डी.लिट. की मानद उपाधि प्रदान की गई।

विश्वविद्यालय की श्रेणी (रैंकिंग)

राष्ट्रीय संस्थागत श्रेणी ढांचा (एन.आई.आर.एफ.), भारत सरकार, मानव संसाधन एवं विकास मंत्रालय ने काशी हिन्दू विश्वविद्यालय को वर्तमान वर्ष में विश्वविद्यालयों में तृतीय तथा समग्र रूप से ९वीं श्रेणी प्रदान किया है।

विद्यार्थी केन्द्रित पहल

- **रोजगार परामर्श योजना:** विश्वविद्यालय ने एक रोजगार परामर्श योजना शुरू की है जिससे विद्यार्थियों को अपने लिए उचित रोजगार के चयन में मार्गदर्शन मिलेगा। पूर्णकालिक दो परामर्शदाता रखे गये

१००वाँ दीक्षांत समारोह काशी हिन्दू विश्वविद्यालय

हैं जो छात्रावासों का दौरा करते हैं, विद्यार्थियों से मिलते हैं, उनसे बातचीत करते हैं और उनकी क्षमताओं का पता लगाकर, उन्हें नियमित परामर्श देते हैं। इस पहल के अन्तर्गत संकल्प जैसे प्रतिष्ठित संस्थाओं के विद्वानों की वार्ताएं एवं व्याख्यान भी आयोजित किए गए। विद्यार्थियों हेतु रोजगार की सम्भावनाएं बढ़ाने के लिए अंग्रेजी बोलने तथा साक्षात्कार कौशल का भी प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

- **कॅरियर डेवलपमेंट सेन्टर की स्थापना:** विश्वविद्यालय में इस केन्द्र की स्थापना छात्रों के भावी जीवन की सम्भावनाओं को बेहतर बनाने एवं उनके सम्पूर्ण व्यक्तिव विकास को गतिशील बनाने हेतु की गई है। स्किल डेवलपमेंन्ट सेन्टर की स्थापना अधिसूचना सं.आर/जीएडी/स्किल डेवलेपमेंन्ट सेन्टर/४२१८१ दिनांक १९.०१.२०१६ के द्वारा की गई है। तदोपरान्त इसका नाम बदल कॅरियर डेवलपमेंट सेन्टर कर दिया गया। कॅरियर डेवलपमेंट सेन्टर विश्वविद्यालय के हॉबी सेन्टर में स्थित है। इस सेन्टर ने प्रतिवेदन अवधि के दौरान १६१ व्यक्तित्व विकास सत्र, ८२ एन्ड्रोयड एप्लीकेशन डेवलपमेंट सत्र, ८६ बेसिक कम्प्यूटर, ४८ सी प्रोग्रामिंग सत्र, ३८ बेबसाइट मेकिंग सत्र, ८ क्लिनिंग ड्राइवर, ७ अभिवृत्ति सत्र, साप्ताहिक गीता, दैनिक योग सत्र, ४ उद्यमिता सत्र, १० इंग्लिश स्पोकेन सत्र, आई.आर.डी.एम. परास्नातक छात्रों के लिए सामूहिक चर्चा पर एक कार्यशाला, लोक प्रशासन परास्नातक छात्रों के मॉक साक्षात्कार एवं विश्वविद्यालय के छात्रों को यू.पी.एस.सी. की तैयारी हेतु १५ सत्रों का आयोजन किया। कैरियर डेवलपमेंट सेंटर की प्रमुख उपलब्धियों में छात्रों के मामलों, कैरियर मार्गदर्शन और परामर्श, व्यक्तित्व विकास सत्र, प्लेसमेंट पूर्व वार्ता, कैरियर ड्रॉप-इन एडवाइजिंग, कैरियर संबंधी गतिविधियों पर व्याख्यान, स्वच्छ भारत ग्रीष्म कालीन इंटर्नशिप २०१८, छात्रों के बीच आत्महत्या की प्रवृत्ति की पहचान पर कार्यशाला, नवीन संकायों हेतु संकाय अधिष्ठापन कार्यक्रम में व्याख्यान, कैरियर मार्गदर्शन और महिला महाविद्यालय के स्नातक की छात्राओं के साथ वार्ता सत्र, कैरियर परामर्श योजना की तैयारी और मॉड्यूल की तैयारी शामिल है। उपरोक्त के अतिरिक्त कैरियर डेवलपमेन्ट सेन्टर ७ नवम्बर, २०१६ से समर्थ ग्राम अभियान में सक्रिय रूप से शामिल था जिसकी प्रमुख उपलब्धियाँ निम्नानुसार हैं:
- ६ ट्रिप में ३२ गाँवों का भ्रमण किया।
- जैविक कृषि सम्मेलन
- मधुपुर और मुरादेव में दंत चिकित्सा स्वास्थ्य शिविर और वृक्षारोपण
- तारापुर और नरोत्तमपुर में महिला स्वास्थ्य शिविर और वृक्षारोपण
- सामने घाट, वाराणसी में पशु चिकित्सा स्वास्थ्य शिविर
- **स्थापना दिवस पर झाँकी निकालने की परम्परा का पुन: प्रवर्तन:** विश्वविद्यालय के स्थापना दिवस पर २४ जनवरी २०१५ को बसंत पंचमी के दिन लगभग ३ दशकों के बाद विश्वविद्यालय के विभिन्न संकायों इकाईयों द्वारा झाँकी निकालने की उल्लेखनीय परम्परा पुन: शुरू की गई। संकायों द्वारा इसमें पूरे जोश के साथ

सहयोगिता की गई। इस पहल से विद्यार्थी ज्ञान व कला की देवी की आराधना करने के लिए तथा अपने संरचनात्मक विचारों से बीएचयू के स्थापना दिवस का उत्सव मनाने हेतु काफी प्रेरित हुए। विद्यार्थियों द्वारा तैयार की गई झाँकी के माध्यम से प्राचीन व आधुनिक भारत के गौरवशाली इतिहास तथा भारतीय स्वतंत्रता संग्राम की कई घटनाओं को प्रस्तुत किया गया था।

- महिला विद्यार्थियों हेतु महिला संवेदीकरण, एन्टी रैगिंग इत्यादि जैसे सामाजिक मुद्दों पर भी मार्गदर्शन एवं परामर्श प्रकोष्ठ के गठन द्वारा कई पहलें की गई हैं और परामर्शदाताओं तथा एन्टी-रैगिंग दस्ता के अन्य सदस्यों को भी इसमें सक्रिय सहभागिता दी गई है जिससे रैगिंग की घटनाएं न्यूनतम हों।
- खाली समय में विद्यार्थी खेल-कूद में लगे रहें इसके लिए हर छात्रावास में खेल-कूद की सामान्य न्यूनतम सुविधाओं के साथ एक नये तरण ताल का निर्माण किया गया ताकि विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास हो सके।
- **बीएचयू पर वृत्तचित्र:** विभिन्न संकायों में प्रवेश के समय नये प्रवेशार्थियों को बीएयू का इतिहास, इसका गौरव, इसके पुराछात्र एवं अपने क्षेत्र के अग्रणी शिक्षकों तथा विश्वविद्यालय में उपलब्ध सुविधाओं का चित्रण करने वाला एक वृत्त चित्र दिखाया गया जिससे कि नवप्रवेशार्थी अपने संकायों में प्रवेश से पूर्व विश्वविद्यालय से परिचित हो सके।
- **गीता प्रवचन:** गीता समिति के पुनर्गठन के साथ काशी हिन्दू विश्वविद्यालय की एक अनन्य विशेषता विश्वविद्यालय के शिक्षकों एवं विद्यार्थियों हेतु आयोजित किए जाने वाले गीता प्रवचन की पुन: शुरूआत की गई है। इससे हमारे धर्मग्रंथों के जीवन्त दार्शनिक व आध्यात्मिक विचार विमर्श की संस्कृति सुदृढ़ हुई है। शताब्दी समारोह के हिस्से के तौर पर स्वामी श्रीवत्स गोस्वामी द्वारा मालवीय भवन में एक सप्ताह तक चलने वाले गीता व्याख्यान का आयोजन किया गया।
- कृषि विज्ञान संस्थान, बीएचयू में ''भारतीय उच्च शिक्षा की चुनौतियाँ और अवसर'' विषय पर मुख्य अतिथि यूजीसी के अध्यक्ष प्रो.डी.पी.सिंह द्वारा एक विशेष व्याख्यान दिया गया।

- **साइबर पुस्तकालय अध्ययन केन्द्र:** विद्यार्थियों को इलेक्ट्रानिक संसाधनों का अभीष्ट उपयोग करने तथा स्वाध्याय हेतु प्रेरित करने के लिए एक उच्च क्षमता के साइबर पुस्तकालय अध्ययन केन्द्र की स्थापना की गई है। यह विद्यार्थियों एवं शोधार्थियों को ऑनलाइन इलेक्ट्रानिक संसाधनों (पत्रिकाओं एवं पुस्तकों) तक पहुँच प्रदान करता है। इस केन्द्र में २२० कम्प्यूटर टर्मिनल एवं उच्चगति की इंटरनेट पहुँच सुविधा उपलब्ध है जिसमें एक साथ २०० से अधिक विद्यार्थी बैठ सकते हैं। यह बीएचयू साइबर पुस्तकालय एक इलेक्ट्रानिक पुस्तकालय है जो बेब ऑफ साइंस, ऐनुअल रिव्यू, मैथसाइनेट, साइफाइडर स्कालर तथा कैब एबस्ट्रेक्ट्स नामक पत्रिकाओं और पुस्तकों के पूर्ण पाठ तक पहुँच प्रदान करता है। यह डिजिटल लाइब्रेरी ऑफ इण्डिया, वर्ल्ड डिजिटल लाइब्रेरी, युनिवर्सल डिजिटल लाइब्रेरी तथा प्रोजेक्ट गुटनवर्ग तक भी पहुँच प्रदान करता है। सेज ई-गुक्त, स्प्रिंगर ई-बुक्स, टेलर एण्ड फ्रांसिस, कैम्ब्रिज यूनिवर्सिटी प्रेस, इनसाइक्लोपीडिया, ब्रिटानिक, मेडिकल रिसोर्सेज, (ईआरएमईडी) तथा पम्ब, इंजीनियरिंग साइंस रिसोर्सेज, इंस्टीट्यूशन रिपाजिटरीज नामक ई-पुस्तक साइबर पुस्तक में उपलब्ध है। हिन्दी समय, हिन्दी साहित्य दर्पण, हिन्दी कवितायें, कविता कोश, साहित्य शिल्पी, संस्कृत शोध प्रबंध तथा संस्कृत ई-बुक्स जैसे हिन्दी व संस्कृत की सामग्रियाँ इस साइबर पुस्तकालय में अभिगम्य हैं। पुस्तकालय में ''लाइब्रेरी आन मोबाइल'' की भी शुरूआत किया है जहाँ पुस्तक के ई-संसाधन मोबाइल प्रारूप में उपलब्ध कराये गये हैं जिसे इंटरनेट के जरिये स्मार्ट फोन से प्राप्त किया जा सकता है।
- **परामर्श और मार्गदर्शन केंद्र:** इस प्रकोष्ठ की स्थापना मुख्य रूप से बीएचयू के छात्रों, कर्मचारियों और कर्मचारियों के परिवारों की आवश्यकताओं को पूरा करने, विशेषकर कैरियर मार्गदर्शन के क्षेत्र में और साथ ही उनके व्यक्तिगत, मनोवैज्ञानिक, और सामाजिक समस्याओं के लिए समाधान खोजने में उनकी मदद करने के उद्देश्य से किया गया था। केंद्र छात्रों के लिए उनके व्यक्तित्व और सामाजिक कौशल को बढ़ाने के लिए कार्यशालाओं और विशेषज्ञों के लोकप्रिय व्याख्यानों को आयोजित करता है। केंद्र छात्रों को विभिन्न विषयों, पाठ्यक्रमों और शैक्षिक विकल्पों और कैरियर के नियमों के बारे में जानने में मदद करने के लिए कैरियर परामर्श सत्र आयोजित करता है। इस प्रकार, छात्र एक अवगत विकल्प बना सकते हैं, और उक्त कैरियर का मूल्यांकन कर सकते हैं जो कैरियर के निर्णय लेने में जोखिम से बचने में मदद करता है। यह मनोबल और आत्मविश्वास को बढ़ा सकता है और छात्रों को नई दिशा दे सकता है। इसके अलावा, यह प्रकोष्ठ बीएचयू के छात्रों के लिए शैक्षिक और व्यावसायिक मार्गदर्शन, मनोवैज्ञानिक परामर्श सेवाएँ और जागरूकता और शिक्षाप्रद प्रक्रियाओं जैसे विभिन्न प्रकार की सेवाएँ प्रदान करता है।

नई सुविधाओं का विकास

- चिकित्सा विज्ञान संस्थान, बीएचयू को उन्नत करके एम्स की स्थिति प्रदान कर दी गई। दिनांक ०४.०८.२०१८ को केंद्रीय मानव

संसाधन मंत्री, श्री प्रकाश जावड़ेकर, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री, श्री जे.पी. नड्डा, और कुलपति, डॉ. राकेश भटनागर सहित कुछ और मंत्री तथा प्रख्यात गणमान्य लोगों की उपस्थिति में एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया गया।

- **वैदिक विज्ञान केंद्र की स्थापना:** उत्तर प्रदेश सरकार ने कुल रुपये १२१०.३६ लाख की राशि मंजूर की और वैदिक विज्ञान केंद्र की स्थापना और साथ ही उसके भवन निर्माण हेतु अपनी मंजूरी दी जिसे बाद में शैक्षणिक परिषद ने एसीआर संख्या. ७३, दिनांक ०८.०९.२०१८ द्वारा और कार्यकारी परिषद ने इसीआर संख्या. ४५ दिनांक २६.११.२०१८ द्वारा अनुमोदित किया। दिनांक १८.०९.२०१८ को, माननीय प्रधानमंत्री, श्री नरेंद्र मोदी ने अटल इन्क्यूबेशन सेंटर का उद्घाटन किया। वैदिक विज्ञान केंद्र और क्षेत्रीय

नेत्र संस्थान की आधारशिला भी उनके द्वारा रखी गई। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री भी उपस्थित थे।

- कई नए छात्रावासों का निर्माण किया गया है और अब वे उपयोग के लिए तैयार हैं।
- **केन्द्रीय अनुसंधान केन्द्र की स्थापना:** विश्वविद्यालय एक केन्द्रीय अनुसंधान केन्द्र स्थापित कर रहा है जिसमें एडवांस इंस्ट्रूमेंटेशन, सेंटर फार एडवांस कम्प्यूटिंग, सेन्टर फॉर डिजिटल मीडिया, मेजर रिसर्च इक्यिूपमेंट तथा अन्तरविषयी शोधों के लिए अत्याधुनिक सुविधाएं विद्यमान होंगी। यह भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (बीएचयू) समेत विश्वविद्यालय के उन सभी संकाय सदस्यों को जो नवोन्मेषी शोध करना चाहते हैं, के लिए एक केन्द्रीकृत सुविधाएं प्रदान करेंगे। केन्द्रीय अनुसंधान केन्द्र का भवन निर्माण शीघ्र ही पूर्ण होने वाला है।
- **मालवीय विरासत संकुल का निर्माण:** मालवीय मूल्य अनुशीलन केन्द्र तथा अंतर-सांस्कृतिक अध्ययन केन्द्र (संस्कृति मंत्रालय के वित्तीय सहयोग से निर्मित हो रहा) का शिलान्यास महामना पं. मदन मोहन मालवीयजी की १५०वीं जयन्ती की स्मृति में २५ दिसम्बर २०१२ को भारत के राष्ट्रपति ने किया। इस भवन का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है और इसका उद्घाटन माननीय प्रधानमंत्री ने किया जो अब उपयोग में है।
- **बोन मैरो ट्रान्सप्लांट एण्ड स्टेम सेल रिसर्च सेंटर की स्थापना:** चिकित्सा विज्ञान संस्थान ट्रामा सेंटर में अपनी तरह का पहला सटेम सेल रिसर्च तथा बोन मैरो ट्रांन्सप्लांटेशन सेंटर स्थापित कर रहा है। इस प्रस्तावित शोध केन्द्र में cGLP तथा cGMP मानकों के अनुरूप चिकित्सीय एवं भौमिक शोध पर मरीजों पर सर्जिकल कार्य एवं अन्य चिकित्सीय उपचार करने के लिए अपेक्षित मूलभूत संरचनाएं एवं संसाधन होंगे। बोन मैरो ट्रान्सप्लांट तथा स्टेम सेल शोध केन्द्र हेतु पूर्णतया सुसज्जित भवन का निर्माण कार्य लगभग पूरा हो गया है।
- **भारत अध्ययन केन्द्र की स्थापना:** प्राचीन भारतीय ज्ञान एवं आधुनिक ज्ञान के बीच की खाई को पाटने के लिए प्राचीन भारतीय ज्ञान, संस्कृति, साहित्य, संगीत व परम्परा के अध्ययन हेतु भारत अध्ययन केन्द्र स्थापित किया गया है। संबंधित विस्तृत रिपोर्ट तैयार करके विश्वविद्यालय अनुदान आयोग को प्रस्तुत की गई है। इस केन्द्र की स्थापना हेतु विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने रु.२५.०० करोड़ की स्वीकृति दी है। केन्द्र के भवन निर्माण का कार्य जोर-शोर से चल रहा है। इस केन्द्र हेतु सेंटेनरी चेयर प्रोफेसर और सेंटेनरी फेलो के लिए पद सृजित किए गए हैं। यूजीसी द्वारा नए नियमित शिक्षण पदों को मंजूरी दे दी गई है।
- **गंगा नदी विकास एवं जन संसाधन प्रबंधन हेतु मालवीय शोध केन्द्र की स्थापना:** नदियाँ तथा जल-बेसिन की समस्याओं के अध्ययन हेतु गंगा नदी विकास एवं जल संसाधन प्रबंधन हेतु मालवीय शोध केन्द्र स्थापित किया गया है। इसके वित्तपोषण हेतु विचारार्थ भारत सरकार को एक प्रस्ताव भी दिया गया है।
- **सौर ऊर्जा का उपयोग:** सौर ऊर्जा प्लांट लगाने और इस क्षेत्र में शोध हेतु हरित ऊर्जा केन्द्र स्थापित करने के लिए विश्वविद्यालय ने भारतीय सौर ऊर्जा निगम लिमिटेड के साथ एक समझौता ज्ञापन हस्ताक्षर किया है। उम्मीद की जा रही है कि सौर ऊर्जा प्लांट लग जाने से विद्युत उत्पादन के साथ ही विश्वविद्यालय की ऊर्जा जरूरतें भी पूरी हो सकेंगी। सौर ऊर्जा के माध्यम से बिजली उत्पादन के लिए विश्वविद्यालय के भवनों पर रुफ-टॉप पीवी पैनल लगाने का काम चल रहा है।
- **जलवायु परिवर्तन पर महामना उत्कृष्टता** केन्द्र का कार्य चल रहा है।
- **कैंसर अस्पताल की स्थापना:** महामना मालवीय कैंसर अस्पताल तथा अनुसंधान केन्द्र की मंजूरी माननीय प्रधानमंत्री, भारत सरकार के द्वारा दे दी गई है। जिसके लिए १५ एकड़ का भू-खण्ड सुन्दर बगिया में काशी हिन्दू विश्वविद्यालय द्वारा प्रदान किया गया है।
- **सर सुन्दर लाल अस्पताल की सुविधाओं का उन्नयन:** विश्वविद्यालय का सर सुन्दर लाल अस्पताल जिसकी स्थापना १९२४ में हुई थी, का व्यापक उन्नयन तथा विस्तार आवश्यक है ताकि उत्तर भारत क्षेत्र के वृहद आबादी को निर्विघ्न तथा गुणवत्ता परक स्वाथ्य सेवायें प्रदान की जा सकें। यह प्रस्ताव भारत सरकार के द्वारा मंजूर हो चुका है तथा रु.२०० करोड़ की लागत से सर सुन्दर लाल अस्पताल में एक सुपर स्पेशियलिटी कॉम्पलेक्स की स्वीकृति दी गई है।
- **विश्वविद्यालय गोशाला:** महामनाजी द्वारा स्थापित विश्वविद्यालय गोशाला का सुधार कार्य किया जा रहा है। गोशाला संबंधी कार्यों के प्राथमिकता वाले क्षेत्र के हिस्से के तौर पर गाय की देशी नस्ल यथा-साहिवाल के संरक्षण व प्रजनन हेतु एक परियोजना शुरू की गई है। इसके अतिरिक्त गोबर गैस उत्पादन के लिए गाय के गोबर के प्रसंस्करण तथा उसके मूत्र के चिकित्सीय उपयोग हेतु शीघ्र अनुसंधान की तैयारी चल रही है।

प्रशासकीय सुधार एवं इ-गवर्नेंस पहल

- पुराने रिकॉर्ड के ज्यादातर हिस्से का डिजिटलाइजेशन का कार्य चल रहा है और कैंपस में वाई-फाई नेटवर्क स्थापित करने से संबंधित काम पूरा हो चुका है।

प्रवेश एवं परीक्षा प्रक्रिया का स्वचालन

प्रवेश में दक्षता और पारदर्शिता लाने के लिए विश्वविद्यालय में आनलाइन प्रवेश कार्यक्रम को विकसित कर लिया गया है। विभिन्न पाठ्यक्रमों व कार्यक्रमों में प्रवेश के लिए आवेदन प्रक्रिया प्रवेश पत्र जारी करना, प्रवेश परीक्षा का परिणाम घोषित करना, अभ्यर्थियों द्वारा पाठ्यक्रमों में वरीयता चयन काउंसलिंग, प्रवेश का प्रस्ताव, प्रवेश शुल्क का भुगतान, छात्रावास आवंटन इत्यादित जैसी प्रक्रियाएं ऑनलाइन कर दी गई हैं। अभ्यर्थी बहुविकल्पीय प्रश्नों वाली प्रवेश परीक्षा (उन कुछ पाठ्यक्रमों को छोड़कर जिनमें समूह-चर्चा तक साक्षात्कार अथवा प्रायोगिक परीक्षा जाँच का आवश्यक अंग है) में शामिल होते हैं। उत्तर पत्रक ओएमआर मूल्यांकन आधारित है जिसका मूल्यांकन ओएमआर स्कैनर के माध्यम से किया जाता है। प्रवेश के लिए नामाकंन परीक्षा फार्म भरना तथा प्रवेश पा चुके अभ्यर्थियों की अन्य महत्वपूर्ण नियमित परीक्षा प्रक्रियाएं भी ऑनलाइन कर दी गई हैं। स्वचलन की यह प्रक्रिया अन्य शैक्षणिक प्रशासनिक क्षेत्रों में भी जारी रहेगी।

- **ई-गवर्नेन्स का क्रियान्वयन:** विश्वविद्यालय ने प्रवेश, काउंसिलिंग तथा परीक्षा हेतु एक समर्पित आनलाइन पोर्टल के माध्यम से विद्यार्थियों के जीवन चक्र प्रबंधन का एक बड़ा हिस्सा पहले ही स्वचालित बना दिया है। इसी तरह से भर्त्ती तथा वित्तीय प्रबंधन की प्रशासनीय प्रक्रियाओं को भी आंशिक तौर पर स्वचालित कर दिया गया है। सरसुंदरलाल अस्पताल में पूर्णत: कार्यक्षम अस्पताल सूचक प्रबंधन प्रणाली स्थापित की गई है। ई-खरीद एवं ई-नीलामी भी की जा रही है। प्रभावी आंकड़ा आधारित विश्वविद्यालय की वेबसाइट निर्माणाधीन है। बढ़ते कार्यभार तथा घटते मानव संसाधन के बीच की खाई को पाटने के लिए अन्य महत्वपूर्ण प्रशासकीय प्रक्रियाओं के कम्प्यूटरीकरण का भी खाका तैयार कर लिया गया है। कार्यालयी कामकाज को स्वचालित बनाते समय प्रक्रियागत पुनर्संरचना को भी ध्यान में रखा जा रहा है तथा इसमें दक्षता लाने के लिए तत्काल ध्यान देने की जरूरत है। विश्वविद्यालय प्रभावी एवं दक्षतापूर्ण प्रबंधन हेतु आधुनिक उपकरणों के उपयोग के लिए सजग एवं सक्रिय प्रयास कर रहा है।
- **संकाय भर्ती हेतु संशोधित प्रक्रिया:** अध्ययन-अध्यापन एवं शोध की गुणवत्ता सुधारने के लिए असाधारण गुणवत्ता सुधार के रूप में आईआईटी एवं आईआईएससी द्वारा अपनायी जाने वाली प्रक्रिया की तर्ज पर नवप्रवर्तनकारी संकाय भर्ती प्रक्रिया क्रियान्वित की गई है। संकाय चयन की प्रक्रिया में पारदर्शिता लाने, शिक्षण में उच्च गुणवत्तायुक्त अभ्यर्थियों को आकर्षित करने हेतु रोलिंग विज्ञापन द्वारा ऑन लाइन चयन प्रक्रिया अपनायी जा रही है। विश्वविद्यालय ने अपनी उस भर्ती प्रक्रिया को विद्वत परिषद् व कार्यकारिणी परिषद् के अनुमोदन से संशोधित कर दिया है जो विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के विनियमों के अनुरूप नहीं थी और जिसकी वजह से अतीत में मुकदमेबाजी हुई थी। नये विनियम विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के विनियमों के अनुरूप और पारदर्शी हैं। जिसकी वजह से विश्वविद्यालय में शिक्षकों व कर्मचारियों का निष्पक्ष व निर्बाध चयन हो पा रहा है। मुकदमों या किसी अवांछित शिकायतों से बचने के लिए, विश्वविद्यालय ने यूजीसी के नियमों के अनुसार अपनी भर्ती प्रक्रिया को भी संशोधित किया है। नए नियम यूजीसी के नियमों के अनुरूप हैं, और विश्वविद्यालय के लिए शिक्षकों और कर्मचारियों के निष्पक्ष और सहज चयन के लिए पर्याप्त पारदर्शी हैं। विश्वविद्यालय ने १२६ शिक्षकों, २५ ग्रुप ए अधिकारीऔर ४८३ ग्रुप बी, सी तथा गैर-शिक्षण कर्मियों की पदोन्नति की है।
- **ख्यातिलब्ध शिक्षकों की अल्पकालिक नियुक्ति:** विश्वविद्यालय समय-समय पर नियुक्ति योजना के अंतर्गत संबंधित विभागों की नीति एवं आयोजना समिति की सिफारिश पर विजिटिंग प्रोफेसरों, मानित प्रोफेसरों, विजिटिंग फेलो तथा एक्सटर्नल एडजंक्ट फैकल्टी के तहत ख्यातिलब्ध शिक्षकों व विशेषज्ञों की नियुक्ति करता है। एक्सटर्नल एडजंक्ट फैकल्टी की नियुक्ति योजना को आकर्षक बनाने के लिए इसमें सुधार किया गया है। प्रतिवेदित वर्ष के दौरान उक्त योजना के अंर्तगत नियुक्तियॉं की गईं। विश्वविद्यालय में विद्यमान पूर्व प्रदत्त चेयर्स को पुन: प्रवर्तित करने के प्रयास किए गए हैं विश्वविद्यालय ने भारत अध्ययन केन्द्र के अंतर्गत सेंटेनरी चेयर प्रोफेसर्स के ०५ पद तथा सेंटेनरी विजिटिंग फेलो के १० पदों का भी सृजन किया है।

विस्तारण एवं सुदूर पहुँच

- **समुदाय विकास प्रकोष्ठ:** विश्वविद्यालय ने स्वच्छ भारत, स्वस्थ भारत तथा कौशल विकास जैसे राष्ट्रीय कार्यक्रमों समेत आस-पास के गाँवों को निर्धारित मानकों के अनुरूप आदर्श ग्राम के रूप में विकसित करने के लिए एक समुदाय विकास प्रकोष्ठ बनाया है जिसने ५ गाँवों के विकास का उत्तरदायित्व लिया है।
- **समर्थ ग्राम अभियान की शुरूआत:** विश्वविद्यालय ने भारत सरकार की महत्वाकांक्षी योजना उन्नत भारत अभियान के अन्तर्गत समर्थ ग्राम अभियान की शुरूआत की है। अभियान के हिस्से के तौर पर विद्यापीठ ब्लाक के अन्तर्गत आने वाले १०० गाँवों का चयन किया गया है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य ग्रामीणों को शिक्षा, स्वच्छता, स्वास्थ्य, जैविक खेती, वृक्ष रोपण, घरेलू जानवरों के स्वास्थ्य, घरेलू उद्यान, जल प्रबन्धन, पर्यावरणीय जागरूकता आदि के महत्व के बारे में शिक्षित करना तथा स्वयं-संपोष्य आत्मनिर्भर बनाने वाले विधिक मामलों की जानकारी प्रदान करना है। समर्थ ग्राम अभियान के तहत विश्वविद्यालय के शिक्षकों एवं विद्यार्थियों द्वारा गतिविधियां आयोजित की गईं। प्रतिवेदन अवधि के दौरान समर्थ ग्राम अभियान ग्राम दल द्वारा चिह्नित गाँवों में अनेक कार्यक्रम आयोजित किये गये। कुछ महत्वपूर्ण गतिविधियाँ अग्रलिखित हैं। आधारभूत संरक्षण का आयोजन; ग्रामीण बालिकाओं द्वारा सिलाई, कढ़ाई तथा बुनाई का प्रशिक्षण; ग्रामीण को जैविक खेती एवं इसके महत्व की जानकारी हेतु जैविक कृषि मेला का अयोजन; एन.सी.आर.आई. कार्यशाला का आयोजन; एन.एस.एस. द्वारा गाँवों में आम, नीबू एवं आँवला के वृक्षों का रोपण; घरेलू उद्यान हेतु बीज वितरण; महिलाओं के स्वास्थ्य जाँच शिविर;

पशु चिकित्सा शिविर; दन्त परीक्षण शिविर; आँख, नाक व गला संबंधी चिकित्सा शिविर तथा अन्य चिकित्सा शिविरों का आयोजन; ग्रामीणों हेतु योग कक्षाओं का आयोजन; शिक्षा एवं स्वास्थ्य के महत्व पर नुक्कड़ नाटकों का आयोजन आदि।

अन्तर्राष्ट्रीय सहयोग

विदेशों के कई प्रतिनिधियों ने काशी हिन्दू विश्वविद्यालय का दौरा किया एवं यहाँ के प्रतिनिधियों ने भी विदेशों का दौरा किया। विश्वविद्यालय ने जापान, स्वीडन, इग्लैण्ड, मालदीव इत्यादि देशों समेत कई देशों के विश्वविद्यालयों तथा संस्थानों के साथ समझौता ज्ञापन हस्ताक्षर किया। इनमें से, दो विशेष रूप से महत्वपूर्ण हैं: (१) भारत में अमेरिकी दूतावास के दो प्रतिनिधिमंडल ने पिछले वर्ष के दौरान अमेरिकी शिक्षा संस्थानों और काशी हिंदू विश्वविद्यालय के बीच हुए समझौते ज्ञापन को आगे बढ़ाने के लिए दिनांक १२.१२.२०१८ को कुलपति से मुलाकात की। (२) कार्लस्टड विश्वविद्यालय, स्वीडन के प्रो. पीटर ओल्सन ने ११.०२.२०१९ को काशी हिंदू विश्वविद्यालय के कुलपति के साथ शैक्षणिक विनिमय कार्यक्रमों पर चर्चा की।

विश्वविद्यालय-उद्योग सहभागिता प्रकोष्ठ

उच्चतर शिक्षा एवं शोध को समाज एवं अर्थव्यवस्था के प्रति और अधिक प्रासंगिक बनाने के लिए विश्वविद्यालय में एक व्यापार प्रकोष्ठ स्थापित किया गया है। व्यापार प्रकोष्ठ की अवधारणा का केन्द्र बिन्दु यह है कि उद्योग क्षेत्र को चाहिए कि वह निर्देशन हेतु इनपुट प्रदान करे जिससे विश्वविद्यालय में शोध कार्य हो सके और दूसरी ओर शोध के माध्यम से विश्वविद्यालय द्वारा प्रौद्योगिकी/उत्पाद/प्रक्रियाएं विकसित हों जिनका पर्याप्त मात्रा में विपणन हो ताकि औद्योगिक क्षेत्र उन्हें अपनाएं और नवप्रवर्तनों का उत्पादनपरक उपयोग हो सके। विश्वविद्यालय के व्यापार प्रकोष्ठ के लिए यह अनिवार्य है कि वह उचित प्रौद्योगिकी के विकास, हस्तांतरण, व्यापार विकास और औद्योगिक शैक्षणिक पारस्परिक प्रभाव हेतु दिशा निर्देश दें। विश्वविद्यालय पाठ्यक्रमों,शोध एवं अपने संकाय सदस्यों द्वारा विकसित शोध-उत्पादों के वाणिज्यिक दोहन हेतु अरविन्द रेमेडिज प्रा.लि. के साथ एक समझौता ज्ञापन हस्ताक्षर किया है। विश्वविद्यालय सेबी, एनएसई, एक्सिस बैंक तथा अन्य औद्योगिक संगठनों के साथ भी समझौता ज्ञापन हस्ताक्षर करने की योजना बना रहा है।

शिकायत निवारण तंत्र का सुदृढ़ीकरण

समस्त शिकायतों को प्रस्तुत करने और संसाधित करने हेतु एक केन्द्र बिन्दु प्रदान करने के लिए सभी शिकायत निवारण समितियों के एक संपर्क अधिकारी के रूप में कार्य करने के लिए उपकुलसचिव की अध्यक्षता में केन्द्रीय कार्यालय में एक केन्द्रीकृत शिकायत निवारण प्रकोष्ठ स्थापित किया गया है। प्रकोष्ठ का उद्देश्य सभी शिकायतों का समाधान करना है। सभी शिकायत निवारण समितियों को पर्याप्त प्रबंधकीय एवं सचिवीय सहायता प्रदान करने और शिकायत निवारण समितियों से संबंधित दस्तावेजों के रख-रखाव हेतु प्रकोष्ठ को पर्याप्त कर्मचारी मुहैया कराए गए हैं। भेदभाव-निरोध अधिकारी की नियुक्ति की गई है।

महत्वपूर्ण बैठकें :

कार्यकारिणी परिषद् की बैठक

जुलाई १४, २०१८
नवम्बर २६, २०१८
मार्च ०१, २०१९

विद्वत् परिषद् की बैठकें

सितम्बर ०८, २०१८
नवम्बर १६, २०१८

का.हि.वि.वि. कोर्ट की बैठक

नवम्बर २६, २०१८

वित्त समिति की बैठक

अगस्त २९, २०१८

संकाय की बैठकें

विधि संकाय	२४.०४.२०१८
विज्ञान संकाय	२८.०५.२०१८
चिकित्सा विज्ञान, आयुर्वेद और दंत विज्ञान संकाय (संयुक्त)	०९.०७.२०१८
सामाजिक विज्ञान संकाय	२४.०९.२०१८
विधि संकाय	०१.१०.२०१८
विज्ञान संकाय	१६.१०.२०१८

कृषि संकाय	१५.११.२०१८
शिक्षा संकाय	२४.१२.२०१८
दन्त विज्ञान संकाय	०८.०१.२०१९
प्रबन्धशास्त्र संकाय	१६.०१.२०१९
कला संकाय	०७.०१.२०१९
आयुर्वेद संकाय	१३.०३.२०१९

विश्वविद्यालय की शैक्षणिक संरचना

क. संस्थान

- चिकित्सा विज्ञान संस्थान
- कृषि विज्ञान संस्थान
- पर्यावरण एवं सम्पोष्य विकास संस्थान
- प्रबन्ध शास्त्र संस्थान
- विज्ञान संस्थान

ख. संकाय

- कृषि
- कला
- आयुर्वेद
- वाणिज्य
- दन्त चिकित्सा विज्ञान
- शिक्षा
- पर्यावरण एवं सम्पोष्य विकास
- विधि
- प्रबन्ध शास्त्र
- चिकित्सा
- मंच कला
- संस्कृत विद्या धर्म विज्ञान
- विज्ञान
- सामाजिक विज्ञान
- दृश्य कला
- पशु-चिकित्सा एवं पशु विज्ञान संकाय

ग. महाविद्यालय

अंगीभूत महाविद्यालयः महिला महाविद्यालय (वूमेन्स कॉलेज) परिसर के अन्दर स्थित

घ. अन्तर्विषयी उच्च शिक्षापीठ (स्कूल)

- जैव-प्रौद्योगिकी स्कूल
- जीवन विज्ञान स्कूल

च. अध्ययन केन्द्र

- खाद्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी
- आनुवांशिक विकृति
- डीएसटी.सेन्टर फार इंटर डिसीप्लीनरी मैथमेटिकल साइंस
- नेपाल अध्ययन केन्द्र
- महिला अध्ययन एवं विकास
- मालवीय शांति अनुसंधान केन्द्र
- समन्वित ग्रामीण विकास
- सामाजिक बहिष्करण एवं समावेशी नीति अध्ययन केन्द्र

छ. विश्वविद्यालय द्वारा अनुरक्षित विद्यालय

- सेन्ट्रल हिन्दू ब्वाय़ज स्कूल
- सेन्ट्रल हिन्दू गर्ल्स स्कूल
- श्री रणवीर संस्कृत विद्यालय

ज. विश्वविद्यालयी सुविधाओं की अनुमति के लिए स्वीकृत महाविद्यालय

- आर्य महिला पी.जी. कॉलेज
- दयानन्द पी.जी. कॉलेज
- वसन्त महिला महाविद्यालय (राजघाट)
- वसन्त कन्या महाविद्यालय

झ. यू.जी.सी.-एस.ए.पी.: डी.आर.एस., डी.एस.ए. व सी.ए.एस. कार्यक्रम

विशेष सहायकता कार्यक्रम (स्तर)

- भौतिकी (सी.ए.एस.)-५
- सांख्यिकी (डी.आर.एस.)-२
- भूगोल (डी.आर.एस.)-२
- रसायन शास्त्र (सी.ए.एस.)-२
- भूविज्ञान (सी.ए.एस.)-२
- मनोविज्ञान (डी.आर.एस.)-२
- जन्तु विज्ञान (सी.ए.एस.)-६
- वनस्पति विज्ञान (सी.ए.एस.)-६

ट. विशेषज्ञ अनुसंधान के अन्य केन्द्र/कार्यक्रम

- सी. एफ. एस. टी. , कृषि विज्ञान संस्थान – इन्हेन्सिंग रिसर्च कैपेसिटी एण्ड इनिशिएटिंग इन्टिग्रेटेड एम.एससी./एम.टेक. व पीएच.डी. प्रोग्राम इन द एरिया ऑफ फूड साइंस एण्ड टेक्नोलॉजी।
- महिला अध्ययन एवं विकास केन्द्र, सामाजिक विज्ञान संकाय।
- सामाजिक बहिष्करण एवं समावेशी नीति अध्ययन, सामाजिक विज्ञान संकाय।
- नेपाल अध्ययन केन्द्र, सामाजिक विज्ञान संकाय
- विज्ञान संकाय – स्ट्रेन्थेनिंग स्पेस साइन्स एक्टीविटीज इन

यूनिवर्सिटीज (इसरो), भौतिकी विभाग।

- जलवायु परिवर्तन अनुसंधान में उत्कृष्टता केंद्र डीएसटी महामना केंद्र- पर्यावरण और सतत विकास संस्थान
- वैदिक विज्ञान केन्द्र

ठ. डी एस टी-फीस्ट कार्यक्रम

(विश्वविद्यालय एवं उच्च शैक्षणिक संस्थानों में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के लिए आधारभूत कार्यक्रमों (फीस्ट) के उन्नयन के लिए कोष)

- शरीर रचना विज्ञान, चि.वि.सं.
- कवक विज्ञान और पादप रोग विज्ञान
- रसायनशास्त्र
- जन्तु विज्ञान
- भूविज्ञान

ढ. डी एस टी-पी.यू.आर.एस.ई.(पर्स)- कार्यक्रम

विज्ञान संस्थान एवं चिकित्सा विज्ञान संस्थान।

काशी हिन्दू विश्वविद्यालय

२. विश्वविद्यालय के शैक्षणिक अवयव (अंग)

२.१. मुख्य परिसर

२.१.१. संस्थान

२.१.२. संकाय

२.१.३. महिला महाविद्यालय

२.१.४. अध्ययन केन्द्र

२.१.५. स्कूल

२.१.६. का.हि.वि.वि. ग्रंथालय प्रणाली

२.१.७. यू.जी.सी. ह्यूमन रिसोर्स डेवलपमेन्ट सेन्टर

२.१.८. मालवीय भवन

२.१.९. भारत कला भवन

२.२. दक्षिणी परिसर

२.३. विश्वविद्यालय के विशेषाधिकार के अन्तर्गत संचालित नगरीय महाविद्यालय

गुणवत्ता बीज उत्पादन पर अन्तर्राष्ट्रीय प्रशिक्षण

२.१.१.१. कृषि विज्ञान संस्थान

रॉयल कमीशन ऑन एग्रीकल्चर, इस विश्वविद्यालय की स्थापना करने वाले दिवंगत महामना पं. मदन मोहन मालवीय जी जिसके सदस्य थे, की संस्तुति पर वर्ष १९३१ में केवल ३ शिक्षकों के साथ कृषि अनुसन्धान संस्थान (इंस्टीट्यूट ऑफ एग्रीकल्चरल रिसर्च) के रूप में इस संस्थान की सादगीपूर्ण शुरूआत हुई। एकमात्र अन्य संस्थान लायलपुर (अब पाकिस्तान में है) के अतिरिक्त अपनी स्थापना के समय, यह संस्थान भारत में कृषि में स्नातकोत्तर अध्यापन और अनुसंधान कार्यक्रम शुरू करने में अग्रणी था। काशी हिंदू विश्वविद्यालय के कृषि विज्ञान संस्थान ने क्षुधामुक्त भारत के निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान देते हुए ८७ वर्षों की अपनी शानदार यात्रा पूरी की है। अलग-अलग नामों को ग्रहण करते हुए संस्थान अंततः१९८९ में कृषि के क्षेत्र में शिक्षण, अनुसंधान विस्तार एंव विकास के एकीकरण के उद्देश्य से कृषि विज्ञान संस्थान के स्तर तक उच्चीकृत हो गया। वास्तव में कृषि विज्ञान संस्थान के तौर पर स्थापित यह संस्थान स्नातकोत्तर और पीएच.डी. उपाधियों को प्रारंभ करने वाला प्रथम संस्थान था। वर्ष १९४५ में स्नातक शिक्षण शुरू हुआ और कृषि अनुसन्धान संस्थान (इंस्टीट्यूट ऑफ एग्रीकल्चरल रिसर्च) का नाम बदलकर अभियांत्रिकी संकाय के तहत कृषि महाविद्यालय कर दिया गया। वर्ष १९६८ में, कृषि महाविद्यालय कृषि का एक स्वतंत्र संकाय बन गया। इसके बाद वर्ष १९६९ में छह विभागों अर्थात पादप कार्यिकी, शस्य विज्ञान, आनुवंशिकी एवं पादप प्रजनन, मृदा विज्ञान एवं कृषि रसायन, पादप रोग विज्ञान तथा कृषि अर्थशास्त्र का सृजन किया गया। वर्ष १९७१ में उद्यान विज्ञान तथा कीट विज्ञान और कृषि प्राणिशास्त्र विभागों को जोड़ा गया, जबकि प्रसार शिक्षा, पशुपालन एवं दुग्ध विज्ञान और कृषि अभियांत्रिकी को वर्ष १९८१ में जोड़ा गया। खाद्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी केंद्र (सेंटर ऑफ फूड सायंस एंड टेक्नोलॉजी-सीएफएसटी) २००८ में स्थापित किया गया था और २००६ में यह संस्थान का अभिन्न और स्थायी अंग बन गया। मानव संसाधनों की आवश्यकता और २१वीं शताब्दी की विशेष माँग को ध्यान में रखते हुए २००६ के बाद के वर्षों के दौरान, संस्थान ने ११ नए विशेष पाठ्यक्रमों, यथा, कृषि व्यवसाय प्रबंधन (एमएबीएम), कृषि वानिकी, पादप जैव-प्रौद्योगिकी विषयों में स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम, मृदा और जल संरक्षण में, एम.एस-सी. तथ एम.टेक., खाद्य विज्ञान में एम.एस-सी. और पीएच.डी. कृषि सांख्यिकी, मृदा और जल संरक्षण तथा कटाई-पश्चात् (पोस्ट हार्वेस्ट) प्रबंधन में पीएच.डी. और बीज उत्पादन एवं विपणन में एक डिप्लोमा पाठ्यक्रम को प्रारम्भ किया।

प्रतिवेदित सत्र में संस्थान के अनेक शिक्षकों को कृषि शिक्षा, अनुसंधान और प्रौद्योगिकी मूल्यांकन/रूपांतरण के लिए विभिन्न राष्ट्रीय/अंतरराष्ट्रीय एजेंसियों और वैज्ञानिक समुदायों द्वारा विशिष्टता के साथ सम्मानित किया गया है। इस संस्थान के समृद्ध अध्यापक मण्डल द्वारा अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलनों में २१ शोध पत्र और राष्ट्रीय सम्मेलनों/

सेमिनार/ संगोष्ठी और कार्यशालाओं में ३० शोध पत्र प्रस्तुत किये गए हैं। हमारा शोध सहयोग भा.अनुप-केन्द्रीय आलू अनुसंधान संस्थान, भा.अनुप-भारतीय सब्जी अनुसंधान संस्थान, भा.अनुप-राष्ट्रीय कृषि आर्थिकी एवं नीति अनुसंधान संस्थान, एग्रटेक सायंस लिमिटेड, भारतीय पैकेजिंग संस्थान, इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ पैकेजिंग, डीएसएम नीदरलैंड, भा.अनुप-राष्ट्रीय पादप आनुवांशिक संसाधन ब्यूरो, भा.अनुप-खरपतवार अनुसंधान निदेशालय, अंतर्राष्ट्रीय चावल अनुसंधान संस्थान, भा.अनुप-राष्ट्रीय चावल अनुसंधान संस्थान, भा.अनुप-भारतीय चावल अनुसंधान संस्थान-हैदराबाद, अन्तर्राष्ट्रीय विकास के लिए संयुक्त राज्य अभिकरण द्वारा कृषि नवप्रवर्तन कार्यक्रम (यूएसएआईडी-एआईपी), इंदिरा गाँधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय, सीआईएमएमवाईटी (सिमिट), मेक्सिको, अंतर्राष्ट्रीय खाद्य नीति अनुसन्धान संस्थान तथा कॉर्नेल, इलिनॉय, जॉर्जिया, डेनमार्क विश्वविद्यालयों और भारत सरकार के जैव प्रौद्योगिकी विभाग और भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद् के विभिन्न अनुसंधान संस्थानों जैसे केन्द्रों के साथ जारी है। संस्थान के ११ विभागों और तीन इकाइयों, अर्थात दुग्धशाला प्रक्षेत्र, कृषि प्रक्षेत्र और कृषि विज्ञान केन्द्र द्वारा किए गए अनुसंधान, विकास के कार्य और प्रसार की गतिविधियाँ उत्कृष्ट और अत्यधिक सराहनीय रही हैं। सात छात्रों को अंततः भारतीय कृषि अनुसन्धान परिषद् द्वारा संचालित प्रतियोगी परीक्षा के माध्यम से कृषि अनुसंधान सेवा के लिए चुना गया। इसके अलावा, ११ से अधिक कंपनियों और गैर-सरकारी संगठनों ने संस्थान के प्लेसमेंट सेल के माध्यम से परिसर साक्षात्कार का आयोजन किया, ५२ नए स्नातकों/स्नातकोत्तर छात्रों को किसी न किसी सेवा के लिए चुना गया, २८ छात्र सहायक प्राध्यापक के रूप में चयनित हुए और ५ छात्रों को भा.अनुप-कनिष्ठ अध्येतावृत्ति परीक्षा में सफलता मिली।

प्रमुख उपलब्धियाँ

- भाकृअनुप से रु.९३.० लाख की वित्तीय सहायता से पशुपालन और दुग्ध विज्ञान विभाग में दूध और दुग्ध उत्पादों के प्रसंस्करण के लिए विश्वस्तरीय प्रायोगिक शिक्षण इकाई (ईएलयू) की स्थापना।
- वर्तमान सत्र के दौरान 'विकसित त्वरित बहुधान्य खिचड़ी', 'सूक्ष्मजैविक संघ युक्त संपुटीकृत जैवरंजित बीजों के विकास की विधि और उनके उपयोग का तरीका' और 'अंतर्पादपी जीवाणुओं के लिए जैवफिल्म के उत्पादन की विधि और उनके उपयोग' के लिए तीन पेटेंट दायर किए गए।
- संस्थान द्वारा प्रतिवेदित वर्ष में ०१ अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी, ०५ राष्ट्रीय सम्मेलन/कार्यशालाएँ, ०१ उन्नत संकाय प्रशिक्षण और २३८ किसान प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किये गए।
- पशुपालन और दुग्ध विज्ञान विभाग में राष्ट्रीय दुग्धशाला विज्ञान अकादमी (भारत) (एनएडीएसआई) का पहला क्षेत्रीय अध्याय खुला।
- वर्तमान सत्र के दौरान, ४७७ शोध पत्र, २१ किताबें, ५८ पुस्तक अध्याय, ०५ प्रायोगिक पुस्तिकाएँ और १६ लोकप्रिय लेख प्रकाशित किए गए।
- भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद् की कृषि अनुसंधान सेवा में छः छात्र चयनित हुए, २३ छात्रों का सहायक प्राध्यापक के पद पर चयन हुआ, २५ छात्रों को अधिकारी के रूप में बैंकिंग/कॉर्पोरेट क्षेत्र में, ३२ को केन्द्र और राज्य सरकार की सेवाओं में चुना गया और १६ छात्रों ने उद्यमिता कार्य प्रारंभ कर दिया है।
- संस्थान के पाँच छात्रों को भा.अनुप-कनिष्ठ अध्येतावृत्ति परीक्षा में सफलता मिली और २९ छात्रों ने भा.अनुप-वरिष्ठ अध्येतावृत्ति परीक्षा उत्तीर्ण की। पैंसठ छात्रों ने राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा (नेट) उत्तीर्ण किया।
- वाराणसी जिले के आराजी लाइन विकास खंड में सिंचाई/पेयजल की गुणवत्ता के लिए भूजल संसाधन सूची (जीआईएस आधारित मैपिंग के माध्यम से) विकसित की गई और इसी विकास खंड के कनारी ग्राम में ग्राम-सरोवर का भूजल पुनर्भरण के लिए आदर्श रूप में पुनर्निर्मित किया गया।
- लेह की कृषि संबंधी स्थिति में लेह (जम्मू एवं कश्मीर) की मिट्टी से टमाटर की फसल के लिए फ्रैंकिया एफएल-१, एजोटोबैक्टोर एएल-४, एएल-५ और स्फुर-विलायक जीवाणु, पीएसबीएल-१, पीएसबीएल-२ प्रभावी सूक्ष्मजैविक उपभेदों का पृथक्करण किया गया, जबकि वाराणसी इनसेप्टिसोल से चावल के लिए यहाँ के प्रभावी जस्ता विलायक जीवाणु, जेडएसबी-६, जेडएसबी-२३ और कवक उपभेद, जेडएसबी-१ का पृथक्करण किया गया।
- वाराणसी इनसेप्टिसोल में सौंफ की खेती के लिए उर्वरक संस्तुति समीकरण विकसित किया गया।
- वाराणसी इनसेप्टिसोल में गुणवत्ता वाले गेहूँ उत्पादन के लिए नत्रजन, स्फुर, सज्जी, गंधक और जस्ता के संतुलित प्रयोग की सिफारिश विकसित की गई।
- कार्बनिक अवशिष्टों के अनुप्रयोग से मृदा (इनसेप्टिसोल) में स्फुर संग्रहण (४-८० टन/हे.) विकसित किया गया और जैविक अवशेषों के खनिजीकरण की दर इस प्रकार थी: सुअर की खादखलीकुक्कुट खादधान का पुआल गोबर की (फार्मयार्ड) खाद।
- जौ (प्रजाति के-६०३) की फसल के लिए निकल की क्रांतिक सीमा वाराणसी के इनसेप्टिसोल में ०.२२ मिलीग्राम/किग्रा स्थापित की गई और ०.२ प्रतिशत निकल (एनआई(एसओ४)२ के रूप में) के पर्णीय अनुप्रयोग की उपयुक्तता की पुष्टि की गई।
- वाराणसी के इनसेप्टिसोल में खरीफ धान की फसल की खेती में जल-दबाव की स्थिति पर काबू पाने के लिए न्यूनतम हानि (१५-२० प्रतिशत) के साथ प्रतिस्वेदकों-केओलिन धूलि ४ प्रतिशत या दीर्घ श्रृंखला अल्कोहल (ग्रीन मिरेकल) ०.३ प्रतिशत के छिड़काव की तकनीक की स्थापना।
- भिंडी और बैंगन के कीटों के विरुद्ध पर्यावरण-प्रिय पादप आधारित संरूप विकसित किया गया।
- देश भर में हेलीकोवर्पा आर्मिजेरा की आनुवंशिक विविधता का निर्धारण किया गया।

- मृदा संधिपादों की २० से अधिक प्रजातियों की आकारिकी का वर्णन किया गया जो कि पारिस्थितिक तंत्र सेवा प्रदाता हैं।
- पर्यावरण-प्रिय तरीकों को सम्मिलित करते हुए प्रक्षेत्र और सब्जी फसलों, मूँग, मटर, सरसों और संग्रहीत अनाज के लिए समेकित नाशीजीव प्रबंधन का मूल्यांकन किया गया।
- बैंगन और भिंडी के चींचड़ी नाशीजीवों के लिए एकीकृत चींचड़ी प्रबंधन कार्यक्रम का मूल्यांकन किया गया।
- पूर्वी उत्तर प्रदेश में स्थान-विशिष्ट फसल और पोषक तत्व प्रबंधन के लिए एक निर्णय समर्थन उपकरण चावल-गेहूँ फसल प्रबंधक का मूल्यांकन और विकास।
- पादप कार्यिकी विभाग ने लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी (स्कूल ऑफ एग्रीकल्चर), जालंधर के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए और भाकृअनुप-राष्ट्रीय अजैविक स्ट्रेस प्रबन्धन संस्थान (आईसीएआर-नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ एबॉयोटिक स्ट्रेस मैनेजमेंट), पुणे के साथ दूसरा समझौता प्रगति पर है।
- विभिन्न पौधों के मूलक्षेत्र से १६एस रिबोसोमल आरएनए अनुक्रमण के आधार पर सर्वश्रेष्ठ जैव उर्वरक गतिविधि वाले और लवण तनाव को सहन करने में सक्षम पादप वृद्धि उन्नायक मूलक्षेत्रजीवाणु स्यूडोमोनास एरुजिनोसा की पहचान।
- बहुअमीन और कवकमूल का मक्का, ज्वार और पालक के पौधों में अनुप्रयोग कैडमियम विषाक्तता को ऑक्सीकरण-रोधी प्रणाली सहित विभिन्न जैव रासायनिक विशेषताओं को संशोधित करके कम करता है।
- मटर के पौधों में लवणता के प्रभाव को सैलिसिलिक एसिड और ट्राइकोडर्मा के उपयोग द्वारा मुख्य रूप से पौधों के एंटी-ऑक्सीडेंट प्रणाली के संशोधन के माध्यम से समाप्त किया गया।
- आदर्श पौधे के रूप में तम्बाकू का उपयोग करके नाइट्रिक ऑक्साइड की मध्यस्थता वाले अतिसंवेदनशील प्रतिक्रिया को सक्रिय करने में प्रबल सूक्ष्मजैविक संरोप के रूप में ट्राइकोडर्मा एस्परेलम टी४२ की प्रभावकारिता का प्रदर्शन किया गया।
- यह स्थापित किया गया कि मैग्निशियम नाइट्राइट (एमजी (एनओ२)३) (५ मिलीमोलर) और काइनेटिन (५ दशलक्षांश) के साथ बीजरंजन धान की किस्म एचयूबीआर-१०९ और एचयूआर-१०५ में अंकुरण शरीर क्रिया विज्ञान, नाइट्रोजन और एंटीऑक्सीडेंट चयापचयों, उपज गुणों पर अग्रिम और विलंबित बुवाई से उत्पन्न प्रतिकूल प्रभावों को कम कर सकती है और यह दाने की लंबाई, मांडधु सामग्री, मात्रा विस्तार, गिरी बढ़ाव अनुपात और जलोद्ग्रहण के मामले में अनाज की गुणवत्ता में सुधार करता हुआ सिद्ध किया गया।
- बोरिक एसिड का उपयोग करके बीज रंजन से गेहूँ के बीज को अंकुरित करने में अंकुरण क्षमता, अंकुर ओज और शर्करा चयापचय में सुधार हो सकता है और यह प्रभाव वानस्पतिक विकास की अवधि तक ले जाया जाता है, जिसे अंकुर विकास, सुपर ऑक्साइड डिस्म्यूटेज गतिविधि, प्रोलाइन सामग्री और एसडीएस-पेज प्रोटीन प्रोफाइलिंग जैसे मॉर्फो-फिजियोलॉजिकल मापदंडों के आधार पर वैधता प्रदान की गई। बीज रंजक के रूप में बोरिक एसिड के प्रभाव को सुधारने के लिए एमजी(एनओ२)३ का संयोजन स्थापित किया गया।
- बीज रंजक के रूप में एमजी (एनओ२)३ और केनेटिन का उपयोग चावल के अंकुरण में कैडमियम क्लोराइड (सीडीसीएल२) के निरोधात्मक प्रभाव को कम करने के लिए स्थापित किया जा रहा है, इसे चावल की प्रजाति एचयूबीआर-१०-९ के अंकुरण शरीर विज्ञान के अध्ययन के माध्यम से वैधता प्रदान की गई।
- कार्यिकीय अध्ययन के आधार पर वैधता प्रदान करते हुए काजू (अनाकार्डियम ऑक्सीडेन्टेल) के पाउडर का उपयोग कर बंगाल में मिठाई की एक अत्यंत पारंपरिक व्यंजन प्रतिशत के खाद्य मूल्य में वृद्धि की गई।
- गेहूँ में सोडियम फ्लोराइड की सांद्रता में ० से २०० दशलक्षांश की सीमा तक वृद्धि करने पर इसके बीज आचमन पर कोई प्रभाव नहीं पड़ा लेकिन अंकुरण में कमी आई। गेहूँ के पौधों पर फ्लोराइड विषाक्तता के चाक्षुष लक्षण पतले तनों के रूप में दिखाई दिए। फ्लोराइड की २५० मिलीग्राम/किग्रा मृदा अथवा अधिक सांद्रता पर बाली निकलने के बाद के चरण में पर्ण शीर्ष और पत्तियों के किनारों पर हरिमाहीन धब्बे विकसित हुए जो बाद में चलकर ऊतकक्षयी धब्बों में परिवर्तित हो गये। उच्च एफ स्तर के परिणामस्वरूप पर्ण क्षेत्र और कुल भूपरि कटाई योग्य पादप शुष्क पदार्थ में कमी आई।
- बेबी कॉर्न जीनोटाइप जौनपुरी को उपयुक्त बेबी कॉर्न जीनोटाइप विकसित करने के लिए प्रजनन कार्यक्रम में उपयोग करने का सुझाव दिया गया है। प्रजनन के लिए जीनोटाइप्स में जौनपुरी, डीकेसी-७०७४, ९५४४ और एमएचएम-२ का उपयोग किया जा सकता है क्योंकि इन जीनोटाइप्स में भंडारण के दौरान फिनोल सामग्री अपेक्षाकृत कम थी। यह सुझाव दिया जाता है कि फसल के दौरान उच्च कुल प्रतिऑक्सीकरण गतिविधि को कम तापमान पर बेबी कॉर्न के लंबे भंडारण जीवन के साथ जीनोटाइप के चयन के लिए मानदंड के रूप में लिया जा सकता है।
- घुटने की ऊँचाई वाली अवस्था पर मक्का में जलभराव घातक पाया गया है। यह सुझाव दिया जाता है कि आसंधिक मूल/पौधा, उच्च घुलनशील चीनी और प्रोलिन सामग्री को जलभराव सहिष्णु जीनोटाइप की पहचान करने के लिए स्क्रीनिंग मापदंडों के रूप में लिया जा सकता है।
- तापमान के प्रति संवेदनशील गेहूँ के पौधों में अवसान ताप दबाव की गंभीर समस्या को २४-एपिब्रैसिनोलाइड (ईबीआर) और थायोयूरिया द्वारा कम किया गया। गेहूँ का जीनोटाइप सी-३०६ जीनोटाइप एचयूडब्ल्यू-४६८ की तुलना में अधिक ताप सहिष्णु पाया गया।
- वर्तमान सत्र में आईसीएआर ने स्नातक/स्नातकोत्तर और पीएच.डी. के छात्रों को १ लाख ४२ हजार रुपये जारी किए।

नेट/जेआरएफ/सीएसआईआर/गेट आदि।

- छात्रों को ज्ञान, कौशल और दृष्टिकोण से युक्त करने के लिए सामाजिक जिम्मेदारियों को पूरा करने के लिए एक उत्कृष्ट संस्थान

जेआरएफ अर्हताप्राप्त	५
एसआरएफ अर्हताप्राप्त	२९
नेट अर्हताप्राप्त	६५

विकसित करना, वैश्विक चुनौतियों और कृषक समुदाय की स्थानीय समस्याओं का समाधान करना।

- पढ़ने लिखने, प्रभावी संचार, महत्वपूर्ण सोच और समस्या समाधान सहित रोजगार कौशल में सुधार।
- आईसीएआर संस्थानों, कृषि-उद्योगों, खाद्य प्रसंस्करण और मूल्य संवर्धन संस्थानों में प्रशिक्षण और इंटर्नशिप पर अधिक जोर देने के साथ कृषि में विशेषज्ञता की बढ़ती मांग को पूरा करेने के लिए पाठ्यक्रम में नविनिकरण।
- देश और विदेश के विभिन्न सामाजिक-सांस्कृतिक क्षेत्रों से आने वाले छात्रों के विविध समूह द्वारा सामग्री की समझ में सुधार करने के लिए ई-लर्निंग पर जोर।
- निजी क्षेत्र से धन प्राप्त करने के लिए एक शोध परिणाम उत्पन्न करना।
- किसानों के प्रशिक्षण और संसाधनों के प्रबंधन में एम-एक्सटेंशन, मौसम की दुर्बलता, बीमारी और कीट प्रबंधन को कम करने के साथ विस्तार सेवाओं को मजबूत करने के लिए सुविधा का निर्माण।
- किसानों को प्रौद्योगिकियों के समय पर हस्तांतरण के लिए प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के बीच संबंधों को मजबूत करना।

पशु चिकित्सा तथा पशु विज्ञान संकाय

- नये संकायों के लिए स्टार्ट-अप अनुदान – १२वीं योजना के अन्तर्गत शोध परियोजना पूर्ण हुई।
- डॉ. रमादेवी निम्मनपल्ली, संकाय प्रमुख, पशु चिकित्सा तथा पशु विज्ञान संकाय,कृषि विज्ञान संस्थान, का.हि.वि. का प्रधान अन्वेषक (पी आई) के रूप में एक आर के वी वाई परियोजना प्रगति पर है।
- नये परिसर (दक्षिणी परिसर), बरकछा, मिर्जापुर में पशु विज्ञान तथा पुशपालन में स्नातक का पाठ्यक्रम चल रहा है।
- नये परिसर (दक्षिणी परिसर), बरकछा, मिर्जापुर में पुस्तकालय एवं कम्प्यूटर की सुविधाएं उपलब्ध है।
- नये परिसर (दक्षिणी परिसर), बरकछा, मिर्जापुर में पशुपालन का कार्य सुचारू रूप से चल रहा है।
- नये परिसर (दक्षिणी परिसर), बरकछा, मिर्जापुर में पशु चिकित्सालय की सुविधा प्रारम्भ कर दी गई है।
- निम्नलिखित जगहों पर पशु स्वास्थ्य-सह-जागरूकता कैम्प का आयोजन/भागीदारी की गई-
  - (क) दिनांक ०८/१२/२०१८ को ग्राम-कोटवा पांडे, ब्लॉक-पधेरा में।
  - (ख) मिर्जापुर जिले में दिनांक १९/०१/२०१९ को ग्राम-छन्नी बाँध, ब्लॉक-राजगढमे।
  - (ग) दिनांक ०७/०३/२०१९ को पशु चिकत्सा तथा पशु विज्ञान संकाय रा.गा.द.प.का.हि.वि.में पशु मेला का आयोजन किया गया।
  - (घ) दिनांक १२/०१/२०१९ को ग्राम-अमोही, मिर्जापुर में आयोजित दीनदयाल उपाध्याय मंडल स्तरीय पशु आरोग्य मेला में सहभागिता।
- १० फरवरी,२०१९ को विश्व विद्यालय के मुख्य परिसर वाराणसी में का.हि.वि.की स्थापना दिवस की झाँकी -२०१९ में समस्त कर्मचारी (शैक्षणिक एव गैर शैक्षणिक) एवं छात्रों ने भाग लिया।
- कैलाश छात्रावास (एन बी एच-१) के पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान में स्नातक करने वाले छात्रों ने का.हि.वि. , मुख्य परिसर, वाराणसी में १२ मार्च २०१९ से चलने वाले अन्तर-छात्रावास क्रिकेट प्रतियोगिता में भाग लिया।
- २८ अप्रैल,२०१८ को विश्व पशु चिकित्सा दिवस मनाया गया।

पाठ्येत्तर गतिविधियां

पशु चिकित्सा तथा पशु विज्ञान संकाय ने रा.गा.द.प., का.हि.वि. मिर्जापुर में २फरवरी,२०१९ को एक सफल सांस्कृतिक कार्यक्रम: कलरव का आयोजन किया।

छात्र केन्द्रित गतिविधियाँ

कैलाश छात्रावास (एनबीएच-१) के पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान में रहकर स्नातक करने वाले छात्रों ने का.हि.वि., मुख्य परिसर, वाराणसी में १२ मार्च, २०१९ से चलने वाले अन्तर-छात्रावास क्रिकेट प्रतियोगिता में भाग लिया।

संकाय ने का.हि.वि., मुख्य परिसर, वाराणसी में १० फरवरी, २०१९ को का.हि.वि. स्थापना दिवस झांकी २०१९ में भाग लिया।

विशिष्ट आगंतुक

- राज्य मंत्री स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली, श्रीमती अनुप्रिया पटेल।
- डॉ. ए.के. श्रीवास्तव, अध्यक्ष (अतिरिक्त प्रभार) एवं सदस्य, कृषि वैज्ञानिक भर्ती बोर्ड (ए एस आर बी), नई दिल्ली।

संस्थान/संकाय/कॉलेज/द्वारा संचालित आउटरीच कार्यक्रम:

- दिनांक ८/१२/२०१८ को ग्राम-कोटवां पांडे, ब्लॉक-पथेरा में और दिनांक १९/०१/२०१९ को मिर्जापुर में ग्राम-छन्नी बाँध, ब्लॉक-राजगढ़ में पशु स्वास्थ्य-सह-जागरूकता कैम्प।
- दिनांक ०७/०३/२०१९ को पशुचिकित्सा तथा पशु विज्ञान संकाय रा.गा.द.प., का.हि.वि.में पशु मेला का आयोजन किया गया।
- दिनांक १२/०१/२०१९ को संकाय ने ग्राम-अमोही,मिर्जापुर में आयोजित दीनदयाल उपाध्याय मंडल स्तरीय पशु आरोग्य मेला में सहभागिता की।

गैर-शैक्षणिक गतिविधियाँ

रक्त दान शिविर, विस्तृत क्षेत्र वृक्षारोपण, पशु स्वास्थ्य शिविर।

परिसर विकास/नई अवसंरचना का निर्माण

कृषि विज्ञान संस्थान की छत्र छाया में पशु चिकित्सा तथा पशु विज्ञान संकाय ने रा.गा.द.प., का.हि.वि. बरकछा, मिर्जापुर में पशु चिकित्सा एवं पशु पालन पाठ्यक्रम में स्नातक की कक्षाएं प्रारम्भ कर दी है। दक्षिणी परिसर में स्थित पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान संकाय के पास अंतर्राष्ट्रीय स्तर की समस्त आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध है। यहाँ एक व्याख्यान शाला के साथ दो शैक्षणिक भवन हैं और प्रत्येक भवन में भू-तल, प्रथम एवं द्वितीय तल है। आधुनिक पशु चिकित्सा अस्पताल और पशु शाला को भी निर्माण किया गया है। पशुओं के पीने हेतु जल सह चेक डैम और चारगाह भी क्रियाशील है।

पशु चिकित्सा तथा पशु विज्ञान संकाय ने उत्कृष्ट संस्थान आई सी ए आर –भारतीय पशु चिकित्सा शोध संस्थान, इज्जतनगर, बरेली के साथ एक समझौता ज्ञापन भी है।

२.१.१.२. चिकित्सा विज्ञान संस्थान

चिकित्सा विज्ञान संस्थान (आईएमएस), वर्तमान में जिसके अंतर्गत चिकित्सा, दंत चिकित्सा विज्ञान और आयुर्वेद संकाय शामिल है, ने अपनी स्थापना के बाद से एक लंबा सफर तय किया है। १९२२ में ओरिएंटल लर्निंग एंड थियोलॉजी संकाय में आयुर्वेद विभाग के रूप में शुरू, १९२७ में यह एक अलग आयुर्वेदिक कॉलेज के रूप में शुरू हुआ, जिसे बाद में १९६० में मेडिकल साइंसेज कॉलेज में परिवर्तित कर दिया गया था। इसे बाद में यूजीसी द्वारा १९७१ में चिकित्सा विज्ञान संस्थान के रूप में उन्नत किया गया था। वर्ष १९७८ में इसे दो संकायों चिकित्सा और आयुर्वेद संकाय में विभाजित कर दिया गया । इसके बाद, वर्तमान स्थिति तक पहुंचने के लिए संस्थान ने उल्लेखनीय विकास किया है। वर्तमान में, यह संस्थान देश का एक अद्वितीय चिकित्सा केंद्र है जिसमे एक ही छत के नीचे पांच पूर्ण विकसित घटक यथा- चिकित्सा संकाय, आयुर्वेद संकाय, दंत चिकित्सा विज्ञान संकाय, कॉलेज ऑफ नर्सिंग और लगभग १५८५ बिस्तरों वाला अस्पताल (एस एस हास्पिटल) स्थित है ।

चिकित्सा संकाय १९६० में एमबीबीएस पाठ्यक्रम की शुरुआत के साथ अस्तित्व में आया। आधुनिक चिकित्सा में स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम १९६३ में शुरू किया गया था और वर्तमान में १६८ सीटों के साथ एमडी/ एमएस पाठ्यक्रम संस्थान में चल रहे हैं। डीएम/ एमसीएच जैसे सुपर-विशेष पाठ्यक्रम १९७६ में शुरू किए गए थे, और वर्तमान में ११ सुपर-स्पेशलिटी में २१ सीटें आवंटित हैं। प्रशिक्षित तकनीकी कर्मचारियों को तैयार करने के लिए पैथोलॉजी, नेफ्रोलॉजी और रेडियोथेरेपी और रेडिएशन मेडिसिन विभाग में स्नातकोत्तर डिप्लोमा पाठ्यक्रम चल रहे हैं। पीजीडीएमएलटी, पीजीडीएमटी, पीजीडीडीटी, पीडीसीसी (एनेस्थेसिया) जैसे विभिन्न एक्सट्रामुरल (बाह्य) प्रशिक्षण कार्यक्रम भी मेडिसिन संकाय में चल रहे हैं।

आयुर्वेद संकाय विश्वविद्यालय के सबसे पुराने संकायों में से एक है। वर्तमान में आयुर्वेद संकाय के अंतर्गत स्नातक, स्नातकोत्तर, पीजी डिप्लोमा और सर्टिफिकेट कोर्स चल रहे हैं। उल्लेखनीय है कि देश में आयुर्वेद का यह एकमात्र संकाय है जो १५ विशिष्ट विषयों में स्नातकोत्तर उपाधि प्रदान करता है। द्रव्यगुण विभाग के अंतर्गत १० एकड़ भूमि में २०० औषधीय पौधों की प्रजातियों के साथ एक औषधीय पौधशाला उद्यान का भी रखरखाव होता है। रस शास्त्र विभाग ४५० हर्बेरियम नमूनों वाले एक हर्बेरियम और क्रूड ड्रग संग्रहालय का भी रख-रखाव करता है। आयुर्वेद में पंचकर्म विभिन्न रोगों के लिए पूर्ण उपचार प्रदान करता है। शल्य तंत्र विभाग के अंतर्गत क्षारसूत्र इकाई गुदा रोगों से पीड़ित रोगियों को बड़ी संख्या में लाभ पहुंचाता है।

दंत चिकित्सा की शुरुआत १९६२ में एमबीबीएस छात्रों को पढ़ाने के लिए सर्जरी विभाग की इकाई के रूप में हुई थी। दंत चिकित्सा विभाग अक्टूबर, १९७१ में अस्तित्व में आया और एमडीएस (ऑपरेटिव डेंटिस्ट्री) पाठ्यक्रम १९७९ में दो छात्रों के प्रवेश के साथ शुरू किया गया। एमडीएस (प्रोस्थोडॉन्टिक्स) पाठ्यक्रम १९८८ में प्रति वर्ष एक छात्र के प्रवेश के साथ शुरू किया गया था। सितंबर, २००५ में, दंत चिकित्सा विभाग को दंत विज्ञान संकाय के रूप में उन्नत किया गया और यह अब विश्वविद्यालय के स्थापना स्थल के नए भवन में कार्य कर रहा है। बीडीएस कोर्स की शुरुआत २००८ में २५ छात्रों के प्रवेश के साथ हुई थी। अब, प्रवेश की संख्या बढ़कर ५० छात्र कर दिया गया है। वर्तमान में, प्रत्येक वर्ष १२ छात्र विभिन्न एमडीएस पाठ्यक्रमों में नामांकित होते हैं। संकाय में दो डिप्लोमा कोर्स - डीडीएम और डीडीज़ेडएच भी चल रहे हैं।

चिकित्सा विज्ञान संस्थान से जुड़े सर सुंदरलाल अस्पताल में लगभग १५८५ बिस्तर हैं। संस्थान ने चिकित्सा सुविधा प्रदान करने के लिए इसे कर्मचारी स्वास्थ्य देखभाल केंद्र और छात्र स्वास्थ्य देखभाल संकुल से भी जोड़ रखा है। सर सुंदरलाल अस्पताल पूर्वी यूपी और सात पड़ोसी राज्यों और नेपाल देश के आसपास की आबादी को तृतीयक स्तर की देखभाल प्रदान करता है। भारत सरकार के स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय ने चिकित्सा विज्ञान संस्थान का चयन एम्स जैसे उत्कृष्ठ संस्थान के स्तर पर उन्नयन के लिए किया है। इस के एक भाग के रूप में, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय ने प्रधान मंत्री स्वास्थय सुरक्षा योजना के तहत, उन्नत विशिष्ट उपचार के लिए ४३० बिस्तरों वाला शताब्दी सुपर-स्पेशलिटी अस्पताल के निर्माण के लिए सहायता प्रदान किया है। अस्पताल में घटक पृथक्करण सुविधाओं के साथ एक आधुनिक ब्लड बैंक है। इसे एनएसीओ, नई दिल्ली द्वारा 'ए' ग्रेड का दर्जा प्रदान किया गया है। एनएसीओ, द्वारा अस्पताल के ब्लड बैंक को प्रदान की गई रु.१.३७ करोड़ की लागत वाली मोबाइल ब्लड बैंक वैन का उपयोग रोगियों की सेवा के लिए किया जा रहा है।

एनएचएम द्वारा प्रायोजित १०० बिस्तरों वाला एमसीएच विंग और एमएचएफडब्लू, भारत सरकार द्वारा प्रायोजित राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत मनोचिकित्सा विभाग का उन्नयन तय समयानुसार पूरा होने वाला है। क्षेत्रीय नेत्र रोग संस्थान के निर्माण की प्रक्रिया चल रही है।

संस्थान विभिन्न पाठ्यक्रमों में भर्ती छात्रों को उन्नत शिक्षण, प्रशिक्षण और शोध सुविधाएँ प्रदान करता है। शिक्षण और शोध कार्यक्रमों के लिए विभिन्न विभागों में पूरी तरह से सुसज्जित लैब सुविधाएं उपलब्ध हैं। छात्रावास मे रहने वाले छात्रों को भी कंप्यूटर और इंटरनेट की सुविधा प्रदान की गई है।

बुजुर्गों की उचित चिकित्सा देखभाल के लिए संस्थान में जेरियाट्रिक मेडिसिन का एक पूर्ण विकसित विभाग बनाया गया है। क्षेत्रीय संसाधन केंद्र-टेलिमेडिसिन अल्ट्रा आधुनिक उच्च तकनीक कक्षा की सुविधा के साथ टेली-शिक्षा, टेली-परामर्श को बढ़ावा देने के उद्देश्य से संस्थान में कार्य कर रहा है।

बोन मैरो और स्टेम सेल ट्रांसप्लांट जिसका शिलान्यास जनवरी २०१३ में हुआ था, अब कार्य करने के लिए तैयार है।

इस अवधि के दौरान देश और विदेश के विभिन्न प्रतिष्ठित आगंतुकों ने संस्थान के विभिन्न विभागों का दौरा किया। उनमें से कुछ हैं - डॉ. क्रिस्टीन पीटरसन, डॉ. जेनेफर ब्लैकवेल, डॉ.मैरी ई. विल्सन, डॉ. एरियाना स्नाइडर, डॉ. कजसा क्लासोन, डॉ.ओलिवा गैटेनो, डॉ. एडगर रोवटन, प्रो सीमा कपूर, डॉ. जोन केटज़र, प्रो. नीरज कुमार, प्रो.मंजरी त्रिपाठी, प्रो.शरद चंद्र, प्रो संजय गुप्ता, डॉ. प्रवीर सेन, वी.डी. बालेन्दु प्रकाश, आदि।

चिकित्सा विज्ञान संकाय

वर्तमान सत्र के दौरान चिकित्सा विज्ञान संस्थान के छात्रों और रेजीडेंट्स ने विभिन्न सम्मेलनों में भाग लिया और पुरस्कार जीते।

- डॉ. गौतहमान टी.बी. (एमडी छात्र, एनेस्थिसियोल जी) ने केजीएमसी, लखनऊ मे राज्य स्तरीय प्रश्नोत्तरी मे प्रथम पुरस्कार जीता
- पीयूष हरि (एम डी छात्र, माइक्रोबायोल जी) ने यूपी-यूके माइक्रोकॉन में प्रथम पुरस्कार जीता।

अतिथि व्याख्यान और अभिभाषण

- प्रो. ए.के. खन्ना (जनरल सर्जरी) ने विभिन्न राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलनों में २९ अतिथि व्याख्यान और भाषण दिए।
- डॉ. अभिषेक पाण्डेय (जनरल मेडिसिन) ने ०७ अतिथि व्याख्यान और भाषण दिए।
- प्रो. सुनीत कुमारी सिंह (आणविक जीवविज्ञान) ने विभिन्न वैज्ञानिक कार्यक्रमों में ०९ अतिथि व्याख्यान और भाषण दिए।
- डॉ. आर.पी. मौर्य (नेत्र विज्ञान) ने ०७ अतिथि व्याख्यान और भाषण दिए।
- डॉ. सुनील के राव (बाल रोग) ने ०६ अतिथि व्याख्यान और भाषण दिए।

आउटरीच कार्यक्रम

- सामुदायिक चिकित्सा: स्वास्थ्य केंद्रों पर किशोर जागरूकता कार्यक्रम।
- जराचिकित्सा : बुजुर्ग लोगों के लिए जागरूकता कार्यक्रम।
- प्रसूति और स्त्री रोग: विभिन्न चिकित्सा शिविरों का आयोजन।

आयुर्वेद संकाय

आयुर्वेद संकाय के छात्रों ने विभिन्न राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठियों में शोधपत्र प्रस्तुत किया।

- डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी (कायचिकित्सा) ने आयुर्वेदिक पद्धति से दर्द प्रबंधन विषय पर आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी, बीएचयू में सर्वश्रेष्ठ वैज्ञानिक लेख का पुरस्कार जीता।
- डॉ. अनम आफताब (क्रिया शरीर) ने नैदानिक उपकरण, विकसित करने के लिए बुनियादी विज्ञान की भूमिका विषय पर राष्ट्रीय संगोष्ठी, बीएचयू में लेख प्रस्तुति में प्रथम पुरस्कार जीता।

- डॉ. शांतनु तिवारी (स्वास्थवृत्त और योग) ने आयुष का वर्तमान, अतीत और भविष्य विषय में योग प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार जीता
- आयुर्वेद के संकाय सदस्यों ने विभिन्न अतिथि व्याख्यान और भाषण दिए
- प्रो. के.एन. द्विवेदी (द्रव्यगुण) ने ०४ अतिथि व्याख्यान और भाषण दिए।
- डॉ पी.एस. उपाध्याय (कौमार्यभृत्य / बाल रोग) ने विभिन्न वैज्ञानिक घटनाओं में १० अतिथि व्याख्यान और भाषण दिए।
- डॉ. अजय कुमार पांडे (कायचिकित्सा) ने १० अतिथि व्याख्यान और भाषण दिए।
- डॉ. सुनीता सुमन (प्रसुति तंत्र) ने विभिन्न कार्यक्रमों में १२ अतिथि व्याख्यान और भाषण दिए।
- प्रो डी. एन. पाण्डेय (संघा हरण) ने ०९ अतिथि व्याख्यान और भाषण दिए।

आउटरीच कार्यक्रम: संघाहरण- कैंसर जागरूकता कार्यक्रम, शालक्य तंत्र-नि:शुल्क जाँच का आयोजन।

दंत चिकित्सा विज्ञान संकाय

दंत चिकित्सा विज्ञान के संकाय सदस्यों ने पुरस्कार प्राप्त किए और अतिथि व्याख्यान व भाषण दिए:

- प्रो नीलम मित्तल ने आईडीए और कंटीन्यूइंग डेंटल एजुकेशन प्रोग्राम में अतिथि व्याख्यान दिया।
- प्रो. टी.पी. चतुर्वेदी ने ४६ वें भारतीय ओरथोडोन्टिक सम्मेलन में अतिथि व्याख्यान दिया और सत्र की अध्यक्षता की।

आउटरीच कार्यक्रम

तंबाकू विरोधी जागरूकता रैली, स्वास्थ्य मेला शिविर, मुख स्वास्थ्य जागरूकता और उपचार शिविर आयोजित किए गए।

कॉलेज ऑफ नर्सिंग

सत्र २००९-२०१० से ६० छात्रों के वार्षिक प्रवेश के साथ ४ वर्षीय बी.एससी. नर्सिंग कोर्स शुरू करने के लिए नर्सिंग स्कूल को नर्सिंग कॉलेज में उन्नत किया गया था। छात्रों ने खेल सहित विभिन्न शैक्षणिक और सामाजिक गतिविधियों में भाग लिया है, और विभिन्न पुरस्कार प्राप्त किए हैं।

सर सुंदरलाल चिकित्सालय

सर सुंदरलाल चिकित्सालय चिकित्सा विज्ञान संस्थान के छात्रों को नैदानिक शिक्षण और प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए एक शिक्षण और प्रशिक्षण चिकित्सालय है। वर्ष १९२६ में ९६ बेड की क्षमताके साथ स्थापित, आज यह १५८५ बेड वाला एक आधुनिक चिकित्सालय है। यह पूरे पूर्वी यूपी, पश्चिमी बिहार, छत्तीसगढ़, झारखंड, मध्य प्रदेश और पड़ोसी देश नेपाल के लगभग २० करोड़ आबादी की चिकित्सा आवश्यकताओं के लिए एकमात्र तृतीयक देखभाल वाला रेफरल केंद्र है। यहाँ एक ही छत के नीचे दोनों आधुनिक चिकित्सा और भारतीय चिकित्सा की सुविधा है। हाल ही में इसमे एक नया ६० बेड वाला वातानुकूलित ईओपीडी भवन जोड़ा गया है।

विशिष्ट आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए कई विशेष क्लीनिक भी चलाए जा रहे हैं: वेल बेबी क्लिनिक एंड टीकाकरण क्लिनिक, जेरियाट्रिक क्लिनिक, नशा उन्मूलन क्लिनिक, वुण्ड क्लिनिक, डॉट्स क्लिनिक, किशोर और रजोनिवृत्ति क्लिनिक, हेमाटोलाजी क्लिनिक, ग्लूकोमा क्लिनिक, क्षार सूत्र क्लिनिक, एआरटी क्लिनिक, पोस्ट पार्टम क्लिनिक, मधुमेह व्यवधान क्लिनिक, बाल हेमटोलॉजी-ऑन्कोलॉजी यूनिट और थैलेसीमिया डे केयर यूनिट, रुमेटोलॉजी क्लिनिक और आहार संबंधी क्लिनिक।

अस्पताल कई विशिष्ट चिकित्सीय और नैदानिक सुविधाओं से भी सुसज्जित है जैसे: कैंसर रोगियों के लिए पूर्ण विकसित रेडियोथेरेपी सेवाएं, गुर्दे के रोगियों के लिए हेमोडायलिसिस, मूत्र पथरी के लिए लिथोट्रिप्सी (इएसडब्लूएल), १६ बेडेड आधुनिक आईसीयू, कार्डियक पेस मेकर लैब, नियोनेटोलॉजी / नवजात सर्जरी आईसीयू, दंत चिकित्सा सेवा, फिजियोथेरेपी और पुनर्वास इकाई, बाल चिकित्सा आईसीयू, एंडोस्कोपी और बाल चिकित्सा मूत्रविज्ञान यूनिट, बाल चिकित्सा आईसीयू, ऑन्कोलाजी में लेजर ओटी सर्जिकल, न्यूरो नेविगेशन सिस्टम, न्यूरो एंडोस्कोपी, उत्कृष्ट एआरटी सेंटर, पोस्ट पार्टम प्रोग्राम, आयुर्वेदिक पंचकर्म थेरेपी, लीच थेरेपी और केशर सूत्र थेरेपी, आई बैंक और कॉर्नियल ट्रांसप्लांट यूनिट।

ट्रामा सेंटर

वर्तमान कैलेंडर वर्ष के दौरान ट्रामा सेंटर के आंकड़े निम्नानुसार हैं: कुल संख्या. ओपीडी + ईओपीडी मरीजों की संख्या: - १४७७२३, कुल भतएँ मरीजों की संख्या -११९१९, कुल जांच की संख्या - ७८५९२, कुल मृत्यु -८७८, कुल आपरेशन की संख्या -८५४५

भविष्य के लक्ष्य

चिकित्सा विज्ञान संस्थान को एम्स जैसे संस्थान की तरह उन्नत करना, उत्कृष्ट केंद्र स्थापित करना, और थ्रोम्बौसिस शोध के लिए उन्नत प्रशिक्षण केंद्र स्थापित करना, विश्व स्तरीय कार्डिएक केंद्र स्थापित करना, प्रायोगिक चिकित्सा में उत्कृष्टता केंद्र स्थापित करना, बायोमेडिकल रिसर्च में उत्कृष्टता के केंद्र के रूप में आणविक जीवविज्ञान इकाई का विकास करना, प्रसूति विज्ञान की स्थापना करना, क्रिटिकल केयर यूनिट, फार्माकोविजिलेंस सेंटर का अपग्रेडेशन, नियोनेटोल जी में डीएम कोर्स शुरू करना, ट्रामा से संबंधित इमरजेंसी प्रोग्राम शुरू करना, नेशनल मेंटल हेल्थ प्रोग्राम के तहत सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में मनोचिकित्सा का अपग्रेडेशन, ऑप्थेलमोलॉजी का रीजनल इंस्टीट्यूट, पंचकर्म सुपर स्पेशलिटी सेंटर का विकास, नर्सिंग मे स्नातकोत्तर कोर्स शुरू करना।

Banaras Hindu University
Up-gradation of IMS, BHU into AIIMS like Institution and Exchange of MoU
by
Shri. Prakash Javadekar
Shri. Jagat Prakash Nadda
In August presence of
Shri. Manoj Sinha
Shri. Ashwini Kumar Choub
Smt. Anupriya Patel

२.१.१.३. पर्यावरण एवं संपोष्य विकास संस्थान

संयुक्त राष्ट्र महासभा ने दिसम्बर, २००२ में अपने ५७वें सत्र में वर्ष २००५-२०१४ तक की अवधि के धारणीय विकास हेतु 'शिक्षा-दशक' (डीईएसडी) के रूप में घोषित किया था। डीईएसडी के दृष्टिकोण से धारणीय विकास हेतु शिक्षा से व्यक्तियों, समूहों, समुदायों, संगठनों एवं देशों की संपोष्य विकास के पक्ष में निर्णय लेने तथा विकल्प चुनने की क्षमता विकसित व मजबूत होगी। संयुक्त राष्ट्र के इस दृष्टिकोण के अनुसार उपयुक्त ज्ञान के विकास एवं संपोष्य विकास क्षमता के क्षेत्र में उच्चतर शिक्षा का महत्वपूर्ण योगदान होना चाहिए। काशी हिन्दू विश्वविद्यालय ने वर्ष २०१० में एक राष्ट्र स्तरीय पर्यावरण एवं धारणीय विकास संस्थान स्थापित किया। वर्ष २०११ एवं २०१७ में शैक्षिक पदों पर भर्ती की गई। वर्तमान में संस्थान के चार प्रोफेसर (आचार्य), २ सह आचार्य एवं आठ (सहायक आचार्य) हैं। संस्थान के उद्देश्य धारणीय विकास के बारे में शिक्षा (समाविष्ट के बारे में जागरूकता विकास करना) एवं धारणीय विकास हेतु शिक्षा (संपोष्यता की प्राप्ति हेतु शिक्षा को एक औजार के रूप में उपयोग करना) को शामिल करना है। संस्थान का मिशन ऐसा शिक्षण, शोध व विस्तार कार्य करना है जिससे भविष्योन्मुख भारत का संपोष्य विकास हो तथा गरीबी मिटे और देश के प्राकृतिक संसाधनों का कुशल व समुचित प्रबंधन बरकरार रहे। संस्थान के उद्देश्य- १. पर्यावरणीय एवं धारणीय विकास शिक्षा को बढ़ाना, इसमें सुधार करना एवं तत्संबंधी शिक्षा प्रदान करना, २. पर्यावरणीय एवं धारणीय विकास शिक्षा का स्तर बढ़ाने के लिए अंतर-अनुशासनिक उपागम में कार्य करना, ३. समुदाय स्तर पर धारणीय सामाजिक एवं आर्थिक विकास संबंधी मुद्दों और चुनौतियों के बारे में जन-जागरूकता बढ़ाने में योगदान करना, ४. धारणीय विकास के संदर्भ में पर्यावरणीय एवं सामाजिक समस्याओं की बेहतर समझ प्रदान करने के लिए एक विचार-विमर्श मंच तैयार करना, वैज्ञानिक चर्चाओं को बढ़ावा देना एवं निर्णयकर्ताओं के लिए उपयुक्त उपागम व विश्लेषण नीति विकसित करना तथा ५. एक राष्ट्रीय नीति विकसित करने एवं धारणीय विकास संबंधी पहलों को क्रियान्वित करने के लिए सरकारी एजेंसियों के साथ कार्य करना है।

शिक्षण कार्यक्रम

यह संस्थान पर्यावरण एवं धारणीय विकास के क्षेत्र में अंत: विषय शिक्षा के लिए योगदान देता है और पर्यावरण और धारणीय विकास के संकाय, आईईएसडी में एकीकृत एम-फिल -पीएचडी २०१२-१३ से चल रहा है। एकीकृत एम-फिल-पीएचडी को संचालित करने वाले पाठ्यक्रम और आदेश विश्वविद्यालय के एकडमिक परिषद् द्वारा ०५.०३.२०१२ के एसीआर नं० ६८ के तहत् डिग्री कार्यक्रम को मंजूरी दी गयी थी । इसके अलावा एमफिलपीएचडी पढ़ाने के अलावा छात्र आईईएसडी के संकाय सदस्य एमएससी में शिक्षण और शोक्ष मार्ग दर्शन में भाग लेते हैं। वर्तमान में संस्थान में तीन नये एमएससी पर्यावरण एवं जैव प्रौद्योगिकी, पारिस्थितिक विज्ञान और पृथ्वी और वायुमंडलीय विज्ञान में जुलाई २०१८ से विशेषज्ञता के साथ पढाये जा रहे हैं। संस्थान के शिक्षकों ने काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के महिला महाविद्यालय में एमएससी जैव सूचना, विज्ञान संकाय में एमएससी टेक. भूभौतिकी एवं एमएससी पर्यावरण विज्ञान में शिक्षण एवं विनिबंध मार्गदर्शन कार्यक्रम में भी सहभागिता की। आईईएसडी के संकाय सदस्य एम.फिल.-पी.एच.डी. के एकीकृत छात्रों को पर्यावरण विज्ञान एवं धारणीय विकास की शिक्षा देते हैं।

शोध कार्यक्रम

संस्थान सामाजिक आवश्यकताओं को बेहतर तरीके से पूरा करने वाली प्रणाली को डिजाइन करने, मूल्यांकन व प्रबंधन करने वाले अंतर-अनुशासनिक एवं सहयोगी शोध का आयोजन एवं नेतृत्व करता है। आईइएसडी द्वारा चिह्नित पाँच प्राथमिकता प्राप्त शोध हैं : १. वैश्विक परिवर्तन एवं वातावरण-प्रदूषण, २. प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन ३. धारणीय कृषि, ४. वैकल्पिक ऊर्जा संसाधन तथा ५. धारणीय विकास के सामाजिक-आर्थिक एवं विधिक आयाम। आईइएसडी के संकाय सदस्यों ने वर्तमान शैक्षणिक सत्र के दौरान कई शोध परियोजनाएँ संचालित की। इन परियोजनाओं के लिए ज्यादातर धनराशि भारत सरकार प्रयोजक एजेंसियों यथा- डीएसटी, एसईआरबी, डीबीटी, सीएसआईआर, मिनिस्ट्री ऑफ फारेन अफेयर्स, जापान सरकार तथा राष्ट्रीय एवं अन्तराष्ट्रीय संगठनों ने परियोजना हेतु धन प्रदान किया।

सुदूर पहुँच/विस्तार

यह संस्थान अपनी सुदूर गतिविधियों के माध्यम से समुदाय स्तरीय प्रदर्शन एवं संगोष्ठियों इत्यादि समेत धारणीयता को बढ़ावा देने के लिए कई तरह के भागीदारी को शामिल करना चाहता है। संस्थान का उद्देश्य तथ्यपत्र, स्थिति रिपोर्ट एवं शैक्षणिक संसाधन तैयार करना भी है। इस दिशा में सार्क आपदा प्रबंधन केन्द्र (एसडीएमसी), नई दिल्ली के निर्देशानुसार आईइएसडी ने ''सार्क देशों में जलवायु परिवर्तन अनुकूलन पर सारांश'' तैयार किया।

शैक्षणिक/शोध/प्रशासनिक कार्यकलाप

- पर्यावरण विज्ञान एवं धारणीय विकास के स्नातकोत्तर स्तर पर एम.फिल. शिक्षण
- पर्यावरण विज्ञान (पर्यावरण प्रौद्योगिकी) के स्नातकोत्तर स्तर पर शिक्षण।
- पर्यावरणीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी में पी.एच.डी. कोर्स वर्क।
- भू-भौतिकी, पर्यावरण विज्ञान एवं प्रयुक्त सूक्ष्मजैविकी में एम.एससी. कक्षाएँ।
- ५ जुलाई २०१८ से तीन नए एम.एससी. कोर्स पर्यावरण जैव प्रोद्योगिकी, पारिस्थितिकी विज्ञान और पृथ्वी तथा वायुमंडलीय विज्ञान, संस्थान में शुरू हुए।

संगोष्ठी/सम्मेलन/कार्यशाला

- दो दिवसीय पंचम स्नातक गोष्ठी ३०-३१ जनवरी, २०१९ का आयोजन पर्यावरण एवं धारणीय विकास संस्थान, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय में किया गया।
- विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर ५ जून २०१८ को संस्थान ने पर्यावरण दिवस मनाया।
- ९ अगस्त २०१८ को संस्थान में सायेशा वेलफेयर फाउण्डेशन नई दिल्ली द्वारा लिंग संवेदनशीलता एवं आत्मरक्षा कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें छात्र/छात्राओं को आत्मरक्षा के आसान तरीकों पर विधिवत् चर्चा की गयी।
- संस्थान की ओर से एक अन्तर्राष्ट्रीय इन्डो-यू.एस. बाइलेटरल वर्कशाप १६-२१ नवम्बर २०१८ को आयोजित किया गया। पर्यावरण एवं धारणीय विकास संस्थान ने १६-२१ नवंबर २०१८ को एक अंतराष्ट्रीय इंडो-यूएस द्विपक्षीय कार्यशाला का आयोजन किया जिसने मुख्यत: पानी, भोजन, उर्जा और जलवायु परिवर्तन पर भारतीय वैज्ञानिकों, नीति निर्माताओं और शोधकर्ताओं को विशेष रूप से पानी की स्थिरता के मुद्दों को बेहतर ढंग से समझने और उचित समाधानों को निर्धारित करनें में मदद की।
- संस्थान में ११-१२ दिसम्बर, २०१८ को दो दिवसीय कार्यशाला ''विज्ञान सलाह एवं पर्यावरण'' पर इग्सा एशिया कैपिसिटी बिल्डिंग द्वारा आयोजित किया गया।
- २८ जनवरी २०१९ को दो दिवसीय पर्यावरण मीडिया तथा गैर सरकारी संगठन पर संगोष्ठी का आयोजन हुआ।

छात्रों के लिए उपलब्ध अनुसंधान सुविधाएँ

छात्र-छात्राओं के लिए शोध सुविधाओं हेतु संस्थान में सेन्ट्रल इन्स्ट्रूमेन्टल लैब की सुविधा प्रदान की गयी है, जिसमें गैस क्रोमैटोग्राफी, एचपीएलसी, सोलर फोटोवोल्टेक ट्रेनिंग किट, यूवी-विजिबल स्पेक्ट्रोमीटर, इलेक्ट्रोफोरेसिस सिस्टम, एरोसॉल सैम्पलर इत्यादि।

प्रस्तावित अध्ययन के कार्यक्रमों की नवीनतम सूची

- पर्यावरण एवं धारणीय विकास में एकीकृत एम.फिल.-पीएच.डी.
- पर्यावरण विज्ञान और प्रौद्योगिकी में एम.एससी. पर्यावरण विज्ञान (पर्यावरण प्रौद्योगिकी)
- पर्यावरण विज्ञान और प्रौद्योगिकी में पीएच.डी.
- एम.एससी. पर्यावरण विज्ञान (पर्यावरण बायोटेक्नोलॉजी)
- एम.एससी. पर्यावरण विज्ञान (पर्यावरण परिस्थितिकी विज्ञान)
- एम.एससी. पर्यावरण विज्ञान (पर्यावरण पृथ्वी और वायुमंडलीय विज्ञान)

२.१.१.४. प्रबन्ध शास्त्र संस्थान

विश्वविद्यालय ने साठ के दशक के अंत में अपने महान संस्थापक के स्वप्न को कार्यान्वित करने की दिशा में एक और मील का पत्थर पार किया जब सन् १९६८ में वाणिज्य विभाग में प्रबन्ध में परास्नातक एंव विद्यावाचस्पति के अध्ययन का शुभारम्भ हुआ।

प्रबन्ध में उत्कृष्ट शिक्षा प्रदान करने की बढ़ती आवश्यकता के विचार से सन् १९८४ में प्रबन्ध अध्ययन विभाग को प्रबन्ध शास्त्र संकाय में परिणत किया गया और तब से राष्ट्रीय और अन्तर्राष्ट्रीय प्रतिष्ठा के प्राध्यापकों के स्फूर्त नेतृत्व में व्यवसाय जगत के नवप्रवर्तनशील एवं आवश्यकता पर आधारित कार्यक्रमों को चलाने की भी चेष्टा की गई है। सन् २०१५ में यह प्रबन्ध शास्त्र संकाय से प्रबन्ध शास्त्र संस्थान के रूप उन्नत हुआ।

आवश्यकता पर आधारित कार्यक्रम

व्यवसाय जगत की परिवर्तनशील आवश्यकताओं को दृष्टिगत रखते हुए प्रबन्ध शास्त्र संस्थान ने इन वर्षो के दौरान विभिन्न नवप्रवर्तनशील प्रबंध पाठ्यक्रमों का संचालन किया है।

प्रबन्ध में विद्यावाचस्पति के अतिरिक्त संकाय ने द्विवर्षीय पूर्णकालिक स्नातकोत्तर उपाधि पाठ्यक्रमों – विशारद प्रबन्ध अध्ययन चलाया जो कि कालान्तर में विशारद व्यवसाय प्रबन्ध के नाम से जाना जाने लगा और वर्तमान में विशारद प्रबन्ध प्रशासन के नाम से जाना जाता है।

कार्यरत् अभ्यर्थियों की सुविधा के लिए प्रबन्ध अध्ययन में त्रिवर्षीय अंशकालिक उपाधि पाठ्यक्रम विशारद व्यवसाय प्रबन्ध भी संकाय द्वारा चलाया गया। इसके अतिरिक्त त्रिवर्षीय अंशकालिक स्नातकोत्तर सनद पाठ्यक्रम कार्मिक प्रबन्ध विपणन प्रबन्ध एंव वित्त प्रबन्ध में कार्यरत अभ्यर्थियों के लिए चलाया गया।

सतत् पुनरीक्षण एवं नवप्रर्वतन के साथ संकाय सदैव ही वर्तमान एवं भविष्य की जटिल व्यावसायिक गतिविधियों को सम्भालने में सक्षम प्रबन्धकों को निखारता आया है।

दूरदृश्य: संकाय प्रबन्धकीय ज्ञान एवं विकासशील सामाजिक संवेदनशील नेतृ-प्रबन्धकों के कार्यक्षेत्र को पुनर्परिभाषित करने हेतु प्रतिबद्ध एवं सर्वप्रशंसित वैश्विक, उत्कृष्ट केन्द्रों में से एक बनने का अभिलाषी है।

लक्ष्य: प्रबन्ध शास्त्र संस्थान का लक्ष्य, उत्कृष्ट शिक्षा, शोध, मंत्रणा एवं अन्य सेवाओं द्वारा व्यवसाय, उद्योग तथा अन्य आवश्यक आयामों की आवश्यकताओं को पूरित करना है।

उद्देश्य: प्रबन्ध क्षेत्र में अपना भविष्य संवारने के अभिलाषी होनहार युवा प्रतिभागियों को आवश्यकता आधारित शिक्षा प्रदान करना।

- प्रबन्ध शिक्षा क्षेत्र को व्यावहारिक एवं वैचारिक दोनों प्रकार के शोध कार्यों एवं गुणवत्ता प्रकाशन के द्वारा समृद्ध बनाना

- प्रबन्धकीय विकास कार्यक्रमों द्वारा व्यावसायिक प्रबन्धकों की निर्णय निर्धारण प्रवीणता एंव प्रशासनिक सामर्थ्य को बढ़ाना तथा मंत्रणा सेवा द्वारा उनकी विशिष्ट समस्याओं को सुलझाना
- गुणवत्ता सुधार कार्यक्रम के माध्यम से विभिन्न प्रबन्ध संस्थानों के अध्यापकगणों के ज्ञान एवं प्रवीणता को समृद्ध करना
- निगम एवं विश्वस्तरीय शैक्षणिक संस्थानों के साथ सहयोग करके प्रबन्ध शिक्षा के शोध को प्रोत्साहन प्रदान कर विभाजन रेखा का अन्तर मिटाना
- संभाग के छात्रों और युवाओं में उद्यमिता के प्रति उन्मुखता को अंतर्निविष्ट करना।

व्यवसाय जगत के साथ सहयोग

संस्थान के व्यवसाय जगत से प्रबल सम्बन्ध हैं। संकाय में सामयिक विषयों पर अतिथि व्याख्यानों और छात्रों एवं संकाय के सदस्यों के साथ पारस्परिक व्यवहार हेतु संकाय उच्च व्यावसायिक कार्यकारियों को आमंत्रित करने में निरन्तर प्रयासरत रहा है।

संस्थान द्वारा आयोजित विभिन्न शैक्षणिक आयोजनों जैसे कि वर्ष पर्यन्त व्याख्यान शृंखला, संगोष्ठियाँ, सम्मेलन, कार्यशालाएँ, बुद्धिशीलता/विचारावेश संकाय विकास कार्यक्रम, प्रबन्धकीय विकास और अन्य कार्यक्रमों में उद्योग जगत के वरिष्ठ कार्यकारियों को हमेशा ही से मुख्य संसाधक विशेषज्ञ के रूप में आमंत्रित किया जाता रहा है। इन शैक्षणिक पारस्परिक व्यवहारों ने निश्चित ही संकाय में शिक्षकों के ज्ञान को बढ़ाया है। हमें अपने पाठ्यक्रम पुनरीक्षण में भी उद्योग जगत से सहयोग और सामृद्धिक सुझाव मिलते रहे हैं।

व्यावहारिक प्रशिक्षण, शोध प्रबन्ध एवं अंतिम स्थापन

व्यवसाय जगत के साथ सहयोग का एक और क्षेत्र है। हमारे प्रबन्ध छात्रों का व्यावहारिक प्रशिक्षण पाठ्यक्रम का भाग होने के नाते हमारे छात्र प्रतिवर्ष गर्मियों के दौरान आठ सप्ताह का व्यावहारिक प्रशिक्षण लेते हैं।

हमें उद्योग से इस हेतु अपार सहयोग प्राप्त हुआ है। शोध प्रबन्ध की सफलता पूर्वक सम्पन्नता में भी हमारे छात्रों को सहयोग मिलता है।

परिसर स्थापन्न भी उद्योग जगत से अच्छे सम्बन्धों का एक और महत्वपूर्ण क्षेत्र है। अनेकों प्रतिष्ठित निजी एंव सरकारी क्षेत्र के संगठन परिसर स्थापन में सहयोग करते हैं। इनमें से भारतीय रिजर्व बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, भारतीय कोयला निगम, डीएलएफ, पेन्टालून्स, इन्फोसिस, फाईनों, बैंक ऑफ इंडिया, देना बैंक, इण्डोगल्फ, आईसीआरएम, आईडीबीआई, एनसीएमएसएल, एक्सिस बैंक, वीजा स्टील, यूको बैंक, स्टैग इन्टरनेशनल कुछ प्रमुख नाम हैं।

सहयोग

- इलाहाबाद बैंक चेयर
- नीमेट के अन्तर्गत संकाय विकास कार्यक्रम
- प्रबन्ध विकास कार्यक्रम, एनटीपीसी
- ग्रामीण विद्युतीय निगम राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम
- आईसीआईसीआई के साथ एक वर्षीय सनद पाठ्यक्रम
- मंत्रणा परियोजना यूएनडीपी के साथ
- विश्व स्वास्थ्य संगठन के साथ अध्येतावृत्ति कार्यक्रम

अन्तर्राष्ट्रीय शिक्षण संस्थाओं के साथ सहयोग

इस पहल में विश्वविद्यालय ने हाल ही में जिन संस्थाओं के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये हैं : इथियोपिया लोक सेवा कॉलेज, इथियोपिया; विल्कीस विश्वविद्यालय, पेन्सिलेविया, संयुक्त राष्ट्र अमेरिका; व्यवसाय विद्यालय, क्लेपियन विश्वविद्यालय, संयुक्त राष्ट्र अमेरिका; लॉसित्ज विश्वविद्यालय, जर्मनी (हस्ताक्षर होना है)।

उपरोक्त संस्थाओं के अतिरिक्त, संस्थान ने विभिन्न अवसरों पर अन्य संस्थाओं के साथ भी बौद्धिक एवं शैक्षणिक भागीदारी की है। इनमें से कुछ निम्न हैं –

- व्यवसाय विद्यालय, कंसास विश्वविद्यालय, संयुक्त राष्ट्र अमेरिका
- कृषि एंव संगणक विज्ञान विद्यालय, टैनेसी राजकीय विश्वविद्यालय, संयुक्त राष्ट्र अमेरिका
- वैश्विक सामरिक प्रबन्ध इंक., संयुक्त राष्ट्र अमेरिका
प्राणी विज्ञान विभाग, बनारस हिंदू विश्वविद्यालय पशु विज्ञान पर शिक्षण और अनुसंधान के लिए देश के अग्रणी विभागों में से एक है। शिक्षण में पशु व्यवहार, और अधिक हाल ही में, आणविक और मानव आनुवंशिकी, आणविक एंडोक्रिनोलॉजी, न्यूरोबायोलॉजी, आर्थिक जूलॉजी, आदि ने विभाग को सामने रखा है। शिक्षण में वृद्धि और विविधता (शारीरिक अक्षमताओं वाले छात्रों के लिए आडियो-विजुअल एड्स की सुविधा) प्रगतिशील और प्रतिस्पर्धी संकाय सदस्यों के प्रेरण द्वारा संभव बनाया गया है, जिनके विभिन्न क्षेत्रों में गहराई से अनुसंधान, जैसे कि जैव रसायन और उम्र बढ़ने के आणविक जीव विज्ञान, आणविक न्यूरोबायोलॉजी, कैंसर, प्रजनन, प्रतिरक्षा और ताल के हार्मोनल नियंत्रण, पादप उत्पादों और प्रजनन और शरीर क्रिया विज्ञान, विकिरण प्रभाव, कैंसर जीव विज्ञान, कीट और मछली शरीर विज्ञान, आनुवंशिक और गुणसूत्र विकास, गैर-कोडिंग आरएनए के कार्य और विनियमन पर, न केवल। सीमावर्ती क्षेत्रों में ज्ञान के लिए जोड़ा गया लेकिन एक ऐसा वातावरण बनाया गया जो रचनात्मक अनुसंधान को उत्तेजित करता है। विकास और प्रगति का यह स्तर बड़े पैमाने पर कई प्रयोगशालाओं के माध्यम से संकाय के लिए अत्याधुनिक प्रयोगशालाओं के विकास के कारण संभव हुआ है। इसके अलावा, विशेष सहायता कार्यक्रम, कोसिस्ट, उन्नत अध्ययन के लिए केंद्र के रूप में यूजीसी समर्थन, और उपकरणों के लिए विभाग को डीएसटी के फिस्ट समर्थन ने अनुसंधान और शिक्षण में विभाग की उपलब्धियों में काफी योगदान दिया है। पद्म श्री, एस एस भटनागर, जवाहरलाल नेहरू, फिक्की, हरिओम ट्रस्ट, यूजीसी कैरियर अवार्ड, विज्ञान रत्न, और प्रतिष्ठित राष्ट्रीय, नेशनल फेलोशिप जैसे संकाय और सम्मान के माध्यम से संकाय की वैज्ञानिक योग्यता को समय-समय पर मान्यता दी गई है। अलेक्जेंडर व न हम्बोल्ट, जेएसपीएस, डीएएडी, आईब्रो-यूनेस्को, फुलब्राइट, आदि) और विज्ञान अकादमियां। संकाय सदस्य विशेषज्ञता के अपने डोमेन में राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय ख्याति के विभिन्न पत्रिकाओं के संपादकीय बोर्डों पर काम कर रहे हैं और राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय शासी निकायों के सदस्य हैं जो अनुसंधान और शिक्षा पर सामान्य नीति/ योजना तैयार करते हैं। निम्नलिखित हाल के दिनों में प्रगति के मुख्य आकर्षण हैं:

तीन विशिष्ट प्रोफेसर और एक एमेरिटस प्रोफेसर विभाग की विशेषज्ञता को मजबूत कर रहे हैं। इसके अतिरिक्त विभाग में तीन प्रतिष्ठित बीएसआर फैलो हैं। विभागीय पुस्तकालय ने सुविधा को उपयोगकर्ता के अनुकूल बनाने के लिए पुस्तकों और पत्रिकाओं की सूची का डिजिटलीकरण शुरू किया है। हमारे विभागीय प्रयोगशालाएं, कक्षाएं, कार्यालय और आसपास के क्षेत्र सुरक्षा उद्देश्य के लिए सीसी कैमरे के तहत अच्छी तरह से कवर हैं। विकलांग छात्रों के लिए लिफ्ट की सुविधा उपलब्ध है। सफल मरम्मत के बाद विभागीय इंसीनरेटर पूरी दक्षता से काम कर रहा है और पशु घर की सुविधा पूरी तरह से कार्यात्मक है सीपीसीएसईए द्वारा संस्थागत पशु नैतिक समिति का पुनर्गठन किया गया है और यह सुविधा की समीक्षा करने और जानवरों का उपयोग करके परियोजनाओं को मंजूरी देने के लिए वर्ष में दो बार बैठकें आयोजित की जाती हैं। विभाग के पास सभी अनुसंधान प्रयोगशालाओं और कक्षाओं में इंटरनेट सुविधा और नेटवर्किंग के साथ अनुसंधान प्रयोगशालाएं, केंद्रीय परिष्कृत साधन प्रयोगशालाएं और कंप्यूटर लैब हैं।

अनुसंधान

प्रमुख अनुसंधान प्रकाशनों से स्पष्ट है, विभाग के शिक्षक सक्रिय रूप से थ्रस्ट क्षेत्रों में जैव रसायन, साइटोजेनिटिक्स प्रजनन जीव विभाग और इंडोक्राइनोलॉजी, इकोफिजियोलॉजी और अन्य क्षेत्रों इम्येनोलॉजी और क्रोन बायोलॉजी में सक्रिय रूप से शामिल है।

कला संकाय
FACULTY OF ARTS

२.१.२. संकाय

२.१.२.१. कला संकाय

सन् १९१६ में स्थापित का.हि.वि.वि. महान दिव्यदर्शी तथा असाधरण राष्ट्रवादी नेता पं. मदन मोहन मालवीय के सपनों का वास्तविक आविर्भाव है। इस का.हि.वि.वि. में कला संकाय को मानविकी के केन्द्र के रूप में विकसित किया गया जो कि पूर्व में सेन्ट्रल हिन्दू कॉलेज के नाम से जाना जाता था तथा १८९८ में एनी बेसेन्ट के द्वारा स्थापित किया गया था। यह वह नींव साबित हुआ जिस पर का.हि.वि.वि. की महान इमारत तथा आशावादी भाविष्य का निर्माण हुआ। कला संकाय पारंपरिक तथा आधुनिक ज्ञान व्यवस्था के बीच एक अद्वितीय समन्वय को विकसित करने की परिकल्पना करता है तथा सर्वदा ऐसे मतों एवं विचारों को विकसित करने की योजना में संलग्न रहता है जो कि मानवता की समग्र अवधारणा के अनुकूल हो। अपनी आंतरिक उर्जा को संरक्षित रखते हुए यह संकाय अन्तर्विषयी शोधों के नये परिदृश्यों को प्रोत्सहित करता है ताकि ''मानव स्वतंत्रता'' के सिद्धान्त को जीवंत बनाकर उसे मूर्त रूप दिया जा सके। २१ विभागों तथा ०४ महत्वपूर्ण केन्द्रों-भोजपुरी अध्ययन केन्द्र, मालवीय मूल्य अनुशीलन केन्द्र, अंतर-संस्कृति अध्ययन केन्द्र तथा अनुवाद अध्ययन केन्द्र के साथ, यह संकाय विभिन्न पारम्परिक तथा देशज ज्ञान स्त्रोतों और उनके सापेक्ष पारम्परिक महत्व के मूल्यांकन हेतु संवाद को प्रोत्साहन देता है। छात्रों तथा अध्यापकों को और जागरूक, जीवंत तथा परस्पर संवादात्मक बनाने हेतु, यह संकाय समय-समय पर राष्ट्रीय तथा अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठियों/सम्मेलनों तथा कार्याशालाओं का आयोजन करता रहता है। एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम के रूप में, संकाय ''तुलनात्मक साहित्य'' पर एक अभिविन्यास पाठ्यक्रम का आयोजन करता है। जिसकी परिकल्पना साहित्य के प्रति अंतर्विषयी दृष्टिकोण के क्षेत्र में संकाय सदस्यों की जागरूकता को बढ़ाने के लिए की गयी है। संकाय की वार्षिक पत्रिका 'अपूर्वा' का प्रकाशन एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। क्योंकि यह अध्यापकों एवं शोध छात्रों के शोध-पत्रों के प्रकाशन के लिए एक मंच प्रदान करता है।

मूलरूप से संकाय का केन्द्र बिन्दु त्रिआयामी है- यह छात्रों को दोनों भाषाओं भारतीय तथा विदेशी भाषाओं में शिक्षण प्रदान करता है जैसे कि एक ओर हिन्दी, संस्कृत, पाली, उर्दू, तेलगू, तमिल मराठी, बंगाली, भाषा-विज्ञान है तो दूसरी ओर अंग्रेजी, फ्रेंच, जर्मन, स्पैनिश, अरबी, परसीयन, रूसी, तथा चीनी भाषाएँ हैं। यह छात्रों को इतिहास, संस्कृति, पुरातत्व, कला का इतिहास, दर्शन तथा धर्मशास्त्र के क्षेत्र में नूतन प्रगति से भी परिचित करवाता है। इसका तीसरा आयाम वृत्तिक तथा व्यावसायिक पाठ्यक्रमों जैसे- पत्रकारिता व जन संचार, पुस्तकालय व सूचना विज्ञान, पर्यटन व यात्रा प्रबंधन संग्रहालय विज्ञान तथा प्रयोजनमूलक हिन्दी के परिचय से संबंधित है। इसमें तनिक भी अतिशयोत्ति नहीं होगी यदि हम कहें कि कला संकाय मानव विकास की प्रक्रिया तथा एक स्वस्थ राष्ट्र के निर्माण में एक उल्लेखनीय भूमिका निभा रहा है। अंतर्राष्ट्रीय ख्यातिप्राप्त विद्वानों की एक लम्बी सूची है जो कि इस संकाय से सम्बद्ध हैं तथा का.हि.वि.वि. की छवि को बढ़ा चुके हैं। उसमें से कुछ इस प्रकार है- डॉ एस. राधाकृष्णन, बी.एल. अत्रेया, टी.आर.वी. मूर्ति, जे.एल. मेहता, देवराज (दर्शनशास्त्र); बाबू श्याम सुन्दर दास, आचार्य राम चन्द्र शुक्ल, केशव प्रसाद मिश्र, हजारी प्रसाद द्विवेदी, नंद दुलारे बाजपेयी, विश्वनाथ प्रसाद मिश्र, शिव प्रसाद सिंह, नामवर सिंह,

केदार नाथ सिंह (हिन्दी); सी.एन. मेनन, राम अवध द्विवेदी, डॉ. साहनी, विक्रमादित्य राय, हरीश त्रिवेदी (अंग्रेजी), रामावतार शर्मा, ए.बी. ध्रुव, पी.एल. वैद्य, बलदेव उपाध्याय, रेवा प्रसाद द्विवेदी, सत्यव्रत शास्त्री (संस्कृत); राय कृष्ण दास, राय आनन्द कृष्णा, कपिला वात्सयायन (कला इतिहास); ए.एस. आल्टेकर, राजबली पाण्डेय, वासुदेव शरण अग्रवाल, आर.सी. मजूमदार तथा ए.के. नारायन (प्रा.भा.इति.संस्कृति व पुरातत्व) कहने की आवश्यकता नहीं कि ये लोग भावी पीढ़ी के लिए शक्ति और प्रेरणा के महान स्त्रोत थे।

कला संकाय को न केवल सबसे पुराना संकाय होने का सौभाग्य प्राप्त है बल्कि-सबसे बड़े संकायों में से भी एक है-जिसके अर्न्तगत लगभग २५० संकाय सदस्य, ४००० छात्र तथा १२ कार्यालय कर्मचारी हैं। इसके पास सबसे बड़े २१ शिक्षण विभागों की होने का एक विरल विशिष्टता प्राप्त है जो कि निम्नलिखित है- प्राचीन भारतीय इतिहास संस्कृति व पुरातत्व के साथ संग्रहालय विज्ञान अलग अनुभाग के रूप में, अरबी, बंगाली, अंग्रेजी, विदेशी भाषाएं (रूसी, चीनी, जापानी, स्पैनिश तथा पोलिश), फ्रांसीसी, अध्ययन, जर्मन, अध्ययन, हिन्दी, कला इतिहास, भारतीय भाषाएं (नेपाली, तमिल), पत्रकारिता व जनसंचार, पुस्तकालय व सूचना विज्ञान, भाषा विज्ञान, संस्कृत, तेलगू तथा उर्दू। इन विभागों के अतिरिक्त संकाय के पास व्यावसायिक वर्ग जैसे कार्यालय प्रबंधन व सचिवालयी तकनीक, विज्ञापन व विक्रय कला, सुरक्षा (बीमा) प्रबंधन, लेखा एवं लेखा परीक्षा, पुरातत्व विज्ञान व संग्रहालय विज्ञान तथा यात्रा एवं पर्यटन प्रबंधन भी है। इन विभागों के माध्यम से संकाय विभिन्न प्रकार के शैक्षणिक कार्यक्रम जो कि प्रमाणपत्र व डिप्लोमा पाठ्यक्रम से लेकर शोध स्तर तक जैसे पीएच.डी. और डी.लिट. तक के कार्यक्रमों को प्रदान करता है।

प्रा.भा.इ.सं. एवं पुरातत्व विभाग

यह विभाग उन्नत अध्ययन केन्द्र की विशिष्टता के साथ भारत विद्या अध्ययनों का प्रमुख विभाग है। इसके शिक्षण तथा शोध के मूलभूत क्षेत्र के अंतर्गत कला एवं वास्तुकला, धार्मिक तथा दार्शनिक अध्ययन, पुरालेख विद्या तथा प्राचीन शिलालेखों का अध्ययन, मुद्राशास्त्र व पुरातत्व तथा संग्रहालय विज्ञान सम्मिलित हैं। संकाय के सबसे बड़े पुस्तकालय के साथ ही विभाग के पास आर्कियोमेटालर्जी में वैज्ञानिक शोधों, मृत्तिका कला तकनीक अकार्बनिक (अजैवीय) पदार्थों से संबंधित आंकड़ों को संभालने हेतु एक प्रयोगशाला भी है। अतीतकाल के विस्तृत तथा वैज्ञानिक ज्ञान हेतु विभाग के पास पुरातत्व विभाग, कैम्ब्रीज विश्वविद्यालय, आई.आई.टी., कानपुर, बीरबल, साहनी प्राचीन शिलालेख अध्ययन संस्थान, लखनऊ जैसे संस्थानों के साथ सहयोगी शोध कार्यक्रम भी हैं। वर्तमान सत्र के दौरान विभाग के द्वारा शिक्षण तथा शोधों की नियमित गतिविधियां निष्पादित की गयी हैं।

बंगाली विभाग

छात्रों के ज्ञान को समृद्ध तथा विस्तृत करने हेतु विभाग, नियमित शिक्षण तथा शोध को प्रदत्त करने के अलावा, बंगाली भाषा तथा साहित्य के विख्यात विद्वानों की संगोष्ठियों/व्याख्यानों को भी आयोजित करता है। इस संबंध में, इस सत्र में निम्नलिखित कार्यक्रम आयोजित किए गए।

विदेशी भाषा विभाग

सन् १९४८ में स्थापित इस विभाग की महत्ता है कि यह एशिया व यूरोप के सात प्रमुख भाषाओं यथा चीनी, जापानी, सिंघली, रूसी, स्पैनिश तथा पोलिश भाषाओं के शिक्षण कार्यक्रम को संचालित करता है। इस विभाग का वर्तमान केन्द्र-बिन्दु चीनी भाषा एवं साहित्य, संस्कृति, इतिहास, राजनीति, चीनी, भारतीय बातचीत, रूसी भाषा तथा साहित्य है। वर्तमान सत्र के दौरान विभाग के द्वारा शिक्षण तथा शोधों की नियमित गतिविधियां आयोजित की गयीं।

भारतीय भाषा विभाग

दिनांक २१ फरवरी २०१९ को बंगाली विभाग के छात्रों तथा संकाय सदस्यों ने अंग्रेजी विभाग के संकाय सदस्यों तथा कुछ छात्रों के साथ मिलकर अन्तर राष्ट्रीय भाषा दिवस का उत्सव आयोजित किया। इस कार्यक्रम में संकाय सदस्यों ने बंगाली भाषा के इतिहास पर संक्षिप्त व्याख्यान प्रस्तुत किए। भाषा दिवस की महत्ता के बारे में अपने व्याख्यानों से उन्होंने छात्रों का संवर्धन भी किया। छात्रों ने भी अपने विचारों को व्यक्त करके तथा कुछ सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन करके इस दिवस का उत्सव मनाया।

पाली तथा बौद्ध अध्ययन केन्द्र

भारत में बौद्ध अध्ययन के क्षेत्र में यह विभाग अग्रणी संस्थानों में से एक है। यद्यपि इस विभाग की स्थापना १९८२ में हुयी, लेकिन भिक्खु जगदीश कश्यप, भारत में बुद्ध धर्म के पुनर्जीवन के अग्रदूत के प्रयास से काशी हिन्दू विश्वविद्यालय में पाली की शिक्षा १९४० में ही प्रारम्भ हो गयी थी। वर्तमान सत्र के दौरान विभाग के द्वारा शिक्षण तथा शोधों की नियमित गतिविधियां आयोजिन की गयीं।

अंग्रेजी विभाग

वर्तमान शैक्षणिक सत्र अंग्रेजी विभाग के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण रहा, जिसमे शिक्षण, प्रसार और शोध गतिविधियों में विशेष उपलब्धियां उल्लेखनीय रहीं। शिक्षण इस विभाग की सर्वोपरि ऊर्जा रही है, और इस वर्ष भी इसमे कोई संदेह नहीं था। वर्तमान सत्र के दौरान स्नातक, स्नातकोत्तर और पूर्व-पीएचडी पाठ्यक्रम की समीक्षा की गई और अद्यतन किया गया। दस छात्रों को पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई और पचास से अधिक छात्रों ने नेट/जेआरएफ उत्तीर्ण किया। १४-१५ नवम्बर, २०१८ को विभाग द्वारा ''इतिहास, मिथक और मौखिकता: भारत में सांस्कृतिक और साहित्यिक परम्पराएं'' विषय पर एक राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया था। संगोष्ठी के संयोजक प्रो. पी.सी. प्रधान और आयोजन सचिव डॉ. आरती निर्मल थीं। आमंत्रित गणों में प्रसिद्ध पौराणिक कथाकार देवदत्त पट्टनायक और दिवंगत प्रो.ए.के. सिंह शामिल थे। विभाग ने जेएनयू से प्रो. हरीश नारंग, नीदरलैंड्स से प्रो. रूबेन गोविचरन और ईएफएलयू से प्रो. चंचला नाइक के तीन विस्तृत व्याख्यान आयोजित किए। संकाय सदस्य विभाग में और अन्य संकायों/संस्थानों/विभागों जैसे वाणिज्य, विधि, कृषि और अर्थशास्त्र में भी अध्यापन से जुड़े रहे। उन्हें देश भर के शैक्षणिक संस्थानों में अभ्यागत और अतिथि संकाय के रूप में भी आमंत्रित किया गया। संकाय सदस्यों ने वसंता कॉलेज, राजघाट और डीएवी पी.जी. कॉलेज के शिक्षकों के साथ

राष्ट्रीय संगोष्ठी ''इतिहास, मिथक और मौखिकता: भारत में सांस्कृतिक और साहित्यिक परम्पराएं'' के समापन समारोह में देव दत्त पटनायक और प्रो. चन्द्रकला पाडिया

मिलकर तीन अन्तर राष्ट्रीय शैक्षणिक कार्यक्रमों का आयोजन किया। इस वर्ष डॉ. विवेक सिंह द्वारा एक नई पहल आरंभ की गई जिसके अंतर्गत प्रतिच्छेदन (इंटरसेक्सन) द्वारा व्याख्यान और अनौपचारिक पाठ्यक्रमों के रूप में महत्वपूर्ण शैक्षणिक गतिविधियां भी आयोजित की गई।

सत्र के दौरान उच्च स्तरीय शोध कार्य के अंतर्गत चार पुस्तकों के संपादित संस्करण प्रकाशित हुए: प्रो. एम.एस. पाण्डेय और प्रो. अनीता सिंह, रीविजिटिंग लिटरेरी थ्योरी: ईस्टर्न एंड वेस्टर्न पर्सपेक्टिव्स, पेनक्राफ्ट इंटरनेशनल, प्रो. संजय कुमार और प्रो. अर्चना कुमार, चाइना, इंडिया एंड अल्टरनेटिव एशियन माडर्निटीज, रुटलेज, प्रो. बी. महंता, इंग्लिश स्टडीज इन इंडिया: कंटेम्परेरी एंड इव ल्विंग पैराडाइज, स्प्रिंगर नेचर और डॉ. आरती निर्मल, लीगल रिसर्च एंड मेथोडोल जी, सत्यम लॉ इंटरनेशनल। प्रो. पी.सी. प्रधान द्वारा लिखित एक किताब (वी.एस. नायपाल एंड पोस्टकोलोनियलिज्म: राइटिंग हिस्ट्री, पॉलिटिक्स, कल्चर, सेल्फ, अटलांटिक) भी प्रकाशित हुई। दुनिया भर में प्रतिष्ठित पत्रिकाओं में लगभग ४८ शोध पत्र विभागीय सदस्यों के प्रकाशित है। विभागीय शोध पत्रिका 'रिसर्च एंड क्रिटिसिज्म' का वर्तमान अंक भी प्रकाशित हुआ। विभाग के सदस्यों ने भारत और भारत के बाहर कई अन्तर राष्ट्रीय सम्मेलनों में रिसोर्स पर्सन/ बीजवक्ता के रूप में भाग लिया। प्रो. अनीता सिंह वर्तमान में आईआईएएस शिमला की अध्येता हैं, प्रो. अर्चना कुमार, प्रो. देवेंद्र कुमार, डॉ. उमेश कुमार और सुश्री दीपाली यादव ने क्रमश: श्रीलंका, अमेरिका, ब्रिटेन, इटली और रूस में प्रतिष्ठित सम्मेलनों/कार्यशालाओं में भाग लिया। इसके अलावा, कई संकाय सदस्यों को देश भर के संगोष्ठियों, सम्मेलनों, कार्यशालाओं और रिफ्रेशर/ओरिएंटेशन पाठ्यक्रमों में मुख्य वक्ता/पूर्ण वक्ता और रिसोर्स पर्सन के रूप में आमंत्रित किया गया। विभाग के सदस्य विश्वविद्यालय के कई शैक्षणिक, सह-पाठ्यचर्या और प्रशासनिक गतिविधियों में सक्रिय रूप से शामिल थे और उच्च शिक्षा के लिए रचनात्मक वातावरण को बढ़ावा देने में समृद्ध योगदान दिया।

इसी तरह दर्शनशास्त्र तथा धर्म विभाग, उर्दू विभाग, अरबी विभाग, फ्रेंच/फ्रांसीसी अध्ययन विभाग, जर्मन अध्ययन विभाग, हिन्दी विभाग, पत्रकारिता तथ जनसंचार विभाग, भाषा-विज्ञान विभाग, मराठी विभाग, पारसी विभाग, शारीरिक शिक्षा विभाग, संस्कृत विभाग, तेलगू विभाग, कला इतिहास विभाग, पुस्तकालय तथा सूचना विज्ञान विभाग एवं मालवीय मूल्य अनुशीलन केन्द्र में भी वर्तमान सत्र के दौरान विभाग के द्वारा शिक्षण तथा शोधों की नियमित गतिविधियां आयोजित की गयीं।

व्यावसायिक तथा विशेष पाठ्यक्रम अध्ययन

छात्रों में कौशल विकास के संवर्धन हेतु, कला संकाय व्यावसायिक तथा विशेष पाठ्यक्रमों के अध्ययन की सुविधा प्रदान करता है। इस संकाय में व्यावसायिक पाठ्यक्रम सन् १९८५ से चल रहे हैं। पर्यटन तथा कार्यालय प्रबंधन में दो वर्षीय अंशकालिक डिप्लोमा कार्यक्रम इस संकाय में बहुत प्रचलित पाठ्यक्रम हैं। इन कार्यक्रमों के अर्न्तगत कक्ष शिक्षण के साथ-साथ अध्यवसाय में व्यवहारिक सत्र तथा क्षेत्र स्तरीय अनुभव के लिए शैक्षिक यात्रा भी सम्मिलित है।

भारत अध्ययन केन्द्र

भारत अध्ययन केन्द्र की स्थापना वर्ष २०१५ में भारत संबंधी अध्ययन के क्षेत्र में योगदान के लिए की गई।

गतिविधियों और कार्यक्रमों की उपलब्धियाँ

राष्ट्रीय संगोष्ठी: २४-२५ अक्टूबर २०१८ को आयोजित भारतीय सभ्यता विमर्श: धर्मपाल की इतिहास दृष्टि; अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी: ११-१२ मार्च, २०१९ को आयोजित संत साहित्य और महामति प्राणनाथ।

कार्यशाला: १९ मार्च से ०६ अप्रैल, २०१८ को योगसाधना के सिद्धान्त तथा अभ्यास; १६ अगस्त से ०५ सितम्बर २०१८ को नाट्यशास्त्र के अनुसार आंगिक अभिनय; ०१ सितम्बर से ११ सितम्बर २०१८ को योग एवं स्वास्थ्य; १२ सितम्बर से २४ सितम्बर २०१८ को पुराण-चिन्तन (समसामयिक परिप्रेक्ष्य में); १३ सितम्बर से २० सितम्बर २०१८ को योग एवं स्वास्थ्य; २२ सितम्बर से ०१ अक्टूबर २०१८ को योग एवं स्वास्थ्य; २५ सितम्बर से १२ अक्टूबर २०१८ को नाट्यशास्त्र में अभिनय; एक हर्मेन्यूटिक दृष्टि; १४ से १६ नवम्बर, २०१८ को योग एवं स्वास्थ्य; २६ नवम्बर-०६ दिसम्बर, २०१८ को हिन्दी क्षेत्र और उसकी जनपदीय भाषाएँ; २०-२१ दिसम्बर, २०१८ को योग एवं स्वास्थ्य; २०-२२ दिसम्बर, २०१८ को योग एवं स्वास्थ्य; ३ जनवरी से ११ जनवरी २०१९ को पाणिनि अष्टाध्यायी में उपदर्शित अन्तर्वैषयिक विमर्श; २१ जनवरी से २ फरवरी, २०१९ को स्थापत्य वेद: पारम्परिक एवं वर्तमान परिप्रेक्ष्य; १५-२७ फरवरी, २०१९ को 'पंचतन्त्र में व्यावहारिक सिद्धान्त'; ०६-१३ मार्च, २०१९ को योग एवं स्वास्थ्य एवं २५ मार्च से ०१ अप्रैल, २०१९ को योग एवं स्वास्थ्य आयोजित की गई।

पाठशृंखला: २५ जून, २०१८ से १३ अगस्त, २०१८ को आयोजित भरतमुनि विरचित नाट्यशास्त्र की विशिष्ट पाठ-शृङ्खला।

विशिष्ठ व्याख्यान: ०४.०४.२०१८ को चैती लोक के आलोक में: व्याख्यान कार्यशाला तथा संगीतात्मक प्रस्तुति; २८.०६.२०१८ को छत्रपति शिवाजी का पुन:स्मरण और भारतीय राजनीति; २०.११.२०१८ को महाकवि कालिदास का भारत; २८.०३.२०१८ को भारतीय ज्ञानपरम्परा के पुरस्कर्ता: महात्मा गांधी, महात्मा की १५० वीं जयन्ती के उपलक्ष्य में आयोजित की गई।

२.१.२.२. वाणिज्य संकाय

वाणिज्य संकाय, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय वर्तमान में देश का सबसे बड़ा वाणिज्य शिक्षण का विभाग है। वाणिज्य विभाग का प्रादुर्भाव सन् १९४० में विश्वविद्यालय के रजत जयंती समारोह के अवसर पर अर्थशास्त्र विभाग का.हि.वि.वि. के एक सहायक के रुप में हुआ। सन् १९५० में यह एक स्वतंत्र विभाग बना और सन् १९६५ में उच्चीकृत होकर इसने एक संकाय का दर्जा प्राप्त किया। इस संकाय द्वारा सत्र २०१८-१९ की अवधि में बी.कॉम्. (प्रतिष्ठा), एम.कॉम्. तथा पीएच.डी. का पाठ्यक्रमों का संचालन जारी है। इसके साथ ही एम.बी.ए.-एफ.एम., एम.बी.ए.-आर.एण्ड आई. और एम.बी.एम.-एफ.टी. जैसे विशेष स्ववित्तपोषित पाठ्यक्रम संचालित है। इसके अतिरिक्त वर्तमान सत्र में राजीव गाँधी दक्षिणी परिसर (रा.गाँ.द.प.), बरकछा, मिर्जापुर में भी वाणिज्य संकाय के नियंत्रण में पेड सीट श्रेणी के आधार पर बी.कॉम्. (प्रतिष्ठा) और एफ.एम.एम. के पाठ्यक्रम भी संचालित हैं।

संकाय ने अफगानिस्तान, नेपाल, भूटान, इरान, पोलैण्ड और श्रीलंका इत्यादि जैसे अनेक विदेशी राष्ट्रों के छात्रों को आकृष्ट किया है। इस वर्ष में छात्राओं का प्रवेश वाणिज्य संकाय विशेष रूप से उल्लेखनीय रहा।

संकाय के सदस्यों ने पीएच.डी. धारक तैयार करने, शोध पत्रों/लेखों एवं पुस्तकों के प्रकाशन, भारत व विदेशों में विभिन्न स्थानों पर सम्पन्न हुए संगोष्ठियों एवं सम्मेलनों में सहभागिता के द्वारा तथा का.हि.वि.वि. और अन्य विश्वविद्यालयों के विभागों में परीक्षा या अतिथि वक्ता के रूप में कार्य करके अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

संकाय के शिक्षक सदस्य अध्यापन के कार्यक्रमों जैसे बी.कॉम. (आनार्स), एम.काम., एम.बी.ए.-एफ.एम., एम.बी.ए.- आर. एण्ड आई. और एम.बी.ए.-एफ.टी. तथा शोध शिक्षा में कार्यरत रहे। कुछ शिक्षक महिला महाविद्यालय, कला संकाय, संगणक विज्ञान विभाग एवं सांख्यिकी विभाग में भी अध्यापन संलग्न रहे।

छात्रों के लिए सुविधाएँ

छात्रों को गुणवत्ता युक्त शिक्षा प्रदान करने एवं उनके प्रदर्शन में उत्थान की दृष्टि से संकाय उन्हें अनेक प्रकार की सुविधाएँ प्रदान करता है। वे सुविधाएँ हैं :

- विभागीय पुस्तकालय
- ट्रैक्सट् बुक बैंक
- वाणिज्य संघ पुस्तकालय
- शुल्क मुक्त अध्ययन
- योग्यता एवं एनडाउमेंट स्कॉलरशिप
- यू.जी.सी. फैलोशिप
- बी.एच.यू.छात्रवृति
- अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति
- एन.सी.सी.
- एन.एस.एस.
- गेस्ट फेकल्टी व्याख्यान
- परियोजना प्रशिक्षण
- बिजनेस एक्सीक्यूटिव के साथ वार्तालाप
- इन्टरनेट सुविधा
- वाई-फाई सुविधा

संकाय पुस्तकालय में विद्यार्थियों के अध्ययन के लिए २५३९३ पुस्तकें हैं।

२.१.२.३. शिक्षा संकाय

शिक्षा संकाय की स्थापना १५ अगस्त, १९१८ को टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज (टी.टी.सी.) के रूप में हुई। कालान्तर में यह काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के पूर्ण संकाय के रूप में विकसित हुआ। अपने स्थापना के समय से अद्यतन शिक्षा संकाय ने सामान्य एवं विशेष रूप से शिक्षक-शिक्षा के सुधार में विशेष भूमिका अदा की। यह ऐसा एकल विभाग संकाय है जिसमें शिक्षा के क्षेत्र में स्नातक, स्नातकोत्तर एवं शोध की सुविधायें है। संकाय पंडित मदन मोहन मालवीय जी के शिक्षा के सम्प्रत्यय की एक महान कृति है। यह संकाय स्वाधीन एवं अग्रगामी भारत में मूल्यों एवं आदर्शों के प्रसार में केन्द्रीय भूमिका का निर्वहन कर रहा है। संकाय ने अपना शताब्दी वर्ष १५ अगस्त २०१८ को मनाया है।

इस सत्र के दौरान २१ पी.एच.डी. विद्यार्थियों को उपाधि और १ विद्यार्थी को नेट/ जे.आर.एफ. से सम्मानित किया गया। शैक्षिक कार्यक्रम के सफल संचालन के अलावा शिक्षा संकाय ने सामान्य और विशेष शिक्षा दोनों के लिए शैक्षिक नेतृत्व, व्यक्तित्व विकास, कौशल विकास, संगणक संचालन कौशल, एमओओसी और सहायक उपकरणों में प्रशिक्षण, सांकेतिक भाषा और अनुसंधान संस्कृति के लिए संसाधन केंद्र के रूप में काम किया।

संकाय के १०० वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर शताब्दी द्वार के निकट मालवीय वाटिका विकसित की गई जिसमें अपने संस्थापक पं. मदन मोहन मालवीय जी के अपनत्व को उच्चतम करने एवं प्रतिदिन शुभाशीष हेतु उनकी अर्धप्रतिमा स्थापित की गई। रामकृष्ण मिशन गृह सेवा, वाराणसी के सहयोग से 'विश्व धर्म संसद' शिकागो की १२५ वीं वर्षगांठ मनाने के लिए एक कार्यक्रम आयोजित किया गया है। संकाय ने गैर सरकारी संस्थानों एवं अन्य संस्थानों/ संगठन के साथ अनेक सह-पाठयक्रम गतिविधियों का आयोजन किया है।

संकाय ने विभिन्न प्रकार के संगठनों के साथ विभिन्न मुद्दों पर आधारित सहयोग एवं समन्वय का कार्य भी किया है जैसे;

- उत्तर प्रदेश में विद्यालयीय शिक्षा का स्तर ।
- विशिष्ठ अध्यापकों का विशिष्ठ उन्मुखीकरण ।
- प्राचार्यों हेतु नेतृत्व प्रशिक्षण ।
- दृष्टिबाधित एवं श्रवणबाधित विद्यार्थियों हेतु उभरती तकनीकियों संबंधी कार्यक्रम।
- विश्वविद्यालय के अधिकारियों हेतु प्रवेश कार्यक्रम।
- विद्यार्थियों हेतु संगणक प्रशिक्षण।
- स्नातक, स्नातकोत्तर एवं पी.एच.डी. कोर्स वर्क कार्यक्रमों का पुनरीक्षण एवं विकास।

संकाय के विद्यार्थियों ने विभिन्न गैर सरकारी संगठनों, मलिन क्षेत्रों आदि का भ्रमण किया और जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया। पर्यावरण को बचाने के लिए संकाय परिसर में कई वृक्ष लगाये गए। इको क्लब, शिक्षा संकाय और अंकुर (एनजीओ) ने संयंत्र प्रदर्शनी और वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया। संकाय ने गैर-सरकारी संगठनों और अन्य संस्थानों/संगठनों के साथ अनेक सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों का आयोजन किया। शिक्षकों और प्राचार्यों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करके संकाय ने विद्यालयी शिक्षा के साथ सम्बंध स्थापित किया। संकाय ने प्रभावी अर्थपूर्ण तरीके से अन्य संस्थानों जैसे महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ, सम्पूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय, आई.यू.सी.टी.ई., शेपा, निपा, आई.सी.एस.एस.आर., एन.सी.ई.आर.टी., आर.सी.आई. के साथ कार्य किया। गुणात्मक दृष्टिकोण में लक्ष्यों की प्राप्ति हेतु विद्यार्थियों, शिक्षकों और कर्मचारियों में जवाबदेहिता, समयबद्धता और नियमितता प्रमुख उपकरण हैं।

संकाय भारतीय राज्यों के विद्यार्थियों के अतिरिक्त विदेशी विद्यार्थियों को भी अच्छी संख्या में आकर्षित करता है। वर्तमान सत्र के दौरान उ.प्र., बिहार, झारखण्ड, छत्तीसगढ, पं.बंगाल, उत्तराखण्ड एवं दिल्ली के विद्यार्थी सम्मिलित थे। विदेशी विद्यार्थियों में कम्बोडिया, जापान एवं यमन के विद्यार्थियों ने पर्याप्त संख्या में प्रवेश लिया।

संकाय में निम्नलिखित प्रयोगशालायें हैं: विज्ञान प्रयोगशाला, भाषा प्रयोगशाला, संगणक प्रयोगशाला, सामाजिक विज्ञान प्रयोगशाला, दृष्टिबाधित प्रयोगशाला, श्रवणबाधित प्रयोगशाला, पर्यावरण शिक्षा प्रयोगशाला, मनोविज्ञान प्रयोगशाला, निर्देशन एवं परामर्श प्रकोष्ठ, चयन प्रकोष्ठ, आन्तरिक गुणवत्ता सुनिश्चयन प्रकोष्ठ, पुरातन विद्यार्थी प्रकोष्ठ, क्रीड़ा कक्ष।

२.१.२.४. विधि संकाय

विधि शिक्षा के परिष्कार और उसकी सामाजिक प्रासंगिकता की निर्मिति की दृष्टि से शुरू से ही बनारस लॉ स्कूल की महती भूमिका रही है। तीन वर्षीय पूर्णकालिक एल.एल.बी. पाठ्यक्रम एवं दो वर्षीय एल.एल.एम. पाठ्यक्रम प्रारम्भ करने में यह संस्था अग्रणी रहा है। सत्र १९९८-९९ से लॉ स्कूल ने 'ह्यूमन राइट्स एण्ड ड्यूटीज एजूकेशन' में दो वर्षीय एल.एल.एम. पाठ्यक्रम की शुरूआत की और सत्र २००१-०२ में 'एनिमल लॉ' से सम्बन्धित एक प्रश्नपत्र को उसमें प्रारम्भ किया। 'बार काउंसिल ऑफ इण्डिया' के निर्देशानुसार लॉ स्कूल ने सत्र २००९-१० में पाठ्यक्रम का पुनर्निधारण/पुनर्निर्माण करते हुए एल.एल.बी. (प्रतिष्ठा) पाठ्यक्रम की शुरूआत की। सत्र २०१०-११ के विश्वविद्यालय आर्डिनेंस के अनुसार उसी सत्र से संकाय ने एल.एल.बी. (प्रतिष्ठा), एल.एल.एम. और एल.एल.एल (एचआरडीई) पाठ्यक्रमों में 'च्वाइस बेस्ड क्रेडिट सिस्टम' लागू किया। इसके अतिरिक्त लॉ स्कूल ने जनवरी, २०११ से पी-एच.डी. प्रोग्राम में 'कोर्स वर्क' को प्रारम्भ कर दिया है।

वर्तमान सत्र में विधि संकाय ने एल.एल.एम. (एक वर्षीय) में (सीबीसीएस) लागू किया है जो सत्र २०१९-२० से प्रारम्भ होगा। इसके साथ ही विधि संकाय ने सत्र २०१८-१९ में एलएलबी (आनर्स)-३ वर्षीय पाठ्यक्रम, बीएएलएलबी (आनर्स)-५ वर्षीय पाठ्यक्रम तथा एलएलएम डिग्री पाठ्यक्रम के विषय वस्तु को भी संशोधित किया है जो कि सत्र २०१९-२० से प्रारम्भ होगा।

एल.एल.बी. स्तर की शिक्षा इस बात को ध्यान में रख कर दी जाती है कि विद्यार्थी विधि व्यवसाय की चुनौतियों के अनुसार तैयार हो सकें और व्यवसाय, वाणिज्य और उद्योग के क्षेत्र में भी लॉ ग्रेजुएट के रूप में अपने को योग्य प्रमाणित कर सकें। समुदायोन्मुख कई पाठ्यक्रमों को भी लॉ स्कूल ने प्रारम्भ किया है जो समाज, पर्यावरण, उपभोक्ता, महिलाओं, बच्चों एवं अन्य और की भी दृष्टि से महत्वपूर्ण हैं। 'एग्रीकल्चरल लैंड लॉ एण्ड रिफार्म्स' की दृष्टि से तत्सम्बन्धी ग्रामीण समस्याओं के निमित्त विधि शिक्षा का प्रबंध है। निर्धन एवं साधनहीन व्यक्तियों को १९७८ से विधिक सहायता प्रदान की जा रही है।

विधि संकाय एक स्तरीय जर्नल निरन्तर 'बनारस लॉ जर्नल' के नाम से प्रतिवर्ष प्रकाशित कर रहा है जिसमें भारत एवं विदेश के अध्यापकों, प्रख्यात व्यावसायिकों एवं शिक्षाविदों के शोध

आलेख/पुस्तक समीक्षा प्रकाशित होते रहते हैं। भारत एवं भारत से बाहर के अनेक महत्वपूर्ण एवं मूल्यवान जर्नल्स के आदान-प्रदान का यह जर्नल एक प्रमुख आधार है। हाईकोर्ट, सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीशों एवं शोध छात्रों के द्वारा इस जर्नल में उल्लिखित लेखों का नजीर के रूप में उपयोग किया जाता है। इसके अलावा संकाय ने राष्ट्रीय स्तर की वाद-विवाद कोर्ट प्रतियोगिता-महामना मालवीय राष्ट्रीय वाद-विवाद कोर्ट को आरम्भ किया है।

प्रमुख गतिविधियाँ

- प्रत्येक पाठ्यक्रम में प्रवेश, अध्यापन एवं परीक्षा की समस्त गतिविधियां निर्धारित समय पर सकुशल सम्पन्न हुईं।
- बी.एच.यू. एवं अन्य विश्वविद्यालयों द्वारा आयोजित संगोष्ठियों, ओरियन्टेशन कोर्स-रिफ्रेसर कोर्स एवं राष्ट्रीय कार्यशालाओं में विभाग के अनेक अध्यापकों ने स्रोत विद्वान के रूप में सहभागिता की।
- विश्वविद्यालय के १००वें दीक्षांत समारोह के भाग के रूप में संकाय का दीक्षांत समारोह २२ नवम्बर २०१८ को आयोजित किया गया।
- एल.एल.एम. के कई विद्यार्थी बिहार, छत्तीसगढ़, उत्तराखण्ड, मध्य प्रदेश एवं उत्तर प्रदेश में ज्यूडिसियल और प्रासीक्यूशन ऑफीसर के रूप में चयनित हुए।
- वर्तमान सत्र में काशी हिन्दू विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित 'स्पंदन' सांस्कृतिक समारोह में लॉ स्कूल के विद्यार्थियों ने शार्ट प्ले, क्विज, नृत्य, गायन, इलोक्यूशन आदि में भाग लिया तथा पुरस्कार प्राप्त किए।
- वर्तमान सत्र के दौरान दो राष्ट्रीय संगोष्ठियों का आयोजन किया गया। १७ नवम्बर, २०१८ को लॉ स्कूल में भारतीय कराधान प्रणाली: आर्थिक विकास के प्रवर्तक एवं साधन विषय पर पहली राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में देश भर के विभिन्न भागों से ५०० से अधिक प्रतिभागियों ने भाग किया। उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता माननीय (प्रो.) राकेश भटनागर, कुलपति, बी.एच.यू. के द्वारा की गई।
- विधि संकाय को विधि संस्थान में उन्नयन करने हेतु कार्य प्रगति पर है।

शिक्षण-अध्ययन के कार्यक्रम

देश के अन्य लॉ स्कूलों में पढ़ाए जाने वाले पारंपरिक विषयों के अतिरिक्त लॉ स्कूल बी.एच.यू. अन्य अनेक पाठ्यक्रमों का संचालन करता है। यथा-अपराध एवं दण्डशास्त्र, अन्तर राष्ट्रीय अर्थ/आर्थिक कानून, कारपोरेशन एवं पब्लिक कंट्रोल कानून, ग्रामीण विकास सम्बन्धी कानून, रेन्ट कंट्रोल संबंधी कानून, मिलिटेरी लॉ, हिन्दू एवं मुस्लिम विधि शास्त्र आदि। उसी प्रकार विगत कई वर्षों से अनेक सेमिनार पाठ्यक्रम (सेमिनार कोर्सेस) भी लॉ स्कूल आयोजित करता है। यथा-लॉ एण्ड सोसाइटी, लॉ एण्ड पावर्टी, लॉ एण्ड एजूकेशन, लॉ एण्ड रिलीजन, लॉ एण्ड वीमेन, लॉ एण्ड चाइल्ड, लॉ एण्ड प्लानिंग, लॉ एण्ड कन्ज्यूमर, लॉ साइंस एण्ड टेक्नोलॉजी, लॉ एण्ड मेडिसिन आदि। इसके अतिरिक्त एल.एल.एम. (ह्यूमन राइट्स एण्ड ड्यूटी एजूकेशन) पाठ्यक्रम में जिन विषयों को पढ़ाया जाता है वे इस प्रकार हैं- मानवाधिकार एवं विधि शास्त्र, मानवाधिकार एवं भारत, अन्तर्राष्ट्रीय विधि एवं मानवाधिकार, मानवाधिकार वं आपराधिक न्याय, अन्तर्राष्ट्रीय शरणार्थी कानून, अन्तर्राष्ट्रीय मानवता कानून, मानवाधिकार एवं पर्यावरण, मानवाधिकार एवं महिलाएं, मानवाधिकार एवं बच्चे, लॉ साइंस एण्ड टेक्नोलॉजी एवं मानवाधिकार आदि। एल.एल.एम. डिग्री प्राप्ति के लिए विद्यार्थियों द्वारा लघु शोध प्रबन्ध लिखना आवश्यक है।

२.१.२.५. संगीत एवं मंच कला संकाय

संगीत एवं मंच कला संकाय, संगीत और नृत्य की पारम्परिक कलाओं के प्रचार और संरक्षण के लिए काम करता है। पं. गोविन्द मालवीय और संस्थापक संगित मार्तंड पं. ओंकार नाथ ठाकुर के अथक प्रयासों से वर्ष १९५० में इस संकाय की स्थापना हुई।

संकाय में चार विभाग हैं: स्वर, वाद्य संगीतशास्त्र और नृत्य। संकाय निम्नलिखित पाठ्यक्रम आयोजित करता है: पीएच.डी., स्नातक, स्नातकोत्तर और जूनियर डिप्लोमा इन वोकल (हिंदुस्तानी/कर्नाटक); वाद्य (सितार/वायलिन/बांसुरी/तबला), नृत्य (कथक/भरनाटयम्)

संकाय स्तर पर होने वाली कुछ सांस्कृतिक एवं शैक्षणिक गतिविधियाँ

- राष्ट्रीय शास्त्रीय नृत्य महोत्सव २८ से २९ जुलाई २०१८
- शास्त्रीय एवं उप-शास्त्रीय संगीत नृत्य महोत्सव - दिनांक २३ अक्टूबर २०१८
- देश भक्ति गीत प्रतियोगिता - दिनांक ७ अक्टूबर २०१८
- कृष्णाप्रिया नृत्य महोत्सव राष्ट्रीय स्तर दिनांक २६ से ३० अक्टूबर २०१८ तक सम्पन्न हुआ।
- संगीत त्रिवेणी ध्रुपद महोत्सव - ३१ अक्टूबर से २ नवम्बर २०१८
- भावार्पण - भारतरत्न पं. रविशंकर को समर्पित मुख्य अतिथिवक्ता पद्मभूषण एवं ग्रैमी अवार्ड अलंकृत पं. विश्वमोहन भट्ट एवं विख्यात संतूरवादक, पं. तरूण भट्टाचार्या - दिनांक ४ एवं ५ जनवरी २०१९
- पद्मश्री पं. बलवंत राव भट्ट स्मृति संगीत संध्या दिनांक १७ नवंबर २०१८
- प्रवासी भारतीय सांस्कृतिक सन्ध्या - दिनांक २१ जनवरी २०१९

गायन संगीत विभाग

- **सम्मान :** बनारस घराने के विश्वविख्यात कलाकार पं. राजन मिश्र एवं पं. साजन मिश्र को डी.लिट. की मानद उपाधि से सम्मानित किया गया।
- संकाय के विशिष्ट पूर्व छात्र पं. राजेश्वर आचार्य को भारत सरकार की और से पद्मश्री अलंकरण से संगीत के क्षेत्र में उनकी उपलब्धियों के लिए, सम्मानित किया गया।

क्रियाकलाप

- कंठ संगीत विभाग एवं श्रीकान्त मिश्र ध्रुपद फाउन्डेशन के एकत्र सौहार्द्र से पं. श्रीकान्त मिश्रा जी की स्मृति में तीन दिवसीय ध्रुपद उत्सव का आयोजन दिनांक २५.०१.२०१९ से २७.०१.२०१९ तक किया गया।

- जिला प्रशासन व अमर उजाला द्वारा आयोजित मतदाता जागरुकता कार्यक्रम में २७.०४.१९ को विभाग की छात्राओं ने वन्दे मातरम व देश भक्ति गीत प्रस्तुत किया। सप्ताह में २८.०१.२०१९ से ०२.०२.२०१९ तक प्रस्तुतियाँ दीं।
- विभाग के छात्रों द्वारा सामाजिक स्तरीय कार्यक्रम जैसे-एनएसएस के स्वच्छता अभियान, वृक्षारोपण, कैन्डल मार्च आदि में सक्रियता से भाग लिया।
- विभाग के शिक्षकों, संगतकारों, शोधार्थियों व छात्रों ने वर्ष पर्यन्त ७५ से अधिक प्रतिष्ठित मंचों पर प्रस्तुतियों दीं एवं संकाय स्तरीय व विश्वविद्यालय स्तरीय क्रियाकलापों में सक्रिय सहभागिता प्रदान करते रहे।
- इसके अतिरिक्त नियमित तौर पर छात्र सुबह-ए-बनारस में प्रस्तुति देते रहे।

छात्र उपलब्धियाँ – गायन विभाग

पुरस्कार

श्री मुकेश कुमार एवं श्री विक्की को एल्युमनाई ऐसोसिएशन, मुंबई द्वारा शैक्षिक उत्कर्ष के लिए छात्रवृत्ति प्रदान की गयी।

सुश्री अर्पिता भट्टाचार्या एवं पूजा बसाक को उनकी बहुमुखी उपलब्धियों के लिए पं. कनक राय त्रिवेदी नगद पुरस्कार।

सुश्री स्वाती तिवारी एमपीए चतुर्थ सेमेस्टर २०१९ में विश्वास संगीत समिति द्वारा डॉ. सन्त कुमार गर्ग पुरस्कार लाइट वोकल सोलो में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर दिया गया।

सुश्री स्वाती तिवारी को सुर संगत संस्थान द्वारा सर्वश्रेष्ठ महिला गायिका पुरस्कार २०१८ प्रदान किया गया।

सुश्री स्वाती तिवारी को कृष्णप्रिया कथक केन्द्र रस बनारस द्वारा स्वर्ण मयूर सम्मान २०१८ दिया गया।

सुश्री स्वाती तिवारी को प्रयाग संगीत समिति इलाहाबाद (प्रयागराज) द्वारा विशेष लाइट वोकल सोलो में द्वितीय पुरस्कार।

सुश्री अलंकृता रॉय एमपीए द्वितीय सेमेस्टर को कृष्ण प्रिया महोत्सव, रस बनारस, द्वारा सर्वश्रेष्ठ कलाकार २०१८ पुरस्कार दिया गया।

सुश्री स्वाती तिवारी एमपीए चतुर्थ सेमेस्टर विश्वास संगीत समिति में शास्त्रीय गायन में प्रथम पुरस्कार।

श्री. बागीश पाठक एमपीए चतुर्थ सेमेस्टर ने चन्दौली महोत्सव में सूफी गायन के लिए प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया।

सुश्री अलंकृता रॉय एमपीए द्वितीय सेमेस्टर को कृष्ण प्रिया महोत्सव रस बनारस द्वारा स्वर्ण मयूर (प्रथम पुरस्कार) सम्मान २०१८

श्री मोहित साहनी बीपीए द्वितीय को लमही महोत्सव २०१८ में लाइट वोकल सोलो में प्रथम पुरस्कार।

श्री मोहित साहनी एवं उज्जवल साहनी बीपीए द्वितीय सेमेस्टर को भारत विकास परिषद, वाराणसी में २०१८ में लाइट वोकल सोलो में प्रथम पुरस्कार।

क्रमांक	छात्र/छात्रा का नाम	प्रसंग	पुरस्कार	क्षेत्रीय/राष्ट्रीय
१.	सोहिनी गांगुली	शास्त्रीय गायन (एकल)	प्रथम	क्षेत्रीय
२.	अर्पिता भट्टाचार्या	पाश्चात्य एकल गायन	तृतीय	क्षेत्रीय
३.	प्रियंका सहवाल	सुगम एकल गायन	द्वितीय	क्षेत्रीय
४	अर्पिता भट्टाचार्या, सोहिनी गांगुली, प्रियंका सहवाल, सुरभि तिवारी, साक्षी सिन्हा, युक्ता शर्मा,	भारतीय समूह गान	द्वितीय	क्षेत्रीय
५.	अर्पिता भट्टाचार्या, सोहिनी गांगुली प्रियंका सहवाल, सुरभि तिवारी, साक्षी सिन्हा, युक्ता शर्मा,	पाश्चात्य समूह गान	द्वितीय	क्षेत्रीय
६.	सोहिनी गांगुली	शास्त्रीय एकल गायन	द्वितीय	राष्ट्रीय
७.	अर्पिता भट्टाचार्या	पाश्चात्य एकल गायन	तृतीय	राष्ट्रीय
८.	प्रियंका सहवाल	सुगम एकल गायन	प्रथम	राष्ट्रीय
९.	अर्पिता भट्टाचार्या, सोहिनी गांगुली, प्रियंका सहवाल, सुरभि तिवारी, साक्षी सिन्हा, युक्ता शर्मा	भारतीय समूह गान	प्रथम	राष्ट्रीय
१०.	अर्पिता भट्टाचार्या, सोहिनी गांगुली, प्रियंका सहवाल, सुरभि तिवारी, साक्षी सिन्हा, युक्ता शर्मा	पाश्चात्य समूह गान	तृतीय	राष्ट्रीय
११.	अर्पिता भट्टाचार्या, सोहिनी गांगुली, प्रियंका सहवाल, सुरभि तिवारी, साक्षी सिन्हा, युक्ता शर्मा	भारतीय समूह गान	प्रथम	स्पंदन विश्वविद्यालय स्तरीय युवा महोत्सव
१२.	अर्पिता भट्टाचार्या, सोहिनी गांगुली, प्रियंका सहवाल, सुरभि तिवारी, साक्षी सिन्हा, युक्ता शर्मा	पाश्चात्य समूह गान	द्वितीय	स्पंदन विश्वविद्यालय स्तरीय युवा महोत्सव
१३.	स्वाति तिवारी	शास्त्रीय एकल गायन	प्रथम	स्पंदन विश्वविद्यालय स्तरीय युवा महोत्सव
१४.	बागीश पाठक	सुगम एकल गायन	प्रथम	स्पंदन विश्वविद्यालय स्तरीय युवा महोत्सव
१५.	अंकिता मिश्रा	पाश्चात्य एकल गायन		स्पंदन विश्वविद्यालय स्तरीय युवा महोत्सव

श्री पीयूष दीक्षित बीपीए द्वितीय सेमेस्टर को संगीत नाटक अकादमी अयोध्या में २०१८ में ध्रुपद गायन में प्रथम पुरस्कार।

श्री पीयूष दीक्षित बीपीए द्वितीय सेमेस्टर को संगीत नाटक अकादमी लखनऊ में २०१८ ध्रुपद गायन के लिए तृतीय पुरस्कार।

श्री प्रवीण पाण्डेय बीपीए द्वितीय सेमेस्टर को संगीत नाटक अकादमी, लखनऊ में २०१८ में ख्याल गायन के लिए तृतीय पुरस्कार क्षेत्रीय व राष्ट्रीय युवा महोत्सव एवं स्पन्दन में डॉ. इन्द्रेव चौधरी एवं श्री. पंकज राय के निर्देशन में विभाग के छात्र-छात्राओं की प्रतिभागिता एवं विजयी पुरस्कार।

शिक्षकों की उपलब्धियाँ

- डॉ. मधुमिता भट्टाचार्या - हिन्दुस्तानी संगीत ख्याल गायन में बी-हाई ग्रेड प्राप्त किया (२०१८)।
- डॉ. मधुमिता भट्टाचार्या - उपशास्त्रीय संगीत गायन में बी-हाई ग्रेड प्राप्त किया (२०१९)।
- श्री पंकज राय- हिन्दुस्तानी संगीत वादन (तबला) में बी-हाई ग्रेड प्राप्त किया।
- डॉ. रामशंकर एवं डॉ. विजय कपूर के निर्देशन में छात्र-छात्राओं द्वारा सुबह-ए-बनारस में नियमित मंच प्रदर्शन प्रस्तुत किये जाते हैं।

वाद्य विभाग

वर्तमान वर्ष में संस्थान/संकाय के सम्मान, अध्येता वृत्ति, पारितोषिक, विशिष्ट सम्मान तथा उल्लेखनीय उपलब्धियों की सूची - वादन विभाग के विद्यार्थीगण :-

- श्री उदय कुमार सिंह (बीपीए.बांसुरी) को मुंबई के पुरा छात्र संघ से शैक्षणिक उत्कृष्टता के लिए छात्रवृत्ति मिली।
- श्री बसनायके मुध्यांसलगे लाहिरु मधुशंके बंदरारा रत्नायके, विदेशी छात्र (बीपीए-वायलिन) को मुंबई के पुरा छात्र संघ से शैक्षणिक उत्कृष्टता के लिए छात्रवृत्ति मिली।
- श्री बिस्वजीत सेवा (बीपीए-तबला) को मुंबई के पुरा छात्र संघ से शैक्षणिक उत्कृष्टता के लिए छात्रवृत्ति मिली।
- कुमारी सुहासिनी शर्मा (बीपीए-सितार) को मुंबई के पुरा छात्र संघ से शैक्षणिक उत्कृष्टता के लिए छात्रवृत्ति मिली।
- श्री प्रशांत मिश्रा (बीपीए-वायलिन) को मुंबई के पुरा छात्र संघ से शैक्षणिक उत्कृष्टता के लिए छात्रवृत्ति मिली।
- श्री प्रशांत मिश्रा (बीपीए-वायलिन) को २०१८ में बीएचयू में चांसलर मेडल सम्मान प्राप्त हुआ ।
- प्रशांत मिश्रा - (बीपीए-वायलिन) को विश्वविद्यालय में अंडर ग्रेजुएट स्तर के पाठ्यक्रम में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने के लिए चांसलर मेडल प्राप्त हुआ।
- हिंदुस्तानी संगीत वाद्ययंत्र के क्षेत्र में युवा कलाकारों को राष्ट्रीय छात्रवृत्ति प्राप्त हुई।
- सोनू यादव - (एमपीए - बांसुरी) नेशनल यूथ फेस्टिवल २०१९ में इंस्ट्रूमेंट नॉन परकशन (गैर ताल वाद्य) में प्रथम पुरस्कार जीता।
- आशीष नारायण मिश्रा - (एमपीए - तबला) नेशनल यूथ फेस्टिवल २०१९ में इंस्ट्रूमेंट परकशन (ताल वाद्य) में द्वितीय पुरस्कार जीता ।

नृत्य विभाग

उपलब्धि: विभाग में २४ अगस्त २०१८ को १२ कम्प्यूटरों से युक्त एक कम्प्यूटर प्रयोगशाला का उद्घाटन किया गया जिसका उद्देश्य बच्चों को इन्टरनेट की सुविधाएँ प्रदान करना है।

क्रियाकलाप

- प्रधानमंत्री योजना ''एक भारत श्रेष्ठ भारत'' के दौरान नृत्य विभाग का एक समूह नेहू (एनइएचयू) मेघालय गया। दिनांक १०-१८ नवम्बर २०१८ में डॉ. श्वेता चौधरी और श्री पंकज राय के नेतृत्व में वहां समूह नृत्य और वाद-विवाद प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त किया।
- विभाग के शिक्षक-शिक्षिकाओं व छात्र-छात्राओं ने २१.०१.२०१९ को स्वतंत्रता भवन में आयोजित प्रवासी भारतीय दिवस की सांस्कृतिक संध्या में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और प्रस्तुतियाँ दीं। कार्यक्रम का आयोजन स्वतंत्रता भवन, बी.एच.यू में हुआ।
- विद्यार्थियों ने अंतरसंकाय युवा-महोत्सव, स्पन्दन, २०१९ में भाग लिया और प्रस्तुतियाँ दीं।
- विभाग के शिक्षक-शिक्षिकाओं व छात्र-छात्राओं द्वारा ५ दिवसीय वार्षिक संगीत कार्यक्रम ''आचार्य स्मृति समारोह'' १३ से १६ मार्च २०१९ आयोजित किया गया।
- विद्यार्थियों ने अंतरसंकाय युवा-महोत्सव, स्पन्दन, २०१९ में भाग लिया और प्रस्तुतियाँ दीं।

इसके अतिरिक्त नियमित तौर पर डॉ. विधि नागर और श्री प्रेमचन्द होम्बल (सेवानिवृत शिक्षक) के निर्देशन में छात्र एवं छात्राओं ने घाट सन्ध्या में नियमित प्रस्तुतियाँ दीं।

छात्र उपलब्धियां

पुरस्कार

- सुश्री रागिनी कल्याण को एल्युमनाई ऐसोसिएशन, मुंबई द्वारा शैक्षिक उत्कर्ष के लिए छात्रवृत्ति प्रदान की गयी।
- श्री मितुल शर्मा को एल्युमनाई ऐसोसिएशन, मुंबई द्वारा शैक्षिक उत्कर्ष के लिए छात्रवृत्ति प्रदान की गयी।
- सुश्री नेहा कुमारी राम को अकादमी एक्सेलेन्स, एन्यूमनी एसोसिएशन, मुम्बई की ओर से छात्रवृति प्रदान किया गया।
- सुश्री रागिनी कल्याण को काशी हिन्दू विश्वविद्यालय द्वारा विभाग एवं संकाय में शैक्षिक उत्कर्ष (उच्चतम अंक) के लिए स्वर्ण पुरस्कार प्रदान किया गया।
- सुश्री श्रेया रघुवंशी को राजकीय स्तर उ.प्र.सं.ना.अ., लखनऊ युवा वर्ग हेतु कथक प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार प्रदान किया गया।
- सुश्री प्रेरणा जैन को राजकीय स्तर उ.प्र.सं.ना.अ., लखनऊ किशोर वर्ग हेतु कथक प्रतियोगिता में द्वितीय पुरस्कार प्रदान किया गया।

क्रम. सं.	नाम एवं विभाग सहित प्राप्तकर्त्ता का नाम	सम्मान की प्रकृति आदि	पुरस्कार देने वाली संस्था का नाम
१.	१.श्री प्रेम प्रकाश प्रजापति २.सुश्री संगीता शुक्ला ३.श्री निर्मल कुमार ४.श्री सतीश कुमार सिंह	वरिष्ठ शोध छात्रवृत्ति तथैव तथैव तथैव	विश्वविद्यालय अनुदान आयोग तथैव तथैव तथैव
२.	१. श्री सोनू यादव (शास्त्रीय बांसूरी एकल वादन)-एम.पी.ए. २. श्री अशेष नारायण मिश्रा (शास्त्रीय तबला एकल वादन)-एम.पी.ए.	स्वर्ण पुरस्कार (युवा महोत्सव) तथैव	अन्तर विश्वविद्यालयीय युवा महोत्सव (क्षेत्रीय व राष्ट्रीय स्तर) तथैव
३.	१. श्री कृष्ण कुमार उपाध्याय (शास्त्रीय तबला एकल वादन)-एम.पी.ए. २. श्री शत्रुघ्न बेउरा (शास्त्रीय वायलिन एकल वादन)-एम.पी.ए.	प्रथम पुरस्कार (स्पन्दन-२०१९) प्रथम पुरस्कार (स्पन्दन-२०१९)	अन्तर संकाय युवा महोत्सव, का.हि.वि.वि. तथैव

व्याख्यान प्रदर्शन और कार्यक्रम

क्र.सं.	**नाम**	**प्रसंग**	**तिथि**	**स्थान**
१.	पं. हरिराम द्विवेदी	लोक संगीत : सोलह संस्कार	०९ मई २०१८	पं. ओंकारनाथ ठाकुर प्रेक्षागृह, संगीत एवं मंचकला संकाय, का.हि.वि.
२.	विदुषी वर्षा प्रधान	सहजयोग आज का महायोग संगीत एवं ध्यान योग का महासंगम	२१ जून २०१८	पं. ओंकारनाथ ठाकुर प्रेक्षागृह, संगीत एवं मंचकला संकाय, का.हि.वि.
३.	प्रो. राधेश्याम जायसवाल	शोध पद्धति	२०-२१ अगस्त २०१८	सेमिनार कक्ष, एनेक्सी भवन, संगीत एवं मंचकला संकाय, का.हि.वि.
४.	श्री मधुसूदन नाग	सर्जनात्मक लोक संगीत और तबले का सौंदर्यपरक घटक	०४ सितम्बर २०१८	सेमिनार कक्ष, एनेक्सी भवन, संगीत एवं मंचकला संकाय, का.हि.वि.
५.	पं. ऋतुराज कात्यायन	रामचरित्रमानस में संगीत	०६ सितम्बर २०१८	सेमिनार कक्ष, एनेक्सी भवन, संगीत एवं मंचकला संकाय, का.हि.वि.
६.	डॉ. नीलू शर्मा	तबलावादन के क्षेत्र में पारंपरिक बंदिशें आवश्यकता एवं महत्व	१५ अक्टूबर २०१८	सेमिनार कक्ष, एनेक्सी भवन, संगीत एवं मंचकला संकाय, का.हि.वि.
७.	प्रो. इन्द्राणी चक्रवर्ती	गांव और मुर्चना	२५ अक्टूबर २०१८	पं. लालमणि मिश्रा वाद्य संग्रहालय, संगीत एवं मंचकला संकाय, का.हि.वि.
८.	पं. विश्वमोहन भट्ट	विश्वगुरू भारत रत्न पं. रविशंकर जी की सांगीतिक धरोहर - उनके वादन व शिक्षण शैली के विशेष संदर्भ में	०४ जनवरी २०१९	पं. ओंकारनाथ ठाकुर प्रेक्षागृह, संगीत एवं मंचकला संकाय, का.हि.वि.
९.	पं. तरूण भट्टाचार्य	विश्वगुरू भारत रत्न पं. रविशंकर जी की सांगीतिक धरोहर - उनके वादन व शिक्षण शैली के विशेष संदर्भ में	०५ जनवरी २०१९	पं. ओंकारनाथ ठाकुर प्रेक्षागृह, संगीत एवं मंचकला संकाय, का.हि.वि.
१०.	श्री अश्विनी श्रीनिवासन	गायकी अंग में हिन्दुस्तानी शास्त्रीय बाँसुरी वादन और उसकी तकनीकी	१३ फरवरी २०१९	पं. लालमणि मिश्रा वाद्य संग्रहालय, संगीत एवं मंचकला संकाय, का.हि.वि.
११.	श्री नरेन्द्र मिश्रा	गायकी एवं तंत्रकारी अंग में हिन्दूस्तानी शास्त्रीय सितार वादन और उसकी तकनीकी	१५ फरवरी २०१९	पं. ओंकारनाथ ठाकुर प्रेक्षागृह, संगीत एवं मंचकला संकाय, का.हि.वि.

क्र.सं.	नाम	प्रसंग	तिथि	स्थान
१.	पं. हरिराम द्विवेदी	लोक संगीत : सोलह संस्कार	०९ मई २०१८	पं. ओंकारनाथ ठाकुर प्रेक्षागृह, संगीत एवं मंचकला संकाय, का.हि.वि.
२.	विदुषी वर्षा प्रधान	सहजयोग आज का महायोग संगीत एवं ध्यान योग का महासंगम	२१ जून २०१८	पं. ओंकारनाथ ठाकुर प्रेक्षागृह, संगीत एवं मंचकला संकाय, का.हि.वि.
३.	प्रो. राधेश्याम जायसवाल	शोध पद्धति	२०-२१ अगस्त २०१८	सेमिनार कक्ष, एनेक्सी भवन, संगीत एवं मंचकला संकाय, का.हि.वि.
४.	श्री मधुसूदन नाग	सर्जनात्मक लोक संगीत और तबले का सौंदर्यपरक घटक	०४ सितम्बर २०१८	सेमिनार कक्ष, एनेक्सी भवन, संगीत एवं मंचकला संकाय, का.हि.वि.

- सी.सी.आर.टी.- सुश्री प्रेरणा जैन
- सी.सी.आर.टी. (किशोर वर्ग) - सुश्री रीतिका दास

क्रमांक	छात्र/छात्रा का नाम	प्रसंग	पुरस्कार	क्षेत्रीय/राष्ट्रीय
१.	रागिनी कल्याण	शास्त्रीय नृत्य (एकल)	प्रथम	३४वां युवा महोत्सव क्षेत्रीय
२.	रागिनी कल्याण सौम्या गुप्ता, शिवानी मिश्रा, नेहा कुमारी राम, आरती थापा, सोहिनी गांगुली, सुनिधि पाठक, ओम प्रकाश, विकास गुप्ता, गुड़िया मिश्रा	लोक नृत्य	द्वितीय	क्षेत्रीय
३.	रागिनी कल्याण	शास्त्रीय नृत्य (एकल)	द्वितीय	३४वां युवा महोत्सव क्षेत्रीय
४.	रूद्र शंकर मिश्रा	शास्त्रीय नृत्य (एकल)	प्रथम	स्पन्दन विश्वविद्यालय स्तर युवा वर्ग
५.	सौम्या गुप्ता, शिवानी मिश्रा, नेहा कमार राम, आरती थापा, सोहिनी गांगुली, सुनिधि पाठक, गुड़िया मिश्रा, स्वजन गोविन्द, उर्वशी मोहनानी, सृष्टी	लोक नृत्य	प्रथम	स्पन्दन विश्वविद्यालय स्तर युवा वर्ग
६.	धर्मराज (समूह नेतृत्व)			

२.१.२.६. सामाजिक विज्ञान संकाय

सामाजिक विज्ञान संकाय अधिगम के सबसे पुराने और विशिष्ट केन्द्रों में से एक है, जो काशी हिंदू विश्वविद्यालय के शैक्षणिक संरचना को एक लंबे समय से मजबूती प्रदान कर रहा है। सामाजिक विज्ञान संकाय (कला संकाय जो कि पहले सेन्ट्रल हिंदू कालेज था, से विभाजित) की स्थापना वर्ष १९७१ में हुई जिसके अंतर्गत पांच विभाग - अर्थशास्त्र, इतिहास, राजनीति विज्ञान, मनोविज्ञान और समाजशास्त्र शामिल हैं। इसने बहुत से विद्वानों और शोधकर्ताओं को तैयार किया है जिनके योगदान को दुनिया भर में पहचान और सराहना मिली है। संकाय लगभग ६०० शोधार्थियों को सुविधाएं प्रदान करता है। हमारे ७० शोध छात्र वर्तमान में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग, नई दिल्ली द्वारा प्रदत्त जूनियर रिसर्च फेलोशिप प्राप्त कर रहे हैं। सामाजिक विज्ञान संकाय के छात्र विभिन्न विश्वविद्यालयों और कॉलेजों में सहायक प्रोफेसर के रूप में नियुक्त हुये हैं। उक्त पांच विषयों यथा - अर्थशास्त्र, इतिहास, राजनीति विज्ञान, मनोविज्ञान और समाजशास्त्र में स्नातक और स्नातकोत्तर स्तर पर शिक्षण देने के अलावा, संकाय ने नए केन्द्रों की स्थापना करके अपने कदम को नई दिशा में बढ़ाया है, जो निम्नलिखित है:

- एकीकृत ग्रामीण विकास केन्द्र
- नेपाल अध्ययन केन्द्र
- सामाजिक बहिष्करण एवं समावेशी नीति अध्ययन केन्द्र
- महिला अध्ययन एवं विकास केन्द्र
- मालवीय शांति एवं अनुसंधान केन्द्र

संकाय में ०२ पीठों की स्थापना की गई - अक्टूबर, २०१७ में पं. दीन दयाल उपाध्याय पीठ: अक्टूबर, २०१७ डॉ. बी.आर. अम्बेडकर पीठ

संकाय और विभागों में एक पुस्तकालय (सामाजिक कार्य), इंटरनेट सुविधा और इंटरनेट सुविधा युक्त कक्षाएं हैं। हम बहुत जल्द कम्प्यूटर लैब स्थापित और संगोष्ठी और व्याख्यान कक्ष में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग की सुविधा भी उपलब्ध करने जा रहे हैं। शोध भी संकाय स्तर पर शैक्षणिक गतिविधि का एक अभिन्न और महत्वपूर्ण घटक है और कुछ शिक्षकों के योगदान को राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पहचान प्राप्त हुई है। इसी को ध्यान मे रखते हुये इस संकाय ने सामाजिक विज्ञान संस्थान के रूप में अपनी स्थिति को उन्नत करने का प्रस्ताव किया है।

अर्थशास्त्र विभाग

काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी में प्रतिष्ठित संस्थापक पं. मदन मोहन मालवीय द्वारा स्थापित अर्थशास्त्र विभाग सबसे पुराने विभाग में से एक है। इसका विकास राष्ट्र निर्माण की दृष्टि से किया गया, जिसकी भारत को स्वतंत्रता-पूर्व युग के दौरान सबसे ज्यादा आवश्यकता थी। शिक्षकों ने आईसीएसएसआर, नई दिल्ली द्वारा वित्त पोषित ०१ प्रमुख अनुसंधान परियोजनाओं का संचालन किया है। ०७ पुस्तक अध्यायों के अलावा राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय शोध पत्रिकाओं में लगभग २० शोध पत्र प्रकाशित हुए। विभाग के संकाय सदस्यों ने विभिन्न राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलनों में सक्रिय रूप से भाग लिया और कई शोध पत्रों को प्रस्तुत किया और कुछ वरिष्ठ संकाय सदस्यों को विभिन्न राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलनों में मुख्य भाषण देने के लिए आमंत्रित किया गया। १७ विशेष व्याख्यान आयोजित किए गए और विभाग के छात्रों द्वारा इक्यूयूआईएलआईबीआरआईए का आयोजन किया गया।

इतिहास विभाग

वर्ष १९१८ में स्थापित, इतिहास विभाग विश्वविद्यालय के सबसे पुराने विभाग में से एक है। हाल ही में विशेष पाठ्यक्रम के अध्ययन के तहत विरासत प्रबंधन में स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम को सत्र २०१९-२० से शुरू करने के लिए संकाय परिषद, शैक्षणिक परिषद और कार्यकारिणी परिषद् द्वारा अनुमोदित किया गया।

राजनीति विज्ञान विभाग

राजनीति विज्ञान विभाग काशी हिंदू विश्वविद्यालय के सबसे पुराने विभागों में से एक है। अर्थशास्त्र विभाग के साथ एक संयुक्त विभाग के रूप में स्थापित, इसे १९२९ में एक स्वतंत्र अस्तित्व मिला। विभाग ने खुद को शैक्षणिक दृष्टि से स्थापित कर लिया है, जिसे अतीत और वर्तमान में भी विभाग को सुशोभित करने वाले विख्यात राजनीतिक वैज्ञानिकों द्वारा सत्यापित किया गया है।

मनोविज्ञान विभाग

मनोविज्ञान विभाग, सामाजिक विज्ञान संकाय, ने अप्रैल २०१८ से मार्च २०१९ तक शिक्षण और शोध सहित विभिन्न क्षेत्रों में महत्वपूर्ण प्रगति की। विभाग की विभिन्न शैक्षणिक गतिविधियाँ निरंतर गति से आगे बढ़ रही हैं और राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय रिसोर्स पर्सन द्वारा विशेष व्याख्यान के अलावा इस अवधि के दौरान प्रतिष्ठित रिसोर्स पर्सन द्वारा एक कार्यशाला, दो राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित किए गए। विभाग के छात्रों के साथ-साथ शिक्षकों द्वारा कई शैक्षणिक और क्षमता निर्माण कार्यक्रम आयोजित किए गए। देश के विभिन्न हिस्सों से विशेषज्ञों को शोध छात्रों और स्नातकोत्तर छात्रों के लिए अतिथि व्याख्यान देने के लिए आमंत्रित किया गया था ताकि उन्हें मनोविज्ञान में शोध के उभरते नवीन क्षेत्रों से परिचित कराया जा सके और विषय के सैद्धांतिक पहलुओं से परे उसके व्यावहारिक अनुप्रयोगों को समाज में बड़े पैमाने पर व्यापक बनाया जा सके। इस श्रृंखला में डॉ. ईतेश सचदेवा द्वारा ''समूह की पहचान और बहुभाषी संचार: कुछ सामाजिक मनोवैज्ञानिक विचार'' विषय पर एक विशेष व्याख्यान दिया गया था। इस वर्ष हमने विभाग के स्नातकोत्तर और पीएचडी छात्रों को परामर्श और कैरियर विकास के लिए विभिन्न जीवन कौशल का पता लगाने और विकसित करने में मदद के लिए दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन किया। उक्त कार्यशाला ''जीवन कौशल प्रशिक्षण'' भारत के एक प्रतिष्ठित रिसोर्स पर्सन द्वारा आयोजित की गई थी।

इन राष्ट्रीय सम्मेलनों में सम्पूर्ण भारत से कई प्रतिभागी और विख्यात मनोवैज्ञानिक भी आते हैं। २५ जनवरी, २०१९ को 'चिल्ड्रन एंड यंग पीपल मेंटल हेल्थ' पर एक दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी का भी आयोजन किया गया। अनुभूति और स्वास्थ्य के क्षेत्र में विभाग के उच्च गुणवत्ता वाले शैक्षणिक कार्य का संज्ञान लेते हुए यूजीसी ने विभाग को यूपीपी-डीआरएस-प्रथम से अपग्रेड करके यूपीपी-डीआरएस-द्वितीय कर दिया है। ०९ पुस्तकों / पुस्तक अध्यायों के अलावा राष्ट्रीय पत्रिकाओं में लगभग ३६ शोध पत्र और अंतर्राष्ट्रीय पत्रिकाओं में १३ शोध पत्र प्रकाशित हुए। विभाग के संकाय सदस्यों ने विभिन्न राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलनों में सक्रिय रूप से भाग लिया और कई शोध पत्रों को प्रस्तुत किया और कुछ वरिष्ठ संकाय सदस्यों को विभिन्न राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलनों में मुख्य भाषण देने के लिए आमंत्रित किया गया। शोध अनुदान, पुरस्कार और फैलोशिप के संदर्भ में संकाय सदस्यों द्वारा किए गए शैक्षिक और शोध योगदान को राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय मान्यता मिली। इस अवधि के दौरान कई चल रहे शोध परियोजनाओं के अलावा, विभिन्न संकाय सदस्यों को दो नए मुख्य शोध परियोजनाएं (एक डीएसटी द्वारा,एक, एनसीइआरटी द्वारा) प्रदान की गई हैं। देश के बाहर के विशेषज्ञों के साथ बातचीत के माध्यम से अंतर्राष्ट्रीय सहयोग बढ़ाने के प्रयास भी जारी रहे।

समाजशास्त्र विभाग

विभाग ने अपनी स्थापना के बाद से बहुत उन्नति की है और नई ऊंचाइयों को प्राप्त किया है। पूर्व छात्रों की एक प्रभावशाली संख्या ने भारत ही नहीं बल्कि विदेशों में भी उच्च शैक्षणिक संस्थानों में अपनी एक योग्य पहचान बनाई है, जैसे- पंजाब विश्वविद्यालय, मिजोरम विश्वविद्यालय, लखनऊ विश्वविद्यालय, डॉ .बी.आर. अंबेडकर विश्वविद्यालय, आगरा, रोहिलखंड विश्वविद्यालय, वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, एसएम कानपुर विश्वविद्यालय, जेएनयू, अवध विश्वविद्यालय, राजस्थान विश्वविद्यालय, डॉ. एचएसजी विश्वविद्यालय,सागर, आईआईटी, थाईलैंड के विभिन्न विश्वविद्यालयों में और संबद्ध कॉलेजों में संकाय सदस्यों के रूप में सेवाएँ दे रहे हैं। उनमें से कई आईएएस-संवर्ग और प्रदेश पीसीएस, अंतर्राष्ट्रीय विकास संगठनों इत्यादि में भी हैं।

विभाग १९८४-८५ में अध्ययन के लिए एम.फिल पाठ्यक्रम का नेतृत्व करने वाले विश्वविद्यालय के मात्र तीन विभागों में से एक था। समाजशास्त्र विभाग के अंतर्गत सोशल वर्क में स्नातकोत्तर की पढ़ाई १९९९ में अध्ययन के विशेष पाठ्यक्रम के रूप में शुरू हुई। विभाग के सभी शोध छात्र एक शोध मंच 'सन राइज' के माध्यम से एक साथ आ चुके है।

शिक्षकों ने विभिन्न भारतीय और विदेशी एजेंसियों द्वारा वित्त पोषित लगभग ०२ मुख्य शोध परियोजनाओं का संचालन किया है। ०३ पुस्तकों /पुस्तक अध्यायों के अलावा लगभग १२ शोध पत्र राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय पत्रिकाओं में प्रकाशित हुए। विभाग के संकाय सदस्यों ने विभिन्न राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलनों में सक्रिय रूप से भाग लिया और कई शोध पत्रों को प्रस्तुत किया और कुछ वरिष्ठ संकाय सदस्यों को विभिन्न राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलनों में मुख्य भाषण देने के लिए आमंत्रित किया गया।

२.१.२.७. संस्कृत विद्या धर्म विज्ञान संकाय

वर्तमान में इस संकाय के अन्तर्गत कुल आठ विभाग कार्यरत हैं- **वेद विभाग, व्याकरण विभाग, साहित्य विभाग, ज्योतिष विभाग, वैदिकदर्शन विभाग, जैनबौद्ध दर्शन विभाग, धर्मशास्त्र मीमांसा विभाग एवं धर्मागम विभाग।** इन विभागों में लगभग २३ विषयों का शिक्षण होता है तथा त्रिवर्षीय (छ: सेमेस्टर) शास्त्री सम्मान और द्विवर्षीय (चार सेमेस्टर) आचार्य उपाधियाँ दी जाती हैं। इसके अतिरिक्त सभी विषयों में उच्चकोटि के अनुसंधान की सुविधा भी उपलब्ध है जिसके माध्यम से विद्यावारिधि की उपाधि दी जाती है। इन पाठ्यक्रमों के अतिरिक्त धर्मागम विभाग के अन्तर्गत एकवर्षीय संस्कृत प्रमाणपत्रीय पाठ्यक्रम तथा द्विवर्षीय 'डिप्लोमा इन शैवागम' पाठ्यक्रम भी संचालित होते हैं। इन पाठ्यक्रमों का भारतीय और विदेशी – सभी छात्र समान रूप से भाग लेते है।

संकाय का पंचांग अनुभाग सन् १९२६से नियमित रूप से विश्वपंचांग का प्रकाशन कर रहा है।

राष्ट्रीय/अन्तर्राष्ट्रीय संगोष्ठियाँ

- अखिलभारतीय शास्त्रार्थ संगोष्ठी
- संस्कृत दिवस महोत्सव का आयोजन प्रतिवर्ष किया जाता है।
- व्याकरण विभाग के अन्तर्गत
- क- द्विदिवसीय राष्ट्रीय पतंजलि समारोह, १६-१७ अगस्त, २०१८
- ख- महामना पं. मदनमोहन मालवीय व्याख्यानमाला-२५से २६फरवरी २०१९
- ज्योतिष विभाग, बी.एच.यू द्वारा अखिलभारतीय संगोष्ठी/कार्यशाला, १०.०४.२०१८ फण्ड यू.जी.सी. द्वारा प्रदत्त।
- धर्मागम विभाग द्वारा धर्मागमिय भक्ति तत्व विमर्श विषय पर ९-१० मार्च २०१९को आयोजित राष्ट्रीय सेमिनार

वैदिक विज्ञान केन्द्र

१८ सितम्बर २०१८ को वैदिक विज्ञान केन्द्र का शिलान्यास माननीय प्रधानमंत्री जी के करकमलों द्वारा सम्पन्न किया गया। इस अवसर पर एक वैदिक विज्ञान केन्द्र की परिचय-पुस्तिका का प्रकाशन किया गया। दिनांक १५ से १७ दिसम्बर २०१८ को एक अखिल भारतीय वैदिक सम्मेलन एवं वैदिक विज्ञान विषयक राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन महर्षि सान्दीपनी वेदविद्या आतिष्ठान उज्जैन, श्री ब्रह्मा वेद विद्यालय, वाराणसी एवं वैदिक विज्ञान केन्द्र, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्त्वावधान में आयोजित किया गया। केन्द्र के

द्वारा समय-समय पर लगभग ०५ व्याख्यानों का आयोजन विभिन्न केन्द्रों एवं विभागों के सहयोग से किया गया। विश्वविद्यालय के स्थापना दिवस (वसन्त पंचमी) दिनांक १०.०२.२०१९ को वैदिक विज्ञान केन्द्र के प्रथम झांकी की प्रस्तुति की गयी। दिनांक १७ फरवरी २०१९ को प्रयागराज कुम्भ में वैदिक विज्ञान केन्द्र की प्रदर्शनी लगायी गयी। भारतीय नवसंवत्सर (चैत्रशुक्ल प्रतिपदा) के अवसर पर वैदिक विज्ञान केन्द्र की लगभग १००० प्रति केलेण्डरों को निर्मित कर वितरित किया गया। यद्यपि इसका विमोचन दिनांक २३ अप्रैल २०१९ को संचालन समिति एवं माननीय कुलपति महोदय द्वारा किया गया।

२.१.२.८. दृश्य कला संकाय

दृश्य कला संकाय (स्थापित १९५०), काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, भारतवर्ष के प्रमुखतम् कला संस्थानों में है, जहाँ ललित कला के मुख्य पाठ्यक्रमों में व्यावहारिक कला, चित्रकला, टेक्सटाइल डिजाइनिंग, प्लास्टिक आर्ट (मूर्तिकला) तथा पॉटरी-सिरेमिक में स्नातक (बीएफए) और परास्नातक (एमएफए) की उपाधियाँ प्रदान की जाती है। संकाय परास्नातक के उपरान्त परास्नातकोत्तर (डॉक्टोरल) पाठयक्रम के अर्न्तगत शोध-कार्य के अवसर भी प्रदान करता है। दृश्य कला का इतिहास एवं रूपांकन एक आवश्यक विषय के रूप में, स्नातक एवं परास्नातक के साथ कला की समस्त शाखाओं में शोध के अवसर भी प्रदान करता है। दृश्य कला संकाय उन गिने-चुने संस्थानों में से एक है, जहाँ उपर्युक्त सभी पाठ्यक्रमों में परास्नातक की उपाधि प्रदान करने की विशिष्टता के कारण, न केवल सम्पूर्ण भारत, बल्कि **सार्क राष्ट्रों** (एसएएआरसी) एवं दूरस्थ अमेरिका-यूरोप के छात्र भी इसकी ओर आकर्षित होते हैं। यह संस्थान अपने शैक्षणिक कार्यक्रमों द्वारा विद्यार्थियों में सृजनात्मक विचारों को विकसित करने के साथ उनमें उद्यमशीलता को भी बढ़ावा देने का सतत् प्रयास कर रहा है, जिससे छात्र समाज में सकारात्मक भूमिका निभाते हुए सार्थक चिंतन के साथ, समग्र राष्ट्र की समसामयिक कलात्मक गतिविधियों में परस्पर सामंजस्य स्थापित कर सकें। वैश्विक कलाशिक्षा के संदर्भ के अनुरूप सेमेस्टर प्रणाली से शिक्षा को मुख्य धारा में जोड़ने का प्रयास किया गया है, जिससे समसामयिक कलात्मक गतिविधियों को आत्मसात् करते हुए देश की मुख्य धारा से जुड़ सकें। बीएफए एवं एमएफए स्तर के निर्धारित सभी पाठ्यक्रम रोजगारपरक है तथा समस्त उपाधि-धारक देश-विदेश में विभिन्न नियोजकों द्वारा रोजगार प्राप्त कर अपनी दक्षता का परिचय देते आ रहे हैं।

शिक्षणेत्तर गतिविधियों, में संकाय की भूमिका उल्लेखनीय रही है। अर्न्तविश्वविद्यालयीय पूर्वी क्षेत्र महोत्सव में ललित कला प्रतियोगिताओं में श्रेष्ठता के साथ राष्ट्रीय युवा महोत्सव में प्रशंसनीय कार्य किया। अंतर संकाय युवा महोत्सव स्पंदन २०१८ प्रतिस्पर्धाओं में समस्त संकायों में दृश्य कला संकाय उपविजेता एवं फाइन आर्टस में प्रथम स्थान रहा।

सत्र में दो बार होने वाली स्केच प्रतियोगिताएं आयोजित हुईं। वर्ष पर्यंत पूरे सत्र में कुल ३० प्रदर्शनियाँ जिनमें २५ राष्ट्रीय एवं १ अर्न्तराष्ट्रीय प्रदर्शनी आयोजित हुई।

वर्तमान शैक्षणिक सत्र में संकाय का सबसे महत्वपूर्ण शैक्षणिक कार्यक्रम वार्षिक कला प्रदर्शनी तथा कलामेला का आयोजन संकाय में दिनांक १४ से १६ मार्च, २०१९ तक आयोजित किया गया। विश्वविद्यालय के विभिन्न कार्यक्रमों में संकाय द्वारा सहयोग किया गया।

२.१.३. महिला महाविद्यालय

महिला महाविद्यालय का प्रारम्भिक नाम 'वुमेन्स कालेज' था। इसकी स्थापना सन् १९२९ में की गयी थी।

उपलब्धियाँ, गतिविधियाँ तथा कार्यक्रम

- वर्तमान में महिला महाविद्यालय में ३१ विषय संचालित हैं, जिसके अन्तर्गत २२८२ विद्यार्थी अध्ययन कर रहे हैं। इनमें ८ मुख्य विषय शामिल हैं: कला, विज्ञान, सामाजिक-विज्ञान, प्रदर्शन-कला, दृश्य-कला और शिक्षाशास्त्र। महिला महाविद्यालय तीन परास्नातक कार्यक्रमों को महिला छात्राओं को प्रदान कर रहा है। परास्नातक स्तर पर एम.ए./एम.एस.सी. गृह-विज्ञान में, एम.एस.सी. जैव सूचना विज्ञान तथा एम.ए. शिक्षाशास्त्र संचालित है। महिला महाविद्यालय के अन्तर्गत ब्राजील, रूस, मारिशस, नेपाल आदि देशों की १४ अन्तर राष्ट्रीय छात्राएँ अध्ययन कर रहीं हैं।
- राष्ट्रीय तथा अन्तरराष्ट्रीय संस्थाओं द्वारा अनुसंधान परियोजनाएँ नियमित रूप से अनुदानित तथा संचालित हैं। महिला महाविद्यालय की छात्रायें प्रति वर्ष बड़ी संख्या में विश्वविद्यालय में मानविकी, विज्ञान और सामाजिक विज्ञान में प्रथम दस स्थान में आती रही हैं। यूजीसी/सीएसआईआर/डीएसटी/डीआरडीओ द्वारा अनुदानित अन्य शोध-परियाजनाएँ महिला महाविद्यालय में चल रहीं हैं।

शिक्षा के क्षेत्र में महिला महाविद्यालय की छात्राओं द्वारा प्राप्त स्थान-

स्नातक प्रथम वर्ष में मेरिट सूचीबद्ध छात्राओं की कुल संख्या - ०३
स्नातक द्वितीय वर्ष में मेरिट सूचीबद्ध छात्राओं की कुल संख्या - ०७
स्नातक तृतीय वर्ष में मेरिट सूचीबद्ध छात्राओं की कुल संख्या – १६

छात्रों के लिए विशेष व्याख्यान

- ०३ अगस्त २०१८ को व्याख्यान : "To be or not to be : How to do things with words" प्रो. प्रकाश कोना, अंग्रेजी व विदेशी भाषा विश्वविद्यालय, हैदराबाद के द्वारा।
- ०४ सितम्बर २०१८ को डॉ. अरविन्द घोसलकर, (Former Curator, Tribal Research Institute, Ahmedabad) द्वारा विशेष व्याख्यान।
- ११ सितम्बर २०१८ को महाविद्यालय की 'डायमंड जुबली' व्याख्यान माला श्रृंखला में प्रो. मानोबी बन्दोपाध्याय, भारत की प्रथम उभयलिंगी प्राचार्या द्वारा हिजड़ा समाज और साहित्य पर विशिष्ट व्याख्यान।
- १६ नवम्बर २०१८ को तनाव प्रबन्धन पर प्रो. ए. के. श्रीवास्तव, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय का विशिष्ट व्याख्यान।

- ०७ फरवरी २०१९ को भूतपूर्व छात्र एसोसिएशन द्वारा ''उच्चशिक्षा के प्रति महामना का परिदृश्य'' विषय पर प्रो. बी.के. त्रिपाठी, निदेशक, अन्तर विश्वविद्यालय अध्यापक शिक्षण केन्द्र, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी का विशिष्ट व्याख्यान।

ख्यातिलब्ध आगंतुक: चित्रा मुद्गल, प्रसिद्ध लेखिका; डॉ. अरविन्द घोसलकार, आदिवासी अनुसंधान संस्थान, अहमदाबाद, गुजरात; डॉ. उषा शर्मा, प्रसिद्ध लेखिका; प्रो. गरिमा श्रीवास्तव, प्रसिद्ध कथा लेखिका; पद्मश्री प्रो. राजेश्वर आचार्य; प्रो. ए.के. श्रीवास्तव, बी.एच.यू.; प्रो. बी.के. त्रिपाठी, डायरेक्टर, अन्तर विश्वविद्यालय अध्यापक शिक्षण केन्द्र, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय; प्रो. काशीनाथ सिंह, प्रसिद्ध कथाकार; प्रो. मनोबी बन्दोपाध्याय, कला भारत की प्रथम उभयलिंगी प्राचार्या; प्रो. प्रकाश कोना, अंग्रेजी व विदेशी भाषा विश्वविद्यालय; प्रो. सावित्री जरीवाला, पूर्व आचार्य, महिला महाविद्यालय; प्रो. यू.एस. उपाध्याय, महात्मा गाँधी अन्तराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा, महाराष्ट्र; प्रो. वशिष्ठ नारायन त्रिपाठी, बी.एच.यू.; प्रो. एम.एन.वी. प्रसाद, हैदराबाद।

प्रशिक्षण कार्यक्रम विश्वविद्यालय/संकाय स्तर

- वैश्विक पर्यावरण की दृष्टि से महिला महाविद्यालय ने ''पर्यावरण अधोसंरचना'' में निवेश किया है।
- सौर पैनल स्थापित किये जा रहे हैं।

नेट/जे.आर.एफ./सी.एस.आई.आर./गेट

जैव सूचना विज्ञान - ०३ नेट, ०३ जे.आर.एफ.,
शिक्षाशास्त्र- ०४ नेट, ०३ जे.आर.एफ.
गृह विज्ञान - ०५ नेट, ०४ जे.आर.एफ.

२.१.४. अध्ययन केन्द्र

२.१.४.१. खाद्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी केन्द्र
२.१.४.२. आनुवांशिकी विकार केन्द्र
२.१.४.३. डी.एस.टी.-अन्तर्विषयक गणितीय विज्ञान केन्द्र
२.१.४.४. नेपाल अध्ययन केन्द्र
२.१.४.५. महिला अध्ययन एवं विकास केन्द्र
२.१.४.६. मालवीय शांति अनुसंधान केन्द्र
२.१.४.७. समन्वित ग्रामीण विकास केन्द्र
२.१.४.८. सामाजिक बहिष्करण एवं समावेशी नीति अध्ययन केन्द्र
२.१.४.९. हाइड्रोजन ऊर्जा केन्द्र
२.१.४.१०. नैनो विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी इकाई/केन्द्र

२.१.४.१. खाद्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी केन्द्र

खाद्य विज्ञान और प्रौद्योगिकी केंद्र २००८ में स्थापित किया गया था। केंद्र में एक प्रायोगिक संयत्र है, जिसमें पाँच इकाइयाँ शामिल हैं - दूध प्रसंस्करण, फल और सब्जी प्रसंस्करण, नीरो स्प्रे ड्रायर, रिटॉर्ट मशीन और पैकेजिंग मशीन और नवीनतम प्रयोगशाला जिसमें गुणवत्ता का विश्लेषण करने के लिए सभी प्रकार के उपकरण उपलब्ध हैं। केंद्र के अनुसंधान क्षेत्रों में डेयरी प्रौद्योगिकी, कार्यात्मक और पोषक तत्व प्रौद्योगिकी, किण्वन प्रौद्योगिकी, तत्काल खाद्य पदार्थ, फल कैंडी, ब्रेड और कुकीज में मोटे अनाज और कृषि अपशिष्ट पद्राथों में जैव उत्प्रेरक तथा जैवकण का उत्पादन आदि 'शामिल है । सेंटर ने फूड साइंटिस्ट्स एंड टेक्नोलॉजिस्ट्स (इंडिया) वाराणसी का चैप्टर खोला। आईसीएआर भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद समर्थित सेंटर आफ एडवांस फैकल्टी ट्रेनिंग प्रोग्राम (सीएएफटी) केन्द्र में स्थापित किया गया है। केंद्र ने २१ दिनों के प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन सीएएफटी के तहत किया है। इक्कीस स्नाकोत्तर छात्रों को उनकी संबंधित डिग्री के साथ सम्मानित किया गया था । इसके अलावा केंद्र ने तेईस से अधिक शोध पत्र प्रकाशित किए थे जो अंतर राष्ट्रीय और राष्ट्रीय पत्रिकाओं के स्तर के थे। प्रो.चौहान को ''स्थानीय भोजन के माध्यम से स्वस्थ आहारों को बढ़ावा देने'' विषय पर २० फरवरी-२१ फरवरी, २०१९ नई दिल्ली, भारत-फ्रेंच कार्यशाला के लिए अकादमिक-उद्योग भागीदारी में फरवरी ५,२०१९, हैदराबाद, भारत में फ्रेंच संस्थान में आमंत्रित व्याख्यान देने के लिए आमंत्रित किया गया था।१२ से १५ दिसंबर २०१८ के दौरान, ८ वें अंतर राष्ट्रीय खाद्य सम्मेलन (आईएफसीओएन २०१८), सीएसआईआर-सीएफटीआरआई, मैसूर और १७ से १९ अगस्त, २०१८ के दौरान तंजावुर में खाद्य प्रसंस्करण प्रौद्योगिकी (आईसीआरएएफपीटी १८) में अंतर राष्ट्रीय सम्मेलन में प्रो- चौहान ने व्याख्यान दिया। केंद्र ने खाद्य विज्ञान और प्रौद्योगिकी केंद्र में १ मार्च, २०१९ को प्रो. बृजेश कुमार तिवारी (प्रधान अनुसंधान अधिकारी, टेगस्क-आयरिश कृषि और खाद्य विकास प्राधिकरण, आयरलैंड) द्वारा ''खाद्य श्रृंखला में लचीलापन सुनिश्चित करने के लिए तकनीकी हस्तक्षेप'' पर एक विशेष व्याख्यान का आयोजन किया।

- छात्रों के लिए उपलब्ध अनुसंधान सुविधाओं का विवरण।
- डेयरी, फल और सब्जी प्रसंस्करण के लिए एक प्रायोगिक संयंत्र
- रिटोर्ट मशीन
- स्प्रे ड्रायर
- हिमकृत शुष्कीकरण
- पैकेजिंग मशीनें (संशोधित वायुमंडलीय पैकेजिंग)
- एक अच्छी तरह से सुसज्जित खाद्य प्रौद्योगिकी प्रयोगशाला
- आईसीएआर द्वारा अनुमोदित अग्रिम संकाय प्रशिक्षण के लिए केंद्र

सेंटर ऑफ फूड साइंस एंड टेक्नोलाजी द्वारा आयोजित सीएएफटी प्रशिक्षण के प्रतिभागियों को निदेशक और डीन कृषि विज्ञान संस्थान के द्वारा प्रमाण पत्र प्राप्त किये।

२.१.४.२. अनुवांशिकी विकार केन्द्र

प्रारम्भ में डीबीटी द्वारा वित्त पोषित (२००६-२०११) आनुवांशिक विकार केंद्र की स्थापना बीएचयू द्वारा विज्ञान संस्थान में की गई। केंद्र का प्राथमिक उद्देश्य एक स्वस्थ और स्वास्थ्य-सचेत समाज बनाना है जिसमें कम आनुवंशिक बोझ और बीमारी का बेहतर प्रबंधन हो। केंद्र का लक्ष्य समाज में आनुवंशिक रोगों के बोझ का अनुमान लगाना है, उनके अंतर्निहित आणविक तंत्र को उजागर करना और उनका निदान, उपचार और प्रबंधन करने के लिए रणनीतियों का विकास करना है। इसे लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए, केंद्र में आनुवंशिक और जटिल विकारों पर शोध कार्यक्रम है, गुणसूत्र और आनुवंशिक विकारों के लिए एक नैदानिक इकाई और अनुसंधान, और शोध, निदान और प्रबंधन के लिए तकनीकी रूप से कुशल संसाधन कर्मियों को तैयार करने के लिए एक शिक्षण कार्यक्रम है।

गतिविधियों और कार्यक्रमों की उपलब्धियां

केंद्र निम्नलिखित गतिविधियों और कार्यक्रमों को संचालित कर रहा है

- आनुवांशिक रोगों की जांच: रेफर किए गए मामलों के विभिन्न गुणसूत्रीय और आनुवंशिक विकारों की नैदानिक जांच की जाती है ।
- जारी शोध कार्य: पूरे जीनोम का अनुक्रमण - मानव दाँत न बनाने के कारणों का पता लगाना। वृक्क कोशिका कैंसर का आण्विक विश्लेषण, पारंपरिक, आयुर्वेदिक और औषधीय पौधों के उत्पादों या मिश्रणों से कैंसर विरोधी गतिविधियों का आंकलन, बहुपुटीय वृक्क विकार के जीनोमिक्स, जेनेटिक्स पार्किंसन रोग के संदर्भ में, तंत्रिका अपकर्षक विकरों की आनुवंशिकी, प्रत्यारोपण हेतु मिश्र धातुओं से बने जैवअनुकूल दंत का विकास, दुर्लभ आनुवंशिक विकारों के अध्ययन के लिए लिम्फोब्लास्ट्वाइड कोशिका नस्लों का संवर्धन,अल्जाइमर रोग की आनुवंशिकी, दंत चिकित्सा विज्ञान संकाय, चि.वि.सं. , बीएचयू के सहयोग से तीसरे डाढ दंत और गिरने वाले अस्थायी दंत से व्यूत्पन्न मानव दंत पल्प स्टेम सेल का पृथक्करण और अभिलक्षण। बाल शल्य चिकित्सा, चिकित्सा विज्ञान संस्थान.,काशी हिन्दू विश्वविद्यालय बीएचयू के सहयोग से बच्चों में गठित ट्यूमर की आनुवंशिकी। डाउन सिंड्रोम के लिए मातृ आनुवांशिक जोखिमों का मूल्यांकन, मासिक धर्म के संबंध में महिलाओं की तरह टर्नर सिंडोम में एक्स क्रोमोसोम की आणविक साइटोजेनेटिक्स मैपिंग, बाइं महिलाओं में उम्मीदवार जीन का संधि विश्लेषण करती हैं, ओरोफेशियल क्लीफ डिसऑर्डर का आणविक आनुवांशिक विश्लेषण, प्रसूति एवं स्त्री रोग विभाग, चिकित्सा विज्ञान संस्थान, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के सहयोग से जन्मजात अंग विरूपताओं का सामान्य विश्लेषण और सामान्य अंग विकास। पैथोलॉजी विभाग, चिकित्सा विज्ञान संस्थान., बी.एच.यू. के सहयोग से माइलोप्रोलिफेरेटिव विकारों के लिए जिम्मेदार उत्परिवर्तन की पहचान हेतु अनुसंधान, गर्भाशय फाइब्रॉएड के लिए स्टेम सेल आधारित शोध का विकास। बाल चिकित्सा और प्रसूति एवं स्त्री रोग विभाग,चिकित्सा विज्ञान संस्थान, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के साथ मिलकर गर्भावधि मधुमेह और सीआरआईएसपीआर/सीएएस-९ जीन उपकरणों का उपयोग कर चुहों की पीढी का विकास पर अनुसंधान।

आनुवांशिक रोगों की जाँच – डाउन सिंड्रोम, टर्नर सिंड्रोम, डीएमडी/बीएमडी, थैलेसीमिया, आवर्ती गर्भपात, एनटीडी, सीएमएल आदि सहित विभिन्न के लिए ९०० से अधिक रेफर मामलों की जाचं की गई।

शोध: डाउन सिंड्रोम बच्चों की युवा माताओं में फोलेट उपापचय जीन में गड़बडी देखी गई। नाइट्रिक ऑक्साइड मधुमेह घाव फिब्रोब्लास्टस में कोनेसींस ३१,३१.१ और ४३ की उपस्थिति और कोशिकीय प्रसार को नियंत्रित करता है। शतावरी रेसमोसस के पत्ते का रस स्वभोजिता बढ़ा कर और पीआरसीसीटीएफइ ३संलयन प्रोटीन को घटाकर, यूओके १४६ (प्राथमिक अंकुरक वृक्क कोशिका कार्सिनोमा) कोशिका विकास को बाधित करता है। एक वंशानुगत नया जीएलआई३सी.७५०डीइएलसी ट्रंकेशन उत्परिवर्तन परिवार के एक रोगी में अंगूठे की तरह उंगली एवं अन्य असामान्य लक्षणों सहित एक ५पीढ़ी के परिवार में ग्रेग Cephalopolysyndactyly सिंड्रोम का एक नया कारण खोजा गया। पूर्वी उत्तर प्रदेश में बीसीआर-ऐबीएल फ्यूजन टेप के सह अभिव्यक्ति की उच्च आवृत्त पाई गई। भारतीय समाज में सीआरवाईएए में नये उत्परिवर्तन मोतियाबिंद के कारण खोजे गये।

शिक्षण

- मानव और नैदानिक आनुवंशिकी पर पीएच.डी.कार्यक्रम।
- गुणसूत्रीय, आनुवंशिकी और आणविक निदान पर एक वर्षीय पीजी डिप्लोमा

केंद्र में अतिथि व्याख्यान

दिनांक १२ दिसंबर, २०१८ कोलम्बिया विश्वविद्यालय के डॉ. पंकज द्वारा ''आईजीएच बिन्दु पर सममितीय उत्परिवर्तन में गैर-कोडिंग आरएनए चयापचय के आणविक तंत्र का पता लगाने'' विषय पर व्याख्यान। दिनांक ४ मई २०१९ को डॉ. गरिमा जैन, महिला वैज्ञानिक, सीजीडी, बीएचयू द्वारा ''माइक्रोबायोम इंफ्लुएंसेज प्रीनेटेल एंड अडल्ट माइक्रोग्लिया इन ए सेक्स स्पेसिफिक मैनर'' पर व्याख्यान।

शोध सुविधाएं

मूल आणविक जीवविज्ञान प्रयोगशाला जिसमें डीएनए, आरएनए, प्रोटीन, पीसीआर, जीनोटाइपिंग, डीएनए अनुक्रमण, आदि के विभिन्न विश्लेषणों के लिए सुविधाएं शामिल हैं। पूरे ब्लड कल्चर, स्टेम सेल और सेल लाइनों सहित सेल कल्चर प्रयोगशाला, क्रोमोसोम तैयार करना, बैंडिंग, कैरीयोटाइपिंग आदि सहित मानक साइटोजेनेटिक प्रयोगशाला उपलब्ध हैं और सेंट्रीफ्यूज, जेल इलेक्ट्रोफोरेटिक एपराट्यूस, यूवी-ट्रांसपेर्युमिनेटर, जेल-प्रलेखन प्रणाली, पीएच-मीटर, वाटर बाथ इंक्यूबेटर, ओवन, वजन संतुलन, रेफ्रिजरेटर, -20°C डीप रेफ्रिजरेटर, -80°C डीप फ्रिज, कोल्ड चौम्बर्स, थर्मल साइक्लर्स, लैमिनर फ्लो चेंबर्स, अटोमैटिक कैरियोटाइप सिस्टम विद फ्लुओरेसिटी माइक्रोस्कोप, लाइट लाइट डोरप, इनवर्टेड माइक्रोस्कोप, इन्टरनेट के साथ कंप्यूटर सिस्टम, स्वचालित डीएनए सीक्वेंसर, नैनोड्रॉप स्पेक्ट्रोफोटोमीटर, हेमाटोअनलीजर आदि शामिल हैं।।

- २ छात्रों ने जेआरएफ उत्तीर्ण किया
- रोगी देखभाल सेवा के लिए अधिक डीएनए आधारित नैदानिक परीक्षण विकसित करना और कम्यूनिटी जेनेटिक्स में मास्टर डिग्री कार्यक्रम शुरू करना।

२.१.४.३. डी.एस.टी.-अन्तर विषयक गणितीय विज्ञान केन्द्र

डी.एस.टी.-अंतर विषयक गणितीय विज्ञान केंद्र, गणितीय विज्ञान में प्रशिक्षण और अनुसंधान को बढ़ावा देने के लिए और अपने चुने हुए महत्वपूर्ण क्षेत्रों में अनुसंधान की सुविधाओं को विकसित करने के लिए काशी हिन्दू विश्वविद्यालय में २००७ में स्थापित किया गया था।

सी.आई.एम.एस. ने शैक्षणिक गतिविधियों को अनुकूल और जीवंत वातावरण में विकसित करने के लिए संकायों, छात्रों और आगंतुकों के लिए उत्कृष्ट बुनियादी सुविधाओं को विकसित करना और जोड़ना जारी रखा है।

०४ गेट ०२ यू.जी.सी. नेट, ०२ यू.जी.सी.-जे.आर.ऍफ., ०१ सी.एस.आई.आर.नेट।

भावी लक्ष्य

दिसंबर, २०१९ में सीआईएमपीए स्कूल, स्नातकोत्तर और शोध छात्रों के लिए ब्रेन स्टॉर्मिंग (विचार विमर्श) सत्र, छात्रों और संकाय सदस्यों के लिए कई प्रशिक्षण कार्यक्रम/कार्यशालाएं/सम्मलेन, केंद्र में उच्च प्रदर्शन अवसंरचना का विकास, व्याख्यानों का आयोजन, मुख्य और संबंधित क्षेत्रों में शोध, बीएचयू के बाहर शैक्षणिक और शोध गतिविधियों में सीआईएमएस के सदस्यों के माध्यम से इसकी भागीदारी/विमर्श और अवसंरचनात्मक सुविधाओं (जैस भवन, कम्प्यूटेशनल सुविधाओं सहित सॉफ्टवेयर, पुस्तकालय के लिए पुस्तकें इत्यादि) में वृद्धि।

२.१.४.४. नेपाल अध्ययन केन्द्र

नेपाल अध्ययन केन्द्र, सामाजिक विज्ञान संकाय, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय की स्थापना १९७६ में क्षेत्रीय अध्ययन कार्यक्रम के अन्तर्गत विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा की गयी। शुरू में यह केवल नेपाल के अध्ययन के लिए समर्पित था। समय के साथ, भारतीय उपमहाद्वीप को समग्र रूप से समझने के लिए नेपाल अध्ययन के साथ ही ट्रांस-हिमालयन क्षेत्र (पार-हिमालयी क्षेत्र) को शामिल कर अध्ययन के क्षेत्र को विस्तृत किया गया है। इसकी आगे की इच्छा अध्ययन के क्षेत्र को सम्पूर्ण दक्षिण एशियाई क्षेत्र तक विस्तृत करना है, जिससे नेपाल और पार-हिमालयी क्षेत्र को विस्तृत परिप्रेक्ष्य में समझा जा सकें। केन्द्र ने वर्तमान शैक्षणिक सत्र के दौरान विभिन्न गतिविधियों जैसे कार्यशालाएं और अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किए गए।

२.१.४.५. महिला अध्ययन एवं विकास केन्द्र (सामाजिक विज्ञान संकाय)

वर्ष १९८८ में स्थापित महिला अध्ययन एवं विकास केन्द्र, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, महिला अध्ययन के क्षेत्र में देश के अग्रणी केन्द्रों में से एक है और तब से यह लिंग आधारित भेदभाव से रहित समाज को विकसित करने में महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। इस क्षेत्र में लैंगिक संवेदनशीलता लाने के अपने निरंतर प्रयासों के कारण केन्द्र को राष्ट्रीय और अंतर राष्ट्रीय स्तर पर ख्याति प्राप्त हुई है।

लिंग और सामाजिक पहचान मानव समाज में हमेशा से विवाद का विषय रहा है। इसके अलावा महिला मुद्दों पर नेटवर्किंग केन्द्र के रूप में काम करते हुए केन्द्र, महिला अध्ययन के क्षेत्र में शिक्षण और प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए अग्रणी केन्द्रों में से एक बनकर उभरा है। केन्द्र ने विश्वविद्यालय के उच्च प्रशासन में अधिक से अधिक महिलाओं को लाने के लिए अन्य महिला अध्ययन केन्द्रों और गैर-सरकारी संगठनों और उच्च शिक्षण संस्थानों के साथ एक समृद्ध संपर्क तंत्र (नेटवर्किंग) स्थापित किया है।

केन्द्र में आउटरीच गतिविधियों का भी एक समृद्ध इतिहास है। इसने वाराणसी जिले के निर्वाचित ग्राम-पंचायत नेताओं के साथ कई बैठकें की हैं, वाराणसी जिले की ग्रामीण महिलाओं के साथ लिंग संवेदीकरण पर कार्यशालाएं आयोजित की हैं। इसने वाराणसी जिले के विभिन्न स्तरों पर कई स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया है, स्वास्थ्य और कानूनी साक्षरता जागरूकता कार्यक्रम, वाराणसी में ग्रामीण क्षेत्रों में सुरक्षित पेयजल, पर्यावरण और स्वच्छता के बारे में जागरूकता सृजन शिविर आदि का भी आयोजन किया है। केंद्र द्वारा २७ जुलाई, २०१८ को जेंडर वॉयलेंस इन यूनिवर्सिटी कैंपस पर एक व्याख्यान, ०१-०२ मार्च, २०१९ को ''बियॉन्ड द बाइनरी: ए लुक ऑन जेंडर'' विषय पर एक राष्ट्रीय संगोष्ठी और ०१ पुनश्चिर्या पाठ्यक्रम आयोजित किया गया।

पं. दीन दयाल उपाध्याय पीठ

एकात्म मानववाद में पं. दीन दयाल उपाध्याय पीठ का संचालन २७ सितंबर, २०१७ को चेयर प्रोफेसर की नियुक्ति के साथ इस महान व्यावहारिक - मानवतावादी विचारक को उनके जन्म शताब्दी समारोह वर्ष के अवसर पर श्रद्धांजलि देने के साथ आरम्भ हुआ।

यह पीठ सामाजिक विज्ञान संकाय और संबद्ध विषयों के छात्रों और शिक्षकों को संगोष्ठियों, परिसंवादों, कार्यशालाओं, क्षेत्र भ्रमण और नाटक, वाद-विवाद आदि जैसे सांस्कृतिक गतिविधियों, लघु अवधि के लिए पं. दीन दयाल उपाध्याय पीठ को अन्य विश्वविद्यालयों के छात्रों और शिक्षकों के साथ विनिमय करके संवेदनशील बनाएगी। संवेदीकरण का उद्देश्य भारतीय समाज में पं. दीन दयाल उपाध्याय द्वारा देखे गए भेदभावपूर्ण रवैये को बदलना है।

पीठ का उद्देश्य पं.दीन दयाल उपाध्याय के विचार और दर्शन पर अध्ययन और शोध के लिए एक नोडल केंद्र के रूप में खुद को स्थापित करना है। आगामी वर्ष के लिए आउटरीच गतिविधियों, शोध फैलोशिप और कार्यशालाओं /संगोष्ठियों की संख्या प्रस्तावित है।

२.१.४.६. मालवीय शांति अनुसंधान केन्द्र

मालवीय शांति अनुसंधान केंद्र (एमसीपीआर) की स्थापना वर्ष १९९८ में काशी हिंदू विश्वविद्यालय में सामाजिक विज्ञान संकाय के अंतर्गत अंतर्विषयक केंद्र के रूप में की गई थी। सामाजिक विज्ञान के विविध विषयों, विशेष रूप से राजनीति विज्ञान और अंतर राष्ट्रीय संबंधों से विशेष ज्ञान प्राप्त करके, मालवीय शांति अनुसंधान केंद्र शोध और नीति इनपुट प्रदान करता है, जो लोक नीति निर्माताओं और संघर्ष के प्रबंधन और समाधान से जुड़े अन्य लोगों के लिए सहायक होता है।

इस केंद्र का उद्देश्य दक्षिण एशिया के भीतर और बाहर संगोष्ठियों, कार्यशालाओं और संवादों में पारस्परिक और वेब-आधारित बातचीत के माध्यम से कुशल व्यक्तियों और विद्वानों का एक विस्तृत शांति वर्ग स्थापित करना है। प्रो. प्रियंकर उपाध्याय को सेंटर फॉर स्टडीज इन सोशल साइंसेज, मौलाना अबुल कलाम आजाद इंस्टीट्यूट ऑफ एशियन स्टडीज, कलकत्ता के बोर्ड ऑफ गवर्नर्स के सदस्य के रूप में नामित किया गया है। २०१८ में गांधी स्मृति और दर्शन समिति, संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार के साथ सहयोग स्थापित करने हेतु एक समझौता ज्ञापन हस्ताक्षरित हुआ। शिक्षकों ने विभिन्न भारतीय और विदेशी एजेंसियों द्वारा वित्त पोषित प्रमुख शोध परियोजनाओं को संचालित किया है। राष्ट्रीय पत्रिकाओं और अंतर राष्ट्रीय पत्रिकाओं में लगभग ०२ शोध पत्र प्रकाशित हुए। विभाग के संकाय सदस्यों ने और विभिन्न राष्ट्रीय और अंतर राष्ट्रीय सम्मेलनों में सक्रिय रूप से भाग लिया कई शोध पत्रों प्रस्तुत किया और कुछ वरिष्ठ संकाय सदस्यों को विभिन्न राष्ट्रीय और अंतर राष्ट्रीय सम्मेलनों में मुख्य भाषण देने के लिए आमंत्रित किया गया।

२.१.४.७. समन्वित ग्रामीण विकास केन्द्र

संपोषित विकास, आर्थिक सुधार और गाँव के आम आदमी की चिंता नवीन वास्तविकताएँ है। चुनौतियाँ फिर भी बरकरार हैं। इसके निराकरण हेतु भारत सरकार के राष्ट्रीय कार्यक्रम के अन्तर्गत ग्रामीण विकास की अवधारणा के पश्चात् १९८० में काशी हिन्दू विश्वविद्यालय की पहल पर समन्वित ग्रामीण विकास केन्द्र की स्थापना की गयी। समन्वित ग्रामीण विकास केन्द्र काशी हिन्दू विश्वविद्यालय की मान्यता प्राप्त ईकाई के रूप में कार्य करता है तथा सामाजिक विज्ञान संकाय के अधीन विश्वविद्यालय के अन्य विभागों से सकारात्मक सहयोग करता है।

काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के शताब्दी वर्ष में विश्वविद्यालय ने काशी विद्यापीठ ब्लॉक के १०० गाँवों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए ''स्मर्थ ग्राम अभियान'' की शुरुआत की।

इस तरह के कई फील्ड विजिट/फील्ड रिसर्च किये गये :

- सोशल मैपिंग ग्राम - ऊंचगांव -३०.०९.२०१८।
- पार्टीसिपेटरी रूरल अप्रैजल फील्ड सर्वे ग्राम -ऊंचगांव- ०३.१०.२०१८।
- जागरूकता अभियान 'जैविक खेती' ग्राम विजुनपुर, जरहान, जनपद मिर्जापुर दिनाकं २१.१०.२०१८, सी. आई.आर.डी. एवं दिव्यांग फाउण्डेशन (संयुक्त रूप से)।
- सरसमेला २०१८,एवं दो दिवसीय सांस्कृतिक कार्यक्रम, दिनाकं २३.१०.२०१८ एवं २४.१०.२०१८।
- हैण्डीक्राफ्ट मेला का आयोजन राजपुताना मैदान, आई.आई.टी., बीएचयू एवं सी.आई.आर.डी. के छात्रों एवं छात्राओं के द्वारा।
- सिलाई प्रशिक्षु हेतु स्वंय सहायता समूह एवं सूक्ष्मवित्त पर जागरूता कार्यक्रम दिव्यांग फाउण्डेशन एवं सी. आइ.आर. डी., बीएचयू के संयुक्त तत्वाधान में दिनाकं २६.१२.२०१८।
- ''सूक्ष्म वित्त एवं जैविक खेती'', जागरूकता कार्यक्रम ग्राम तारापुर, संयुक्त तत्वाधान सी.आई.आर. डी. एवं दिव्यांग फाउण्डेशन दिनाकं ०२.०१.२०१९।
- १५ वें युवा प्रवासी भारतीय दिवस'' कार्यक्रम में सी. आई. आर. डी. के छात्रों की भागीदारी दिनाकं २१.०१.२०१९।
- सोशल मैपिंग (पार्टी सिपेटरी रूरल अप्रैल) अध्ययन तुलाचक गाँव, दिनाकं २७.०१.२०१९।
- उपविजेता, फैक्ल्टी क्रिकेट टुर्नामेन्ट दिनाकं ०९.०२.२०१९।
- गौशाला भ्रमण, रमना गाँव, श्री स्वामी वीरगानन्द सरस्वती (नागा) बाबा आश्रम, वाराणसी दिनाकं १२.०२.२०१९।
- वर्मी कम्पोस्ट'' सी. आई. आर. डी. के छात्रों के द्वारा प्रोजेक्ट दिनाकं २८.०२.२०१९।
- सी. आई.आर.डी. के छात्रों ने दिव्यांग फाउण्डेशन के साथ ''किसान परामर्श सेवा एवं वर्मी कम्पोस्ट'' विषय पर जैविक खेती को प्रोत्साहित करने के लिए एक कार्यक्रम में सहभागिता की। छात्रों ने १४.०३.२०१९ को अपनी (ए.आई.सी., बी.एच.यू.) गतिविधियों को प्रारम्भ किया।
- दुग्ध परीक्षण कार्यशाला डेयरी बी.एच.यू. डॉ. बी. के. पासवान, असि. प्रोफेसर, इन्स्टीयूट आफ एग्रीकल्चर साइंसेज दिनांक ३१.०३.२०१९।

२.१.४.८. सामाजिक बहिष्करण एवं समावेशी नीति अध्ययन केन्द्र

यह केन्द्र वर्ष २००८ में ग्यारहवीं पंचवर्षीय योजना के अंतर्गत स्थापित हुआ है। यह उन ३५ केन्द्रों में से एक है जो विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा भारत में जाति, धर्म, वर्ग एवं लिंग के आधार के अंतर्गत उपाश्रित वर्गों को समाज की मुख्य धारा में लाने संबंधी अध्ययन एवं नीतियों के निर्माण करने के उद्देश्य हेतु किया गया है। काशी हिन्दू विश्वविद्यालय का यह केन्द्र देश के उन केन्द्रो में से है, जिसने अपने आप को विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के सामने प्रमाणित किया है, एवं आयोग ने इसे निरंतर अनुदान प्रदान करने की सहमति दी है। इस केन्द्र में एम.फिल, पी.एच.डी. एवं पी.जी. स्तर पर उपाश्रित वर्गों का उध्ययन हेतु पाठ्यक्रम संचालित होता है साथ ही साथ निरन्तर व्याख्यान माला, सेमिनार, संगोष्ठी तथा कार्यशालाओं का आयोजन होता है।

२.१.४.९. हाइड्रोजन ऊर्जा केन्द्र

हाईड्रोजन उर्जा केन्द्र की स्थापना यूजीसी द्वारा मुख्य/प्रमुख अनुदान के माध्यम से की गई थी जिसका समर्थन एवं सहयोग यूजीसी और एमएनआरई द्वारा पिछले एक दशक के दौरान किया गया है। उससे पहले केंन्द्र ने हाईड्रोजन के उत्पादन और भंडारण से संबधित बुनियादी अनुसंधान पर ध्यान केंद्रित किया है। भले ही उत्पादन और भंडारण पर बुनियादी अनुसंधान नैनो प्रौद्योगिकी के अतिरिक्त अनुप्रयोगो/क्रियान्वन के साथ जारी है परन्तु हमने पिछले पांच वर्षो में विशेष रूप से वाहनों के परिवहन संचालन के प्रयोग पर जोर /ध्यान दिया गया है। जैसा कि हाईड्रोजन, सौर उर्जा सहित विभिन्न प्रकार की इनपुट उर्जा के माध्यम से उत्पादित किया जाता है एवं यह आई सी इंजन या ईंधन सेल के बाद वापस पानी में जलता है। हमने हाईड्रोजन/हाईड्राइड द्वारा ईधन वाले तीन पहिया वाहनों का एक बेड़ा तैयार किया है। विश्वविद्यालय के मंदिर और गेट के बीच थ्री व्हीलर चलाकर इस बेड़े का परिक्षण किया जा रहा है। इन तीन पहिया वाहनों का उपयोग बैटरी चालित वाहनों के समान्तर एस.एस. अस्पताल परिसर में किया जान प्रस्तावित है

अंतर्राष्ट्रीय सहयोग को भी बढ़ावा दिया जा रहा

- MgH_2 के De/Re हाईड्रोजन गुण में सुधार के लिए एक गतिशील योजना के रूप में TiH^2 (एक संयुक्त प्रायोगिक और सैद्धांतिक यंत्रवत जाच (प्रो. जे के जानसन पिट्सवर्ग विश्वविद्यालय, यूएसए के सहयोग से) २०१९ HEC की एक और उपलब्धि है।
- प्रतिवर्ती हाइड्रोजन भंडारण के साथ शुद्ध MgH_2 का संश्लेषण MgH_2 के बडे पैमाने पर उत्पादन के लिए ICL इजरायल के साथ सहयोग करना
- MgH_2 से हमारे अध्ययन के दौरान (सामने चल रही हाईड्रोजन भंडारण सामग्री) MgH_2 की खरीदारी उच्च लागत (अल्फा एजर से प्राप्त) हमारी प्रमुख चिंता है।

MgH_2 synthesised at HEC, BHU

- इसीलिए हमारे अध्ययन में हमें लागत प्रभावी विधी द्वारा MgH_2 को संश्लेषित करना है। MgH_2 को बनाने और उसके गुण को सुधारने के लिए इस्तेमाल किया जाने वाला उत्प्रेरक खुद MgH_2 जिसके कारण कोई अतिरिक्त Dead weight नहीं है (Mg उत्प्रेरक के बिना MgH_2 में परिवर्तित नहीं हो सकता है) सामने शु की वालमिलिंग के दौरान अलग अलग हाईड्रोजन प्रेशर (१५,३०,४५ एटीएम का उपयोग करके शुद्ध MgH_2 जिसमें ३० एटीएम इण्टरतम पाया गया) को संश्लेषित किया गया है।
- यह पाया गया कि सश्लेषण मार्श द्वारा बनाये गये MgH_2 ने De/Re हाईड्रोजन गुणो में सुधार किया है। और यह अल्फा एशर से खरीदे गये MgH_2 की तुलना में ५ गुना सस्ता है और 300^0C पर हाईड्रोजन को ७ Wt^3 तक प्रतिवर्ती रूप से तेजी से कर सकता है।

२.१.४.१०. नैनो विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी इकाई/केन्द्र

बी.एच.यू. ने २००४ के आसपास भारत में शुरू से ही R&D कार्य नैनो विज्ञान प्रौद्योगिकी की शुरूआत की। नैनो विज्ञान प्रौद्योगिकी केंद्र डीएसटी (नैनो मिशन) अनुदान एवं विश्वविद्यालय से अतिरिक्त अनुदान द्वारा स्थापित किया गया।

बी.एच.यू. एनएसटी केंद्र के मुख्य आकर्षण में से एक कार्य की अंत:विषय प्रकृति है। इस प्रकार भौतिकी विभाग (विज्ञान संस्थान) और मेडिसिन विभाग (चिकित्सा विज्ञान संस्थान) ने मिलकर सीएनटी वाहक आधारित के रूप में कार्यात्मक सीएनटी पर आधारित Amphotericin-B के लक्षित दवा वितरण प्रणाली का विकास किया है। इस केन्द्र से निकलने वाले हाल के महत्वपूर्ण कार्य एंटी रडार समाग्री (आसानी से संरेखित सीएनटी) और Fe_3O_4-graphene मिश्रित के विकास से संबंधित है।

NST केन्द्र ईकाई की एक और हालिया नई उपलब्धि प्रतिरक्षा केन्द्रो पर मल्टी-स्टैक्ड रेडियल गठबंधन CNTS से बना ग्रेफीन असिस्टेड कार्बन खोखले सिलिडंर (Gr-CHCs) से उच्च प्रदर्शन-क्षेत्र उत्सर्जन की प्राप्ती है। इन ण्प्पे में अंतिर्निहित सम्लेषण संबंधित Fe सूक्ष्मकण (NPs) है। यह अभियान्त्रिक सूक्ष्म – संरचना अत्यन्त उत्कृष्ट क्षेत्र उत्सर्जन गुण जैस अल्ट्रा लो टर्न-ऑन क्षेत्र (0.64V/μm at 10 $\mu A/cm^2$), निम्न थ्रेशोल्ड/फील्ड/क्षेत्र (0.74 V/μm at 100 $\mu A/cm^2$), उच्च धारा धनत्व (15.49mA /cm^2 at 1.32 V/μm) जो हमारे पिछले अध्ययन में प्राप्त वर्तमान धनत्व से दो गुना है। उच्च क्षेत्र वृद्धि कारक (0.72 x 104) 100μA पर अत्यधिक उत्सर्जन के साथ लगभग 1×10-8mbar. के आधार पर दबाव में ३ घंटे से अधिक के लिए देखा गया था। यह अध्ययन प्रस्तावित अभिनव सूक्ष्म संरचना का उपयोग करके वर्तमान धनत्व को बढ़ाने के लिए एक दृष्टिकोण का सुझाव देता है और इस संचार का मूल विषय बनाता हैं। अत्यधिक कुशल और स्थिर क्षेत्र उत्सर्जन को सिलेंडर की ज्यामिती और ग्रेफीन शीट्स के भीतर तेज प्रोट्शियंस के उच्च धनत्व के उत्पादन के लिए जिम्मेदार ठहराया जाता है। जो स्थानीय विधुत क्षेत्र उत्सर्जन को बढ़ाते है। ग्राफ बेलन से जुड़ी यह अभिनव बेलनाकार ज्यामिति बल्क सिलेंडर की परिधि के साथ संरेखित CNTs पर सहायक इा असर करती है ण्प्प के चालन बैंड से बाहरी विधुत क्षेत्र की उपस्थिति में निर्वात में इलेक्ट्रानों का एक आसान इंजेक्शन प्रदान करती है। इन CHC के क्षेत्र उत्सर्जन गुणों की स्थिरता को उनके व्यास (१० और २०mm) और अग्रदूत के विभिन्न सांद्रता को आसानी से प्राप्त किया जा सकता है। ग्रेफीन असिस्टेड बेलनाकार ज्यामिति आधारित क्षेत्र उत्सर्जन स्त्रो का यह नया दृष्टिकोण अगली पीढ़ी के उच्च संकल्प प्रदर्शन उपकरणों के लिए भारी संम्भावनाएं और मांग प्रदान करता है।



Figure: Schematic of synthesis of graphene assisted CHCs (Gr-CHCs) and their field emission measurements.

Prof. KA Suresh
Professor of Eminence
Nano Science Technology and Soft matter Centre, Bangalore

२.१.५. स्कूल

२.१.५.१. सेन्ट्रल हिन्दू ब्वायज़ स्कूल
२.१.५.२. सेन्ट्रल हिन्दू गर्ल्स स्कूल
२.१.५.३. श्री रणवीर संस्कृत विद्यालय

२.१.५.१. सेन्ट्रल हिन्दू ब्वायज़ स्कूल, कमच्छा

सर्वविद्या की राजधानी काशी में ७ जुलाई १८९८ ई.को भारतीय संस्कृति एवं हिन्दू धर्म के प्रति समर्पित इंग्लैण्ड में जन्म लेने वाली डॉ. एनी बेसेण्ट द्वारा सेन्ट्रल हिन्दू स्कूल की स्थापना की गई। ३० मार्च १९१४ को माता एनी बेसेण्ट ने अपने कॉलेज के ट्रस्ट्रियों सहित विद्यालय तथा उसकी भूमि, भवन तथा कोष महामना को समर्पित किया तथा यह बचन लिया कि यह विद्यालय महामना जी द्वारा स्थापित होने वाले विश्वविद्यालय का एक अभिन्न अंग बना रहेगा तथा विश्वविद्यालय अपने अन्य विभागों की भांति उनका पोषण करता रहेगा। सन् १९१६ ई. से सन् १९२१ ई. तक काशी हिन्दू विश्वविद्यालय की कक्षाएं इसी परिसर में संचालित होती थी। जैसे-जैसे विश्वविद्यालय परिसर में भवन बनते गये, यहाँ से कक्षाएँ विश्वविद्यालय में स्थानान्तरित होती गई। वर्तमान में यह विद्यालय परीक्षा एवं पाठ्यक्रम को छोड़कर प्रशासनिक दृष्टि से विश्वविद्यालय का अभिन्न अंग है। विद्यालय अपनी स्थापना के १२० वर्ष पूरे कर चुका है।

विद्यालय में कक्षा ६,९,११ में प्रवेश हेतू प्रतिवर्ष विश्वविद्यालय द्वारा यू.ई.टी.,पी.ई.टी की तरह ही एस.ई.टी. (स्कूल प्रवेश परीक्षा) आयोजित होता है, उस परीक्षा में प्राप्त अंको के आधार पर मेरिट क्रम से छात्रों का प्रवेश होता है उल्लेखनीय है इस सत्र में केवल इस विद्यालय में प्रवेश हेतु लगभग ९० हजार छात्र प्रवेश परीक्षा में शामिल हुए जिसे विद्यालय की सुदृढ़शैक्षिक गुणवत्ता का मानक माना जा सकता है। इस विद्यालय से सम्बन्धित एक प्राइमरी विभाग राजीव गाँधी दक्षिणी परिसर, बरकछा, मिर्जापुर में संचालित है। जहां कक्षा नर्सरी से कक्षा ५वीं तक की कक्षाएँ चल रही है।

विद्यालय में गणित,विज्ञान, कृषि, संगीत, संगणक, शरीरिक शिक्षा आदि विषयों की शिक्षा व्यवस्था है तथा सभी की अपनी–अपनी प्रयोगशालाएँ है।

विद्यालय में स्थित तैलंग पुस्तकालय, सरगाहॉल तथा काशी नेरश हॉल विद्यालय की प्राचीनता, भव्यता एव ऐतिहासिक के द्योतक है। विद्यालय के कक्ष विभिन्न दान-दातओं, पूर्व छात्रों के अभिभावकों द्वारा दिए गए दान की धनराशि से निर्मित हैं। कक्षों के द्वार पर लगे शिलापट्ट उनकी उदारता तथा सामाजिक सेवाभाव को प्रस्फुटित करते हैं। पुस्तकालय में लगभग ४० हजार पुस्तकें, विभिन्न प्रकार की पत्र–पत्रिकाएं, दैनिक समाचार–पत्र छात्रों के लिए उपलब्ध हैं। विद्यालय परिसर में ही एक छात्रावास है, जिसमें सुदूर क्षेत्र से आनेवाले मेधावी छात्रों के लिए योग्यता क्रम के आधार आवासीय सुविधा प्रदान की जाती है।

परिसर में ही विश्वविद्यालय द्वारा संचालित छात्र स्वास्थ्य संकुल स्थापित है, जिसमें छात्रों को चिकित्सकीय सुविधा समुपलब्ध है। विद्यालय में छात्रों के लिए जल पान गृह, वाहन स्टैण्ड आदि की सुविधाएं भी विद्यमान हैं। विद्यालय के निर्धन एंव मेधावी छात्रों की सहायता हेतु 'विद्यालय सहायक सभा'(वी.एस.एस.) तथा 'छात्र कल्याण कोष' की स्थापना की गई हैं इसके माध्यम से छात्रों को नगद धनराशि, पुस्तकें तथा यूनिफार्म की सुविधा प्रदान की जाती है।

पाठ्यसहगामी क्रियाएँ

छात्रों के बहुआयामी सम्पूर्ण विकास हेतु विद्यालय में पाठ्य सहगामी क्रियाओं का भी संचालन किया जाता है। इस हेतु विद्यालय के समस्त छात्रों एवं शिक्षकों को चार सदनों में (शिवाजी, टैगोर सदन, अशोक सदन, रमन सदन) में विभाजित किया गया है। प्रत्येक शनिवार को विद्यालय में अन्तर्सदनीय प्रतियोगिताएँ आयोजित की जाती है जिसके अन्तर्गत भाषण, वाद-विवाद, चित्रकला, अन्त्याक्षरी,कविता पाठ, सामान्यज्ञान, लोकगीत, लोकनृत्य निबन्धलेखन आदि प्रतियोगिताएँ आयोजित की जाती है। शारीरिक विकास हेतु विभिन्न खेलकूद भी आयोजित होते है। प्रतिदिन सभा में सदनवार छात्रों तथा शिक्षकों मूल्यपरक व्याख्यान दिये जाते है। इसी सभा में प्रतिदिन छात्रों को सभी प्रकार की सूचनाओं से अवगत कराया जाता है। तथा विद्यालय स्तर पर एवं जिला स्तर पर आयोजित विविध प्रतियोगिताओं में सफल छात्रों को पुरस्कृत किया जाता है। अन्य छात्रों को प्रोत्साहित भी किया जाता है। छात्रों के शैक्षिक, शरीरिक विकास के साथ-साथ ही आध्यात्मिक विकास के लिए कृष्ण-जन्माष्टमी महावीर जयंती, माता एनी बेसेन्ट जयन्ती समारोह, पं. मदन मोहन मालवीय जयन्ती समारोह आदि का भी आयोजन छात्रों तथा शिक्षकों के द्वारा अत्यन्त ही धूम-धाम के साथ मनाया जाता है। छात्रों की रचनात्मकता को मुखरित एवं विकसित करने हेतु प्रतिवर्ष विद्यालय की वार्षिक – पत्रिका 'सृजन' का प्रकाशन विद्यालय द्वारा किया जाता है।

वर्तमान शैक्षणिक सत्र की विशिष्ट उपलब्धियाँ

- सी.बी.एस.ई. बोर्ड परीक्षा २०१८ में कक्षा दस का परीक्षा परिणाम ९९.२६ प्रतिशत रहा। जिसमें मो. शकिब अन्सारी ९७.४ प्रतिशत अंक प्राप्त कर सर्वोच्च स्थान पर रहे। सात छात्रों (युवराज सिंह, अभिषेक कुमार, आदर्श कुमार, कमल किशोर उपाध्याय, नीरज वर्मा राघवेन्द्र प्रताप सिंह, मो. शाकिब अन्सारी) ने सामाजिक विज्ञान में १००/१०० अंक प्राप्त किया तथा ०.१ प्रतिशत छात्रों की योग्यता सूची में स्थान प्राप्त किया। उन्हें सी.बी.एस.सी. द्वारा मेरिट प्रमाण पत्र प्रदान किया गया।
- सीबीएसई बोर्ड परिक्षा २०१८ में कक्षा १२ का परीक्षाफल ९२.७५ प्रतिशत रहा अमन मेहरोत्रा ने भूगोल में १००/१०० अंक प्राप्त किए तथा राजेश रंजन ने राजनीति विज्ञान में १००/१०० अंको के साथ ०.१ प्रतिशत की सूची में स्थान प्राप्त कर सी.बी.एस.ई. द्वारा उत्कृष्टता प्रमाण पत्र भी प्राप्त किया। गणित वर्ग में अभिनव श्रीवास्तव ने ९४.८ प्रतिशत अंक, जीव-विज्ञान में ९१.४ प्रतिशत अंक के साथ चन्द्रशेखर शर्मा, वाणिज्य वर्ग में विशाल गुप्त ने ९४.८ प्रतिशत तथा कला वर्ग में अमन महरोत्रा ९६.२ प्रतिशत प्राप्त कर प्रथम स्थान पर रहे तथा अमन मेहरोत्रा ने विद्यालय टॉपर होने का गौरव अर्जित किया।
- विद्यालय की गृह परीक्षा कक्षा ६,७,८,९, तथा ११ की परीक्षा ९९ प्रतिशत रही। कक्षा ६ के ऐश्वर्यमणि सिंह तथा कक्षा ७ के हार्दिक राय ने ९७.६७ प्रतिशत अंक प्राप्त कर अपनी–अपनी कक्षाओं में प्रथम स्थान प्राप्त करने के साथ ही विद्यालय के टॉपर होने का भी सम्मान अर्जित किया। कक्षा ८ में अनुपम चौबे ९५.८ प्रतिशत, कक्षा ९ में प्रज्ञेश मिश्रा ९७.२ प्रतिशत, कक्षा ११ गणित वर्ग में साहिल जायसवाल ९२.६ प्रतिशत तथा कक्षा ११ कला वर्ग में अनुराग मिश्रा ८७ प्रतिशत अंक प्राप्त कर अपनी कक्षाओं में प्रथम रहे।
- भारत वर्ष की प्रतिष्ठित परीक्षा जे.ई.ई. एडवान्स में विद्यालय के १८ छात्रों ने अपने प्रथम प्रयास में उच्च स्थान के साथ देश के विभिन्न प्रतिष्ठित इंजीनियरिंग तथा मेडिकल कॉलेजों में प्रवेश प्राप्त कर विद्यालय को गौरवान्वित किया है। उन मेधावी छात्रों के नाम है- उत्कर्ष यादव, प्रशांत वर्धन, जीवेश मिश्रा, सूरज बंसल, पीयूष तिवारी, सूरज पटेल, नितिन कुमार, हृदय नारायण, सिद्धार्थ कुमार, विजय शंकर, प्रांजल द्विवेदी इत्यादि।
- विद्यालय के निम्नलिखित १० छात्र प्रथम प्रयास में ही एन.ई.ई.टी. परीक्षा में उत्तम प्रदर्शन कर देश के विभिन्न मेडिकल कॉलेज में प्रवेश लेने में सफल रहे। उन मेधावी छात्रों के नाम है- आकाश कुमार, ऋषभ कुमार, रविन्द्र कुमार शाह, राहुल कुमार, अमित कुमार, विपिन कुमार, प्रतीत सिंह, चंद्र प्रकाश शर्मा, अंकित तिवारी, आशीष गोरई।
- प्रथम प्रयास में कम्बाईन्ड लॉ एडमीशन टेस्ट सी.एल.ए.टी. २०१८ में उत्तीर्ण करने वाले छात्र राजेश रंजन वर्तमान में राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय, असम में तथा शिवांक वर्मा (जिन्हें सम्पूर्ण गीता कण्ठस्थ है) राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय, रायपुर में अध्यनरत है।
- राष्ट्रीय स्तर पर कक्षा १० के छात्रों के लिए आयोजित होने वाली परीक्षा नेशनल टैलेन्ट सर्च इग्जाम (एन.टी.एस.ई.२०१८) में कुल सफल छात्रों में ४० छात्र सेन्ट्रल हिन्दू ब्वॉयज स्कूल के है। इसमें क्रमश: २ से १० तक की रैंक प्राप्त करने वाले छात्र इसी विद्यालय के है।
- यूनिफाईड काउन्सिल हैदराबाद द्वारा आयोजित मेन्टल एबीलिटी रिकोग्नाइजेशन टेस्ट -२०१८ में विद्यालय के रोहित शेखर (१२) को प्रथम पुरस्कार के रूप में १५०००/-की नगद धनराशि तथा प्रत्युष सिंह (१२) को सांत्वना पुरस्कार के रूप में ५०००/- नगद धनराशि प्रदान कर सम्मानित किया गया।
- संस्कृत भारती के तत्वाधान में आयोजित 'अखिल भारतीय शलाका परीक्षा-२०१८' में विद्यालय के मेधावी छात्र आलोक कुमार ने द्वितीय पुरस्कार के रूप में ११०००/- का चेक, प्रमाण पत्र, स्मृति चिन्ह तथा गौरव कुमार ने तृतीय पुरस्कार के रूप में ५०००/- का चेक, प्रमाण पत्र, स्मृति चिन्ह प्राप्त कर विद्यालय को गौरवान्वित किया। उल्लेखनीय है कि इस परीक्षा में कक्षा १० की संस्कृत पुस्तक का कण्ठस्थ होना आवश्यक है।
- राष्ट्रीय विज्ञान एवं प्रोद्यौगिकी संचार परिषद्, विज्ञान एवं प्रोद्योगिकी, भारत सरकार द्वारा प्रायोजित कार्यक्रम नेशन चिल्ड्रेन

साइंस कान्फ्रेन्स-२०१८ में विद्यालय के अभिषेक यादव और अर्जुन ने भाग लिया तथा जिला स्तर पर द्वितीय पुरस्कार प्राप्त किया। इस प्रतियोगिता में जिले के ४० विद्यालयों के छात्रों ने भाग लिया।

- मालवीय भवन, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय में गीता जयन्ती के अवसर पर व्याख्यान प्रतियोगिता में सुधांशु रघुवंशी ने द्वितीय पुरस्कार के रूप में ५००/- का नगद पुरस्कार प्राप्त किया।
- भारत सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय द्वारा आयोजित इन्सपायर अवार्ड योजना के अन्तर्गत विद्यालय की ओर से प्रतिभाग करने वाले कुल ५ छात्रों में से ४ छात्रों को जिला स्तर पर चयनित किया गया जिन्हें पुरस्कार स्वरूप प्रमाण पत्र तथा वैज्ञानिक मॉडल तैयार करने हेतु प्रत्येक को १०-१० हजार रूपये तथा कक्षा ७ के शिवांग को राज्य स्तर पर प्रतिभाग करने हेतु चयनित किया गया।

पाठ्येत्तर गतिविधियाँ

- वेदान्ता सोसाइटी' द्वारा गीता आधारित सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। जिसमें छात्रों को मानवीय गुणों को पालन करने, निजधर्म और सत्यनिष्ठा से कार्यपालन हेतु प्रोत्साहित किया गया।
- २६ नवम्बर २०१८ को संविधान दिवस का आयोजन बड़ी भव्यता के साथ किया गया।
- विद्यालय अपने समस्त शैक्षिक एवं सांस्कृतिक क्रियाकलापों के साथ ही महापुरूषों की जयन्ती का भी भव्य आयोजन करता है। जिसमें विद्यालय के छात्र तथा अध्यापक उत्साहपूर्वक भाग लेते है। इस वर्ष माता एनी बेसेन्ट तथा महामना की जयन्ती पर विद्यालय में हवन, पूजनादि तथा भव्य दीपोत्सव का आयोजन किया गया।

कला के क्षेत्र में विशिष्ट उपलब्धियाँ

- राज्य ललित कला अकादमी द्वारा आयोजित 'भगवान बुद्ध और उनकी जीवनगाथा' विषय पर आधारित द्विस्तरीय चित्रकला प्रतियोगिता में विद्यालय के छात्र अनिकेश वर्मा (१२ एफ), नित्यानंद गोंड (कला १२ बी२) तथा शिवम सेठ (१२ एफ) को सर्वश्रेष्ठ पुरस्कार तथा प्रत्येक को २१००/- की नगद धनराशि प्रदान की गयी।
- गांधी जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित चित्रकला प्रतियोगिता में शिवम सेठ (१२एफ), प्रथम पुरस्कार, १०००रू; शिवम चौरसिया (११बी२),द्वितीय पुरस्कार ७००रू; विवेक यादव (८डी), तृतीय पुरस्कार, ५००रू; हर्ष कुमार सिंह (८बी) सान्त्वना, पुरस्कार, ३००रू.; मोहित वर्मा (७ए) सान्त्वना पुरस्कार, ३००रू को कुलसचिव, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय द्वारा सम्मानित किये गये।
- राज्य स्तरीय चित्रकला प्रतियोगिता में 'पानी की कहानी' विषय पर आधारित स्पर्धा में शिवम सेठ ने सर्वश्रेष्ठ पुरस्कार प्राप्त किया।
- नगर निगम द्वारा आयोजित चित्रकला प्रतियोगिता 'स्वच्छ गंगा' ने तृतीय पुरस्कार प्राप्त किया।
- राज्य स्तरीय चित्रकला प्रतियोगिता-प्रमोशन ऑफ एग्रीकल्चरल मेकेनाइजेशन फॉर इन स्ट्रीट मैनेजमेन्ट ऑफ क्रॉप रेज्डियू योजनान्तर्गत चित्रकला प्रतियोगिता में 'फसल अवशेष न जलाने हेतु' १०,०००/- की नगद धनराशि प्राप्त की।

खेल-कूद गतिविधियॉ

स्कूल इंडिया कप अन्डर १४ फुटबॉल प्रतियोगिता में विद्यालय टीम ने प्रतिभाग किया, जिसमें विद्यालय के ४ खिलाड़ी मण्डल स्तर की प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए चयनित हुए।

एन.सी.सी.

एन.सी.सी. कैम्प सी.ए.टी.सी.-३११ में एस.जे.डी. एयर विंग के कैडेट अंकित सिंह वेस्ट कैडेट रहे, शुभम सिंह व उनकी टीम ने फूटबॉल प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पाकर विद्यालय को भी सर्वश्रेष्ठ टूप होने का गौरव प्राप्त कराया। एन.आई.सी. कैम्प 'एक भारत सर्वश्रेष्ठ भारत' के अन्तर्गत स्वप्निल यादव ने बेस्ट कैडेट होने का गौरव प्राप्त किया।

शैक्षणिक भ्रमण व अन्य गतिविधियॉ

- विद्यालय के कक्षा १२ विज्ञान वर्ग के १५ छात्रों का एक दल शैक्षणिक भ्रमण हेतु लखनऊ गया।
- वाणिज्य वर्ग के छात्र ज्ञानार्जन हेतु बी.एच.ई.एल, बाबतपुर शैक्षिक भ्रमण हेतु गए।
- ११ वर्षों के अन्तराल के पश्चात् रविवार दिनांक १३.०१.२०१९ को विद्यालय में एल्यूमिनी मीट का आयोजन हुआ। इसमें विद्यालय के वर्ष १९८९ ई. से १९९२ ई. तक के पूर्व छात्रों ने भाग लिया।

अन्य गतिविधियाँ

- राजभाषा हिन्दी को कार्यालय स्तर पर प्रोत्साहन देने के लिए हमारे कार्यालय में कार्यरत कनिष्ठ लिपिक राजा ने वर्ष २०१८ में राजभाषा प्रकोष्ठ, बी.एच.यू. द्वारा आयोजित, '५ दिवसीय पूर्णकालिक हिन्दी टंकण प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। प्रशिक्षण कार्यक्रम के आधार पर केन्द्रीय हिन्दी प्रशिक्षण संस्थान, राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा दिनांक ०९ जुलाई २०१८ को परीक्षा आयोजित की गई, जिसमे उन्होंने ८८ प्रतिशत अंक प्राप्त किये तथा परीक्षा की शर्तों के अनुसार उन्हें एक वेतन वृद्धि दी गई।
- शिक्षक दिवस के अवसर पर चातुर्वेदसंस्कृतप्रचारसंस्थानम् एवं तुलनात्मक दर्शन विभाग, सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्त्वाधान में आयोजित कार्यक्रम में श्री अनुपम तिवारी (संस्कृत) को प्रो. राजाराम शुक्ल (कुलपति) एवं प्रो. रजनीश शुक्ल जी के द्वारा शिक्षक सम्मान से अलंकृत किया गया।
- चातुर्वेदसंस्कृतप्रचारसंस्थानम् की ओर से विद्यालय में आयोजित एक कार्यक्रम में, संस्कृत अध्यापक अनुपम तिवारी को प्रो. रामयत्न शुक्ल, अध्यक्ष, काशी विद्वत्, परिषद् के द्वारा 'संस्कृतसेवा सम्मान' से विभूषित किया गया।

परिसर विकास एवं निर्माण कार्य

- विद्यालय की भौतिक विज्ञान प्रयोगशाला का पूरी तरह से नवीनीकरण किया गया। अब यह प्रयोगशाला पूर्ण सुसज्जित रूप से छात्रों के लिए उपलब्ध है।
- विद्यालय के क्षतिग्रस्त मुख्य द्वार को परिवर्तित किया गया।
- विद्यालय छात्रावास में रंगाई-पुताई मरम्मत आदि कार्य सम्पन्न हुआ। छात्रावास में एक नया वाटर कूलर-कम-प्यूरीफायर लगवाया गया। बहुत से कक्षों का नवीनीकरण किया गया।

विद्यालय का प्राथमिक विभाग जो राजीव गांधी दक्षिणी परिसर, बरकच्छा में जिसका वर्तमान में छात्र क्रीड़ा भवन में हो रहा है। इस सत्र में वहा स्वतन्त्र भवन निर्माण कार्य चल रहा है जो अतिशीघ्र पूर्ण होने वाला है।

२.१.५.२. सेन्ट्रल हिन्दू गर्ल्स स्कूल

सेन्ट्रल हिन्दू गर्ल्स स्कूल पूर्वी उत्तर प्रदेश के प्राचीन एवं सर्वोत्कृष्ट स्कूलों में से एक हैं। यह प्राचीन मध्यकालीन तथा आधुनिक मूल्यों से नव जीवन के बौद्धिक तथा मानसिक विकास के साथ-साथ उन्हें नवीनता की ओर अग्रसर करने का माध्यम है।

१९०४ में सेन्ट्रल हिन्दू कॉलेज के नाम से इसकी नींव रखी गयी तथा ट्रस्ट बोर्ड ने इसे, एनी बेसेन्ट के सपनों को महिला उत्थान हेतु अपनी हरी झंडी भी दे दी। १९१६ में यह महामना पं. मदन मोहन मालवीय के उज्ज्वल सपनों की मूर्ति के रूप में काशी हिन्दू विश्वविद्यालय का एक अभिन्न अंग बना। यह विद्यालय मालवीय जी के सुविचारों से ओत प्रोत होने के साथ-साथ बालिकाओं को आधुनिक प्ररिप्रेक्ष्य में शिक्षित करने का भी कार्य करता है। यहाँ कला, विज्ञान, वाणिज्य व सांस्कृतिक विधाओं की मूल्यपरक शिक्षा दी जाती है। यहाँ सम्बन्धित विषयों की सुसज्जित प्रयोगशालाएं व पुस्तकालय हैं। यह विद्यालय सी.बी.एस.ई. से सम्बद्ध है।

शैक्षणिक गतिविधियाँ

कक्षा ११व १२ में उपलब्ध विषय

उच्चतर माध्यमिक कक्षा में भौतिकी, रसायन, गणित, जीव विज्ञान, कंप्यूटर, मनोविज्ञान, भूगोल, इतिहास, राजनिति शास्त्र, अर्थशास्त्र, लेखाविधि, व्यवसायिक, अध्ययन अंग्रेजी कोर एवं ऐच्छीक, हिंदी कोर एवं ऐच्छिक, संस्कृत कोर एवं ऐच्छिक, चित्रकला, शारीरिक, शिक्षा, संगीत, गायन एवं वादन (तबला, सितार) की शिक्षा दी जाती है एवं सुसज्जित प्रयोगशालाएं उपलब्ध है।

उपलब्ध समाचार पत्र

हिंदी में दैनिक जागरण, हिंदूस्तान और उमर उजाला । अंग्रेजी में द हिंदू और द टाइम्स ऑफ इंडिया।

अन्य क्रिया-कलाप

विद्यालय में प्रशिक्षित प्रशिक्षक उपलब्ध है, जो कई प्रकार के खेलों जैसे बैडमिंटन, बास्केटबॉल, खो-खो, कबड्डी, टेबल टेनिस, मार्शल आर्टस इत्यादि। छात्राओं को विभिन्न प्रकार की खेलकूद गतिविधियों में सहभागिता के लिए प्रोत्साहित करते हैं।

बस सुविधाएँ

हमारे विद्यालय में छात्राओं के लिए बस की सुविधाएँ उपलब्ध हैं हमारे विद्यालय में बसों की संख्या १० है। ये बसें शहर के विभिन्न क्षेत्रों से छात्राओं को विद्यालय तक पहुंचाती है। हमारी बसें शहर के आन्तरिक भागों से लेकर मुख्य क्षेत्रों तक जाती है।

उपलब्धियां

विद्यालय की उपलब्धियां इस प्रकार हैं। वर्तमान सत्र में विद्यालय का परीक्षा परिणाम सेकण्डरी एवं सीनियर सेकण्डरी कक्षाओं में क्रमश: १००% व ९९% रहा।

कुमारी पलक सिंह सेकेंडरी परीक्षा २०१८-१९ में ९९% अंक प्राप्त कर वाराणसी जनपद में अव्वल रही।

कुमारी ज्योत्सना राज, पार्वती पांडे, उपासना राय व स्वाति गुप्ता ९७.४ अंक प्राप्त कर विद्यालय में द्वितीय स्थान पर रही।

कुमारी सोनी कुमारी और दीपशिखा यादव ९७.२ अंक प्राप्त कर तीसरें स्थान पर रहीं।

सीनियर सेकेंडरी परीक्षा २०१८-१९ में वाणिज्य वर्ग में कुमारी अंशुला सक्सेना व कला वर्ग में कुमारी सुनिधि ९७% अंक प्राप्त कर विद्यालय मे प्रथम स्थान पर रहीं तथा विज्ञान वर्ग में श्रेया कुमारी गुप्ता ९६.६% अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान पर रही। स्पोर्ट्स क्लब, रेड क्रॉस, योग, एन.सी.सी. आदि क्रिया-कलाप वर्ष पर्यन्त चलते रहे हैं।

वर्तमान सत्र में विद्यालय में एन.सी.सी.सीनियर विंग का पुन: संचालन आरम्भ किया गया है।

प्रति वर्ष विद्यालय परिसर में १ सितंबर से १५ सितम्बर तक हिन्दी पखवाड़ा का आयोजन किया जाता है जिसके अन्तर्गत विविध प्रतियोगिताएँ आयोजित की जाती हैं। जिसमें विद्यालय की छात्राएँ बढ़-चढ़कर प्रतिभाग करती हैं तथा मातृभाषा के प्रति उनके प्रेम व श्रद्धा का प्रदर्शन देखने को मिलता है। इसके अतिरिक्त हमारे विद्यालय की छात्राएँ शहर की विविध संस्थाओं द्वारा आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में वर्ष पर्यन्त प्रतिभाग कर सम्मानित एवं पुरस्कृत होती रहती हैं।

उपलब्धियां

एस.एम.एस. की ओर से २८ अक्टूबर २०१८ को आयोजित मेंटल एबिलिटी रिकॉग्निशन टेस्ट में १२ की छात्रा मेधा तिवारी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया जिसमें इन्हें रु.१०,०००/- का नगद पुरस्कार प्राप्त हुआ। इसके अतिरिक्त छात्राओं को विविध कार्यक्रमों में बी.एच.यू. द्वारा भी पुरस्कृत किया गया।

छात्राओं के सर्वांगीण विकास के लिए शैक्षणिक कार्यक्रमों के साथ-साथ पाठ्यसहगामी क्रियाएं खेलकूद प्रतियोगिताएँ एन.सी.सी., गाइडिंग, रेड क्रॉस, फर्स्ट एण्ड और अन्य सांस्कृतिक क्रिया-कलाप भी वर्ष पर्यन्त आयोजित किए जाते है। तथा विद्यालय का वार्षिकोत्सव ''अभिव्यक्ति'' प्रति वर्ष बड़े धूम-धाम से आयोजित किया जाता है। विद्यालय की पत्रिका ''पारमिता'' प्रति वर्ष प्रकाशित होती है। जो विद्यालय के छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों की साहित्यिक कुशलता को जागृत करने तथा उनके पाठ्येत्तर अनुगमनता को प्रदर्शित करने का सुनहरा अवसर प्रदान करती है।

२.१.५.३. श्री रणवीर संस्कृत विद्यालय

श्री रणवीर संस्कृत विद्यालय का इतिहास गौरवपूर्ण रहा है। पं. अम्बा दास शास्त्री एवं पं. अनन्त राम शास्त्री, जो पूज्य मदन मोहन मालवीय के गुरुतुल्य अध्यापक रहे, इस विद्यालय के अध्यक्ष पद को सुशोभित कर चुके हैं। प्रवेशिका (कक्षा - ८) से आचार्य (एम ए) स्तर की कक्षाऐं इस विद्यालय में चला करती थीं और यहाँ तक की प्रमाणपत्र भी उपर्युक्त महानुभावद्वय के हस्ताक्षर द्वारा जारी होते थे।

प्रारम्भ में इस विद्यालय की स्थापना जम्मू के सदरे रियासत द्वारा १८८३ में प्रचीन भारतीय ज्ञान के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए जम्मू संस्कृत पाठशाला के रूप में जम्मू कश्मीर भवन, जो टेढ़ीनीम, दशाश्वमेघ, वाराणसी में स्थित है, में हुई थी। कालान्तर में यह विद्यालय सेन्ट्रल हिन्दू स्कूल कालेजियट सोसायटी के रुप में तत्कालीन अध्यक्ष डॉ. एनी बेसेन्ट को हस्तांतरित हुई। तदनन्तर विद्यालय का कार्यस्थल कमच्छा स्थित महाराजा काशी नरेश के ऐतिहासिक राजभवन में हो गया एवं विद्यालय का नाम श्री रणवीर संस्कृत विद्यालय जम्मू सदरे रियासत महाराजा प्रताप सिंह के पिता के नाम पर कर दिया गया। विकास के इस क्रम में बनारस हिन्दू यूनिवर्सिटी सोसायटी अस्तित्व में आयी और इस प्रकार रणवीर संस्कृत विद्यालय, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय का एक अभिन्न अंग बन गया जिसका वर्तमान परिसर कमच्छा स्थित काशी नरेश राजभवन है।

प्राच्य विद्या एवं धर्म विज्ञान संकाय (वर्तमान में संस्कृत विद्या धर्म विज्ञान संकाय) के अस्तित्व में आने पर मध्यमा एवं आचार्य पर्यन्त उसकी अग्रिम कक्षाएं वहीं (विश्वविद्यालय परिसर) से चलना प्रारम्भ हुई एवं इस विद्यालय में केवल प्रथमा (कक्षा - ८) तक कक्षाएं शेष रह गयीं। यह स्थिति सन् १९६८ तक रही।

जुलाई १९७८ से मध्यमा कक्षाओं में सभी विषयों के चारों भाग (साहित्य, वेद, व्याकरण, ज्योतिष एवं दर्शन) रणवीर संस्कृत विद्यालय में जो पाठ्यक्रम चल रहे हैं, वे निम्नलिखित हैं-

१. प्राइमरी कक्षा १ से ५ सी.बी.एस.ई.
२. प्रथमा (कक्षा ६ से ८) सं.वि.ध.वि. संकाय द्वारा निर्मित पाठ्यक्रम
३. प्रवेशिका (कक्षा ९ एवं १०) सं.वि.ध.वि. संकाय द्वारा निर्मित पाठ्यक्रम
४. मध्यमा (कक्षा ११ एवं १२) सं.वि.ध.वि. संकाय द्वारा निर्मित पाठ्यक्रम

इस विद्यालय में छात्रों को परम्परागत विषयों (वेद, ज्योतिष, व्याकरण, दर्शन, साहित्य) के साथ-साथ आधुनिक विषयों अंग्रेजी, हिन्दी, गणित, विज्ञान एवं समाजिक अध्ययन का भी ज्ञान दिया जाता है जो कि प्राचीन और अर्वाचीन ज्ञान को जोड़ते हुए एक सेतु का कार्य कर रहा है। अभी भी विज्ञान एवं ज्योतिष भाषा प्रयोगशालाओं को विकसित करने के अवसर हैं। विद्यालय एक विकासशील संस्था के रूप में अग्रसर है लेकिन इसे और अधिक विकसित करने की आवश्यकता है।

- वर्तमान में प्रो. रमा शंकर दूबे, जैव रसायन विभाग, विज्ञान संस्थान, का.हि.वि.वि. स्कूल बोर्ड के उपाध्यक्ष है।
- वर्तमान सत्र में इस विद्यालय में १२ स्थायी अध्यापक तथा १५ संविदा अध्यापक है।
- वर्तमान सत्र में विद्यालय के प्राइमरी विभाग में छात्र/छात्राओं की कुल संख्या १८५ है तथा प्रथमा से मध्यमा कक्षा ६ से १२ तक छात्रों की कुल संख्या ३०१ है।

अन्तरविद्यालय प्रतियोगिताएं

- अन्तरविद्यालयीय/विद्यालय स्तर पर आयोजित विभिन्न

प्रतियोगिताओं में विद्यालय के विभिन्न छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा पुरस्कार अर्जित किये जिनका विवरण निम्नलिखित है।

- श्री धर्म संघ शिक्षा मंडल दुर्गाकुंड, वाराणसी द्वारा दिनांक ०८/०८/२०१८ को आयोजित व्याकरण अष्टध्यायी सूत्रान्त्याक्षरी प्रतियोगिता में विवेक त्रिपाठी मध्यमा प्रथम वर्ष ने प्रथम स्थान एवं विशाल पाण्डेय मध्यमा वर्ष ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।
- श्लोकान्त्याक्षरी प्रतियोगिता में आर्यन पाण्डेय मध्यमा द्वितीय वर्ष ने तृतीय स्थान एवं ध्रुवनारायण शुक्ल मध्यमा प्रथम वर्ष ने सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया।
- शारदा संस्कृत संस्थान, अगस्त्यकुंड, वाराणसी द्वारा आयोजित दिनांक १५/०९/२०१८ को अमरकोष (प्रारम्भ से दिग्वर्ग तक) कंठ पाठ प्रतियोगिता में अर्पित शुक्ल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।
- संपूर्ण अबकहोडाचक्रम् (ज्योतिष) कंठ पाठ प्रतियोगिता में दिव्यराज उपाध्याय कक्षा प्रथमा ने द्वितीय स्थान एवं विजयगिरि कक्षा प्रथमा ने तृतीय पुरस्कार प्राप्त किया।
- सांगवेद विद्यालय रामघाट, वाराणसी द्वारा दिनांक २१/०९/२०१८ को आयोजित मुहुर्तचिंतामणि (शुभाशुभ प्रकरण) में आर्यन पाण्डेय एवं शिखर तिवारी मध्यमा द्वितीय वर्ष ने प्रथम स्थान, सुशील मिश्रा मध्यमा द्वितीय वर्ष ने द्वितीय स्थान तथा विशाल पाण्डेय एवं आशुतोष पाण्डेय मध्यमा प्रथम वर्ष ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।
- प्रहलाद राय झुनझुनवाला स्मृति गीता स्वाध्याय केंद्र द्वारा दिनांक ०८/१२/२०१८ को आयोजित व्याख्यान प्रतियोगिता (गीता के अनुसार जाति वर्ण) में दिलीप शुक्ल मध्यमा द्वितीय स्थान प्राप्त किया।
- मौखिक प्रश्नोत्तरी में आदित्य मिश्र प्रवेशिका द्वितीय वर्ष ने प्रथम स्थान तथा अर्पित शुक्ल प्रवेशिका प्रथम ने सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया।
- गीता प्रथम अध्याय कंठस्थ पाठ प्रतियोगिता में आनंद झा कक्षा प्रथमा ने सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया।
- मालवीय भवन गीता समिति, का.हि.वि.वि. द्वारा दिनांक ०९/१२/२०१८ को आयोजित भाषण प्रतियोगिता (गीता में भक्ति योग) में दिलीप शुक्ल मध्यमा द्वितीय ने सान्त्वना पुरस्कार प्राप्त किया।
- सम्पूर्ण गीता कंठस्थ पाठ प्रतियोगिता में आनंद झा कक्षा प्रथमा ने विशिष्ट पुरस्कार १०००० रूपयों की राशि प्राप्त की।
- सेन्ट्रल हिन्दू गर्ल्स स्कूल (क) बी.एच.यू. (करतार कौर पेंटल स्मृति अंतर विद्यालयीय खेलकुद प्रतियोगिता आयोजित थी जिसमे प्राइमरी विभाग कबड्डी (बालक वर्ग) प्रतियोगिता में अभिषेक रंजन, सौरभ सिंह यादव, पूर्णेंदु दुबे, उत्कर्ष पाण्डेय, सुजल सोनकर, अभिजीत बसाक, विष्णु सोनकर, विनीत कुमार, आशु पाल तथा शुभम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।
- कबड्डी (बालिका वर्ग) प्रतियोगिता में सिद्धिका पाण्डेय, जान्हवी सिंह, रिया, गुनगुन बौद्ध, सुरभि, पलक, शिवा, खुशी कुमारी, अंकिता, सिमरन वर्मा ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।
- रिले दौड़ (बालक वर्ग) में अभिषेक रंजन, शुभम, विनीत कुमार, अमन मौर्या ने द्वितीय स्थान (रजत पदक) प्राप्त किया।
- रिले दौड़ (बालिका वर्ग) में सिद्धिका पाण्डेय जान्हवी सिंह, रिया, आस्था तिवारी ने द्वितीय स्थान (रजत पदक) प्राप्त किया।
- सूर्य नमस्कार (बालक वर्ग) में प्रखर पाण्डेय कक्षा ४ ने तृतीय स्थान (कांस्य पदक) प्राप्त किया।
- सूर्य नमस्कार (बालिका वर्ग) में आन्या सिंह कक्षा ५ ने तृतीय स्थान (कांस्य पदक) प्राप्त किया।
- मालवीय जयंती के अवसर पर छात्र अधिष्ठाता काशी हिन्दू विश्वविद्यालय द्वारा दिनांक २०/१२/२०१८ को आयोजित फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में प्रखर पाण्डेय कक्षा ४ ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।
- संकटमोचन फाउंडेशन वाराणसी द्वारा दिनांक ११/०२/२०१९ को आयोजित श्रीरामचरितमानस के सातों काण्डों के संस्कृत श्लोकों का सस्वरगान प्रतियोगिता में प्राइमरी वर्ग में कक्षा ४ के प्रखर पाण्डेय ने द्वितीय स्थान तथा सीनियर वर्ग में मध्यमा द्वितीय के बलराम दूबे ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।
- दिनांक १२/०२/२०१९ को आयोजित श्रीरामचरितमानस के दोहे और चौपाईयों का सस्वरगान प्रतियोगिता (सीनियर वर्ग) में मध्यमा द्वितीय के बलराम दूबे ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।
- दिनांक १३/०२/२०१९ को आयोजित अयोध्याकाण्ड पर आधारित क्विज प्रतियोगिता (कक्षा ८-१२ के लिए) में गजेन्द्र तिवारी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।
- दिनांक १४/०२/२०१९ को आयोजित जूनियर वर्ग भाषण प्रतियोगिता (विषय-श्रीरामचरितमानस में बालोपयोगी शिक्षाएं) में कक्षा ४ के प्रखर पाण्डेय ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।
- दिनांक १६/०२/२०१९ का आयोजित श्रीरामचरितमानव के पात्रों की झाँकी प्रतियोगिता (फैंसी ड्रेस) में कक्षा ४ के क्षितिज विक्रम सिंह ने प्रथम स्थान तथा कक्षा ४ के प्रखर पाण्डेय ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

विद्यालय द्वारा आयोजित विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम: १५ अगस्त, २०१८ को स्वतंत्रता दिवस; ०२सितम्बर, २०१८ को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी; ०५ सितम्बर, २०१८ को शिक्षक दिवस; ७ से १४ सितम्बर, २०१८ तक हिन्दी सप्ताह; ०२ अक्टूबर, २०१८ को गांधी जयन्ती; १७ नवम्बर, २०१८ को अक्षय नवमी के अवसर पर ऑवला वृक्ष पूजन; दिसम्बर २०१८ को वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता; वसन्त पंचमी के अवसर पर सरस्तवी पूजा कार्यक्रम का अयोजन किया गया।

भविष्य में विद्यालय की विकास सम्बन्धी योजनाएँ: २०० छात्रों के लिए छात्रावास का निर्माण, एक नवीन पुस्तकालय भवन का निर्माण करना, ज्योतिष सम्बन्धी उपकरणों से सुसज्जित प्रयोगशाला का निर्माण, भाषा प्रयोगशाला का निर्माण करना आदि।

२.१.६. का.हि.वि.वि. ग्रंथालय प्रणाली

काशी हिन्दू विश्वविद्यालय पुस्तकालय, देश के सबसे बड़े पुस्तकालयों में से एक है। इस पुस्तकालय की शुरुआत न्यायमूर्ति स्व. काशी नाथ त्रयम्बक तैलंग की याद में उनके पुत्र प्रो. पी.के. तैलंग द्वारा दान स्वरूप प्रदान किए गए पुस्तकों के संग्रह से सेन्ट्रल हिन्दू कॉलेज, कमच्छा के तैलंग हाल में हुई। अपने प्रारम्भिक काल में इसे प्रसिद्ध इतिहासकार सर जदुनाथ सरकार ने सँवारा और बाद में पुस्तकालय आन्दोलन के जनक डॉ. एस.आर. रंगनाथन व उनके बाद डॉ. जे.एस. शर्मा व प्रो. पी.एन. कौल यहाँ के पुस्तकालयाध्यक्ष बने।

पाठ्य सामग्री

काशी हिन्दू विश्वविद्यालय पुस्तकालय की व्यवस्था में शीर्ष पर सयाजीराव गायकवाड ग्रन्थालय (केन्द्रीय ग्रन्थालय) है और इसके अतिरिक्त 'संस्थान पुस्तकालय' चिकित्सा विज्ञान, कृषि विज्ञान, प्रबंन्ध शास्त्र तथा पर्यावरण एवं संपोष्य विकास संस्थान, ६ संकाय पुस्तकालय ४२ विभागीय पुस्तकालय हैं। साथ ही राजीव गांधी दक्षिणी परिसर, बरकच्छा, मिर्जापुर में स्थित पुस्तकालय भी सम्मिलित है। सभी पुस्तकालयों को मिलाकर १६ लाख से अधिक पुस्तकों का संग्रह है। भारत की विश्वविद्यालय पुस्तकालय व्यवस्थाओं में यह पुस्तकालय व्यवस्था सबसे वृहत व्यवस्थाओं में से एक है। वितीय वर्ष २०१८-२०१९ में ३२४६ पुस्तकें एवं ५८८९१ ऑनलाइन पुस्तकें जोड़ी गई। पुस्तकालय में १२४ विदेशी पत्रिकायें एवं २०८ भारतीय पत्रिकायें मुद्रित प्रारूप में आती हैं। इसके अतिरिक्त एक अच्छी संख्या में नि:शुल्क पत्रिकायें भी पुस्तकालय को प्राप्त होती हैं। पुस्तकालय में लगभग ७२२७ पाण्डुलिपियों के अद्वितीय संग्रह के अतिरिक्त दुर्लभ पुस्तक संग्रह, शोध प्रबन्ध संग्रह, विश्वविद्यालय संस्थापक संग्रह, कर्मचारी प्रकाशन संग्रह एवं स्थानीय इतिहास संग्रह भी उपलब्ध हैं।

केन्द्र, राज्य सरकार व उनके अधिकरणों के प्रकाशन विशेशत: समाज विज्ञान, विधि, वाणिज्य व कृषि विषयों के लिए बहुत उपयोगी सूचना स्रोत हैं, जिन्हें पुस्तकालय या तो क्रय करता है या उपहार रूप में प्राप्त करता है।

केन्द्रीय पुस्तकालय को संयुक्त राष्ट्र संघ तथा उसके अधिकरणों के प्रकाशन के लिए ''डिपॉजिटरी पुस्तकालय'' का स्थान प्राप्त है। १९७३ में नि:शुल्क वितरण प्रथा के समाप्त हो जाने के बाद भी पुस्तकालय इन प्रकाशनों को डिपॉजिटरी पुस्तकालय सदस्यता योजना के अन्तर्गत खरीदता है। पुस्तकालय की यह विशेषता किसी भारतीय विश्वविद्यालय के पुस्तकालय में नहीं है।

पुस्तकालय समय

केन्द्रीय ग्रन्थालय वर्ष में ३५९ दिन खुला रहता है। स्वतन्त्रता दिवस, गणतन्त्र दिवस, दशहरा, दीपावली, बसंत पंचमी व होली इन छह दिनों में पुस्कालय बंद रहता है। सामान्यत: पुस्तकालय का समय सप्ताह के दिनों में प्रात: ९.०० बजे से रात्रि ९.०० बजे तक व रविवार व छुटिटयों में प्रात: १०.०० से रात्रि ९.०० बजे तक रहता है। साइबर लाईब्रेरी सुबह ८.०० बजे से रात्रि ११.०० बजे तक खुली रहती है।

प्रतिलिपि सेवा

केन्द्रीय पुस्तकालय में छायाप्रति सुविधा की भारी माँग रहती है। विश्वविद्यालय एवं बाहर के छात्रों व अध्यापकों की माँग पूरी करने के लिए यहाँ तीन फोटोकापी मशीने हैं। वर्तमान सत्र में पुस्तकालय ने १,६१,०८० छायाप्रतियां प्रदान कीं।

दृष्टिबाधित विभाग

केन्द्रीय ग्रन्थालय में दृष्टिबाधित पाठकों की सुविधा के लिए अलग से अनुभाग है, जो पाठ्यक्रम से सम्बन्धित सामग्री को साफ्ट कापी में दृष्टि बाधित पाठकों को उपलब्ध कराता है। वर्ततान वर्ष में ४२ दृष्टिबाधित पाठकों को ग्रन्थालय द्वारा यह सुविधा उपलब्ध कराई गई एवं ०.७९ जीबी डेटाबेस तैयार किया गया। वर्तमान में कुल १९८.२४ जीबी डेटाबेस तैयार हो चुका है।

ऑनलाइन पत्रिकायें, ऑनलाइन पुस्तकें एवं डाटाबेस

केन्द्रीय पुस्तकालय, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय ई-जर्नल्स प्राप्ति हेतु ई-शोध सिंधु का सदस्य है। केन्द्रीय ग्रन्थालय के पास वर्तमान में १५००० से अधिक फुल टेक्स्ट आनलाइन जर्नल्स और बिब्लियोग्राफिक डाटाबेस को सर्च करने की सुविधा उपलब्ध है। काशी हिन्दू विश्वविद्यालय पुस्तकालय नेचर पब्लिशिंग ग्रुप (८ पत्रिकायें), एमेराइल्ड विषय संग्रह (३१२ पत्रिकायें), कैब एब्सट्रेक्ट और इण्डियन जर्नल्स डाटकॉम (३०५ पत्रिकायें), सेज एच.एस.एस. ऑनलाइन (५०६ जर्नल्स एवं बुक्स) को सबस्क्राइब कर रहा है। पुस्तकालय में अमेरिकन केमिकल सोसाईटी, रायल सोसाईटी आफ केमेस्ट्री, नेचर, साइंस प्रोजेक्ट म्यूज (सोशल सांइस एवं ह्यूमिनिटी), इमेराइल्ड (लाइब्रेरी सांइस), एमेराइल्ड मैनेजमेन्ट एक्सट्रा, साइंस, इन्स्टीट्यूट ऑफ फिजिक्स, अमेरिकन इन्स्टीट्यूट ऑफ फिजिक्स, अमेरिकन फिजिकल सोसाइटी, कैम्ब्रिज यूनिवर्सिटी प्रेस, स्प्रिंगर वारलॉग, क्लुवर ऑनलाइन, आदि के ई-स्रोतों को एक्सेस करने की सुविधा यू.जी.सी. इन्फोनेट के माध्यम से उपलब्ध है। विश्वविद्यालय पुस्तकालय सेज, केम्ब्रिज, स्प्रिंगर, टेलर एवं फ्रांसिस, वर्ल्ड सांइटिफिक, पीर्यसन आदि से ५८८९१ से अधिक ई-बुक्स को सब्सक्राइब कर रहा है। काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के पास केमिकल एब्सट्रेक्ट (सांइस फाइण्डर), मैथ साइनेट, मनुपात्रा (लॉ), वेस्टलॉइण्डिया गेल, इण्डियन साइटेशन इन्डेक्स, स्प्रिंगर प्रोटोकोल (१९८०-२०१३) आदि डाटावेस की उपयोग सुविधा भी उपलब्ध है। सभी ऑनलाइन जर्नल्स को काशी हिन्दू विश्वविद्यालय परिसर में नेटवर्क के माध्यम से सर्च किया जा सकता है। इसकी विस्तृत जानकारी बी.एच.यू. की वेबसाइट http://www.bhu.ac.in से प्राप्त की जा सकती है।

प्रलेख प्रदान सेवा

काशी हिन्दू विश्वविद्यालय पुस्तकालय इन्फ्लिबनेट कार्यक्रम के अन्तर्गत, प्रलेख प्रदान सेवा केन्द्र के रूप में चिह्नित देश के पाँच पुस्तकालयों में से एक है। इस सेवा के अन्तर्गत बाह्य पाठकों को शीघ्र एवं तुरन्त प्रलेखों की इलेक्ट्रानिक प्रति उपलब्ध कराने एवं स्रोत संसाधन साझेदारी को बढ़ाने एवं साझेदारी सुविधा उपलब्ध कराना है। जिससे कम लागत मे अधिक से अधिक पाठकों की सूचना आवश्यकता की पूर्ति हो सके।

दुर्लभ सामग्री का डिजिटाइजेशन

केन्द्रीय ग्रन्थालय को राष्ट्रीय पाण्डुलिपि मिशन, संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा पाण्डुलिपि संरक्षण केन्द्र के रुप में मान्यता दी गई है। ग्रन्थालय ने दुर्लभ सामग्री का डिजिटाइजेशन प्रारम्भ कर दिया है। वर्ष २०१८-१९ में लगभग ६० दुर्लभ ग्रन्थों के २,५३२ फोलियो का डिजिटाइजेशन किया जा चुका है।

जनगणना आँकड़ा केन्द्र

इस केन्द्र में भारत सरकार द्वारा कराये गए जनगणना सर्वेक्षण के सभी प्रकार के जन साँख्यिकी आँकड़ा को संग्रहित किया जाता है और शोध के उद्देश्य के लिए शोधार्थियों को उपलब्ध कराया जाता है। इसके साथ ही एसपीएसएस (सामाजिक विज्ञान के लिए सांख्यिकीय) सॉफ्टवेयर को इस केन्द्र के सभी संगणक में अपलोड किया गया है जिससे शोधार्थी आँकड़ों को तालिकाबद्ध विश्लेषण एवं व्याख्या करते हैं। शोधार्थी एवं संकाय सदस्य अपने शोध एवं अन्य शैक्षणिक गतिविधियों के लिए सूक्ष्मस्तरीय जनगणना आँकड़ा का उपयोग करते हैं।

शोध सूचना अनुभाग

केन्द्रीय ग्रंथालय में सन् २०१७ से एक नए अनुभाग की संरचना की गयी है जो विश्वविद्यालय के संकाय सदस्यों एवं शोध छात्रों को उनके शोध से सम्बन्धित सूचनाएँ प्रदान करता है। यह सूचना उनको व्यक्तिगत रूप से ई-मेल के माध्यम से प्रदान की जाती है। यह एक प्रकार की एसडीआई सेवा (चयनात्मक सूचना संप्रेषण) ग्रंथालय के द्वारा दी जाती है।

इन्स्टीच्यूशनल रिपाजिटरी

काशी हिन्दू विश्वविद्यालय का संस्थानिक आधान केन्द्र विश्वविद्यालय के बौद्धिक अवदान को पूरा अभिलेखीय केन्द्र बनाने के उद्देश्य से केन्द्रीय ग्रंथालय द्वारा संस्थानिक अवदान केन्द्र की संरचना एवं

विकसित किया गया है। पुराने शोध प्रबंधों को इसमें अपलोड किया गया है। इस रिपाजिटरी को ऑन लाईन (http://dl.bhu.ac.in./xmlui/) पर प्राप्त किया जा सकता है।

सेवानिवृत संकाय सदस्यों के लिए ग्रंथालय सेवाएं

२०००/- रूपये सदस्यता शुल्क के साथ सेवानिवृत संकाय सदस्यों के लिए ग्रंथालय उपयोग की सुविधा प्रदान की जाती है।

साइबर लाईब्रेरी अध्ययन केन्द्र

साइबर लाईबेरी का उद्घाटन ३मार्च २०१३ को माननीय डा. करण सिंह कुलाधिपति, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय द्वारा किया गया था। यह पूरी तहर से वातानुकूलित वातावरण में सफलतापूर्वक चल रहा है जिसमें ४०२ आपरेटिंग सिस्टम अलग-अलग केबिन में है।

साइबर लाइब्रेरी सूचना के माध्यम से प्रति उपयोगकर्ताओं के व्यवहार को बदल रही है। साइबर लाइब्रेरी का हाल हमेशा छात्रों से भरा होता है जो ३५९ दिनों में सुबह ८:०० बजे से रात ११:०० बजे तक खुला रहता है। मार्च २०१९ के सांख्यिकीय विश्लेषण के अनुसार, प्रतिदिन औसतन ९०० उपयोगकर्ता साइबर लाइब्रेरी की सुविधा का लाभ उठा रहे है।

सांख्यिकीय

१. (क) पुस्तकें व पत्रिकाएँ

अ) वर्तमान वर्ष की शुरूआत में मुद्रित किताबों/थीसिस/पत्रिकाओं की कुल संख्या	११,३०,१६९
आ) वर्तमान वर्ष में परिग्रहण की गयी मुद्रित किताबों/थीसिस/पत्रिकाओं की संख्या	३२४६
इ) वर्तमान वर्ष के अंत में मुद्रित किताबों/थीसिस/पत्रिकाओं की संख्या	११,३३,४१५
ई) वर्तमान वर्ष की शुरूआत में पत्रिकाओं जोड़ की संख्या	शून्य
उ) वर्तमान वर्ष के शुरूआत में पत्रिकाओं (बाउंड संस्करणों) की संख्या	१,३४.०४०
ऊ)परिग्रहण संस्करणों की संख्या	३०३
(ख) प्राप्त पत्रिकाओं की संख्या (१ जनवरी से दिसम्बर २०१७)	
(अ) शुल्क देकर	३३२ (१२४ विदेशी व २०८ भारतीय)
(आ) ऑनलाइन पत्रिकायें	२३०२
(इ) नि:शुल्क (अनियमित)	६९३
(ग) बाउंड संस्करणों की संख्या	१८१४

२. तकनीकी (अंग्रेजी)

अ) तैयार पुस्तकों की संख्या	१५४३
आ) तैयार जिल्द बन्धी पत्रिकाओं की संख्या	४४५
इ) तैयार शोध प्रबन्धों की संख्या	१३२२
ई) रि-बाउंड पुस्तकों की संख्या	७७३

३. तकनीकी (हिन्दी)

अ) तैयार पुस्तकों की संख्या	१६०५
आ) तैयार जिल्द बन्धी पत्रिकाओं की संख्या	शून्य
इ) तैयार शोध प्रबन्धों की संख्या	शून्य
ई) रि-बाउंड पुस्तकों की संख्या	६७०

४. सेवाएं

क) कार्य दिवस

अ) साप्ताहिक कार्य दिवस	प्रात:९.०० से रात्रि ९.०० बजे तक
आ) रविवार व अवकाश के दिन	प्रात:१०.०० से रात्रि ९.०० बजे तक
इ) ग्रन्थालय खुलने के दिवस (एक वर्ष में)	३५९

ख) सदस्य व पुस्तकों का वितरण

१) सदस्यता	
क) छात्र (३१.३.२०१९ तक)	२४५१३
ख) कर्मचारी	५००९
ग) सेवानिवृत्त शिक्षक	२७
२) पुस्तकों का वितरण	
क) छात्र	४५०८०
ख) कर्मचारी	४६१०
ग) विभागीय पुस्तकालय	३८२

ग) सन्दर्भ अनुभाग

१) परामर्श सेवा

क) संदर्भ पुस्तकें परामर्श सेवा	हाँ
ख) ओपेक सेवा	हाँ
ग) डिस्प्ले बोर्ड सूचना सेवा	प्रत्येक महीने

२) बाहरी व्यक्ति का पंजीकरण

क) बाह्य पाठकों की पंजीकरण संख्या	३१२
ख) प्राप्त कुल पंजीकरण शुल्क	रू.३१,६८०.००

घ) पाठ्य-पुस्तक विभाग

पढ़ी गयी पुस्तकों की संख्या	८९,७५०(लगभग)

ड.) सं. राष्ट्र संघ व सरकारी प्रकाशन विभाग

क) सेवा प्रदान पाठकों की संख्या	२७३
ख) पढ़े गये दस्तावेजों की संख्या	१८९९
ग) पढ़े दस्तावेजों मिमियोग्राफ सहित की संख्या	२८९

च) पांडुलिपि विभाग

क) सेवा प्रदान पाठकों की संख्या	३५०
ख) पढ़े गये दस्तावेजो की संख्या	४४१
ग) दुर्लभ प्रलेखों का डिजिटाइजेशन	६०
घ) डिजिटल फोलियो की संख्या	२५३२

छ) शोध ग्रंथ अनुभाग

क) पाठकों की संख्या	१५,६९१
ख) पढ़ी गई शोध ग्रंथों की संख्या	१६७८५

ज) प्रतिलिपि इकाई

क) फोटो कापी किये गये पृष्ठों की संख्या	१,३७,४८०
ख) कार्यालयीन	२३,६००

झ) संगणक अनुभाग

क) वाई-फाई/इंटरनेट/ई-संसाधन के द्वारा सेवा (लगभग) दिए गए पाठकों की संख्या	२५००(लगभग)
ख) साइंस फाइन्डर पंजीकरण	१२
ग) इलेक्ट्रॉनिक दस्तावेज डिलिवरी सेवा + एण्टी प्लेगियारिज्म चैक	१२००
घ) कम्प्यूटर और नेटवर्क का रखरखाव	प्रतिदिन
ड.) प्रश्नावली का कार्य	२५
च) सर्वर और नेटवर्क प्रबंधन	प्रतिदिन
छ) सोल डेटाबेस प्रबंधन	प्रतिदिन
ज) ई-संसाधनों की चेकिंग	प्रतिदिन

ञ) दृष्टिबाधित अनुभाग

क) उपयोगकर्ताओं की संख्या	४२
ख) रिकॉर्डिंग पुस्तकों की संख्य	०२
ग) दृष्टिवाधित छात्रों को प्रदान की गई डेटाबेस की संख्या	१९८.२४ जीबी की संख्या
घ) ऑडियो डेटाबेस का आकार	०.७९ जीबी
ड.) प्रिन्ट सेवा	२२७ (पेज)

ट) जनगणना ऑकड़ा केन्द्र

क) उपयोगकर्ताओं की संख्या	२४५

ठ) शोध संरचना विभाग

क) शोध प्रोफाईल की संख्या	३५५
ख) शोधकर्ताओं को प्रदान किए गए पूर्ण पाठ लेखा की संख्या	२४३५

५. वित्त

(१ अप्रैल २०१७ से ३१ मार्च २०१८)

अ) खर्चे

क) पुस्तकें व पत्रिकाएँ रखरखाव अनुदान आवर्ती अनुदान,विलय अनुदान	रू.२,७०,१२,०४१,००
ख) प्रतिलिपि करना	रू.२,०७,३५३.००
ग) जिल्द बँधवाई	रू.२,५९,२००.००

आ) आमदनी

क) विलम्ब शुल्क	रू.३,९३,६१४.००
ख) पुस्तक भरपाई मूल्य	रू.९०,७९७.००
ग) टोकन खोना	रू.६१५.००
घ) प्रतिलिपिकरण	रू.६८,७८८.००
ड.) इंटरनेट सेवा (प्रिंट आउट)	रू.२२७.००
च) पुस्तकालय परामर्श शुल्क	रू. ३१,६४०.००
छ) अन्य शुल्क	रू.५३,३०२.००

६. साईबर लाईब्रेरी अध्ययन केन्द्र

क) इन्टरनेट सर्च विद्यार्थियों की संख्या (प्रति दिन)	९०० (लगभग प्रति दिन)
ख) साईबर लाइब्रेरी समय सेवा	प्रात: ८.०० बजे से रात्रि ११.०० बजे तक

कृषि विज्ञान संस्थान

वर्तमान सत्र के दौरान नई पुस्तकों की खरीद-४५

विदेशी प्रकाशन	-	२१
भारतीय प्रकाशन	-	२४
कुल पुस्तकालय संग्रह	-	३०,३५२

चिकित्सा विज्ञान संस्थान

चिकित्सा विज्ञान संस्थान का ग्रन्थालय १३५० वर्गमीटर में स्थित है, जिसमें २४० लोगों के बैठने का प्रबन्ध हैं। ग्रन्थालय में लगभग १ लाख पुस्तकें उपलब्ध हैं। संस्थान पुस्तकालय सभी रविवार एवं छुट्टियों में २४ घंटे खुला रहता है। इंटरनेट व फोटोकापी की सुविधा उपलब्ध है।

लाइब्रेरी में टोटल बुक्स १०५७३७(वर्तमान सत्र में ४०० सजिल्द पत्रिकाओं को शामिल करना)

प्रिंटजर्नल चिकित्सा विज्ञान संस्थान

भारतीय जर्नल – ७०

विदेशी जर्नल – ५१

ई-जर्नल्स चिकित्सा विज्ञान संस्थान पुस्तकालय

एआरएमइडी के माध्यम से	- २४३
आईएनएफएलआईबीएनइटी के माध्यम से	- ४०१

पर्यावरण एवं धारणीय विकास संस्थान

छात्रों के लिए विश्वविद्यालय की केन्द्रीय ग्रन्थालय की सुविधा के साथ-साथ संस्थान में भी ग्रन्थालय की सुविधा उपलब्ध है जिसमें २०६ पुस्तकें एवं ३ पत्रिका रखे गये हैं संस्थान के विशाल शिक्षण और अनुसंधान गतिविधि को कवर करता है।

प्रबन्धशास्त्र संस्थान

कुल पुस्तके	१९८१३
जर्नल/पीरियाडिकल्स	४५
इलेक्ट्रॉनिक संस्करण	९८
पुस्तकें जारी की और परामर्श दिया	१८३००
लाइब्रेरी खुलने का समय	सुबह ९: बजे से सांय ६बजे तक

कला संकाय

बंगाली विभाग का विभागीय पुस्तकालय है। इसमें लगभग ३५०० पुस्तकों और पत्रिकाओं से सुसज्जित पुस्तकालय है।

शिक्षा संकाय

संकाय के ग्रंथालय मे १९८१९ से अधिक पुस्तकें, १३२ शब्दकोष, ३४७ शोध थीसिस, १०८७ लघुशोध प्रबन्ध, ७५० पत्रिकाएं एवं ऑन लाइन पत्रिकायें विद्यार्थियों, शोध छात्रों एवं संकाय सदस्यों के लिये उपलब्ध हैं। इसके साथ ही साइबर लाइब्रेरी में ४० संगणक टर्मिनल विद्यार्थियों एवं संकाय सदस्यों के लिए उपलब्ध हैं।

विधि संकाय

लॉ स्कूल के १६०० विद्यार्थियों, अध्यापकों एवं शोध छात्रों की दृष्टि से एक बड़ा पुस्तकालय है। एल.एल.बी. के विद्यार्थी ऋण योजना के अधीन पुस्तकें प्राप्त कर सकते हैं। इसका क्षेत्रफल १८७०० वर्गफीट है। लगभग २५० छात्रों के बैठने की दृष्टि से एक बड़ा रीडिंग रूम यहाँ उपलब्ध है। पुस्तकालय ज्ञानार्थियों के लिए अपने खुले द्वार के साथ हमेशा उपस्थित है। लॉ स्कूल पुस्तकालय निम्नलिखित सुविधाएं प्रदान करता है –

पुस्तकालय संग्रह	पुस्तकों की संख्या	शामिल पुस्तकों की संख्या
पुस्तकें	५४,१९४	५६६
पीरियाडिकल्स (सजिल्द)	२९,७८१	३६६
पीरियाडिकल्स (करेंट टाइटिल्स)	७०	
पीरियाडिकल्स (बनारस लॉ जर्नल से आदान-प्रदान द्वारा)	४० विदेशी, १५२ भारतीय (कुल १९२)	
शोध प्रबंध एवं लघु शोध प्रबंध	१८८७	१०५
कुल	**८६१२४**	**१०३७**

दृश्य कला संकाय

कुल पुस्तकों की संख्या	-	१००४२
कुल शोध पत्रिकाओं की संख्या	-	४६२ (सजिल्द)
संकाय ग्रन्थालय में रिपोर्ट अवधि के दौरान सग्रंहीत पुस्तकों की संख्या	-	८६५
रंगीन स्लाईड्स	-	३२३
मूल ग्राफिक्स प्रिंट	-	३६३
सामयिक जर्नल	-	२५

वाणिज्य संकाय

विभागीय पुस्तकालय एक उल्लेखनीय संख्या में किताबों के साथ समृद्ध हो गया है। कुल मिलाकर छात्रों के परामर्श के लिए किताबें २५३९३ वाणिज्य संघ पुस्तकालय से संबंधित किताबें इस आंकडे के साथ शामिल नहीं हैं।

मंच कला संकाय

मंच कला संकाय में स्थित संगीतशास्त्र में स्थित संगीतशास्त्र विभाग में लगभग ७५०० दुर्लभ पुस्तकें, पत्रिकाएं, पांडूलिपि, समसामयिक पत्रिकाएं हैं।

संस्कृत विद्या धर्म विज्ञान संकाय

संकाय ग्रंथालय में लगभग २५,००० से भी अधिक पुस्तकों तथा सैकड़ों पाण्डुलिपियों का विशाल संग्रह है।

महिला महाविद्यालय

इस साल बढ़ाई गई पुस्तकों की संख्या - ४०३

नियतकालिक पत्रिकाओं की बढ़ी हुई संख्या - ०४

कुल पुस्तकालय में पुस्तक : ५४४६५

पुस्तकालय में नए संदर्भ अनुभाग की स्थापना।

राजीव गांधी दक्षिणी परिसर

क) कुल पुस्तकों की संख्या - १२,९०२

ख) इस सत्र में बढ़ी हुई पुस्तकों की संख्या - ६९२

ग) निर्गत की गई पुस्तकें - ११,७५२

घ) परामर्श की गई पुस्तकें - ५५,३८२

च) ग्रंथालय के खुलने का समय

कार्य दिवसों में - ०८:००पूर्वाहन से ०८:००अपराहन

छ) कम्पूटर कक्ष की संख्या - १

ज) सहायक उपकरण के साथ कम्प्यूटर की संख्या - ६०

झ) वर्ष के दौरान परामर्श दिये गये विद्यार्थियों की संख्या- १५,७५१

संस्थानों, संकायों व महाविद्यालयों के पुस्तकालय

अनेक विभागों के पास छात्रों एवं शिक्षकों के लिए उनके अपने पुस्तकालय हैं।

१. रसायन शास्त्र विभाग

पुस्तकें	७०००

२. भौमिकी विज्ञान विभाग

पुस्तकें	४९८५
पीरियाडिकल्स	३०१

३. भूगोल विभाग

पुस्तकें	७९३०
भारतीय जर्नल	१५
विदेशी जर्नल	१५

४. भू-भौतिकी विभाग

पुस्तकें	२५००

५. आणविक एवं मानव अनुवांशिकी विभाग

पुस्तकें	५९६

६. जन्तु विज्ञान विभाग

पुस्तकें	८८६०

७. सांख्यिकी विभाग

पुस्तकें (लगभग)	४००

८. जैव रसायन विभाग

पुस्तकें	१६२१

९. भौतिकी विभाग

पुस्तकें (लगभग)	२००००

१०. गणित विभाग

पुस्तकें (लगभग)	५३२१
पीरियाडिकल्स	५०
जर्नल (लगभग)	२५३५

११. वनस्पति विज्ञान विभाग

पुस्तकें	५५८३

१२. जैव प्रौद्योगिकी स्कूल

पुस्तकें	२६२९
नई पुस्तकें	२१

१३. गृह विज्ञान विभाग

पुस्तकें	३०००

१४. डी.एस.टी.- अन्तर्विषयक गणितीय विज्ञान केन्द

पुस्तकें	७४५
जर्नल	६०६

१५. संगणक विज्ञान विज्ञाग

पुस्तकें	३६६२

१६. आनुवांशिकी विकार केन्द्र

पुस्तकें	७४

१७. खाद्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी केन्द्र

पुस्तकें	२००

१८. नेपाल अध्ययन केन्द्र

पुस्तकें	३५००
जर्नल	१४००

१९. सामाजिक बहिष्करण एवं समावेशी नीति अध्ययन

नई पुस्तकें	१२

२०. मालवीय शांति अनुसंधान केन्द्र

प्रपत्र	२०००
समाचार पत्र	१०
जर्नल	३०

२१. भारत कला भवन

किताब	२२,५४५
पीरियाडिकल्स	६३४०
जर्नल	०८

२२. यू.जी.सी.-ह्यूमन रिसोर्स डेवलपमेन्ट सेन्टर

किताब	१८०६
जर्नल	०७

२३. महिला अध्ययन एवं विकास केन्द्र

पुस्तकें	३०००
जर्नल	०१
समाचार पत्र	०८
पत्रिका	०९
बुक (एडड)	५६८

२४. सेंटर ऑफ फॉरेंसिक साइंस

पुस्तकें	३५

२५. समन्वित ग्रामीण विकास केन्द्र

पुस्तकें	३५००

सम्बद्ध महाविद्यालयों के पुस्तकालय

१. आर्य महिला पी.जी.कॉलेज

पुस्तकें	३४४२०
जर्नल	५३
समाचार पत्र	१२
पत्रिका	२०
बुक (बुक बैंक)	१८८४

२. वसन्ता महिला महाविद्यालय

पुस्तकें	४३,६५६
जर्नल	४२
पत्रिका	११
समाचार पत्र	११

३. वसन्त कन्या महाविद्यालय

पुस्तकें	२७१२९
नई पुस्तकें	८४१
जर्नल	०६
पत्रिका	२०
प्रतिदिन समाचार पत्र	१०

४. डी.ए.वी. पी.जी कॉलेज

पुस्तकें	४५५७४
पीरियाडिकल्स	५९

विद्यालयों के पुस्तकालय

१. श्री रणवीर संस्कृत विद्यालय

पुस्तकें	१००००

२. सेन्ट्रल हिन्दू ब्वाय़ज स्कूल

पुस्तकें	४००००

२.१.७ यू.जी.सी. मानव संसाधन विकास केन्द्र

मानव संसाधन विकास केन्द्र का मुख्य कार्य है- विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों में नव-नियुक्त अध्यापकों और प्रशासनिक अधिकारियों को दिशानिर्देशन पाठ्यक्रमों एवं पुनश्चर्या पाठ्यक्रमों के द्वारा प्रशिक्षित करना। इसके अतिरिक्त यहाँ प्रशासकों के लिए कार्यशालाएं भी आयोजित की जाती हैं। समय-समय पर संगोष्ठियाँ और विभिन्न क्षेत्रों के विद्वानों के व्याखान भी इस सेंटर में आयोजित किये जाते हैं।

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के अद्यतन दिशा निर्देशों के अनुसार दिशा निर्देशन एवं पुनश्चर्या पाठ्यक्रम में सूचना प्रौद्योगिकी आधारित व्याख्यानों पर विशेष बल दिया जाता है। इस उद्देश्य की पूर्ति हेतु एक कम्प्यूटर प्रयोगशाला वर्ष २००५-०६ में एचआरडीसी में स्थापित की गई है और सूचना प्रौद्योगिकी पर आधारित पाठ्यक्रमों का भी आयोजन किया जाता रहा है।

अब तक यहाँ ५ विशेष समर स्कूल, ५ विशेष विन्टर स्कूल, ९ एकेडेमिक एडमिनिस्ट्रेटर्स कार्यशाला, ११ प्रोफेशनल डेवलपमेन्ट कार्यक्रम गैर शिक्षण कर्मचारियों हेतु, ३ प्रोग्राम शोधरत विद्यार्थियों हेतु, ८१ दिशानिर्देशन एवं निम्नलिखित विषयों में २१९ पुनश्चर्या कार्यक्रम (३१ मार्च २०१९ तक) आयोजित किये गये हैं : हिन्दी, अंग्रेजी, संस्कृत, इतिहास, दर्शनशास्त्र, राजनीति विज्ञान, महिला अध्ययन, पत्रकारिता, तिब्बती अध्ययन, वाणिज्य, भौतिक शास्त्र, रसायन शास्त्र, वनस्पति शास्त्र, प्राणि शास्त्र, भौमिकी, भूगोल, समाज शास्त्र, गणित, विधि शास्त्र, अभियांत्रिकी, कृषि विज्ञान, पर्यावरण विज्ञान, चिकित्सा विज्ञान, तुलनात्मक साहित्य, संगीत एवं गायन और सूचना एवं संचार तकनीक अनुप्रयोग।

यू.जी.सी-मानव संसाधन विकास केन्द्र, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी द्वारा वर्तमान वर्ष में २ दिशा निर्देशन कार्यक्रम, ७ पुनश्चर्या पाठ्यक्रम (अन्तरविषयी पाठ्यक्रम सहित) और २ अल्पकालीन कार्यक्रम आयोजित किए गए जिनसे कुल १०१५९ प्रतिभागी लाभान्वित हुए। ये प्रतिभागी विभिन्न विषयों के थे जो अरुणाचल, असम, आन्ध्रप्रदेश, मिजोरम, नागालैण्ड, पश्चिम बंगाल, बिहार, पंजाब, जम्मू कश्मीर, राजस्थान, महाराष्ट्र, कर्नाटक, तमिलनाडु, केरल, गुजरात, त्रिपुरा, उत्तराखण्ड, झारखण्ड, छत्तीसगढ़ और उत्तर प्रदेश राज्यों से थे। विभिन्न पुनश्चर्या पाठ्यक्रम इतिहास,, अंग्रेजी, पर्यावरण अध्ययन, सूचना तकनीकी, पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान, दर्शन एवं धर्मागम, शारीरिक शिक्षा, आयुर्वेद, तुलनात्मक साहित्य, मानवाधिकार, चिकित्सा विज्ञान, कृषि, महिला अध्ययन और संस्कृत विषयों में आयोजित हुए। इन कार्यक्रमों में देश के प्रमुख विषय

विशषज्ञों ने अपने व्याख्यान से प्रतिभागियों को लाभान्वित किया जिनमें प्रमुख रूप से डॉ. अर्चना ठाकुर (संयुक्त सचिव, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग), डॉ. सी.एस. झा, इसरो, हैदराबाद, प्रो. अनिल भरद्वाज, पी.आर.एल. अहमदाबाद, प्रो. अन्नपूर्णा देवी पाण्डेय, कैलीफोर्निया विश्वविद्यालय, यू.एस.ए., श्री रूपेश श्रीवास्तव, यू.एस.ए., प्रो. एम.एम. चतुर्वेदी, प्रो. मुरलीधर, दिल्ली विश्वविद्यालय, प्रो. एस.एन. उपाध्याय, पूर्व निदेशक, आई.आईटी.-का.हि.वि.वि., प्रो. ओ. एन. श्रीवास्तव, का.हि.वि.वि., प्रो. विजयलक्ष्मी राव, जे.एन.यू., नई दिल्ली, प्रो. शसविया हुसैन, जामिया मिलिया इस्लामिया, नई दिल्ली, प्रो. के. श्रीवास्तव, एन.ई.आई.पी.ए., नई दिल्ली, डॉ. ए. के. मिश्रा, ए.आई.आई.एम.एस., नई दिल्ली और श्री एस.एस. उपाध्याय, उत्तर प्रदेश राज्यपाल के कानूनी सलाहकार प्रमुख हैं।

पाठ्यक्रम आयोजन

अन्य सुविधायें

यू.जी.सी-एच.आर.डी.सी. के व्याख्यान कक्ष और कालेज के अतिथि गृह को विश्वविद्यालय के सहयोग से आधुनिक सुविधाओं से युक्त बनाया जा रहा है। व्याख्यान कक्ष वातानुकूलित है। फरवरी २०१२ में राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद बैंगलोर की टीम ने इसका निरीक्षण किया एवं कालेज के द्वारा आयोजित किए गए पाठ्यक्रमों एवं अन्य कार्यों की सराहना की तथा एक रिपोर्ट कालेज को और यू.जी.सी., नई दिल्ली को प्रेषित की।

अपनी स्थापना के समय से ही यू.जी.सी. एकेडेमिक स्टाफ कॉलेज (वर्तमान में यू.जी.सी. मानव संसाधन विकास केन्द्र) राष्ट्रीय शिक्षा नीति १९८६ में सुनिश्चित किये गये उद्देश्यों की पूर्ति हेतु निरन्तर प्रयासरत है और पिछले ३२ वर्षों में इस उद्देश्य को प्राप्त करने में हमें महत्त्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है।

क्रम सं.	पाठ्यक्रम का नाम	अवधि	प्रतिभागियों की संख्या
१.	दिशानिर्देशन पाठ्यक्रम-८०	जुलाई २१ से अगस्त १७, २०१८	७१
२.	दिशानिर्देशन पाठ्यक्रम-८१	नवम्बर १७ से दिसम्बर १४, २०१८	६६
पुनश्चर्या पाठ्यक्रम			
३.	चिकित्सा विज्ञान का आठवाँ पुनश्चर्या पाठ्यक्रम	जून ०१ से २१, २०१८	४४
४.	ह्यूमन राइट एवं लॉ का चौथा पुनश्चर्या पाठ्यक्रम	जनवरी १०-३०, २०१९	३७
५.	पर्यावरण अध्ययन का नौवाँ पुनश्चर्या पाठ्यक्रम	मई २३ से जून १२, २०१८	५९
६.	समाजिक विज्ञान का ग्रीष्मकालीन पुनश्चर्या पाठ्यक्रम	अक्टूबर १५ से नवम्बर ०४, २०१८	३२
७.	महिला एवं लिंग संवेदीकरण अध्ययन का १६वाँ पुनश्चर्या पाठ्यक्रम	दिसम्बर १८, २०१८ से जनवरी ०७, २०१९	५४
८.	तुलनात्मक साहित्य (भारतीय एवं विदेशी भाषाएं) का चौथा पुनश्चर्या पाठ्यक्रम	फरवरी ०७ से २७, २०१९	३५
९.	आधारभूत विज्ञान का पाचवाँ शीतकालीन पुनश्चर्या पाठ्यक्रम	फरवरी २६ से मार्च १८, २०१९	४५
अल्प अवधि के कार्यक्रम			
१.	मूक्स, ई-कान्टेंट विकास और ओपेन एजूकेशनल रिसोर्स की कार्यशाला	अगस्त १९ से २५, २०१८	४२
१.	अकादमिक प्रशासकों के लिए अल्प अवधि का पाठ्यक्रम	मार्च २५ से ३०, २०१९	४०
	महायोग		**५२५**

२.१.८ मालवीय भवन

मालवीय भवन, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के आदरणीय संस्थापक व शीर्षस्थ स्वतंत्रता संग्राम सेनानी पं. मदन मोहन मालवीय जी का पूर्व आवास होने के साथ-साथ विश्वविद्यालय-परिसर का मुख्य स्मारक भवन भी है और यह १९६१ में मालवीय-शताब्दी वर्ष के अवसर पर जनसाधारण के दर्शन हेतु खोल दिया गया था। मालवीय-भवन मालवीयजी की शिक्षा उनके विचारों, उनके अतिप्रिय विषयों की पढ़ाई और जीवन के ऊपर शोध -कार्य के दायित्व का निर्वहन भी करता है। मालवीय भवन में निम्नलिखित प्रकल्प कार्यरत हैं –

१. योग साधना केन्द्र
२. गीता -समिति
३. गीता-योग पुस्तकालय
४. सभागृह एवं
५. मालवीय-मूल्य अनुशीलन केन्द्र

सुविधाएं और कार्यक्रम

योग साधना-केन्द्र

मालवीय भवन के प्रथम मानित निदेशक प्रो.टी.आर. अनन्तरमन जो बाद में रेक्टर भी बने, के सतप्रयास से सन् १९७५ में वसन्त पंचमी के दिन योग साधना केन्द्र की स्थापना हुई। यह काशी हिन्दू विश्वविद्यालय में योग के प्रशिक्षण, निर्देशन और शोध कार्य की अन्तरानुशासनिक शैक्षणिक संस्था है और योग के क्षेत्र में विश्वविद्यालय –परिसर में होने वाली सभी गतिविधियों का केन्द्र बिन्दु है। यहाँ दो तरह के पाठ्यक्रम संचालित होते हैं:

१. योग में सर्टिफिकेट एवं
२. योग में डिप्लोमा।

वर्तमान सत्र में उक्त पाठ्यक्रमों में प्रतिभागियों की संख्या निम्नवत् है:

पाठ्यक्रम	पुरुष	महिला	विदेशी	कुल
सर्टिफिकेट कोर्स इन योग	१२४१	१०१८	१५	२२७४
डिप्लोमा इन योग	१०९	११२	५	२२६

योग सर्टिफिकेट एवं योग डिप्लोमा पाठयक्रमों में विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों के आचार्यों द्वारा कुल तीस व्याख्यान हुए। इसके अतिरिक्त तीन विशिष्ट व्याख्यानों का आयोजन किया गया। मार्च मास में प्रथम व्याख्यान जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय के संस्कृत विभाग के आचार्य प्रो. रामनाथ झा का एवं द्वितीय व्याख्यान स्वामी डॉ. रामकमल दास वेदान्ती जी महाराज का हुआ। इसी क्रम में अप्रैल मास में मानस के सुप्रसिद्ध कथावाचक पूज्य श्री अतुल कृष्ण जी भारद्वाज का विशिष्ट व्याख्यान गीतोक्त योग शास्त्र पर हुआ।

उक्त कार्यक्रमों की अध्यक्षता काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति प्रो. राकेश भटनागर ने की। जून मास के प्रथम सप्ताह में पंचम अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के आयोजन के अन्तर्गत दिनांक ०६ जून से २०जून,२०१९तक पंचदश दिवसीय प्रात: एवं सायंकालीन योग-कार्यशाला की गई। इस कार्यशाला में लगभग कुल ८०० छात्र/छात्राओं एवं शिक्षक/कर्मचारियों ने भाग लिया। उक्त कार्यशाला में विशिष्ट व्याख्यानों का आयोजन भी किया गया। प्रथम व्याख्यान दिनांक ०६.०६.२०१९ को मालवीय भवन के मानित निदेशक प्रो. उपेन्द्र पाण्डेय का ''गीता एक सार्वभौमिक ग्रन्थ'' विषय पर हुआ। द्वितीय व्याख्यान दिनांक ०९.०६.२०१९ को श्री पूर्णानन्द अजपा योग संस्थान के संस्थापक श्री गुरूप्रसाद जी महाराज, एवं उनके सहयोगी श्री नीरज गोस्वामी का योग से सम्बद्ध विषय पर हुआ। इस क्रम में आध्यात्मिक व्याख्यान गीता-योग विषय पर दिनांक १५.०६.२०१९

को सांय ५.०० बजे से हुआ। उपर्युक्त व्याख्यानों के अतिरिक्त लेख, भाषण, चित्रकला, प्रश्नोत्तरी एवं योगासन प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया। पंचम अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस २१ जून, २०१९ के अवसर पर प्रात: ७ बजे से ८ बजे तक आयुष मंत्रालय द्वारा निर्दिष्ट सामूहिक सामान्य योगाभ्यास का आयोजन माननीय कुलपति जी के नेतृत्व में मालवीय भवन परिसर में सम्पन्न हुआ। मुख्य आयोजन के अन्तर्गत प्रात: १० बजे से आयोजित संगोष्ठी में सफल प्रतिभागियों को काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति एवं रेक्टर महोदय के कर कमलों द्वारा पुरस्कृत किया गया तथा योग साधना केन्द्र के सभी अनुदेशकों को भी सम्मानित किया गया।

गीता- समिति

गीता प्रवचन महामना द्वारा सुनिश्चित महनीय प्रकल्पों में से एक है। महामना जी समय-समय पर स्वयं भागवत, पुराण गीता आदि विषयों पर प्रवचन किया करते थे। गीता समिति द्वारा मालवीय भवन में प्रति रविवार गीता प्रवचन होता है। वर्तमान सत्र में कुल ३६ प्रवचन सम्पन्न हुए हैं, जिनमें ८ विशिष्ट प्रवचन हुए हैं। उद्घाटन सत्र में विशिष्ट प्रवचन सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. राजाराम शुक्ल जी का हुआ। इसी क्रम में मथुरा के मानस –कथा के मर्मज्ञ श्री अतुलकृष्ण भारद्वाज, भारतीय दर्शन अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली के सचिव सदस्य प्रो. रजनीश शुक्ल, हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति, प्रो. ए.डी.एन. वाजपेयी, अहमदाबाद गुजरात के आचार्य महामण्डलेश्वर विशोकानन्द भारतीय जी महाराजा तथा संस्कृत विद्या धर्मविज्ञान संकाय, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के वेद विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष प्रो. हृदय रंजन शर्मा जी के विशिष्ट गीता- प्रवचन हुए। सम्पूर्ति सत्र में महामना मालवीय मिशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री प्रभुनारायण श्रीवास्तव का प्रवचन हुआ

महामना सभागार (सभागृह)

मालवीय भवन के सभागृह में विश्वविद्यालय के सभी महत्वपूर्ण सांस्कृतिक वा धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन होता है। अगस्त २०१८ में मालवीय भवन के सभागृह में कृष्ण जन्माष्टमी का पावन पर्व आयोजित हुआ। यह सभागृह नियमित रूप से योग से सम्बंधित प्रशिक्षण पाठ्यक्रम, गीता, योग व मूल्य शिक्षा से सम्बद्ध व्याख्यानों तथा संगोष्ठियों के लिये उपयोग में लाया जाता है। इस वर्ष मालवीय भवन के सभागृह में मालवीय भवन के शताब्दी समारोह का सत्र २०१८-१९ में आयोजित कार्यक्रम इस प्रकार हैं नौ दिवसीय महामना मानस- कथा का शुभारम्भ मथुरा से पधारे हुए सुप्रसिद्ध मानस- कथा मर्मज्ञ श्री अतुलकृष्ण भारद्वाज जी महाराज के द्वारा दिनांक १८ अगस्त ,२०१८ तक सायं ५ से ८ बजे तक तथा साथ ही मालवीय जयन्ती के अवसर पर ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय दरभंगा के संस्कृत विभाग के आचार्य डॉ. जयशंकर झा द्वारा भागवत – कथा सम्पन्न हुई।

मालवीय- मूल्य अनुशीलन केन्द्र

मालवीय मूल्य अनुशीलन केन्द्र विगत कई वर्षों से उच्च शिक्षा के अर्न्तगत नैतिक एवं मानवीय मूल्यों की स्थापना हेतु विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन करता आ रहा है।

२.१.९. भारत कला भवन

भारत कला भवन, कला एवं पुरातत्व का एक विश्वविद्यालयीय संग्रहालय है तथा यह मुगल एवं राजस्थानी शैली की भारतीय चित्रकला के समृद्ध संकलनों के साथ-साथ मूर्ति, वसन, सिक्के तथा भारतीय साहित्य पुरातत्व की हस्तलिखित पाण्डुलिपियों आदि ख्याति प्राप्त संग्रहों के लिये विश्वविख्यात है। इस संग्रहालय में लगभग १.५ लाख से भी अधिक दुर्लभ वस्तुओं का विशाल संग्रह है। जिनके विविध विधा के उत्कृष्ट संग्रहों को भूतल एवं प्रथम तलमें स्थित १३ वीथिकाओं में प्रदर्शित किया गया है, जिसके अवलोकनार्थ राष्ट्रीय एवं अन्तर राष्ट्रीय दर्शक निरन्तर आते रहते हैं। स्थानीय एवं विदेशी पर्यटकों, दर्शकों के अतिरिक्त यह संग्रहालय देश एवं विदेश के विद्यार्थियों, शोध-छात्रों एवं विद्वानों के शैक्षणिक आवश्यकताओं की पूर्ति भी करता है। भारत कला भवन का अपना एक समृद्ध पुस्तकालय भी है जो कला एवं पुरातत्व के एक उत्कृष्ट सन्दर्भ पुस्तकालय के रूप में जाना जाता है।

वर्तमान सत्र में भारत कला भवन संग्रहालय के विक्रय पटल द्वारा प्रवेश शुल्क, छायाचित्रण तथा प्रकाशन से अर्जित आय रू.४,१२,१८२/-की है।

दर्शक

भारतीय	-१२१६६×२०	= २,४३,३२०/-
छात्र	--४७३३×१०	= ४७,३३०/-
विदेशी	-२७०७×२५०	= ६७६,७५०
		९,६७,४००/-

वर्तमान सत्र के दौरान निम्न कार्य किये गये

- भारत कला भवन की निधि एवं अलंकरण कला दीर्घा का इन्फोसिस फाउण्डेशन के सौजन्य से आधुनिकीकरण किया गया।
- भारत कला भवन में २०० केवी का सौर उर्जा पॉवर प्लाण्ट यूनिट स्थापित किया गया।

- वसन एवं अलंकरण कलावस्तुओं के प्रलेखन, फोटोग्राफी एवं भौतिक सत्यापन का कार्य किया गया।
- भारत कला भवन के मुद्रा विभाग संग्रह के ३२२०२ सिक्कों का मूल्यांकन कार्य किया गया।
- भारत कला भवन के चित्र विभाग संग्रह के १३५०० लघु चित्रों का मूल्यांकन कार्य किया गया।
- भारत कला भवन के मृण्मूर्ति विभाग संग्रह के ४४१९ टेराकोटा का मूल्यांकन कार्य किया गया।
- भारत कला भवन के अलंकरण विभाग के १२०८कला वस्तुओं का मूल्यांकन कार्य किया गया।
- भारत कला भवन के संकलनों से लगभग ६२००० कलावस्तुओं का छायांकन किया गया।
- भारत कला भवन के चित्र कला विभाग भण्डारण कक्ष के रख-रखाव तथा उनमें संरक्षित प्रदर्शों की पहचान, माप तथा आवश्यक संरक्षण के कार्य किये गये।

प्रदर्शनी/संगोष्ठी/कार्यशाला/अनुदान

- भारत कला भवन के चित्रकला संग्रहो में से आधुनिक चित्रकारों के चित्रों की प्रदर्शनी ०१ जनवरी २०१८ से १२ जून २०१८ तक कराई गयी।
- वर्षा ऋतु के अवसर पर भारत कला भवन के चित्र कला संग्रहों में से ''पावस'' प्रदर्शनी २७ जून से १६ जुलाई जक लगाई गई।
- डॉ. राधाकृष्ण गणेशन, वरिष्ठ कलाकार भा. क.भ. की एकल छायाचित्र प्रदर्शनी ''साधुस् ऑफ बनारस'' अगस्त २०१८ को इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय कला केन्द्र, नई दिल्ली द्वारा पाण्डिचेरी में आयोजित।
- श्री लीलाधन मण्डलोयी, निदेशक दूरदर्शन नई दिल्ली द्वारा दिनांक ०६ सितम्बर से ०५ अक्टूबर २०१८ तक 'देखा–अदेखा' नामक अमूर्त छायाचित्र प्रदर्शनी भारत कला भवन में लगाई गयी।
- न्ययार्क अमेरिका के चित्रकार कैटरीना अब्रमोवा द्वारा दिनांक २५ अक्टूबर से १७ नवम्बर २०१८ तक 'द विण्डो' नामक चित्र कला प्रदर्शनी भारत के प्रबुद्ध कलाकारों द्वारा १७ फरवरी को भारत कला भवन में आयोजित की गयी।

इस वर्ष हमारे सहकर्मियों ने विविध गतिविधियों में सहभागिता की:

- इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय कला केन्द्र द्वारा पाण्डिचेरी में आयोजित डॉ. राधाकृष्ण गणेशनकी प्रदर्शनी ''साधूस् ऑफ बनारस'' पर एक सचित्र कैटलॉग प्रकाशित किया गया।
- डॉ. देवेन्द्र बहादुर सिंह (सहायक संग्रहालयाध्यक्ष) ने वर्ल्ड ट्रेड सेन्टर, बम्बई द्वारा आयोजित १०२ वीं राष्ट्रीय न्यू मिस्मेटिक्स सोसाइटी ऑफ इन्डिया में ३० अगस्त से ०१ सितम्बर २०१८ में सहभागिता की।
- श्री दीपक भरथन अलथुर (सहायक संग्रहाध्यक्ष) ने शिवाली संग्रहालय, मुम्बई द्वारा आयोजित क्यूरेटोरियल कार्यशाला '२१वीं शदी में भारतीय कला प्रदर्शनी: संभावनाये एवं चुनौतिया' में सहभागिता की।

- डॉ. प्रियंका चन्द्रा (सहायक संग्रहाध्यक्ष) ने इ.-पी.जी. पाठशाला प्रोजक्ट में नारी थियेटर एवं ललित कला के अर्न्तगत एक लेखक के रूप में कार्य किया। जो नेशनल मिशन ऑन एजूकेशन यू.जी.सी. द्वारा प्रायोजित था।
- श्री स्वतन्त्र कुमार सिंह (वीथिका परिचारक) ने कला एवं संस्कृति विभाग, बिहार सरकार द्वारा ०६-०८ फरवरी २०१९ को आयोजित राष्ट्रीय सेमिनार में सोनभद्र के रॉक आर्ट पर शोध पत्र प्रस्तुत किया।

प्रमुख दर्शक

दस हजार से अधिक दर्शन (२७०७ विदेशी तथा १६८९९ भारतीय) इस वर्ष संग्रहालय आमंत्रित हुए। भारत कला भवन के रजिस्टर पर प्रमुख दर्शकों की सम्भातियां लिखवाई गयी।

प्रमुख दर्शकों की सूची: लेफ्टिनेन्ट जनरल, निर्भय शर्मा मिजोरम; बी नरेन्द्र पटेल, कालेज ऑफ मैटेरियल मैनेजमेंट, जबलपुर; न्यायमूर्ति वी.के. दीक्षित, पूर्व न्यायाधीश इलाहाबाद हाईकोर्ट; वैन डेन हौता पीटर, बेल्जीयम; येलेर वैन डेन, बेल्जीयम; यूनिक बईज, बेल्जीयम; प्रो. राकेश भटनागर, कुलपति काशी हिन्दू विश्वविद्यालय; यश एण्ड उषा सिम्हा, साउथर्नटन, इंग्लैण्ड; एअर चीफ मार्शल अरूप राहा; श्रेउमा मन्जर, इजराइल एम्बेसी।; सैयद परजम अली, बाग्लादेश हाई कमीशनर, नई दिल्ली।

भारत कला भवन में आयोजित न्यूयार्क की चित्रकार कैटरीना अब्रमोवा की चित्र प्रदर्शनी 'द विण्डो' का शुभ उद्घाटन प्रो. राकेश भटनागर, कुलपति का.हि.वि.वि. ने किया

संग्रहालय दिवस के अवसर पर एक विशिष्ठ 'टीपू सुल्तान का शंख' जन अवलोकनार्थ भारत कला भवन में प्रदर्शित किया गया।

२.२. दक्षिणी परिसर

२.२. दक्षिणी परिसर

राजीव गाँधी दक्षिणी परिसर, बरकछा, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय द्वारा संचालित एक मानकीकृत शैक्षिक संस्था के रूप में (इजारा/पट्टा) भारतमंडल ट्रस्ट द्वारा १ अप्रैल १९७९ में स्वीकृत किए गए ११०४ हेक्टेयर भूखण्ड में विस्तारित है। यह मीरजापुर शहर से लगभग ८ किमी. दक्षिण पश्चिम राबर्टसगंज राजमार्ग पर स्थित है।

मुख्य कार्य

दिनांक ०८ व ०९ अप्रैल, २०१८ को आयुर्वेद व योग में नये प्रगति एवं भविष्य के परिप्रेक्ष्य में, अन्तर्राष्ट्रीय संगोष्ठी ०२ अप्रैल से ०९ अप्रैल, २०१८ तक व्यक्तित्व प्रबंधन पर सात दिवसीय कार्यशाला; दिनांक १४ अप्रैल २०१८ को अम्बेडकर जयंती; २१मई, २०१८ आतंकवाद निरोध दिवस; ०५ जून,२०१८ को विश्व पर्यावरण दिवस;२१ जून,२०१८ को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस; दिनांक ०४ जुलाई,२०१८ को शैक्षणिक सत्र २०१८-१९ का शुभारम्भ; ११२वीं जयंती २३ जुलाई, २०१८को चन्द्रशेखर जयंती; दिनांक ०३ अगस्त,२०१८ को नवनियुक्त आचार्य प्रभारी का उद्बबोधन; ०७ अगस्त,२०१८ को एक दिवसीय अभिसंस्करण कार्यक्रम; १२ अगस्त, २०१८ को परिसर में पौधरोपण अभियान; ७२वां स्वतंत्रता दिवस समारोह २०१८; ०३सितम्बर,२०१८ को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी; दिनांक ५ सितम्बर, २०१८ को शिक्षक दिवस समारोह; दिनांक ०९ सितम्बर,२०१८ को स्वास्थ्य सेवाओं एवं नये भवनों का उद्घाटन; १० अक्टूबर, २०१८ से १२ अक्टूबर,२०१८ तक डीडीयू कौशल केन्द्र के छात्र-छात्राओं के लिए तीन दिवसीय सतत चिकित्सा शिक्षा (सी एम ई) तथा अभिसंस्करण (ओरिएटेशन) कार्यक्रम का आयोजन; दिनांक १९ सितम्बर, २०१८ को कार्यकारिणी परिषद सदस्य का परिसर भ्रमण; दिनांक २७ सितम्बर, २०१८ को विश्व पर्यटन दिवस; २३सितम्बर,२०१८ से २९ सितम्बर,२०१८ तक तनाव प्रबंधन पर सात दिवसीय कार्यशाला; ०२ अक्टूबर,२०१८को गाँधी जयंती; ०३ अक्टूबर,२०१८ को रक्तदान शिविर; १० से १२ अक्टूबर, २०१८ तक दर्द प्रबंधन एवं आराम की विधाओं पर आधारित तीन दिवसीय कार्यशाला; वासंतिक नवरात्र के शुभअवसर पर विशेष चंडी यज्ञ; दिनांक २६ अक्टूबर,२०१८ को आयुर्वेदिक उपायों द्वारा रोगों/बीमारियों से बचाव विषयक एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी; दिनांक २७ अक्टूबर,२०१८ को पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान संकाय का उद्घाटन तथा एडवाइजरी कमेटी की बैठक; महामना जयंती, मालवीय दीपावली व भागवत परायण कथा; १७ जनवरी, २०१९ को विवेकानन्द जयंती (राष्ट्रीय युवादिवस समारोह); २४ व २५ जनवरी,२०१८ को वार्षिक खेल-कूद प्रतियोगिता; गणतंत्र दिवस समारोह; दिनांक २८ से ३० जनवरी, २०१९ को युवा महोत्सव दिशा-२०१९; दिनांक ०१ से ०७ फरवरी, २०१९ तक ट्रांस्जेन्टल मेडिटेशन पर एक साप्ताहिक कार्यशाला; दिनांक १० फरवरी २०१९ को वसंत पंचमी समारोह; दिनांक २२ से २६ फरवरी, २०१९ तक अन्तर संकाय युवा महोत्सव स्पंदन; दिनांक २७ फरवरी, २०१९को राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा आयोजित शिविर; दिनांक २८फरवरी,

२०१९ को मैनेजमेन्ट फेस्ट ''कृषि संग्राम''; दिनांक २८ फरवरी, २०१९ से १६ मार्च २०१९ तक शिक्षक विकास कार्यक्रम; ०२ मार्च,२०१९को युवा महोत्सव कलरव; दिनांक ०७ मार्च,२०१९को उन्नत तकनीकी एवं सरोगेसी के माध्यम से उच्च देशी गायों की नस्लों का संवर्धन; राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई, राजीव गाँधी दक्षिणी परिसर, का.हि.वि.वि. द्वारा वर्तमान सत्र में विविध कार्यक्रम आयोजित कराए गए।

विद्यार्थियों के लिए उपलब्ध अनुसंधान सुविधाएं

- नवस्थापित केन्द्रीकृत संगणक प्रयोगशाला की शुरूआत हुई है। इस प्रयोगशाला में २२ नये कम्प्यूटर्स आज के समय के अनुसार नये साफ्टवेयर पैकेज युक्त सुसज्जित हैं जो कि विद्यार्थियों तथा शिक्षकों के लिए उपयोगी हैं।
- छात्रों तथा कर्मचारीगण हेतु कैम्पस बस सुविधा का इसी सत्र से शुभारम्भ किया गया है।
- इसी सत्र से तीन नये छात्रावासों का संचालन शुरू हुआ है जिनके नाम कैलाश व हिमगिरी पुरूष छात्रावास तथा हिमाद्री महिला छात्रावास हैं।
- एमसीए पाठ्यक्रम के पूर्ण सुविधायुक्त संगणक प्रयोशाला की स्थापना हुई जिसमें उच्चतकनीक वाले सर्वर व डिस्प्ले स्क्रीन की सुविधा प्रदान की गई है।
- दक्षिणी परिसर पूर्णतया वाई-फाई परिसर है। यह संगणक केन्द्र, रा.गाँ.द.प. के सहायक समन्वयक डॉ. मनोज कुमार मिश्रा के कुशल निर्देशन में कार्यरत है।
- एम.बी.ए. (ए.बी.) के छात्रों के लिए संगणक प्रयोगशाला है जिसमें छात्रों को प्रबंधन सूचना प्रणाली एवं प्रौद्योगिकी उपकरणों के विभिन्न पहलुओं को जानने की सुविधा उपलब्ध है।
- एम.सी.ए. में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं के लिए सभी सुविधाओं से युक्त नवनिर्मित कम्प्यूटर लैब उपलब्ध है।
- राजीव गाँधी दक्षिणी परिसर में लगभग २ हेक्टेयर भूमि एस.एस.सी.(एजी.) इन एग्रोफोरेस्ट्री के छात्रों को शोध कार्य हेतु प्रदान की गई है जो शरीफा, अमरूद और बेल कृषि बागवानी प्रणाली पर आधारित है।
- राजीव गाँधी दक्षिणी परिसर में आयुर्वेदिक फार्मेसी प्रयोगशाला एम.फार्म. (आयुर्वेद) के छात्रों के लिए उपलब्ध हैं जिसमें विभिन्न उपकरण जैसे फोरियर ट्रान्सफॉर्म इन्फ्रारेड स्पेक्ट्रोफोटोमीटर, यू.वी.स्पेक्ट्रोफोटोमीटर, एटोमिक एब्जार्प्शन स्पेक्ट्रोफोटोमीटर, रोटरी इवैपोरेटर, इन्क्यूबेटर्स, फर्नेस, ऑटोक्लेव, टैबलेट पंचिंग मशीन, टैबलेट पैकेजिंग मशीन, पिल मेकिंग मशीन, डिस इन्टीग्रेशन टेस्टर, हार्डनेस टेस्टर, लेमिनार एयरफ्लो यू.वी. चेम्बर, कैप्सूल फिलिंग मशीन,टिशू होमोजेनाइजर, टिशू बाथ, इलेक्ट्रो कन्वल्जीयोमिटर, डिसटिलेशन एसेम्बली उपलब्ध है।
- राजीव गाँधी दक्षिणी परिसर में पादप जैव प्रौद्योगिकी प्रयोगशाला उपलब्ध है जिसमें विभिन्न उपकरण जैसे हारिजॉन्टल इलेक्ट्रोफोरेसिस यूनिट, मिनी स्पिन, रेफ्रीजरेटेट माइक्रोसेंट्रीफ्यूज, आइस फ्लेकिंग मशीन, वाटर बाथ, वोटैक्स, लेमिनार एयरफ्लो, थर्मलसाइक्लर, जेल डाक्यूमेंटेशन सिस्टम, और्बीटल शेकिंग सिस्टम, डीप फ्रीजर, फ्लोर सेंट्रीफ्यूज, इनवर्टेड माइक्रोस्कोप, यू.वी.स्पेक्ट्रोफोटोमीटर, प्लांट ग्रोथ चेम्बर, टिशू कल्चर फैसिलिटी उपलब्ध है।
- राजीव गाँधी दक्षिणी परिसर में नये निर्माण कार्य भी अपने अन्तिम चरण की ओर अग्रसर है जिसमें विशेष रूप से निर्माणाधीन नवीन लेक्चर थियेटर काम्पलेक्स, नवीन प्रयोगशाला, सेन्ट्रल हिन्दू स्कूल तथा वेटनरी एवं एनिमल साइंसेज के भवन आदि सम्मिलित हैं।
- इस वर्ष से दक्षिणी परिसर में आधुनिक आधारभूत संरचनायुक्त सुविधाएं छात्रों तथा कर्मचारीगणों हेतु उपलब्ध करायी जा रही हैं जिसमें मुख्यत: बास्केटबॉल कोर्ट, टेनिस कोर्ट, नव निर्मित दुकानें, कैन्टीन सुविधा तथा सौर ऊर्जा द्वारा संचालित विद्युत परियोजना का संचालन सम्मिलित है।

२.३. विश्वविद्यालय के विशेषाधिकार के अन्तर्गत संचालित महाविद्यालय

२.३.१. आर्य महिला पी.जी. कॉलेज
२.३.२. वसन्त महिला महाविद्यालय
२.३.३. वसन्त कन्या महाविद्यालय
२.३.४. दयानन्द महाविद्यालय (डी.ए.वी. पी.जी. कॉलेज)

२.३.१. आर्य महिला महाविद्यालय

देश की शैक्षिक गतिविधियों को निरन्तर अग्रसर करने एवं कला, संस्कृति, ज्ञान-विज्ञान के धरोहर को विकसित करने तथा स्त्रियों को स्वावलम्बी बनाने के उद्देश्य से महर्षि ज्ञानानन्द जी की कर्मठ एवं सुयोग्य शिष्या श्रीमती विद्या देवी के योगदान से सन् १९५६ में इस महाविद्यालय की स्थापना की गयी। आज इस महाविद्यालय में सुचारू रूप से स्नातक तथा स्नातकोत्तर कक्षाओं का अध्ययन-अध्यापन तथा शोध कार्य हो रहा है। काशी का यह प्रतिष्ठित प्राचीन संस्थान महर्षि ज्ञानानन्द जी द्वारा संस्थापित तथा श्री आर्य महिला हितकारिणी महापरिषद् द्वारा संचालित है।

अपने सामाजिक दायित्व के निर्वहन में महाविद्यालय प्रतिवर्ष १५ जरूरतमंद छात्राओं को आर्थिक सहायता प्रदान कर शिक्षा के लिए प्रेरित करते हुए स्त्री सशक्तिकरण को बहुआयामी स्वर प्रदान करता है। महाविद्यालय में अशक्त तथा शारीरिक रूप से अक्षम छात्राओं को भूमि तल से अन्य तलों पर जाने के लिए लिफ्ट की व्यवस्था की गयी है।

शैक्षणिक एवं शिक्षणेतर गतिविधियाँ

- वर्तमान सत्र का आरम्भ ०९ जुलाई २०१८ से हुआ। कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर छात्राओं ने विविध प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। शिक्षक दिवस के अवसर पर स्नातक कला, सामाजिक विज्ञान, स्नातक, वाणिज्य, शिक्षाशास्त्र विभाग तथा स्नातकोत्तर कक्षा की छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया साथ ही प्राध्यापिकाओं को सम्मानित किया गया।
- इसके अतिरिक्त स्वतंत्रता दिवस, गणतन्त्र दिवस तथा सरस्वती पूजनोत्सव के अवसर पर छात्राओं ने एकल नृत्य, समूह नृत्य, सितार वादन इत्यादि सुरुचिपूर्ण एवं सुन्दर प्रस्तुतियाँ कर अपनी बहुविध प्रतिभाओं का प्रदर्शन किया।

संस्कृत विभाग

- ३०.०८.२०१८ को 'संस्कृतपाठचर्या- कार्यक्रम के अन्तर्गत' ''संस्कृतभाषा एवं साहित्य की समझ'' विषय पर प्रो. राजीव रंजन सिंह, पूर्व अध्यक्ष, श्रमणविद्यासंकाय, सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय, वाराणसी का द्विदिवसीय व्याख्यान आयोजित हुआ।
- दिनांक ३१.०१.२०१९ को महाविद्यालयीय पूर्व छात्रा समीति, संस्कृत विभाग एवं शिक्षा शास्त्र विभाग के संयुक्तत्त्वाधान में ''सामाजिक विकास एवं मानवमूल्य'' विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया।
- २२.०२.२०१९ से २६.०२.२०१९ तक काशी हिन्दू विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित (युवामहोत्सव) 'स्पन्दन' (२०१९) के अन्तर्गत आयोजित होने वाली संस्कृतभाषण स्पर्द्धा, वाद-विवाद स्पर्द्धा, निबन्धस्पर्द्धा एवं स्वरचित काव्यपाठ स्पर्द्धा में संस्कृत विभाग की छात्राओं ने सहभागिता की, जिनमें प्रतीति आर्या, एम.ए. उत्तरार्द्ध ने निबन्ध- प्रतियोगिता में तृतीय स्थान एवं अनुष्का, एम.ए. उत्तरार्द्ध ने स्वरचित संस्कृतकाव्य स्पर्द्धा में द्वितीय स्थान प्राप्त किया।
- डॉ. चन्द्रकान्ता राय द्वारा दिनांक १७ सितम्बर, २०१८ को हरिश्चन्द्र बालिका इण्टर कॉलेज में 'संस्कृति भारती' एवं लोकमान्य

सार्वजनिक श्री गणेशोत्सव द्वारा आयोजित 'सामाजिक समरसता वर्ष' के आयोजन के उपलक्ष्य में 'काशी की कन्या मणिकर्णिका मनु' 'महारानी लक्ष्मीबाई' विषय पर व्याख्यान; राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय, वाराणसी तथा डी.ए.वी.पी.जी. कॉलेज, वाराणसी की ओर से 'शकुन्तला का अभिज्ञान' विषय पर आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी में दिनांक २० नवम्बर २०१८ को व्याख्यान प्रस्तुत किया गया; गाजीपुर नगर में आयोजित विचारगोष्ठी 'आज के सन्दर्भ में स्वामी विवेकानन्द' विषय पर दिनांक १३ जनवरी, २०१९ को बीज वक्तव्य; न्यू होराइजन एकेडमी, गाजीपुर में दिनांक १२ जनवरी, २०१९ को 'संस्कृतशिक्षण के मूल सिद्धान्त' विषय के अन्तर्गत कक्षा ८ के विद्यार्थियों को संस्कृत व्याकरण का शिक्षण; संस्कृत विभाग, पी.जी. कॉलेज, गाजीपुर के विभागीय शोध समिति में २१ फरवरी, २०१९ को बाह्यपरीक्षक रही।

- डॉ. राय ने स्वामी सहजानन्द पी.जी. कॉलेज, गाजीपुर में राष्ट्रीय सेवायोजना के समापन शिविर में दिनांक २१ फरवरी, २०१९ को विशिष्ट अतिथि के रूप में व्याख्यान दिया।
- काशी ब्राह्मण समाज की ओर से आयोजित पं. विद्यानिवास मिश्र जी की पावन पुण्यतिथि पर दिनांक १४ फरवरी, २०१९ को डॉ. पुष्पा त्रिपाठी को सम्मानित किया गया।

हिन्दी विभाग

- दिनांक १४ सितम्बर, २०१८ को अन्तरविद्यालयीय काव्यगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस काव्यगोष्ठी में मुख्य अतिथि के रूप में प्रो. अखिलेश दूबे, महात्मा गाँधी अन्तरराष्ट्रीय हिन्दी विश्वविद्यालय, वर्धा उपस्थित थे। इस काव्यगोष्ठी में विभिन्न विद्यालयों/महाविद्यालयों से आये हुए ७० छात्र/छात्राओं ने स्वरचित काव्यपाठ प्रस्तुत किया।
- दिनांक ०५.१०.२०१८ को महाविद्यालय की संस्थापिका पूजनीया श्रीमती विद्यादेवी जी के आविर्भाव-स्मृति दिवस के उपलक्ष्य में **'नैतिकता एवं मूल्यबोध'** विषयक व्याख्यान का आयोजन किया गया।
- २१ जनवरी, २०१९ को 'रामचरितमानस में निहित मानव-मूल्य : अन्तरराष्ट्रीय परिदृश्य' विषयक अन्तराष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता के रूप में श्री राजेन्द्र अरुण, मारिशस तथा विशिष्ट वक्ता के रूप में डॉ. विनोद बाला अरुण मारिशस इस आयोजन में उपस्थित रहे।
- डॉ. मीनाक्षी मिश्रा द्वारा दिनांक ०७.०२.२०१९ से २७.०२.२०१९ तक का.हि.वि.वि. (एकेडमिक स्टॉफ कॉलेज) में यू.जी.सी, एच.आर.डी.सी. द्वारा आयोजित तुलनात्मक चतुर्थ पुनश्चर्या पाठ्यक्रम, विषय- 'समकालीन सन्दर्भ में भारतीय भाषाओं में रामकथा' को पूर्ण किया गया।
- दिनांक ०१ मार्च, २०१९ को 'साहित्य की आवश्यकता: जीवन का प्राणतत्व' विषयक राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया।
- ८ मार्च, २०१९ को अन्तरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में 'वैश्विक पटल पर स्त्री' विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया।
- ३० मार्च, २०१९ को हिन्दी विभाग द्वारा छात्राओं को शैक्षणिक भ्रमण के निमित्त प्रयागराज में स्थित महादेवी वर्मा निवास स्थल एवं आनंद भवन ले जाया गया।
- दिनांक ०५.१०.२०१८ को महाविद्यालय में चलाये जा रहे विमर्श व्याख्यानमाला के अन्तर्गत आई.क्यू.ए.सी. एवं हिन्दी विभाग के संयुक्त तत्त्वावधान में 'समकालीन साहित्य की अवधारणा: वाद एवं विमर्श विषय पर प्रो. रामकीर्ति शुक्ल, पूर्व अध्यक्ष, अंग्रेजी विभाग, का.हि.वि.वि., के व्याख्यान का आयोजन किया गया।
- दिनांक १२ मार्च, २०१९ को 'अंग्रेजी का अलौकिक साम्राज्य' ''मेटाफिजीकल एम्पायर ऑफ इंग्लिश लैंग्वेज'' विषय पर प्रख्यात मीडिया विश्लेषक अभय कुमार दूबे, निदेशक, भारतीय भाषा कार्यक्रम विकासशील समाज अध्ययनपीठ, (सी.एस.डी.एस. नई दिल्ली) के व्याख्यान का आयोजन किया गया।

दर्शनशास्त्र विभाग

- विभाग द्वारा ७ अक्टूबर से ९ अक्टूबर तक दर्शनशास्त्र विषयक व्याख्यानमाला का आयोजन किया गया। इस व्याख्यानमाला में मुख्य वक्ता के रूप में विभाग की अवकाश प्राप्त एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. उमापन्त उपस्थित रहीं।
- २० सितम्बर, २०१९ को शिक्षक दिवस के उपलक्ष्य में विभाग की सहायक प्रोफेसर डॉ. ममता गुप्ता को रोटरी क्लब, वाराणसी द्वारा सम्मानित किया गया।
- १७ नवम्बर, २०१८ को विश्व दर्शन दिवस के अवसर पर विभाग द्वार 'योग दर्शन की महत्ता' विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया।
- २७ फरवरी, २०१९ को 'सांप्रदायिक सौहार्द' विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया।
- ३१ मार्च, २०१९ को दर्शनशास्त्र बी.ए. (ऑनर्स) के अन्तिम वर्ष की छात्राओं एवं एम.ए. की छात्राओं को शैक्षणिक भ्रमण हेतु भगवान् पार्श्वनाथ जन्मस्थली, श्वेताम्बर एवं दिगम्बर जैन मन्दिर, भेलुपूर, वाराणसी ले जाया गया।

बांग्ला विभाग

- बी.एड. तृतीय वर्ष (बांग्ला) की छात्रा पूजा विश्वास को अधिकतम् अंक प्राप्त करने पर बी.एच.यू. गोल्ड मेडल से सम्मानित किया गया।
- २० सितम्बर, २०१९ को शिक्षक दिवस के उपलक्ष्य में विभाग की सहायक प्रोफेसर डॉ. ममता गुप्ता को रोटरी क्लब, वाराणसी द्वारा सम्मानित किया गया।
- आई.आई.टी. बी.एच.यू. काशीयात्रा २०१९ में 'तूलिका' में रिया सामन्ता को प्रथम पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

- दिनांक २४.०४.२०१९ को अखिल भारत बंग साहित्य सम्मेलन की परीक्षा 'विशारद' में प्रथम पुरस्कार पूजा विश्वास, द्वितीय पुरस्कार, सुमन गुप्ता, स्नेहिल पाल और संजू कुमारी व तृतीय पुरस्कार अफसाना बेगम को प्राप्त हुआ।
- दिनांक २१.०२.२०१९ को महिला महाविद्यालय बी.एच.यू. में आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी में डॉ. बिन्दु लाहिड़ी, एसोसिएट प्रोफेसर, बांग्ला विभाग द्वारा व्याख्यान प्रस्तुत किया गया।
- दिनांक १०.०४.२०१९ को मिरसराय, चटोग्राम, बांग्लादेश में आयोजित अन्तरराष्ट्रीय कवि समागम में डॉ. झुमुर सेनगुप्ता, एसोसिएट प्रोफेसर, बांग्ला विभाग द्वारा व्याख्यान प्रस्तुत किया गया।
- दिनांक ३०.०४.२०१९ को हिन्दी विभाग, बी.एच.यू. द्वारा आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी 'स्त्री लेखन के आदि हस्ताक्षर' विषय पर डॉ. स्वप्ना बन्द्योपाध्याय द्वारा व्याख्यान प्रस्तुत किया गया।

अंग्रेजी विभाग

- दिनांक २९.०९.२०१८ को विभाग द्वारा भारत और शांति विषय पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया।
- दिनांक १४.०२.२०१९ को 'इक्कीसवीं सदी में साहित्य' विषय पर निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।
- दिनांक ३०.०३.२०१९ को 'मतदाता जागरूकता अभियान' विषय पर पोस्टर-मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।
- दिनांक ०६.०४.२०१९ को अंग्रेजी विभाग द्वारा 'अंग्रेजी काव्य' विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता के रूप में जय प्रकाश विश्वविद्यालय, छपरा से प्रोफेसर उदय शंकर ओझा तथा विशिष्ट वक्ता के रूप में का.हि.वि.वि. से प्रोफेसर लता दुबे जी उपस्थित रहीं।
- अम्बेडकर जयंती के अवसर पर दिनांक २३.०४.२०१९ को 'सामाजिक एकता' विषय पर अन्तर्महाविद्यालयीय 'रचनात्मक लेखन' प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।
- सत्र २०१८-१९ से विभाग द्वारा **कैम्ब्रिज क्लासेस** तथा आर्य महिला पी.जी. कॉलेज के संयुक्त तत्त्वावधान में कला एवं सामाजिक वर्ग की छात्राओं के निमित्त डॉ. अमित कुमार शुक्ला के निर्देशन में ''इंग्लिश स्पोकेन क्लासेस'' चलाया गया।
- विभाग द्वारा बी.ए. (ऑनर्स) षष्ठ सेमेस्टर एवं एम.ए. प्रथम वर्ष व अन्तिम वर्ष की छात्राओं को शैक्षणिक भ्रमण के लिए रामनगर किला ले जाया गया।

प्राचीन भारतीय इतिहास संस्कृति एवं पुरातत्त्व विभाग

- दिनांक ६.१०.२०१८ को प्राचीन भारतीय इतिहास, संस्कृति एवं पुरातत्व विभाग द्वारा ''पुरुषार्थ चतुष्टय'' विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया।
- दिनांक ९.१०.२०१८ को ''अशोककालीन ब्राह्मी लिपि-नवीन साक्ष्य'' विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया।
- दिनांक १९.११.२०१८ को ''विश्व धरोहर सप्ताह'' के अवसर पर हेरिटेज वाक का आयोजन किया गया।
- दिनांक २५.०१.२०१९ को ''इंडियन कल्चरल हेरिटेज : ए सिविलाइजेशनल लेगेसी टू द वर्ल्ड'' विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया।
- दिनांक १२.०२.२०१९ को ''एन्वॉयरमेंट कल्चर एंड रिलिजन - पास्ट ट्रेडिशन एंड प्रेजेंट चैलेंजेज'' विषय पर एक दिवसीय अन्तरराष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया।
- दिनांक २३.०४.२०१९ को शैक्षणिक भ्रमण के निमित्त छात्राओं को शूलटंकेश्वर ले जाया गया।

संगीत विभाग (वादन)

- संगीत वादन विषय में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाली छात्रा कु. आंशिकी दीक्षित को १४ दिसम्बर, २०१८ को स्थापना दिवस के अवसर पर 'ठाकुर राजभान सिंह स्मृति' पुरस्कार से सम्मानित किया गया।
- दिनांक ११.०३.२०१९ को संगीत वादन एवं संगीत गायन विभाग के संयुक्त तत्त्वावधान में 'हिन्दुस्तानी शास्त्रीय संगीत में राग सिद्धान्त' विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

संगीत विभाग (गायन)

- दिनांक ३१.०२.२०१९ को विभाग द्वारा डॉ. संगीता के व्याख्यान का आयोजन किया गया।
- दिनांक ११.०३.२०१९ को विभाग द्वारा राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

गृह विज्ञान विभाग

- दिनांक १६.०७.२०१८ से २३.०७.२०१८ तक प्लास्टिक फ्री कैम्पस अभियान के अन्तर्गत ''कैरी बैग मेकिंग'' विषयक कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें द्वितीय एवं तृतीय वर्ष की छात्राओं ने सहभागिता की।
- विभाग द्वारा दिनांक ३०.०८.२०१८ को ''बी द चेंज'' विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य वक्ता ओ.पी.के. मिश्रा, विभागाध्यक्ष, केमिकल इंजीनियरिंग और औद्योगिकी विभाग, आई.आई.टी., बी.एच.यू. रहे।
- दिनांक १-७ सितम्बर २०१८ को विभाग द्वारा 'राष्ट्रीय पोषण सप्ताह' मनाया गया जिसके अन्तर्गत छात्राओं के लिए हेल्दी ब्रेकफास्ट, पोस्टर मेकिंग और स्लोगन राइटिंग प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।
- दिनांक ०६ सितम्बर २०१८ को गृह विज्ञान विभाग एवं कॉलेज के हेल्थ एण्ड हाइजीन यूनिट के संयुक्त तत्वावधान में ''थैलेसीमिया रोग: बचाव एवं उपचार'' विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य वक्ता कु. निकिता आजवानी, फाउन्डर लेट्स हेल्प सम १ (एन.जी.ओ.) रहीं।

- विभाग द्वारा दिनांक १९ जनवरी २०१९ को ''डायट्री मेनैजमेंट इन नान कम्यूनिकेबल डिसेसेज'' विषय पर एक दिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया।
- दिनांक ०१ अऔल २०१९ को विभाग एवं ''हेल्थ और हाइजीन यूनिट'' के अन्तर्गत तरणी फाउन्डेशन ऑफ लाइफ (एन.जी.ओ.) द्वारा ''विश्व स्वास्थ्य दिवस'' के उपलक्ष्य में छात्राओं के मध्य जेनेरिक दवाइयों की जानकारी प्रदान करने हेतु एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।
- विभाग द्वारा दिनांक ०५ अप्रैल २०१९ को बी.ए. द्वितीय वर्ष की छात्राओं को ''ट्रेड फैसीलीटेशन सेन्टर एण्ड क्रॉफ्ट म्यूजियम, बड़ा लालपुर, वाराणसी'' शैक्षणिक भ्रमण हेतु ले जाया गया।
- दिनांक १० अप्रैल २०१९ को विभाग एवं महिला प्रकोष्ठ ''तेजस्विनी'' के संयुक्त तत्त्वावधान में 'मतदाता जागरूकता अभियान' के अन्तर्गत मेंहदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।
- गृह विज्ञान विभाग आईडीए (लखनऊ चैप्टर) एवं एनएसआई के संयुक्त तत्त्वावधान में दिनांक १५ अप्रैल २०१९ को 'राष्ट्रीय पोषण अभियान' के अन्तर्गत ''एनीमिया मुक्त भारत'' विषय पर 'सतत चिकित्सीय पोषण शिक्षा' का आयोजन किया गया।
- दिनांक २० अप्रैल २०१९ को विभाग के बी.ए. प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय वर्ष की समस्त छात्राओं द्वारा हस्त निर्मित सामग्रियों का एक दिवसीय प्रदर्शनी का आयोजन किया गया जिसके अन्तर्गत छात्राओं द्वारा हस्त निर्मित सामग्रियों का प्रदर्शन किया गया।
- विभाग द्वारा दिनांक ३० अप्रैल २०१९ को बी.ए. तृतीय वर्ष की छात्राओं को डी.आई.एस.सी. सेन्टर (स्पेशल नीड चिल्ड्रेन) कमच्छा वाराणसी शैक्षणिक भ्रमण हेतु ले जाया गया।
- गृह विज्ञान विभाग एवं अन्नपूर्णा अन्न क्षेत्र ट्रस्ट द्वारा एक वर्षीय नि:शुल्क डिप्लोमा कोर्स ''कटिंग एवं टेलरिंग'' का आयोजन किया गया जिसके समापन पर प्रतिवर्ष की भाँति इस वर्ष भी (११०) जरूरतमंद लोगों को सिलाई मशीन वितरित की गई।

अर्थशास्त्र विभाग

- दिनांक १३.०३.२०१९ को 'पर्यावरण : समस्या एवं संरक्षण' विषय पर बी.ए. तृतीय वर्ष एवं एम.ए. द्वितीय वर्ष की छात्राओं के बीच पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई।
- दिनांक ३०.०३.२०१९ को अर्थशास्त्र विभाग द्वारा एक दिवसीय 'भारतीय अर्थव्यवस्था - मुद्दे और चुनौतियाँ' विषयक राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया।
- दिनांक १८.०४.२०१९ को बी.ए. तृतीय वर्ष की छात्राओं को औद्योगिक भ्रमण हेतु झुनझुनवाला कारखाना ले जाया गया।
- दिनांक २२-२३ फरवरी, २०१९ को आई.एस.एम.ई., बंगलौर द्वारा अन्तर्राष्ट्रीय संगोष्ठी में विभाग की वरिष्ठ प्रवक्ता डॉ. मंजु बनिक को 'बेस्ट पेपर अवार्ड' से सम्मानित किया गया।

समाजशास्त्र विभाग

- वर्तमान सत्र में समाजशास्त्र विभाग द्वारा छात्रों के व्यक्तित्व विकास एवं बौद्धिक कुशलता हेतु विभिन्न व्याख्यान, वाद-विवाद प्रतियोगिता, क्वीज प्रतियोगिता, अन्तर्राष्ट्रीय सेमिनार, मलिन बस्ती में उपयोगी वस्तुओं का वितरण इत्यादि कार्यक्रम संपादित किए गए।
- दिनांक ११-१३ नवम्बर, २०१८ में कॉलेज स्तर पर सभी शिक्षक एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों से उपयोगी वस्तुओं का संकलन किया गया तथा करसड़ा (वाराणसी) में स्थित मुसहर मलिन बस्ती में जाकर उसे वितरित करने का कार्य किया गया।
- दिनांक २० जनवरी, २०१९ को समाजशास्त्र विभाग द्वारा रोल ऑफ एनआरआईएस इन डेवलपमेंट ऑफ इंडिया विषय पर अन्तर्राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें पोलैंड के डॉ. जगदीश घीक मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित थे।
- दिनांक ०२ फरवरी, २०१९ को विभाग द्वारा 'महिला उद्यमिता' विषय पर विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया।
- विभाग की शिक्षिका डॉ. मधुमिता भट्टाचार्या एवं डॉ. स्वाती एस. मिश्रा द्वारा जेन्डर एण्ड इनवारमेंट सस्टेनेबल डिफरेन्ट पर्सपेक्टिव विषय पर पुस्तक का संपादन किया गया।

राजनीति विज्ञान विभाग

- २३ जनवरी, २०१९ को राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा 'रिन्युएबल एनर्जी एण्ड एनवायरमेंट: द ग्लोबल कांटेक्स्ट एण्ड रोल ऑफ मैनकाइण्ड' पर अन्तर्राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन किया गया। इसके मुख्य वक्ता प्रो. हरिमोहन उपाध्याय थे।
- २४ नवम्बर, २०१८ को प्रोटेक्शन ऑफ एनवायरमेंट थ्रू सस्टनेबल डेवलेपमेंट एवं रिन्युएबल एनर्जी विषय पर अन्तर्राष्ट्रीय सिम्पोजियम का आयोजन किया गया इसके मुख्य वक्ता डॉ. जितेन्द्र कुमार राय, विभागाध्यक्ष भौतिक विज्ञान विभाग, केब्बी स्टेट विश्वविद्यालय ऑफ साइन्स एण्ड टेक्नोलॉजी, नाईजीरिया उपस्थित थे।
- राजनीति विज्ञान विभाग एवं प्रकृति फाउन्डेशन के संयुक्त तत्त्वावधान में कोईराजपुर हरहुआ वाराणसी में ९ मार्च, २०१९ को ''हरित धरती आज एवं कल'' विषयक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।
- राजनीति विज्ञान विभाग एवं लायंस क्लब वाराणसी के संयुक्त तत्त्वावधान में ''महिला सशक्तिकरण में महिलाओं की भूमिका'' शारदा आश्रम पिचाश मोचन, वाराणसी में आयोजित किया गया।
- राजनीति विज्ञान विभाग एवं भारतीय युवा कौशल के संयुक्त तत्त्वावधान में स्किल इण्डिया पर वार्ता का आयोजन किया गया। इसके मुख्य वक्ता नीरज श्रीवास्तव थे।

इतिहास विभाग

- दिनांक ०६.१०.२०१८ को इतिहास विभाग, प्राचीन भारतीय इतिहास संस्कृति एवं पुरातत्त्व विभाग और भारतीय इतिहास

संकलन समिति के संयुक्त तत्त्वावधान में 'पुरुषार्थ चतुष्टय ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य' विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

- विभाग द्वारा दिनांक २१.०१.२०१९ को 'डिस्प्रा एण्ड इट्स रूट्स' विषय पर एक दिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया।
- दिनांक २३.०२.२०१९ को उद्यान भवन में नगर निगम वाराणसी द्वारा आयोजित पुष्प प्रदर्शनी एवं रंगोली प्रतियोगिता में विभाग की ०६ छात्राओं ने भाग लिया और द्वितीय स्थान प्राप्त किया।
- विभाग द्वारा दिनाक २४.०२.२०१९ को शैक्षणिक भ्रमण के निमित्त छात्राओं को चुनार किला एवं लखनियादरी ले जाया गया।
- दिनांक ०८.०३.२०१९ को नमामिगंगे द्वारा आयोजित मैराथन प्रतियोगिता में विभाग की ५४ छात्राओं ने भाग लिया।
- महाविद्यालय द्वारा सत्र २०१८-१९ से प्रारम्भ किए गए विमर्श व्याख्यानमाला के अन्तर्गत विभाग द्वारा दिनांक १६.०३.२०१९ को २१ सेन्चुरी आईटीएस पोलिटिकल सोशल एण्ड इकोनोमिक्स इम्पलिकेशन विषयक व्याख्यान आयोजित किया गया।

मनोविज्ञान विभाग

- २३ जुलाई २०१८ को मनोविज्ञान विभाग द्वारा, ''मनोविज्ञान और मानव जीवन में इसका प्रयोग'' विषय पर उन्मुखीकरण कार्यक्रम आयोजित किया गया।
- दिनांक १०.०९.२०१८ को विभाग द्वारा आत्महत्या रोकथाम दिवस पर रैली का आयोजन किया गया।
- २४ सितम्बर २०१८ को सामाजिक जागरूकता :एच आई वी/एड्स पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।
- २५ सितम्बर २०१८ को परामर्श की मूल कौशल विषय पर व्याख्यान आयोजित किया गया।
- दिनांक २ अक्टूबर २०१८ को एम.ए. की छात्राओं को अन्वीता: एन आल वुमेन साइकोलॉजिकल वेलविंग एण्ड साइको - सोशल रिहैबिलिटेशन सेन्टर, चुनार मिर्जापुर का शैक्षणिक भ्रमण कराया गया।
- विश्व मानसिक स्वास्थ दिवस पर १० अक्टूबर २०१८ को एम.ए. की छात्राओं के लिए 'मानसिक स्वास्थ्य' विषय पर निबन्ध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।
- ११ अक्टूबर २०१८ को ''साइबर क्राइम : एथिक्स एण्ड अवेयरनेस'' विषय पर राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया।
- १३ अक्टूबर २०१८ को ''मेथड इन कॉगनेटिव साइकोलॉजी इन रिफरेन्स टु बिहैवरल एक्सपेरिमेन्टल पैराडाइम'' विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया।
- विभाग द्वारा दिनांक २९ अक्टूबर २०१८ को राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसका विषय ''एडिक्सन मैनेजमेंट : स्पेक्ट्रम एण्ड स्ट्रेटेजी'' था।
- 'स्वास्थ्य मनोविज्ञान' विषय पर २४ नवम्बर २०१८ को व्याख्यान का आयोजन हुआ।
- २६ नवम्बर २०१८ को 'इवैलूएसन ऑफ ओ डी एण्ड चेन्ज' विषय पर व्याख्यान आयोजित हुआ।
- दिनांक ०९ मार्च, २०१९ को ''आइटम एनालिटिक अप्रोच टू टेस्ट कन्सट्रक्सन'' विषय पर व्याख्यान आयोजित किया गया।
- दिनांक २६ मार्च, २०१९ को महाविद्यालय के सभी शिक्षण एवं शिक्षणेतर कर्मचारियों और छात्राओं के लिए नि:शुल्क दन्त चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया।
- चाइल्ड, एडोलसेन्ट एण्ड एडल्ट साइकॉलजी: डेलिमाज, इन्टरवेन्सन एण्ड न्यूअर लर्निंग विषय पर २७ मार्च २०१९ से ०५ अप्रैल २०१९ तक दस दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।
- दिनांक १८ अप्रैल २०१९ को फारमोकोलॉजिकल थैरेपीज: मेजर इन यूज ऑफ न्यूरोलेपटिक विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया।

वाणिज्य विभाग

- दिनांक ११ सितम्बर, २०१८ को विभाग द्वारा होन्डा कम्पनी के सहयोग से मोटर ड्राइविंग अवेयरनेस प्रोग्राम का आयोजन किया गया।
- दिनांक १४ नवम्बर, २०१८ को विभाग द्वारा ''इनटेलेक्चूअल प्रॉपर्टी राईट'' विषय पर व्याख्यान का अयोजन किया गया।
- दिनांक १५ नवम्बर, २०१८ को ''बिजनेस इथिक्स'' विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया।
- दिनांक ८ मार्च, २०१९ को विभाग द्वारा अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया।
- विभाग द्वारा ''वुमेन इन्टरप्रेन्योरशिप इन इण्डिया: चलेन्जेस एण्ड प्रोस्पेक्टर'' विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया।
- दिनांक ३० मार्च, २०१९ को छात्राओं को शैक्षणिक भ्रमण के निमित्त 'अपना घर' आश्रम ले जाया गया।
- दिनांक १० अप्रैल, २०१९ को छात्राओं को औद्योगिक भ्रमण के निमित्त पतंजलि प्लांट ले जाया गया।
- दिनांक १७ अप्रैल, २०१९ को छात्राओं को व्यावसायिक भ्रमण के निमित्त प्लास्टिक बैग फैक्टरी और पारलेजी फैक्टरी ले जाया गया।

बी.एड. विभाग

- विभाग द्वारा दिनांक ०२.१०.२०१८ को गाँधी जयन्ती के अवसर पर 'गाँधी जी' विषयक अंतरसंकाय काव्यपाठ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।
- बी.एड. विभाग द्वारा १८.०१.२०१९ से १९.०१.२०१९ तक दो दिवसीय 'प्राथमिक सहायता प्रशिक्षण' शिविर एवं २१.०१.२०१९ से २५.०१.२०१९ तक पाँच दिवसीय स्काउटिंग और गाइडिंग शिविर का आयोजन किया गया।

- दिनांक ०८.०२.२०१९ से २४.०२.२०१९ तक छात्राओं को शैक्षणिक भ्रमण के निमित्त जैसलमेर एवं जयपुर ले जाया गया।
- दिनांक ०८.०२.२०१९ को 'लैंगिक समानता मिथक या यथार्थ' पर वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।
- दिनांक ०९.०३.२०१९ को बी.एड. की छात्राओं द्वारा वाराणसी के अस्सी घाट पर 'साइबर क्राइम' विषय पर नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति की गई।

शोध समिति का गठन

- महाविद्यालय द्वारा वर्तमान सत्र २०१८-१९ में शोध-समिति का गठन किया गया। इस शोध-समिति में महाविद्यालय के शिक्षक, शिक्षिकाओं को रू० २५०००/- की राशि एवं एक वर्ष की समय सीमा निर्धारित कर विभिन्न विषयों पर शोध प्रस्ताव पारित किया गया।

रेमेडियल पाठ्यक्रम

- हिन्दी, अंग्रेजी एवं संस्कृत तथा एस.सी./एस.टी./ओ.बी.सी. (क्रिमीलेयर के अधीनस्थ) वर्ग की छात्राओं के लिए यू.जी.सी. की ११वीं पंचवर्षीय योजना के अन्तर्गत उपचार-कक्षाओं का संचालन किया जाता है जिनमें छात्राओं को विषय का आधारभूत ज्ञान कराने पर बल दिया जाता है। ये कक्षाएँ सामान्यत: सप्ताह में ०२ दिन संचालित होती हैं।

वार्षिक खेलकूद

- इण्टर फैकल्टी बास्केटबॉल वुमेन टूर्नामेंट (लीग कम नॉकआउट) का आयोजन दिनांक ९ सितम्बर २०१८ से २४ सितम्बर २०१८ तक यूनिवर्सिटी स्पोर्ट्स बोर्ड, एम्पीथियेटर ग्राउंड काशी हिन्दू विश्वविद्यालय में हुआ। जिसमें कुल ८ संकायों ने भाग लिया। इस पूरे प्रतियोगिता में आर्य महिला पी.जी. कॉलेज को चौथा स्थान प्राप्त हुआ।
- आर्य महिला पी.जी. कॉलेज के महिला प्रकोष्ठ तेजस्विनी एवं स्पोर्ट्स कमेटी के संयुक्त तत्वावधान में सेल्फ डिफेंस क्लासेस एवं फिटनेस जिम का उद्घाटन दिनांक ८ अक्टूबर २०१८ को सम्पन्न किया गया।
- दिनांक १५-१७ नवम्बर, २०१८ को महाविद्यालय के प्रांगण में अन्तरविभागीय क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।
- दो दिवसीय तृतीय श्रीमती विद्या देवी मेमोरियल वुमेन स्टेट लेवल बास्केटबाल टुर्नामेंट का आयोजन दिनांक २८.०१.२०१९ से २९.०१.२०१९ तक आर्य महिला पी.जी. कॉलेज के प्रांगण में हुआ जिसमें कुल ८ टीमों ने भाग लिया।
- आर्य महिला पी.जी. कॉलेज के प्रांगण में दिनांक ५ से ६ फरवरी, २०१९ तक शिक्षक एवं शिक्षणेतर कर्मचारियों के निमित्त अन्तर्विभागीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।
- आर्य महिला पी.जी. कॉलेज में अन्तर्विभागीय बैडमिंटन टूर्नामेंट का आयोजन १३ से १४ मार्च २०१९ को सम्पन्न किया गया।

छात्र परिषद्

- दिनांक ०५.१०.२०१८ को आर्य महिला पी.जी. कॉलेज में छात्र परिषद् का गठन किया गया जिसके अन्तर्गत निम्नलिखित छात्राओं का चयन किया गया - आकृति वर्मन इशिका सिंह, सुदीक्षा सिंह, प्रियंका शाह, सौमी, प्रज्ञा दूबे, आशमा मिश्रा, अदिति सिंह, हर्षिता पाण्डेय, सना आफरीन, मीनाक्षी मिश्रा, प्रतिभा शंकर।

इग्नू

- महाविद्यालय में इग्नू सेन्टर दिनांक ११.०८.२०११ को प्रारम्भ हुआ इसके अन्तर्गत ०९ विषय संचालित किए जाते हैं विभिन्न विषयों के अन्तर्गत इस वर्ष २५८ छात्राओं का पंजीकरण किया गया है।

जागृति सेन्टर

- जागृति सेंटर द्वारा १० सितम्बर, २०१८ को ''वर्किंग टूगेदर टू प्रिवेन्ट सुसाईड: एवरीवन इज ए साइकोलाजिस्ट'' विषय पर एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।
- ७ अक्टूबर, २०१८ को सेंटर द्वारा ''सस्टेन्स एब्यूज बी: एडीक्शन रिसाईडिगं एवरनेश इन यंग एडल्ट'' विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।
- दिनांक ०२ अप्रैल, २०१८ को वर्ड आस्टीस्म डे के अवसर पर आस्टीस्म एस्पेक्ट्रम डीसआडर: नेचर इटियोलाजीस एण्ड इन्टरवेन्शन विषय पर एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

अन्त:संरचना सुविधा

- महाविद्यालय में चार प्रयोगशालाएँ है जिनमें ०१ मनोविज्ञान विभाग में, ०३ गृह विज्ञान विभाग में (फूड एवं न्यूट्रीशियन, टेक्सटाइल एण्ड क्लाथिंग, होम मैनेजमेंट एक्टेंशन एजुकेशन) तथा ०१ प्रशिक्षण विभाग में है।
- महाविद्यालय में एक आडिटोरियम (हॉल), स्टेज, खेल का मैदान, पुस्तक एवं पठन-पाठन सामग्री केन्द्र, छायाप्रति-सुविधा एवं जलपान गृह की सुविधा है। कम्प्यूटर प्रयोगशाला में ४० कम्प्यूटर इन्टरनेट सुविधा से युक्त हैं। प्रोजेक्टर के माध्यम से प्राध्यापिकाओं को व्याख्यान आयोजित कराने के लिए, पावर प्वाइंट प्रस्तुतिकरण तथा अन्य दृश्य-श्रव्य उपकरणों की सुविधाएँ भी इस महाविद्यालय में उपलब्ध हैं। महाविद्यालय की अन्य सुविधाओं के अन्तर्गत छात्राओं के लिए चिकित्सा सुविधा भी उपलब्ध कराई जाती है जिसमें सप्ताह में ०२ दिन छात्राओं के सामान्य चिकित्सीय परीक्षण के लिए योग्य चिकित्सक नियुक्त किए गए हैं। साथ ही नि:शुल्क दवा का वितरण भी होता है।
- महाविद्यालय में सत्र २०१८-१९ से विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा प्रदत्त ''कमुनिटी कॉलेज'' के अन्तर्गत फुड प्रोसेशन और इनफारमेशन टेक्नोलॉजी जैसे महत्वपूर्ण कोर्स का संचालन डॉ. शुचि तिवारी, असिस्टेंट प्रोफेसर, गृह विज्ञान विभाग के नेतृत्व में किया जा रहा है। इस कोर्स के अन्तर्गत २४ छात्राओं का ''फुड प्रोसेसिंग'' के अन्तर्गत एवं ४६ छात्राओं का ''इनफारमेशन टेक्नोलाजी'' के अन्तर्गत पंजीकरण किया गया है।

२.३.२. वसन्त महिला महाविद्यालय

वाराणसी के प्राचीनतम् शिक्षण संस्थानों में एक वसंत महिला महाविद्यालय, (स्थापित सन् १९१३) विश्वविख्यात संस्था ''कृष्णमूर्ति फाउण्डेशन इण्डिया'' के संरक्षण में संचालित है। काशी हिन्दू विश्वविद्यालय से सम्बद्ध यह संस्था यूजीसी के अधिनियम १९५६ की धारा २(एफ) एवं १२(बी) के तहत मान्यता प्राप्त है।

आख्यात् दार्शनिक जे. कृष्णमूर्ति की विचारधारा से अनुआणित यह महाविद्यालय भारत के महान विचारकों जैसे डॉ. एनी बेसेन्ट, श्री जे. कृष्णमूर्ति तथा भारत रत्न पंडित मदन मोहन मालवीय इत्यादि की तपोभूमि है। स्त्री-शिक्षा की दिशा में उत्तरोत्तर विकासमान यह संस्था वैश्विक मनुष्य की संकल्पना के साथ मानवीय मूल्यों, करुणा, सहिष्णुता के भाव को पोषित करता है। वैश्विक संकट के मध्य यह महाविद्यालय अपने चिंतन में भगवान बुद्ध के ''अप्प दीपो भव'' के चिंतन को आत्मसात करता है।

पाठ्यक्रम: महाविद्यालय अनवरत रूप से भारतीय संस्कृति एवं साहित्य के साथ ही सामाजिक विज्ञान, कला, शिक्षाशास्त्र एवं वाणिज्य में पाठ्यक्रमों का संचालन करता है।

परीक्षा परिणाम/योग्यता सूची: महाविद्यालय ने अपने पूर्व अकादमिक उत्कृष्टता के गौरवशाली परंपरा को सफलतापूर्वक बनाए रखा। महाविद्यालय का परीक्षा परिणाम ६४ से १०० प्रतिशत रहा।

- कृष्णा कुमारी एवं रश्मिता सिंह ने परास्नातक (भूगोल) तृतीय सेमेस्टर परीक्षा २०१८ में उच्चतम् एसजीपीए अर्जित करने हेतु प्रो. काशी नाथ मेमोरियल नगद पुरस्कार रू.३३३३/- प्राप्त किया।
- कु. नाहिद, उर्दू (स्नातक), स्नातक (उर्दू) अंतिम वर्ष परीक्षा २०१८ में प्रथम स्थान अर्जित करने हेतु बी.एच.यू. पदक प्राप्त किया।

नए पाठ्यक्रमों का संचालन: काशी हिन्दू विश्वविद्यालय की कार्यकारिणी परिषद ने शैक्षणिक सत्र २०१९-२० से महाविद्यालय को चार नए परास्नातक पाठ्यक्रम (गृह विज्ञान, राजनीति विज्ञान, समाजशास्त्र एवं प्रा. भा. इतिहास संस्कृति एवं पुरातत्व) एवं फ्रेंच में स्नातक एवं पार्ट टाइम डिप्लोमा पाठ्यक्रम को अपनी मंजूरी दे दी है। महाविद्यालय शैक्षणिक सत्र २०१९-२० से गृह विज्ञान, राजनीति विज्ञान एवं फ्रेंच में स्नातक एवं पार्ट टाइम डिप्लोमा पाठ्यक्रम शुरू करेगा। अन्य दो पाठ्यक्रमों का संचालन अगले सत्र से किया जाएगा।

नए पाठ्यक्रमों का प्रस्ताव: सत्र २०२०-२१ में महाविद्यालय ने फाइन आर्ट्स में स्नातक, कम्प्यूटर अनुप्रयोग में तीन वर्षीय यूजी डिप्लोमा पाठ्यक्रम एवं कुछ अन्य स्ववित्तपोषित डिप्लोमा व पीजी डिप्लोमा पाठ्यक्रमों को शुरू करने हेतु काशी हिन्दू विश्वविद्यालय को प्रस्ताव भेजा है।

समझौता ज्ञापन: महाविद्यालय ने स्नातक एवं परास्नातक स्तर पर शैक्षणिक गुणवत्ता एवं सहयोगपूर्ण शोध को बढ़ावा देने एवं शैक्षणिक गतिविधियों के आदान प्रदान हेतु डी.ए.वी.पी.जी. कॉलेज, आर्य महिला पी.जी. कॉलेज और सोसायटी फॉर हायर एजुकेशन एण्ड प्रेक्टिकल एप्लिकेशन (सेपा), वाराणसी, मेधा, लीड, (देशपाण्डे फॉउण्डेशन) के अतिरिक्त अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन **'फ्यूचर आफ वोमेन १८'** के सहभागी आयोजक के रूप में इण्टरनेशनल इंस्टीट्यूट आफ नॉलेज मैनेजमेण्ट (प्रा.) लिमिटेड, श्रीलंका के साथ सहमति पत्र पर हस्ताक्षर किया। सामाजिक विकास गतिविधियों में छात्राओं की सहभागिता के लिए महाविद्यालय ने स्वैच्छिक संगठन **सम्पर्क** के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया।

राष्ट्रीय संगोष्ठी/कार्यशाला

- २५ सितम्बर २०१८: अर्थशास्त्र विभाग द्वारा **एमएस एक्सेल एवं एसपीएसएस सॉफ्टवेयर के उपयोग** विषयक एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता प्रो. जी.पी. सिंह, सांख्यिकी विभाग, विज्ञान संकाय, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय थे।
- १६ अक्टूबर २०१८: अंग्रेजी एवं हिन्दी विभाग द्वारा **प्रवासी साहित्य की चुनौतियाँ** विषयक अन्तर्राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन। मुख्य वक्ता प्रो. रजनीश धवन, अंग्रेजी विभाग, फ्रेजर वेली विश्वविद्यालय एवं प्रो. सरन घई, टोरन्टो विश्वविद्यालय, कनाडा थे।
- १२-१८ नवम्बर २०१८: अंग्रेजी विभाग द्वारा ''पैडागौएस एण्ड परफारमेन्स: फ्राम टेक्सट टू स्टेज'' विषयक सात दिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन। प्रमुख वक्ता प्रो. संजय दत्ता रॉय, इलाहाबाद विश्वविद्यालय, प्रो. आर.एन. रॉय, अंग्रेजी विभाग, बीएचयू, प्रो. रजनीश धवन, अंग्रेजी विभाग, फ्रेजर वेली विश्वविद्यालय, श्री सुधान्वा देशपाण्डे, जन नाट्य मंच एवं डॉ. गौतम चैटर्जी, नाट्य विद्वान थे।
- ९ फरवरी २०१९: अंग्रेजी विभाग द्वारा महिला अनुसंधान केन्द्र, आक्लाहोमा विश्वविद्यालय, संयुक्त राज्य अमेरिका एवं इंटरसेक्शन, बीएचयू के संयुक्त तत्वाधान में गोईगं ग्लोकल: ''जेन्डर इशूज इन द न्यू मिलेनियम'' विषयक एक दिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन। प्रमुख वक्ता प्रो. लिंडसे चर्चिल एवं डॉ. डायना पार्डो, महिला अनुसंधान केन्द्र, ओक्लाहोमा विश्वविद्यालय, संयुक्त राज्य अमेरिका, डॉ. विवेक सिंह, डॉ. राहुल चतुर्वेदी, डॉ. प्रवीण पटेल, डॉ. अमित उपाध्याय एवं डॉ. उमेश कुमार, बीएचयू थे।
- १५-१६ फरवरी २०१९: संस्कृत एवं अंग्रेजी विभाग द्वारा ''हाउ टू डू थिंग्स विथ लैंग्वेज'' विषयक दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन। मुख्य वक्ता डॉ. संजुक्ता घोष, सह आचार्य, मानवतावादी अध्ययन विभाग, आईआईटी, बीएचयू एवं डॉ. अनिल ठाकुर, बीएचयू थे।
- **नियोजन गतिविधियाँ:** आन्तरिक गुणवत्ता सुनिश्चयन प्रकोष्ठ द्वारा व्यक्तिगत उत्कृष्टता एवं लक्ष्य निर्धारण विषयक एक दिवसीय कार्यशाला (३० जनवरी २०१९) का आयोजन किया गया। कार्यशाला में प्रमुख वक्ता कर्नल एस.पी. शर्मा, निदेशक, एम्स, पुणे थे। इसी क्रम में दिनांक ३१ मार्च २०१९ को रोजगार में वृद्धि: प्रशिक्षण एवं नियोजन विषयक अन्य कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में प्रमुख वक्ता श्री पवन चोपड़ा, नियोजन सलाहकार, बैंगलोर ने उद्गार व्यक्त किए।

इस सत्र में निम्न छात्राओं ने राष्ट्रस्तरीय नेट / जे.आर.एफ. परीक्षा उत्तीर्ण की।

कृष्णमूर्ति अध्ययन केन्द्र: जे. कृष्णमूर्ति अध्ययन केन्द्र, श्री जे. कृष्णमूर्ति पर विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा अनुदानित भारत का एकमात्र केन्द्र है जिसका प्रमुख उद्देश्य कृष्णमूर्ति की शिक्षाओं का प्रचार - प्रसार करना है। इस सत्र में केन्द्र द्वारा ''स्ट्रेस एण्ड एनेक्सीटी एवं व्हाई इज इट सो डिफिकल्ट टू से आई डोन्ट नाउ'' विषयक व्याख्यान का आयोजन किया गया। व्याख्यान के प्रमुख वक्ता फ्रांसीसी भाषाविद् एवं विद्वान श्री जैकी मैकेनले थे। जुलाई २०१८ एवं जनवरी २०१९ में २०-२५ छात्राओं के साथ दो सर्टिफिकेट कोर्स शुरू किए गए एवं परास्नातक व बी.एड. छात्राओं हेतु साप्ताहिक संवादात्मक सत्र का नियमित आयोजन किया गया।

आन्तरिक शिकायत समिति: महाविद्यालय की आंतरिक शिकायत समिति द्वारा छात्राओं एवं कर्मचारियों के लिए कानूनी जागरूकता कार्यक्रम (०७ एवं १७ नवंबर २०१८) का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख वक्ता श्री अजय सुमन, देशपाण्डे फाउण्डेशन थे। इसी क्रम में श्री दीपक सिंह, अधिवक्ता, उच्च न्यायालय, इलाहाबाद ने महिलाओं के कानूनी अधिकारों पर एक व्याख्यान (२२ सितम्बर २०१८) दिया। राष्ट्रीय महिला आयोग, भारत सरकार के तत्वाधान में महिलाओं के कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूकता हेतु महिलाओं से संबंधित कानून पर एक प्रतियोगिता (०३ अक्टूबर २०१८) का आयोजन किया गया, जिसमें २६२ छात्राओं ने भाग लिया। कु. प्रियंका गुप्ता (बीए, तृतीय वर्ष, राजनीति विज्ञान) ने प्रथम पुरस्कार नगद रू.२०००, कु. दिव्या दर्शन (बी.ए., तृतीय वर्ष, राजनीति विज्ञान) ने द्वितीय पुरस्कार नगद रू.१५०० एवं कु. सुभरमिता दास, कु. अंजली पाण्डे (बी.ए., प्रथम वर्ष, इतिहास) व चाँदनी यादव (एम.ए., प्रथम वर्ष, अर्थशास्त्र) ने तृतीय पुरस्कार रू.१००० प्राप्त किया।

खेल गतिविधियाँ: छात्राओं ने उर्जा, उत्साह और खेलभावना के साथ वर्षपर्यन्त खेल से जुडी गतिविधियों में सक्रिय रूप से भाग लिया।

कक्षा/विषय	छात्रा का नाम
एम.ए., भूगोल २०१८-१९	पल्लवी शुक्ला, निहारिका, अवस्थी, लता गोपालिया, सुमना गोराई, शिवाम्भी रॉय
एम.ए., इतिहास २०१५-१६ बैच	रूबीना परवीन, जावा मधुर
बी.ए., राजनीति विज्ञान (तृतीय वर्ष) २०१६-१७ बैच	वर्षा उपाध्याय
एम.एड. २०१८-१९ बैच	बबीता सिंह, दीक्षा गौड़, गुंजन यादव, नीतु कुमारी, प्ररणा, (जेआरएफ), प्रिया यादव, प्रिया कुमारी जायसवाल (जेआरएफ), प्रियंका कुमारी, प्रियंका कुमारी, प्रियंका पटेल, रबिनन्दिनी, सविता कुमारी (जेआरएफ)

छात्राओं ने काशी हिन्दू विश्वविद्यालय एवं अन्य निकायों द्वारा आयोजित एथलेटिक्स, तैराकी, ताइक्वांडो, बैडमिंटन, बास्केटबॉल, वॉलीबॉल आदि अंतर-सकाय खेल प्रतियोगिता में भाग लिया और चयनित/सम्मानित हुए।

वार्षिक खेल दिवस (११ फरवरी २०१९) पर छात्राओं ने योग, पिरामिड गठन, ड्रिल और ताइक्वांडो आदि में उत्साहपूर्वक भाग लिया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को पदक और प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। महिला दिवस (८ मार्च, २०१९) पर अमर उजाला, वाराणसी के सहयोग से अपराजिता कार्यक्रम के तहत कराटे टीम के ब्लैक बेल्ट धारकों द्वारा सेल्फ डिफेंस तकनीकी प्रदर्शन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के १०० से अधिक छात्रों ने भाग लिया।

फेलोशिप/छात्रवृत्ति: मनोविज्ञान विभाग की शोध छात्रा सुश्री अंजलि वर्मा को भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली द्वारा ''वृद्धों एवं बुजुर्गों की भलाई में आध्यात्मिकता, मनमौजीपन और सामाजिक सहायता के प्रभाव'' विषयक शोध हेतु रू.२,६०,०००/- के डॉक्टोरल फैलोशिप प्रदान किया गया। यह फेलोशिप १ जनवरी, २०१९ से दो वर्ष के लिए है।

नाम/कक्षा	इवेंट का नाम	प्रायोजित संस्था	समय	सम्मान
हर्षिता जायसवाल बी.ए. (प्रथम वर्ष)	अखिल भारतीय योग चैंपियनशिप	उत्तर प्रदेश योगा स्पोर्टस एसोसिएसन, आगरा	२१-२२ अक्टूबर,२०१८	रजत पदक
हर्षिता जायसवाल बी.ए. (प्रथम वर्ष)	ओपेन नेशनल योगा स्पोर्टस एसोसिएसन, आगरा	१-२ दिसंबर २०१८	१-२ दिसंबर २०१८	भीजिंग में आयोजित इंटर योगा स्पोर्टस फेडरेशन वर्ल्ड चैंपियनशीप २०१८ में चयन
प्रिया कुमारी बी.ए. (तृतीय वर्ष)	इंटर फैक्लटी कराटे टूर्नामेंट	बी.एच.यू.		अंतर विश्वविद्यालयी कराटे टीम में चयन
कबड्डी टीम	गैरी कॉम कबड्डी टूर्नामंट	वसंत कन्या महाविद्यालय, वाराणसी	८ फरवरी २०१९	
वॉलीबॉल टीम	मैडम ब्लावट्स्की वॉलीबॉल टूर्नामेंट	वसंत कन्या महाविद्यालय, वाराणसी	८ फरवरी,२०१९	

महाविद्यालय अपने संसाधनों/दान से प्राप्त धनराशि से जरूरतमंद मेधावी छात्राओं (स्नातक एवं परास्नातक) को छात्रवृत्ति प्रदान करता है जिसका विवरण निम्न हैं -

क्र. सं.	छात्रवृत्ति का नाम	धनराशि	छात्रवृत्ति संख्या
१	अच्युत पटवर्धन छात्रवृत्ति	१०००/- प्रत्येक	५७
२	प्रेमा श्रीनिवासन छात्रवृत्ति	५०००/- प्रत्येक	१०
३	बी.एड. मेधावी छात्रा छात्रवृत्ति	२६००/- प्रत्येक	०२
४	पी. शंकर राव छात्रवृत्ति (संगीत की छात्राओं हेतु)	५०००/- प्रत्येक	०४
५	वसंत महाविद्यालय छात्रवृत्ति	५०००/- प्रत्येक	३०
६	डॉ. आशा रानी/डॉ. सरोज बागेश्वर छात्रवृत्ति (बी.एड.एवं एम.एड. की मेधावी छात्रा हेतु)	५०००/- प्रत्येक	०२

२.३.३. वसन्त कन्या महाविद्यालय

महान द्रष्टा एनी बेसेण्ट के शिक्षा सिद्धान्तों पर स्थापित तथा सुरम्य प्राकृतिक परिवेश के बीच थियोसॉफिकल सोसायटी भारतीय शाखा कमच्छा परिसर में स्थित वसन्त कन्या महाविद्यालय विगत ६४ वर्षों से महिला शिक्षा के क्षेत्र में अपनी महती भूमिका का निर्वाह कर रहा है। नैक के द्वितीय चक्र के पुनर्प्रत्यायन हेतु नैक के विशिष्ट त्रिसदस्यीय दल ने १० और ११ अप्रैल २०१७ को महाविद्यालय का निरीक्षण किया और महाविद्यालय को 'अ' श्रेणी प्रदान की। सन् १९५४ में स्थापित यह महान महाविद्यालय 'शिक्षा ही सेवा है' के आदर्श को ग्रहण कर छात्राओं के व्यक्तित्व के बहुमुखी विकास के साथ ही उन्हें अनुशासित रहने व मानवीय मूल्यों के प्रति आदर का भाव प्रदर्शित करने की ओर भी सचेष्ट रखता है। यहाँ स्नातक स्तर पर कला व सामाजिक-विज्ञान वर्ग के १४ विषयों तथा परास्नातक स्तर पर हिन्दी, अंग्रेजी, गृह विज्ञान, समाजशास्त्र और मनोविज्ञान- इन पाँच विषयों के पाठ्यक्रम संचालित होते हैं तथा इन विषयों में छात्राएँ शोध-कार्य करते हुए शोध उपाधि हेतु भी संलग्न हैं। अन्तर्सांकायिक शोध-अध्ययनों के द्वारा शिक्षण-कार्य को उत्तरोत्तर विकास पथ पर अग्रसारित करते हुए यह महाविद्यालय महिला शिक्षा के क्षेत्र में स्वयं को मील का पत्थर सिद्ध किये हुए है।

शैक्षणिक गतिविधियाँ

महाविद्यालय में विभिन्न विषयों पर व्याख्यान, कार्यशालाएँ और परिभ्रमण संम्पन्न हुए जिनमें स्नातक और परास्नातक स्तर की छात्राओं ने हिस्सा लेकर सम-सामयिक विषयों के प्रति सचेत होते हुये उनसे प्राप्त ज्ञान से स्वयं को लाभान्वित भी किया।

प्राचीन भारतीय इतिहास संस्कृति एवं पुरातत्व विभाग

- विभाग द्वारा दिनांक ५-६ अक्टूबर २०१८ को आईसीएसएसआर प्रायोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार ''भूमि अधिग्रहण और समजिक न्याय'' का आयोजन किया।

अंग्रेजी विभाग

- दिनांक ०६.०४.२०१८ को ''साहित्य पढ़ना'' पर एक संवादात्मक सत्र का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य वक्ता प्रो. अंजली भेलान्डे थीं।
- दिनांक २१.०२.२०१९ को विभाग द्वारा काव्य महोत्सव ''शांति की सहानुभूति'' का आयोजन किया गया। इस महोत्सव में ७० कवियों ने अपनी कविताओं को प्रस्तुत किया।

हिन्दी विभाग

- हिन्दी विभाग द्वारा दिनांक २३-२४ अप्रैल २०१८ को दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी ''आज का सामाजिक-राजनीतिक संकट और कबीर का काव्य'' का आयोजन किया गया

इतिहास विभाग

- विभाग द्वारा दिनांक १५.०३.२०१९ को ''भारत की विदेश नीति और नेहरू युग'' पर एक व्याख्यान का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य वक्ता थे प्रो. केशव मिश्रा।

गृह विज्ञान विभाग

- दिनांक १७.८.२०१८ को विभाग द्वारा ''फैशन घटक'' विषय पर एक सप्रयोग व्याख्यान का आयोजन किया गया जिसमें सुश्री स्मृति अवस्थी, डिज़ाइनर, अंशुल बुटीक विषय विशेषज्ञ थीं।
- दिनांक ०६.०४.२०१९ को ''टेक्सटाइल क्षेत्र में अग्रिम अध्ययन एवं रोजगार के अवसर'' विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। जिसके मुख्य वक्ता श्री एम.एम. तिवारी, डिप्टी डायरेक्टर, निट्रा, गाज़ियाबाद थे।
- दिनांक २४.०९.२०१८ को ''फैशन डिजाइनिंग के लिए ड्रेपिंग तकनीक'' विषयक कार्यशाला का आयोजन फैशन डिजाइनिंग की छात्राओं हेतु किया गया।

राष्ट्रीय पोषण सप्ताह

- वसन्त कन्या महाविद्यालय के गृह विज्ञान विभाग द्वारा पोषण माह २०१८ के अन्तर्गत द्वि-दिवसीय कार्यक्रम २७ तथा २८ सितम्बर को आयोजित किया गया।

मेला एवं प्रदर्शनी

- १०-११ अप्रैल, २०१८ को वसन्त कन्या महाविद्यालय, कमच्छा के गृह विज्ञान विभाग के द्वारा हस्तशिल्प कला प्रदर्शनी ''सुई धागा'' का आयोजन विभागाध्यक्षा डॉ. संगीता देवडिया के निर्देशन में किया गया।
- दिनांक १३.१०.२०१८ को विभाग द्वारा 'दीवाली मेला' का आयोजन किया गया। इस मेले में छात्राओं द्वारा बनाये गये सुन्दर दीयों, मोमबत्तियों एवं साज-सामानों का प्रदर्शन किया गया जो अत्यन्त सराहनीय था।

संगीत विभाग- गायन तथा वाद्य

- दिनांक १०.४.२०१८ को प्रो. पुष्पा बसु ने रागों का तुलनात्मक अध्ययन एवं बंदिशों की रचना के संदर्भ में सप्रयोग व्याख्यान दिया।
- दिनांक २६.०३.२०१९ को प्रो. राजेश शाह, संकाय प्रमुख, संगीत एवं मंच कला संकाय ने रागों का तुलनात्मक अध्ययन एवं बंदिशों की रचना के संदर्भ में सप्रयोग व्याख्यान दिया।
- दिनांक ११.०४.२०१९ को संगीत गायन विभाग की बी.ए. तृतीय वर्ष की छात्रा, सुश्री मंजरी शुक्ला, तथा ३०.०५.२०१९ को बी.ए. द्वितीय वर्ष की छात्रा सुश्री हेमलता द्वारा वाराणसी के प्रतिष्ठत मंच 'सुबहे-बनारस' में एकल गीत प्रस्तुति दी गई।
- दिनांक १९.०४.२०१९ को महाविद्यालय की बी.ए. तृतीय वर्ष की संगीत वादन विभाग की छात्राओं द्वारा वाराणसी के प्रतिष्ठित मंच 'सुबहे-बनारस' में समूह सितार वादन की प्रस्तुति दी गई।

संगीत संचेतना

- वसन्त कन्या महाविद्यालय में दिनांक २०.०८.१८ को संगीत संचेतना मंच के अन्तर्गत संगीत गायन एवं वादन विभाग की ओर से महान संगीत साधक पं. विष्णु दिगंबर पलुस्कर जी की १४६वीं जयन्ती मनाई गई। कार्यक्रम के आरम्भ में सर्वप्रथम प्राचार्या प्रो. रचना श्रीवास्तव द्वारा पलुस्कर जी के संगीत योगदान की चर्चा करते हुए उनके प्रति भावांजलि अर्पित की गई। तत्पश्चात् संगीत विभागाध्यक्ष डॉ. स्वरवन्दना शर्मा द्वारा जीवन सम्बन्धित महत्वपूर्ण पहलुओं पर प्रकाश डालते हुए विपरीत परिस्थितियों में भी कार्य की लगन हेतु छात्राओं को प्रेरित किया गया। इस अवसर पर फिल्म डिवीज़न की ओर से दिगम्बर जी के जन्मशताब्दी वर्ष पर बनाई गई एक लघु फिल्म का प्रदर्शन भी किया गया एवं विष्णु दिगंबर पलुस्कर जी के दो शिष्य पं. वी.डी. पलुस्कर (पुत्र) एवं पं. ओंकार नाथ ठाकुर जी के भजनों के श्रवण माध्यम से छात्राओं को उनकी गायकी धारा से परिचित कराया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय संगीत विभाग की डॉ. मीनू पाठक, डॉ. सुमन सिंह, डॉ. सीमा वर्मा, श्री सौम्यकान्ति मुखर्जी, श्री अमित ईश्वर सहित अन्य शिक्षक भी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संयोजन डॉ. सीमा वर्मा द्वारा किया गया।
- वसंत कन्या महाविद्यालय में पद्मश्री डॉ. राजेश्वर आचार्य जी का सम्मान समारोह दिनांक ८-४-२०१९ को आयोजित किया गया। कार्यक्रम के आरंभ में माँ वसंत को पुष्पांजलि अर्पित की गयी तथा कुलगीत की प्रस्तुति की गयी। प्रबंधक श्रीमती उमा भट्टाचार्या एवं प्राचार्या प्रो. रचना श्रीवास्तव द्वारा अंगवस्त्र एवं सम्मान पत्र प्रदान कर श्री आचार्य जी का स्वागत किया गया। समारोह में आये समागत अतिथियों व संगीत रसिकजनों का स्वागत डॉ. स्वरवंदना शर्मा द्वारा तथा मानपत्र वाचन डॉ. आशा यादव द्वारा किया गया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण श्री राजेश्वर आचार्य जी द्वारा जल तरंग वादन रहा। आपने चन्द्रकौंस राग की प्रस्तुति की।
- काशी के प्रबुद्ध संगीतज्ञ श्री आदिनाथ उपाध्याय जी, डॉ. प्रीतेश आचार्य जी, काशी संगीत समाज के पदाधिकारी, संगीत संकल्प, स्वरांगन, कला केन्द्र जैसे ख्याति लब्ध संस्थाओं के कलाकारों के साथ चारों महाविद्यालय के संगीत वादन एवं गायन विभाग के शिक्षक/शिक्षिकायें एवं छात्राओं एवं पं. काशीनाथ मिश्रा जी ने जलतरंग वादन का आनंद लिया। कार्यक्रम का संयोजन व संचालन संगीत विभाग की डॉ. सीमा वर्मा द्वारा किया गया।

दर्शनशास्त्र विभाग

- दिनांक ११ से १७ अप्रैल, २०१८ को वसन्त कन्या महाविद्यालय, कमच्छा में दर्शनशास्त्र विभाग द्वारा ''आधुनिक जीवनशैली की समस्याओं के समाधान में योग की भूमिका'' विषय पर सात दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।
- दिनांक १६.०३.२०१९ एवं २९.०३.२०१९ को भारतीय दार्शनिक अनुसन्धान परिषद के द्वारा प्रायोजित व्याख्यानमाला दर्शनशास्त्र विभाग के द्वारा दो चरणों में सम्पन्न हुई।
- दिनांक १६.०३.२०१९ को प्रो. डी.एन. तिवारी , पूर्वविभागाध्यक्ष, दर्शन एवं धर्म विभाग, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, द्वारा ''आलोचनात्मक चिन्तन और दर्शन'' तथा प्रो. आर.पी. द्विवेदी, निदेशक, गाँधी अधययन पीठ, महात्मा गाँधी

काशी विद्यापीठ द्वारा ''वैश्वीकरण की नैतिकता'' विषय पर व्याख्यान दिया गया।

- दिनांक २९.०३.२०१९ को महाविद्यालय के सभागार व्याख्यानमाला का द्वितीय चरण प्रो. मुकुल राज मेहता, अध्यक्ष, दर्शन एवं धर्म विभाग, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, ने ''भारतीय संस्कृति में निहित मौलिक मूल्य तथा राष्ट्रीय पुनर्निर्माण में उनकी प्रासंगिकता विषय पर व्याख्यान दिया।

राजनीतिशास्त्र विभाग

- इस सत्र में प्रो. रचना श्रीवास्तव, प्राचार्या को आईसीएसएसआर के आईएमपीआरईएसएस योजना के अन्तर्गत ''राज्य शिल्प् , मंडल सिद्धान्त और कौटिल्य के अर्थशास्त्र में छ:गुना नीति : समकालीन प्रासंगिकता'' नामक माइनर रिसर्च प्रोजेक्ट, स्वीकृत किया गया।
- इलेक्ट्राल रीफार्म्स इन इण्डिया विषय पर १०.०४.२०१८ को प्रो. सोनाली सिंह, राजनीति शास्त्र विभाग, का.हि.वि.वि., का व्याख्यान आयोजित किया गया।
- दिनांक १७-१८ सितम्बर २०१८ को राजनीतिशास्त्र विभाग द्वारा आयोजित तथा आईसीएसएसआर द्वारा अनुदानित ''भारत में चुनाव सुधारों पर परिचर्चा'' विषयक द्वि-दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया।
- दिनांक ०५.०४.२०१९ को ''भारत की विदेश नीति मोदी युग में'' विषयक व्याख्यान का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य वक्ता प्रो. संजय श्रीवास्तव थे।

मनोविज्ञान विभाग

- ''संगठनात्मक व्यवहार'' विषय पर ०७.०९.२०१८ को प्रो. संदीप कुमार, मनोविज्ञान विभाग, का.हि.वि.वि., का व्याख्यान आयोजित किया गया।
- सामाजिक मनोविज्ञान विषय पर ११.०९.२०१९ को डॉ. सुधा श्रीवास्तव, पूर्व विभागाध्यक्षा, मनोविज्ञान विभाग, व.क.म, का व्याख्यान आयोजित किया गया, जिसमें एम.ए. प्रथम वर्ष की छात्राओं ने सहभागिता की।
- ''ध्यान-प्रकृति और प्रकार और अनुप्रयोग'' विषय पर २७.०९.२०१८ को डॉ. त्रयम्बक तिवारी, असिस्टेन्ट प्रोफेसर, मनोविज्ञान विभाग, का.हि.वि.वि., का व्याख्यान आयोजित किया गया, जिसमें एम.ए. द्वितीय सेमेस्टर की ३० छात्राओं ने सहभागिता की।
- डिस्क्रीमिनेशन फंक्शन एनालीसीस विषय पर ०२.०३.२०१९ को डॉ. उर्मिला रानी, एसोसिएट प्रोफेसर, मनोविज्ञान विभाग, का.हि.वि.वि. का व्याख्यान आयोजित किया गया, जिसमें एम.ए. द्वितीय सेमेस्टर की ३० छात्राओं ने सहभागिता की।
- संज्ञानात्मक तंत्रिका विज्ञान की विधि विषय पर २८.०३.२०१९ को डॉ. योगेश आर्या, असिस्टेन्ट प्रोफेसर, मनोविज्ञान विभाग, का.हि.वि.वि., का व्याख्यान आयोजित किया गया, जिसमें ३० छात्राओं ने सहभागिता की।
- दिनांक ०७.०३.२०१९ को ''मानसिक स्वास्थ्य के लिए जीवन कौशल प्रशिक्षण'' विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें डॉ. राकेश त्रिपाठी, एसोसिएट प्रोफेसर, के.जी.एम.यू. लखनऊ विषय विशेषज्ञ थे। इस कार्यशाला में लगभग ९० छात्राओं ने सहभागिता की।
- ३० मार्च, २०१९ को मनोविज्ञान विभाग द्वारा ''डेटा स्क्रीनिंग और एसपीएसएस के माध्यम से सांख्यिकीय विश्लेषण के लिए तैयारी'' विषय पर एक-दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें डॉ. तुषार सिंह, असिस्टेन्ट प्रोफेसर, मनोविज्ञान विभाग, का.हि.वि.वि. विषय-विशेषज्ञ के रूप में उपस्थित थे।
- दिनांक १० अक्टूबर, २०१८ को मनोविज्ञान विभाग, वसन्त कन्या महाविद्यालय, कमच्छा, द्वारा ''विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस'' के अवसर पर एक व्याख्यान आयोजित किया गया। मुख्य वक्ता प्रो. एच.एस. अस्थाना, मनोविज्ञान विभाग, बी.एच.यू. थे।

संस्कृत विभाग

- दिनांक ११.०९.२०१८ को वाग्वर्धिनी सभा के अन्तर्गत डॉ. कमला पाण्डेय द्वारा 'उच्चारयन्तु संस्कृतम्, उज्जीवयन्तु भारतम्' विषयक व्याख्यान का आयोजन किया गया, जिसमें १५० छात्राओं ने सहभागिता की। सभा का उद्घाटन करते हुए संस्कृत मातृ मण्डलम् की संस्थापक अध्यक्ष डॉ. कमला पाण्डेय ने भारत की सांस्कृतिक जड़ों को मजबूत बनाने हेतु संस्कृत अध्ययन की आवश्यकता पर बल दिया। विभागाध्यक्षा डॉ. शान्ता चटर्जी ने संस्कृत सम्भाषण के महत्त्व को समझाया।
- दिनांक ०२.०३.२०१९ को प्रो. सदाशिव कुमार द्विवेदी द्वारा 'काव्यशास्त्र में रस' विषयक व्याख्यान का आयोजन किया गया, जिसमें १४० छात्राओं ने सहभागिता की।
- दिनांक ११.०३.२०१९ से १६.०३.२०१९ तक 'कालिदास श्लोक पाठ' विषयक कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें कालिदास के काव्यों में प्रयुक्त छन्दों के सस्वर शुद्ध पाठ करने का प्रशिक्षण विभागीय प्राध्यापिकाओं द्वारा दिया गया।

समाजशास्त्र विभाग

- दिनांक ०६.०४.२०१९ को बी.ए. तृतीय वर्ष की छात्राओं हेतु ''डाटा एनालसीस विथ द हेल्प ऑफ ग्रुप एण्ड डाइग्राम'' विषयक व्याख्यान का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता थीं डॉ. कल्पलता डिमरी, विभागाध्यक्षा, अर्थशास्त्र विभाग, व.क.म। लगभग ३९ छात्राओं ने सहभागिता की।
- एम.ए. की छात्राओं हेतु ''थ्योरिज ऑफ ग्रुप इनटेरक्शन'' विषयक कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें विषय विशेषज्ञ थीं डॉ. कल्पना आनंद, समाजशास्त्र विभाग, व.क.म.।
- बी.ए. तृतीय वर्ष की छात्राओं हेतु ''थ्योरिज ऑफ क्राईम और क्राईम इन इण्डिया'' विषयक संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

छात्रवृत्तियाँ, पदक और पारितोषिक

प्रतिवर्ष महाविद्यालय की पुरातन छात्राओं एवं प्राक्तन शिक्षिकाओं द्वारा विभिन्न प्रतिष्ठित छात्रवृत्तियाँ/गोल्ड मेडल तथा पुरस्कार मेधावी छात्राओं को प्रदान किये जाते हैं। वर्तमान सत्र में महाविद्यालय की

क्रम. सं.	छात्रवृत्ति का नाम	विद्यार्थी का नाम	कक्षा	विषय
१.	स्व. लीलावती देवी स्मृति पुरस्कार	सुश्री माधवी ठाकुर	बी.ए.- तृतीय	मनोविज्ञान
		सुश्री अंजली जायसवाल	बी.ए.- तृतीय	गृहविज्ञान
२.	स्व. रमती देवी एवं डॉ. बालकृष्ण दुबे स्मृति पुरस्कार	सुश्री आस्था बाजपेयी	बी.ए.- तृतीय	दर्शनशास्त्र
		सुश्री प्रिया पाण्डेय	बी.ए.- तृतीय	दर्शनशास्त्र
३.	स्व. सुशील नारायण दुबे स्मृति छात्रवृत्ति	सुश्री उर्वी मेहरा	बी.ए.- तृतीय	अर्थशास्त्र
		सुश्री सिमरन सिन्हा	बी.ए.- तृतीय	अर्थशास्त्र
४.	रानी श्रीमती लोकेश्वरी देवी स्मृति पुरस्कार	सुश्री बुशरा ओबेदुल्लाह	बी.ए.- तृतीय	गृहविज्ञान
५.	त्रिवेणी देवी एवं किशोरी रमण प्रसाद मेमोरियल पुरस्कार	सुश्री अपराजिता	बी.ए.-प्रथम	हिन्दी आनर्स
६.	स्व. रामनाथ व्यास छात्रवृत्ति	सुश्री शिल्पा	बी.ए.- द्वितीय	इतिहास
		सुश्री दिव्या गुप्ता	बी.ए.- द्वितीय	अर्थशास्त्र
७.	स्व. प्रभा रामनाथ व्यास छात्रवृत्ति	सुश्री साधना कुमारी गुप्ता	बी.ए.- द्वितीय	गृहविज्ञान
८.	स्व. शिव मंगल पाण्डेय छात्रवृत्ति	सुश्री स्नेहा तिवारी	बी.ए.- द्वितीय	राजनीति विज्ञान
९.	रूप नारायण आत्रेय स्मृति प्रतिभान्वेषी छात्रवृत्ति	सुश्री दिपाली सिहारे	बी.ए.- द्वितीय	कला वर्ग
१०.	स्व. एम.वी. कालविंट स्मृति पुरस्कार	सुश्री शालू गोण्ड	बी.ए.- तृतीय	संगीत (गायन)
११.	पं. राधेश्याम शर्मा छात्रवृत्ति	सुश्री एश्वर्या श्रोतरिया	बी.ए.- तृतीय	अंग्रेजी
		सुश्री रितु राज	बी.ए.- तृतीय	अंग्रेजी
१२.	श्रीमती एस.के. दर छात्रवृत्ति	सुश्री रणनीति राय	बी.ए.- द्वितीय	
१३.	श्रीमती राधा सिन्हा स्मृति पुरस्कार	सुश्री अनन्या कंठ	बी.ए.- तृतीय	राजनीति विज्ञान

निम्नलिखित छात्राओं को पुरस्कार एवं छात्रवृत्तियाँ प्रदान की गयीं :

वर्तमान सत्र में काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के दीक्षान्त समारोह में वसन्त कन्या महाविद्यालय की निम्नलिखित छात्राओं को स्वर्ण पदक प्राप्त होना घोषित हुआ है -

प्रियांशी सिंह: सुश्री सौमिता दत्ता स्मृति स्वर्ण पदक, अंग्रेजी विषय में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने के लिए; बी.एच.यू मेडल, अंग्रेजी विषय में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने के लिए; श्री दुर्गा ईश्वर दत्त पुरस्कार।

शालू गोंड़: बी.एच.यू मेडल, संगीत गायन में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने के लिए।

बुशरा ओबेदुल्लाह: बी.एच.यू मेडल, गृह विज्ञान में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने के लिए।

शिवांगी प्रकाश: पूनम मेमोरियल गोल्ड़ मेड़ल एवं बी.एच.यू गोल्ड़ मेडल, मनोविज्ञान में सर्वोच्च अंक लाने के लिए।

संस्कृत मातृमंडलम्

महिला अध्ययन प्रकोष्ठ ''उड़ान'' की तरफ से वसन्त कन्या महाविद्यालय में अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में अतिथियों के रूप में प्रो. रचना दूबे, प्राचार्या आर्य महिला पी.जी. कालेज; पूनम राय, फ्रीलान्सर आर्टिस्ट तथा श्रीमती अंशुल मेहता, उद्यमी ने छात्राओं का उत्साहवर्द्धन किया। १८ छात्राओं को उदिता सम्मान से सम्मानित किया गया। ये छात्रायें शैक्षणिक एवं गैर शैक्षणिक क्षेत्रों में सफलता के कीर्तिमान स्थापित कर रही है। बी.ए. की ये छात्रायें फिटनेस ट्रेनर, सामाजिक कार्यकर्ता, उद्यमी तथा ट्यूटर जैसे पारंपरिक व्यवसाय के साथ-साथ साइबर कैफे, ऑनलाइन ट्यूटोरियल क्लासेस, गर्ल्स इम्पैक्ट द वर्ल्ड फिल्म फेस्टिवल में प्रथम पुरस्कार, कलमकार के साथ जुड़कर स्टोरी टेलिंग जैसे नये क्षेत्रों में भी सफल हो रही हैं।

राइफल शूटिंग, एन.सी.सी. कैडेट, गवर्नर मेडल से सम्मानित हो कर महाविद्यालय का नाम रोशन कर रही हैं। इसके साथ ही महिला अध्ययन प्रकोष्ठ की तरफ से संचालित नि:शुल्क कम्प्यूटर कोर्स को सफलता पूर्वक पूर्ण करने वाली ५८ छात्राओं को सर्टिफिकेट वितरित किया गया। कम्प्यूटर कोर्स के सफल संयोजन के लिये श्री चन्द्रकांत चटर्जी, सुश्री नेहा कुमारी, तथा सुश्री पूजा कनोडिया को सम्मानित किया गया। अंतर संकाय महोत्सव ''स्पन्दन'' के विभिन्न श्रेणियों में पुरस्कार प्राप्त करने वाली छात्राओं को भी सम्मानित किया गया। प्राचार्या प्रो. रचना श्रीवास्तवा तथा प्रबन्धक श्रीमती उमा भट्टाचार्या जी ने छात्राओं को संबोधित करते हुये जीवन में कठिनाईयों का दृढ़ता से सामना करने तथा अवसरों का सटीक उपयोग करने की सलाह दी। उन्होंने सभी सहयोगियो

को महिला दिवस की बधाई दी। अंग्रेजी विभाग की डॉ. बीना सिंह एवं संगीत विभाग के श्री सौम्यकांति मुखर्जी ने महिला सशक्तिकरण से संबन्धित कविता प्रस्तुत की। कार्यक्रम में महिला अध्ययन प्रकोष्ठ की संयोजिका डॉ. अंशु शुक्ला, डॉ. कुमुद रंजन तथा डॉ. सुप्रिया सिंह के साथ महाविद्यालय की सभी शिक्षक-शिक्षिकायें उपस्थित रही। कार्यक्रम का संचालन डॉ. सीमा वर्मा तथा धन्यवाद ज्ञापन डॉ. मनोज कुमार सिंह ने किया।

शैक्षणिक परिभ्रमण एवं आउटरीच कार्यक्रम

- दिनांक २८.०२.२०१९ को प्राचीन भारतीय इतिहास संस्कृति एवं पुरातत्व विभाग, दर्शनशास्त्र विभाग तथा राजनीति शास्त्र की छात्राओं द्वारा अर्ध कुम्भ के उपलक्ष्य में प्रयागराज का; प्राचीन भारतीय इतिहास संस्कृति एवं पुरातत्व विभाग की बी.ए. तृतीय वर्ष की छात्राओं द्वारा राजघाट पुरातत्वीय स्थलों का; गृहविज्ञान विभाग की बी.ए. द्वितीय एवं तृतीय वर्ष की छात्राओं के द्वारा दिनांक ०३.११.२०१८ को बसनी, बड़ागाँव का; गृहविज्ञान विभाग की बी.ए. तृतीय वर्ष की छात्राओं ने दिनांक २१.०२.२०१९ को मूक बधिर विद्यालय का; गृहविज्ञान विभाग की बी.ए. तृतीय वर्ष की छात्राओं ने दिनांक ०१.०३.२०१९ को पोद्दार अन्ध विद्यालय का; गृहविज्ञान विभाग की बी.ए. तृतीय वर्ष की छात्राओं ने दिनांक ०५.०४.२०१९ को किरण विकलांग केन्द्र का; दिनांक ०५.०४.२०१९ को एम.ए. गृहविज्ञान की छात्राओं ने फैशन डिजाइनिंग की छात्राओं के साथ ट्रेड़ सेन्टर का; आचार्य स्मृति सप्ताह के अवसर पर संगीत गायन विभाग कर छात्राओं के द्वारा दिनांक १४.०३.२०१९ को का.हि.वि.वि का; दिनांक १६.०३.२०१९ को संगीत वादन विभाग की छात्राओं के द्वारा संगीत एवं मंच कला संकाय, का.हि.वि.वि का; मनोविज्ञान विभाग की एम.ए. द्वितीय वर्ष के ३० छात्राओं द्वारा देवा सेन्टर, कमच्छा का भ्रमण १३.०९.२०१८; मनोविज्ञान विभाग की बी.ए. तृतीय वर्ष ३० की छात्राओं द्वारा फैक्लटी आर्फ ऐजूकेशन एण्ड ओमन्स होंटीकल्चर सोसाइटी द्वारा आयोजित पुष्प प्रदर्शनी में; दिनांक १५.०३.२०१९ को मनोविज्ञान विभाग की बी.ए. तृतीय वर्ष ३० की छात्राओं द्वारा डगमगपुर एवं चुनार फोर्ट मिर्ज़ापुर का; दिनांक ०३.०४.२०१९ को मनोविज्ञान विभाग की एम.ए. द्वितीय वर्ष कर ३० छात्राओं ने किरण विकलांग केन्द्र, शूलटंकेश्वर का; दिनांक १६.०३.२०१९ को संस्कृत विभाग की छात्राओं के द्वारा ज्ञान प्रवाह, सांस्कृतिक अध्ययन केन्द्र का भ्रमण किया गया।

२.३.४. दयानन्द महाविद्यालय (डी.ए.वी. पी.जी. कॉलेज)

डी.ए.वी. पी.जी. कॉलेज की स्थापना सन् १९३८ में काशी हिन्दू विश्वविद्यालय की मान्यता के साथ इण्टरमीडिएट कॉलेज के रूप में हुई। इसके संस्थापक **पं. रामनारायण मिश्र** और **गौरीशंकर** ने मदनमोहन मालवीय के महान शिक्षा संकल्प के उद्देश्य में भागीदारी करके बनारस शहर के हृदय स्थल में शिक्षण संस्थान की बुनियाद रखी ताकि शहर के भीतर शिक्षा संस्कृति को विस्तार मिले। इस संस्थान ने सन् १९४७ में स्नातक स्तरीय पाठ्यक्रम को लागू किया, जिसे सन् १९५४ में काशी हिन्दू विश्वविद्यालय से स्थायी मान्यता मिली। प्रारम्भ में कला, सामाजिक विज्ञान और वाणिज्य पाठ्यक्रम में कक्षाएं संचालित होती रही। विश्वविद्यालय ने सन् २००८ में कॉलेज में सहशिक्षा और कुछ विषयों में एम.ए. की कक्षाओं सहित शोध की स्वीकृति प्रदान की। वर्तमान में नौ विषयों में एम.ए. पाठ्यक्रम एवं शोध की सुविधा उपलब्ध है। यह कॉलेज रोजगारोन्मुख पाठ्यक्रम के अन्तर्गत यू.जी.डी.सी.ए., ट्रवेल एण्ड टूरिज्म मैनेजमेंट, रिस्क एण्ड इंश्योरेन्स मैनेजमेण्ट, कम्यूनिकेटिव इंगलिश, प्रयोजनमूलक हिन्दी पत्रकारिता एवं साइकोथेरेपी काउंसिलिंग डिप्लोमा की कक्षाओं के द्वारा विद्यार्थियों को रोजगारोपयोगी अध्ययन की सुविधा उपलब्ध कराता है। महाविद्यालय न सिर्फ उत्तर प्रदेश बल्कि बिहार, झारखंड, उत्तराखंड, पश्चिम बंगाल, मध्य प्रदेश और सुदूर अरुणाचल प्रदेश, कश्मीर (लद्दाख) तक के विद्यार्थियों में ज्ञान चेतना के साथ सतत् सांस्कृतिक चेतना का प्रवाह कर रहा है; राष्ट्रीय स्तर पर छात्रों की यह विविधता हमारी ताकत है। उत्तर प्रदेश के बाहर कश्मीर, अरुणाचल प्रदेश जैसे सुदूर राज्यों से विद्यार्थियों की आमद महाविद्यालय के राष्ट्रीय स्वरूप का द्योतक है।

प्रवेश एवं परीक्षा प्रक्रिया

काशी हिन्दू विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित संयुक्त प्रवेश परीक्षा (यू.ई.टी., पी.ई.टी एवं सी.आर.इ.ए.टी.) के माध्यम से स्नातक, स्नातकोत्तर एवं शोध छात्रों का मेरिट द्वारा चयन कर विश्वविद्यालय एवं उससे सम्बद्ध महाविद्यालयों में छात्रों का प्रवेश होता है। महाविद्यालय, विश्वविद्यालय द्वारा संचालित छात्रों की परीक्षा एवं आकलन सम्बन्धित सभी नियमों का अनुपालन करता है।

उपलब्धियाँ एवं कार्यक्रम

छात्र एवं छात्राओं में विषय के ज्ञान को अद्यतन बनाने हेतु कॉलेज विषय के आधार पर क्वेस्ट प्रतियोगिता का आयोजन प्रतिवर्ष करता है। यह क्वेस्ट ०३ श्रेणियों (बहुविकल्पीय प्रश्न, विस्तृतउत्तरी प्रश्न और क्विज सम्बन्धित प्रश्न एवं प्रेजेनटेशन) के आधार पर होता है। इस प्रतियोगिता के माध्यम से छात्रों को पुरस्कार एवं सम्मान प्रदान कर प्रोत्साहित करना एवं विशेष रूचि जागृत करने की कोशिश की जाती है,

जिनका विवरण निम्नवत है -

- ''हिन्दी क्वेस्ट'' का आयोजन हिन्दी विभाग, डी.ए.वी. पी.जी. कॉलेज, वाराणसी द्वारा १५सितम्बर, २०१८ को किया गया।
- ''पॉलिटिकल क्वेस्ट'' का आयोजन राजनीतिशास्त्र विभाग, डी.ए.वी. पी.जी. कॉलेज, वाराणसी द्वारा १३-१४ मार्च, २०१९ को किया गया।
- ''इकोक्वेस्ट'' का आयोजन अर्थशास्त्र विभाग, डी.ए.वी. पी.जी. कॉलेज, वाराणसी द्वारा २७ फरवरी, २०१९ को किया गया।
- ''सोसियोक्वेस्ट'' का आयोजन समाजशास्त्र विभाग, डी.ए.वी. पी.जी. कॉलेज, वाराणसी द्वारा २७ फरवरी, २०१९ को किया गया।
- ''साईकोक्वेस्ट'' का आयोजन मनोविज्ञान विभाग, डी.ए.वी. पी.जी. कॉलेज, वाराणसी द्वारा २० फरवरी, २०१९ को किया गया।

अन्य महत्वपूर्ण शैक्षणिक गतिविधियाँ

- शैक्षणिक चर्चा/संगोष्ठी ''भारतीय मुद्रकों का अवमूल्यन'' का आयोजन वाणिज्य विभाग, डी.ए.वी. पी.जी. कॉलेज, वाराणसी द्वारा ०६ सितम्बर, २०१८ को किया गया।
- तंत्रिकी विज्ञान संगोष्ठी ''मस्तिष्क एवं महत्वाकांक्षा'' का आयोजन मनोविज्ञान विभाग, डी.ए.वी. पी.जी. कॉलेज, वाराणसी द्वारा १९ सितम्बर, २०१८ को किया गया।
- एक दिवसीय विशेष संगोष्ठी ''भारतीय मुद्रा का अवमूल्यन और वीओसी के बैनर तले इसका निहितार्थ''का आयोजन वाणिज्य विभाग, डी.ए.वी. पी.जी. कॉलेज, वाराणसी द्वारा २२ सितम्बर, २०१८ को किया गया।
- मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर ''भारतीय संदर्भ में बाल और किशोर मानसिक स्वास्थ्य''का आयोजन मनोविज्ञान विभाग, डी.ए.वी. पी.जी. कॉलेज, वाराणसी द्वारा १० अक्टूबर, २०१८ को किया गया।
- अन्तर्राष्ट्रीय संगोष्ठी ''प्रवासी और मातृभूमि''का आयोजन इतिहास विभाग, डी.ए.वी. पी.जी. कॉलेज, वाराणसी द्वारा १८-१९ जनवरी, २०१९ को किया गया।
- राष्ट्रीय कार्यशाला ''सॉफ्टवेयर एसपीएसएस और 'आर' का उपयोग करके डेटा विश्लेषण के लिए सांख्यिकीय तकनीक'' का आयोजन वाणिज्य विभाग, डी.ए.वी.पी.जी. कॉलेज, वाराणसी द्वारा ०९-१९ जनवरी, २०१९ को किया गया।
- पाँच दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला ''इनकम टैक्स'' का आयोजन वाणिज्य विभाग, डी.ए.वी. पी.जी. कॉलेज, वाराणसी द्वारा २८ जनवरी, २०१९ से ०१ फरवरी, २०१९ को किया गया।
- संगोष्ठी ''इमेजिंग ट्रेड्स ऑन इण्टरवेंसन ऑफ चिड्रेन विथ न्यूरोडेवपलमेंट डिसआर्डर''का आयोजन मनोविज्ञान विभाग, डी.ए.वी.पी.जी. कॉलेज, वाराणसी द्वारा १५फरवरी, २०१९ को किया गया।
- राष्ट्रीय कार्यशाला ''डेवपलमेंट ऑफ नागरी फ्राम ब्राह्मी स्क्रिप्ट''का आयोजन प्रा.भा.इ.सं. एवं पुरातत्व विभाग, डी.ए.वी. पी.जी. कॉलेज, वाराणसी द्वारा १३-२२ फरवरी, २०१९ को किया गया।
- विशेष सर्वेक्षण ''जी.एस.टी.-२०१९'' का आयोजन वाणिज्य विभाग, डी.ए.वी. पी.जी. कॉलेज, वाराणसी द्वारा ३० मार्च, २०१९ को किया गया।

शोध सुविधाएं

- विद्यार्थियों की सुविधा के लिए वाणिज्य, मनोविज्ञान एवं प्रा.भा.इ.सं. एवं पुरातत्व विभाग में एक उत्तम प्रयोगशाला उपलब्ध है।
- वाणिज्य, मनोविज्ञान, अर्थशास्त्र, राजनीतिशास्त्र, इतिहास, समाजशास्त्र, अंग्रेजी प्रा.भा.इ.सं. एवं पुरातत्व एवं हिन्दी विभाग के विद्यार्थियों हेतु स्मार्ट कक्षाओं की सुविधा।
- वर्चुअल क्लास रूम की सुविधा।
- सभी पी.जी. विभागों एवं पुस्तकालय में कम्प्यूटर एवं इण्टरनेट की सुविधा।
- इनफ्लीबनेट (ई-मैगजिन एवं जर्नल्स) की सुविधा।
- पुस्तकालय में लगभग ४५,५७४ पुस्तकें तथा अनेक शोध एवं विषय से सम्बन्धित पत्रिकाएं मंगवायी जाती हैं।
- सभी विभागों में उत्तम विभागीय पुस्तकालय की सुविधा है।
- पुस्तकालय में अध्यापकों, शोध छात्रों एवं स्नातकोत्तर छात्रों के लिए अलग से बैठने की सुविधा है।
- विद्यार्थियों के लिए फोटोकॉपी की सुविधा।
- एल.सी.डी. प्रोजेक्टर की सुविधा।
- स्नातकोत्तर एवं शोध छात्रों हेतु ई-लाइब्रेरी की सुविधा।

कैम्पस डेवलपमेंट: महाविद्यालय में नए पुस्तकालय भवन का निर्माण, ई-लाईब्रेरी में १९ कम्प्यूटर वाई-फाई सुविधा युक्त, बुक्स एण्ड प्रापर्टी बॉक्स आदि की व्यवस्था छात्रों के लिए, महाविद्यालय का सम्पूर्ण परिसर वाई-फाई (इण्टरनेट) सुविधा युक्त है, महाविद्यालय के पुराने भवन में शुद्ध पेय जल हेतु जल शुद्धिकरण सयंत्र की व्यवस्था, दिव्यांग बच्चों की सुविधा हेतु एक अतिरिक्त शुल्क काउण्टर एवं रैम्प, महाविद्यालय के निजी सड़क का पुन: निर्माण।

३. अध्ययन के पाठ्यक्रमों की सूची

विभिन्न संस्थानों, संकायों, महाविद्यालयों एवं सम्बद्ध महाविद्यालयों में शिक्षण हेतु प्रस्तावित पाठ्यक्रम इस प्रकार हैं :

अ. पोस्ट डॉक्टोरल उपाधि

१. डॉक्टर ऑफ साइंस (डी.एससी.)
२. डॉक्टर ऑफ लेटर्स (डी.लिट्.)
३. डॉक्टर ऑफ लॉज़ (एलएल.डी.)
४. विद्या वाचस्पति

ब. शोध उपाधियाँ न्यूनतम अवधि ३-वर्ष

१. डॉक्टर ऑफ फिलॉसॉफी (पीएच.डी.)
२. विद्यावारिधि/चक्रवर्ती (सं.वि.ध.वि. संकाय हेतु)

स. मास्टर ऑफ फिलॉसॉफी एम. फिल्.

१. सबअल्टर्न स्टडीज़ में एम.फिल्.
२. संगीतशास्त्र में एम.फिल्.
३. पर्यावरण एवं संपोष्य विकास में एम.फिल्.

१. कला संकाय

कला स्नातक (प्रतिष्ठा) ३-वर्ष

शारीरिक शिक्षण स्नातक (बी.पी.एड्.) २-वर्ष

कला स्नातकोत्तर (एम.ए.) : २-वर्ष

१. अंग्रेजी
२. हिन्दी
३. संस्कृत
४. तेलुगू
५. जर्मन
६. फ्रेंच
७. नेपाली
८. बंगाली
९. उर्दू
१०. फारसी
११. अरबी
१२. पालि एवं बौद्ध अध्ययन
काशी हिन्दू विश्वविद्यालय की स्थापना एक आवासीय विश्वविद्यालय के रूप में इस उद्देश्य के साथ हुई थी कि यहाँ शिक्षक, छात्र एवं कर्मचारी शैक्षणिक वातावरण में परस्पर सहयोग से व्यक्तित्व का विकास कर सकें। इस उद्देश्य की पूर्ति हेतु छात्र/छात्राओं के लिए छात्रावासों के साथ-साथ विश्वविद्यालय के शिक्षकों एवं कर्मचारियों हेतु क्रमश: ६६२ एवं ७२९ आवासों का निर्माण किया गया है।

शिक्षकों हेतु २ मल्टी फ्लैट्स (एक में ८० तथा दूसरे में २००) का निमार्ण कार्य प्रगति पर है।

९.२. अतिथि गृह संकुल

- विश्वविद्यालय परिसर में अतिथि गृह संकुल के अंतर्गत पाँच (५) अतिथि गृह हैं, जो अतिथियों के लिए सुखद और आरामदायक आवास प्रदान करता है। सभी अतिथि गृह वातानुकूलित हैं और इनमें से अधिकांश अतिथि गृह में रसोई और भोजन कक्ष की पर्याप्त सुविधाएं हैं। अतिथि गृह परिसर विश्वविद्यालय की आधिकारिक और व्यक्तिगत आवश्यकताओं को भी पूरा करता है। देश और विदेश के कई उच्च स्तरीय प्रतिनिधियों को इस अतिथि गृह में आतिथ्य सेवा प्रदान की जाती है। हाल ही में, इन अतिथि गृहों को भारत के माननीय राष्ट्रपति, भारत के प्रधान मंत्री, भारत के उप-राष्ट्रपति और कई राज्यों के राज्यपालों के आतिथ्य और सेवा प्रदान करने का सम्मान प्राप्त हुआ है।
- लक्ष्मण दास अतिथि गृह (अनुलग्नक) एक प्रीमियम अतिथि गृह है, जिसमें ४ वीआईपी कक्ष (क्वीन साइज बिस्तर), ५४ दो बेड वाले और ३ एक बेड वाले डीलक्स कक्ष हैं। परिचारकों के लिए, ७ बेड वाला एक वातानुकूलित शयनकक्ष है। सभी कक्ष समस्त आधुनिक सुविधाओं जैसे केबल कनेक्शन के साथ टेलीविजन, गीजर, ब्लोअर इत्यादि के साथ सुसज्जित हैं। अतिथि गृह में एक पूर्ण रूप से आधुनिक रसोईघर के साथ लगभग ५० व्यक्तियों के बैठने की क्षमता वाला भोजन कक्ष है। सबसे महत्वपूर्ण यह कि, यहाँ बैठक और अन्य शैक्षणिक गतिविधियों के लिए एक पूरी तरह से वातानुकूलित सम्मेलन कक्ष भी उपलब्ध है।
- लक्ष्मण दास अतिथि गृह (ओल्ड/हेरिटेज बिल्डिंग) में ६ सुइट (क्वीन साइज बेड वाले) और १ क्वीन साइज कक्ष है। परिचारकों के लिए ४ बिस्तरों वाला शयनकक्ष है। सभी कक्ष समस्त आधुनिक सुविधाओं जैसे केबल कनेक्शन के साथ टेलीविजन, गीजर, ब्लोअर इत्यादि के साथ सुसज्जित हैं। लक्ष्मण दास अतिथि गृह (अनुलग्नक) में रसोई और भोजन कक्ष की सुविधा उपलब्ध है। विश्राम और बैठक के उद्देश्य से एक वातानुकूलित प्रतीक्षालय उपलब्ध है।
- विश्वविद्यालय अतिथि गृह में कुल २० कक्ष हैं, जिसमें से ६ सूईट, ३ कक्ष (तीन बेड वाले) और ११ कक्ष दो बेड वाले हैं। परिचारकों और प्रशिक्षण प्रयोजनों के लिए उपस्थित छात्रों के लिए १० और ६ बेड वाले दो डोरमेट्री हाल उपलब्ध हैं। सभी कक्ष समस्त आधुनिक सुविधाओं जैसे केबल कनेक्शन के साथ टेलीविजन, गीजर, ब्लोअर इत्यादि के साथ सुसज्जित हैं। अतिथि गृह में लगभग ३५ व्यक्तियों के बैठने की क्षमता वाला भोजन कक्ष है।
- संकाय अतिथि गृह में कुल १९ कक्ष हैं, जिसमें से १२ कक्ष (टी बेड वाले), ७ कक्ष (पांच बेड वाले) और परिचारकों और प्रशिक्षण प्रयोजनों के लिए उपस्थित छात्रों के लिए एक ही तरह के २ डोरमेट्री हाल हैं जिसमें प्रत्येक में ६ बेड हैं। सभी कक्ष समस्त आधुनिक सुविधाओं जैसे केबल कनेक्शन के साथ टेलीविजन, गीजर, ब्लोअर इत्यादि के साथ सुसज्जित हैं। संकाय अतिथि गृह में दो लॉन (सामने और पीछे की ओर), और लगभग १०० व्यक्तियों की क्षमता वाला एक हॉल (आयोजनों हेतु उपलब्ध) है। संकाय अतिथि गृह में एक रसोईघरभोजनकक्ष भी है जिसका लाभ आउटसोर्स के आधार पर लिया जा सकता है।
- शांति स्वरूप भटनागर अतिथि गृह में कुल ३२ कक्ष हैं (जिसमें एक फ्लैट प्रकार का कक्ष एक बेडरूम, डाइनिंग/अतिथि क्षेत्र और बाथरूम सहित है), इस अतिथि गृह में भूतल, प्रथम और द्वितीय तल पर तीन बहुउद्देश्यीय हॉल है। रसोईघर निर्माणाधीन है।

वर्तमान सत्र के दौरान लक्ष्मण दास अतिथि गृह की सकल आय रु. १,१८,५८,४४९.०० थी और भोजन और अन्य आवर्ती वस्तुओं पर व्यय रु. ६७,८९,२३५.०० था।

९.३. इन्टरनेट सुविधा एवं संगणक केन्द्र (संगणक केन्द्र)

काशी हिन्दू विश्वविद्यालय (बी.एच.यू.) का संगणक केंद्र (१९८६ मे स्थापित) अब तीन दशकों के अस्तित्व को पूरा कर चुका है। अपनी स्थापना के साथ ही यह इस तरह का एक अकेला केंद्र है। संगणक केंद्र विश्वविद्यालय में विभिन्न आईटी सेवाएं प्रदान करता है, जैसे कि कैंपस-वाइड लैन के माध्यम से इंटरनेट का उपयोग, एक नया वाईफाई नेटवर्क, विश्वविद्यालय के उपयोगकर्ताओं के लिए वेबसाइट, कंप्यूटर और ईमेल की सेवा आदि। केंद्र विश्वविद्यालय के विभिन्न वीडियोकॉन्फ्रेंसिंग और वेबकास्ट कार्यक्रमों की भी देखभाल रख रहा है, जिसमें विभिन्न उच्च शिक्षण संस्थानों के लिए भारत के माननीय राष्ट्रपति का देशव्यापी वीडियोकांफ्रेंस भी शामिल है। पिछले कई वर्षों के दौरान संगणक केंद्र ने विश्वविद्यालय के कर्मचारियों और पास के इंजीनियरिंग कालेजों के छात्रों को विभिन्न प्रकार के प्रशिक्षण प्रदान किए हैं। विश्वविद्यालय के अधिकांश बुनियादी आईटी ढांचे का संगणक केंद्र द्वारा डिज़ाइन और रखरखाव किया जाता है।

पिछले दो वर्षों के दौरान, संगणक केंद्र कई उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल करने में सक्षम रहा है। इसने न केवल अपनी मौजूदा सेवाओं को मजबूत किया है बल्कि कई नई पहल की भी शुरूआत की है। नई पहल में बुनियादी सुविधाओं के साथ-साथ सेवाओं में विकास भी सम्मिलित है। कुछ उल्लेखनीय नई पहल और / या सफलतापूर्वक पूर्ण की गई परियोजनाएं इस प्रकार हैं:

- **ई-गवर्नेंस:** संगणक केंद्र विश्वविद्यालय में ईआरपी के कार्यान्वयन के लिए आवश्यक कदम उठाने में अहम भूमिका निभा रहा है। इस परियोजना के अंतर्गत एचआरएमएस और वित्त कार्यों के स्वचालन शामिल है और वर्तमान में यह टेस्ट लाइव मोड में चल रहा है। परियोजना को टीसीएस के साथ मिलकर निष्पादित किया जा रहा है।

- **नया सक्रिय वेबसाइट:** संगणक केंद्र ने हाल ही में विश्वविद्यालय की एक नई विकेन्द्रीकृत सक्रिय वेबसाइट बनाने की दिशा में कदम बढ़ाया है। वेबसाइट टेस्ट -लाइव मोड में है और विभिन्न विभागों द्वारा डेटा को इकट्ठा किया जा रहा है।
- **नया वाईफाई-सक्षम कैम्पस-वाइड नेटवर्क:** संगणक केंद्र ने विश्वविद्यालय में वाईफाई परियोजना को पूरा करने के लिए एनआईसीएसआई के साथ मिलकर काम किया है। अब विश्वविद्यालय में लगभग ३४०० वायरलेस एक्सेस पाइंट्स चालू हैं। किसी भी समय नेटवर्क में १०,००० से अधिक समवर्ती कनेक्शन बनाए रखे जा रहे हैं। बढ़ी हुई बैंडविड्थ में और अधिक लीज़ लाइनें जोड़ी जा रही हैं।
- **एडुरोम:** बीएचयू अब देश के सबसे बड़े एडुरोम सक्षम शैक्षिक परिसरों में से एक है। यह बीएचयू के संकाय सदस्यों को किसी भी सदस्य संस्थान के भ्रमण के दौरान उस संस्थान के नेटवर्क के लिए सहज कनेक्टिविटी प्राप्त कराकर यह लाभ पहुंचा रहा है। इसी तरह, बीएचयू आने वाले सदस्य संस्थानों के अतिथियों को बीएचयू के नेटवर्क तक स्वचालित पहुंच मिलेगी। उल्लेखनीय है कि दुनिया भर में एडुरोम के लगभग ८०,००० सदस्य संस्थान हैं।

९.४. सम्मेलन कक्ष

प्रेक्षागृहों/सभागारों का विवरण

विश्वविद्यालय में विभिन्न संकायों/संस्थान तथा महाविद्यालय के कई प्रेक्षागृह हैं तथा सभाओं के लिये कई सभागार हैं, जिनकी मरम्मत एवं रख-रखाव भी विश्वविद्यालय निर्माण विभाग सम्पादित करता है। जिनका विवरण निम्नलिखित है:-

- स्वतन्त्रता भवन (विश्वविद्यालय का मुख्य प्रेक्षागृह)
- के. एन. उडुप्पा प्रेक्षागृह (चिकित्सा विज्ञान संस्थान)
- कला संकाय का प्रेक्षागृह
- गोपाल त्रिपाठी सभागार (समाज विज्ञान संकाय)
- पं. ओंकार नाथ ठाकुर प्रेक्षागृह (संगीत एवं मंच कला संकाय)
- राधा कृष्णन सभागार (कला संकाय)
- प्रदर्शनी कक्ष (दृश्य कला संकाय)
- सभागार संख्या-१ (केन्द्रीय कार्यालय)
- सभागार संख्या-२ (केन्द्रीय कार्यालय)
- महिला महाविद्यालय प्रेक्षागृह
- चाणक्य सभागार, शिक्षा संकाय
- कृषि विज्ञान संस्थान प्रेक्षागृह

वित्तीय वर्ष २०१८-१९ के दौरान कई गणमान्य अतिथि और आगन्तुक इस विश्वविद्यालय में आये। इन अवसरों पर विश्वविद्यालय निर्माण विभाग ने प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष रूप से महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

९.५. पुरातन छात्र-प्रकोष्ठ

फरवरी, २००६ में माननीय कुलपति जी के आदेशानुसार पुरातन-छात्र प्रकोष्ठ, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय की स्थापना हुई। पुरातन छात्र-प्रकोष्ठ का आरंभिक उद्देश्य था- सभी पुरातन छात्रों की सूची तैयार करना, महामना द्वारा किये गये कार्यों एवं उन पर हुए कार्यों को प्रकाशित करना, क्षेत्रीय, प्रान्तीय, राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर पुरातन-छात्र समागम आयोजित करना तथा पुरातन छात्र-प्रकोष्ठ द्वारा समाचार-पत्र प्रकाशित करना।

अपने निर्माण के साथ ही पुरातन छात्र-प्रकोष्ठ विभिन्न स्तरों पर विभिन्न प्रकृति के कार्यक्रमों और गोष्ठियों का आयोजन कर रहा है। सत्र २०१५-१६ के दौरान प्रकोष्ठ ने एक अंतर्राष्ट्रीय बी.एच.यू. पुरा छात्र सम्मेलन आयोजित किया। प्रकोष्ठ निकट भविष्य में पुरातन छात्र सम्मेलन आयोजित करने के लिए आवश्यक तैयारी कर रहा है।

९.६. भारतीय सांस्कृतिक सम्बन्ध परिषद्

क्षितिज श्रृंखला के अन्तर्गत आयोजित कार्यक्रम

अप्रैल २०१७ से मार्च २०१८ के मध्य भारतीय सांस्कृतिक सम्बन्ध परिषद्, क्षेत्रीय कार्यालय, वाराणसी द्वारा क्षेत्रीय सांस्कृतिक संस्थाएं, राज्य सरकार एवं काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वाधान में क्षितिज श्रृंखला के अन्तर्गत निम्नलिखित सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया:

- दिनांक २१.०५.२०१८ को श्री सिद्धार्थ बनर्जी, बनारस का होटल डायमंड में सिद्ध वीणा वादन
- दिनांक ३०.०६.२०१८ को श्री सुभाष घोष, चंडीगढ़ का कन्हैया लाल गुप्ता स्मृति भवन, वाराणसी में नव स्वर रागिनी
- दिनांक २२.०७.२०१८ को श्री दत्तात्रेय वेलंकार बंगलोर का होटल गंगेस व्यू, अस्सीघाट वाराणसी में शास्त्रीय गायन
- दिनांक ०५.०८.२०१८ को श्री पल्लव दास बनारस का शंकरा प्रेक्षागृह, भेलूपुर, वाराणसी में ध्रुपद गायन
- दिनांक २३.०९.२०१८ को सुश्री रूचिया केदार पूणे का मैत्री भवन भेलूपुर, वाराणसी में शास्त्रीय गायन
- दिनांक २१.१०.२०१८ को श्री रजनीश तिवारी बनारस का मैत्री भवन, भेलूपुर वाराणसी में तबला एकल वादन
- दिनांक १८.११.२०१८ को सुश्री मंजिरी चारूदत्ता पुणे का एनी बेसेंट प्रेक्षागृह कमच्छा वाराणसी में शास्त्रीय गायन
- दिनांक ०२.१२.२०१८ को सुश्री पिउ सारखेल राजकोट गुजरात का पराड़कर भवन, गोलघर वाराणसी में शास्त्रीय गायन
- दिनांक १७.०२.२०१९ को सुश्री रूचिरा पांडा कोलकाता का काशी मुमुक्ष भवन, अस्सी वाराणसी में शास्त्रीय गायन
- दिनांक २४.०२.२०१९ को सुश्री सुशीला मेहता बंगलोर का पराड़कर भवन, गोलघर, वाराणसी में भरतनाट्यम नृत्य
- दिनांक १६.०३.२०१९ को सुश्री नीला सिन्हा राय नई दिल्ली का गुरुधाम मंदिर, वाराणसी में शास्त्रीय गायन
- दिनांक २४.०३.२०१९ को सुश्री मालिनी अवस्थी लखनऊ का अस्सी घाट, वाराणसी में शास्त्रीय गायन

अन्तर्राष्ट्रीय ग्रुप कार्यक्रम का आयोजन

भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद, क्षेत्रीय कार्यालय –वाराणसी द्वारा वर्तमान सत्र में निम्नलिखित तीन अन्तर्राष्ट्रीय ग्रुप कार्यक्रम का आयोजन किया गया तथा मीडिया द्वारा इन कार्यक्रमों को खूब सराहा गया:

- दिनांक २७.०५.२०१८ को मिश्र के ११ सदस्य दल 'एल होर्रिईया फोल्क ट्रप' द्वारा श्री नागरी नाटक मंडली, वाराणसी में पारंपरिक समूह नृत्य
- दिनांक ३१.१०.२०१८ को बांग्लादेश के ०८ सदस्य दल 'धृति नर्तनलाया ग्रुप' द्वारा श्री नागरी नाटक मंडली, वाराणसी में 'रामायण' स्त्री की शक्ति यात्रा (समूह नृत्य)
- दिनांक ०५.०३.२०१९ को ऑस्ट्रिया के ०७ सदस्य दल 'जैजमेड' द्वारा द बनारस क्लब वाराणसी में जैज बैंड

अन्य कार्यक्रम / प्रदर्शनी

भारतीय संस्कृतिक सम्बंध परिषद, क्षेत्रीय कार्यालय –वाराणसी द्वारा वित्तीय वर्ष २०१८-१९ में निम्नलिखित अन्य कार्यक्रम/ प्रदर्शनी का आयोजन किया गया था जिनकी मीडिया द्वारा सराहना की गई।

- १८.०४.२०१८ को बनारस के १५ विभिन्न कलाकारों द्वारा गुरुधाम मंदिर, वाराणसी में आर्ट कैप प्रदर्शनी का आयोजन
- २८.०५.२०१८ को उदयपुर के 'नटयांश' संस्थान द्वारा श्री नागरी नाटक मंडली, वाराणसी में 'अस्तित्व' मंचकला का आयोजन
- १०.०६.२०१८ को पंडित तरूण भट्टाचार्य द्वारा अस्सी घाट, वाराणसी में संतूर 'राग गंगा' का आयोजन
- ३१.१०.२०१८ को वाराणसी के १४- सदस्य दल 'रूपवाणी संस्थान द्वारा कमानी प्रेक्षागृह, नई दिल्ली में 'राम की शक्ति पूजा' मंचकला का आयोजन
- २२.०१.२०१९ को श्रीमती हेमा मालिनी ग्रुप द्वारा बड़ालालपुर स्टेडियम, वाराणसी में प्रवासी भारतीय दिवस जनवरी २०१९ के अवसर पर 'गंगा अवतरण' मंचकला का आयोजन

अकादमिक विजिटर प्रोग्राम/नॉन परफॉरमींग विजिटर प्रोग्राम के अंतर्गत विजिटर की मेजबानी:

भारतीय सांस्कृतिक सम्बंध परिषद, क्षेत्रीय कार्यालय – वाराणसी द्वारा वित्तीय वर्ष २०१८-१९ में निम्नलिखित दो विजिटरों की मेजबानी की गई:

- २९-३० नवंबर २०१८ को अकादमिक विजिटर प्रोग्राम के अंतर्गत: अंटोन दे कोम विश्वविद्यालय परामरीबों, सूरीनाम के कुलपति प्रो. जेके मेनके का वाराणसी तथा प्रयागराज भ्रमण दिनांक २९ नवम्बर २०१८ बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय के कुलपति के साथ बैठक एवं दिनांक ३० नवम्बर २०१८ को इलाहाबाद विश्वविद्यालय के कुलपति के साथ बैठक।
- १७-१९ फरवरी २०१९ को नॉन परफॉरमिंग विजिटर प्रोग्राम के अंतर्गत: बग्लादेश प्रधानमंत्री के सलाहकार डॉ. तवफिक एलही चौधरी तथा उनकी पत्नी का बनारस के सभी घाटों का भ्रमण, गंगा आरती, नौका विहार तथा सारनाथ का भ्रमण

भारतीय सांस्कृतिक संम्बन्ध परिषद, क्षेत्रीय कार्यालय – वाराणसी द्वारा वर्तमान सत्र में आईसीसीआर के विभिन्न छात्रवृत्ति योजनाओं के अंतर्गत, बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय में अध्ययन कर रहे अंतर्राष्ट्रीय छात्र - छात्राओं को रू. १,१६,४७,७६० की छात्रवृत्ति प्रदान की गई।

९.७. इन्दिरा गाँधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय

पूर्वी उत्तर प्रदेश के लोगों को उच्च शिक्षा प्रदान करने के लिए काशी हिंदू विश्वविद्यालय के परिसर मे संचालित इग्नू क्षेत्रीय केंद्र, वाराणसी के अंतर्गत उत्तर प्रदेश के १९ जिले आते हैं जिसमें इलाहाबाद, अंबेडकरनगर, आजमगढ़, बलिया, चंदौली, देवरिया, गाजीपुर, गोरखपुर, जौनपुर, कुशीनगर, महाराजगंज, मऊ, मिर्जापुर, प्रतापगढ़, संत कबीर नगर, संत रविदास नगर, सोनभद्र, सुल्तानपुर और वाराणसी शामिल हैं।

क्षेत्रीय केंद्र में विभिन्न प्रकार की शैक्षणिक गतिविधियाँ यथा प्रवेश, पुनपंजीकरण, शिक्षार्थी सहायता केंद्र की स्थापना, शिक्षार्थी सहायता केंद्र में पार्ट-टाइम शैक्षणिक सलाहकार की नियुक्ति, परामर्श सत्र का आयोजन, कार्यों का मूल्यांकन, थ्योरी और प्रैक्टिकल के लिए सत्रांत परीक्षा का आयोजन, मौखिक परीक्षा का आयोजन और प्रोजेक्ट रिपोर्टों का मूल्यांकन, ओरिएंटेशन कार्यक्रमों का आयोजन, क्षेत्र में शिक्षार्थियों के समर्थन में सेवाओं की गुणवत्ता की समग्र निगरानी आयोजित की जाती है । क्षेत्रीय केंद्र, वाराणसी FM105.6MHZ पर ज्ञानवाणी रेडियो स्टेशन भी संचालित कर रहा है।

उपलब्धियां

- इग्नू और वस्त्र मंत्रालय के बीच हुए समझौता ज्ञापन के अनुपालन में, इग्नू क्षेत्रीय केंद्र वाराणसी ने जनवरी -२०१७ सत्र में बुनकर समुदाय के २८२२ शिक्षार्थियों को प्रवेश हेतु नामांकित किया है।
- जेल में बंद दो (०२) कैदी यथा: श्री अजीत कुमार और श्री सुरेश राम ने क्रमश: २८ वें और २९ वें दीक्षांत समारोह में डीटीएस कार्यक्रम में स्वर्ण पदक प्राप्त किए।
- क्षेत्रीय केंद्र, वाराणसी के अंतर्गत पिछले ०६ वर्षों में कुल ०४ स्वर्ण पदक प्राप्त हुए।
- नक्सल प्रभावित जिलों में बीआरडी स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुद्धी, सोनभद्र और सावित्री बाई फुले राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, चकिया, चंदौली में ०२ नियमित अध्ययन केंद्र स्थापित किए गए।
- जीवन दीप महाविद्यालय, बड़ालालपुर, वाराणसी (४८०३७ डी) में झुग्गीवासियों के लिए एक (०१) विशेष अध्ययन केंद्र की स्थापना की गई।
- इग्नू अध्ययन केंद्र माइक्रोटेक कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलाजी (कोड-४८०१२) के कुल १४८ छात्रों को एमपीएचएएसआईएस, आउटलुक, वीडीओकॉन, वीआईएलएवाई इन्फोसिस्टम आदि कंपनियों में प्लेसमेंट प्राप्त हुआ।
- २१ जनवरी १९४२ को महात्मा गांधी ने बीएचयू की रजत जयंती समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में बीएचयू, वाराणसी मे भाग लिया और यह उनकी शपथ और वाराणसी की उनकी अंतिम यात्रा थी।

उन्होंने अपनी संध्या प्रार्थना उसी उसी जगह की थी जहाँ आज क्षेत्रीय केंद्र, वाराणसी वर्तमान में कार्य कर रहा है। वर्ष २०१६ के बाद से हर साल २१ जनवरी को क्षेत्रीय केंद्र, वाराणसी में गांधी जी के भजन कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है और इसके बाद क्षेत्रीय केंद्र परिसर में प्रख्यात गांधीवादी विचारकों के व्याख्यान होते हैं।

- वाराणसी की समृद्ध सांस्कृतिक और बौद्धिक विरासत (काशी) को लोकप्रिय बनाने और प्रसारित करने के लिए १८ अप्रैल २०१८ (विश्व विरासत दिवस) से ज्ञानवाणी स्टेशन वाराणसी में वाराणसी के विभिन्न क्षेत्रों के बुद्धिजीवियों के साथ साक्षात्कार के रूप में एक वार्ता शृंखला की पहल शुरू की गई है । प्रत्येक शनिवार को वार्ता शृंखला का विषय को ''काशी: अतीत और वर्तमान'' होता है।

इग्नू द्वारा आयोजित विभिन्न कार्यक्रम:

- बुनकर समुदाय के लिए जागरूकता शिविर का आयोजन।
- भारतीय शिक्षा मंडल के सहयोग से ''भारत बोध'' विषय पर संगोष्ठी।
- वाराणसी में क्षेत्रीय केंद्र के कर्मचारियों द्वारा स्वच्छता अभियान।
- ''वर्तमान संदर्भ में गांधी'' पर संगोष्ठी का आयोजन।
- इग्नू में आनलाइन प्रवेश के लिए सीएससी प्रतिनिधियों के साथ बैठक का आयोजन।
- १९-२० मई- २०१८ को क्षेत्रीय केंद्र, लखनऊ और क्षेत्रीय केंद्र, वाराणसी का दो दिवसीय संयुक्त समन्वयक सम्मेलन।
- काशी अतीत व वर्तमान- इग्नू, ज्ञानवाणी पर साक्षात्कार श्रृंखला
- सीडी विमोचन समारोह
- हर साल २१ जनवरी को, इग्नू परिसर में प्रार्थना सभा का आयोजन।
- इग्नू विशेष अध्ययन केंद्र ४९०५३डी बाबा केशव दास शिक्षा समिति, पखनपुर का उद्घाटन दिनांक १७.०६.२०१८ को डॉ. सत्यपाल सिंह माननीय राज्य मंत्री, मा.सं.वि.म., भारत सरकार द्वारा किया गया और शिक्षार्थियों को एसएलएमएस वितरित किया गया
- दिनांक १२.०७.२०१८ को इग्नू अध्ययन केंद्र १८०४७ सकलडीहा पीजी कॉलेज (ग्रामीण और दूरदराज के क्षेत्र में) का उद्घाटन श्री अनिल राजभर, माननीय राज्य मंत्री, उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा किया गया।
- बीपीसीसीएचएन कार्यक्रम के लिए इग्नू पीएससी ४८०५१पी (एसएसपीजी मंडल जिला अस्पताल, वाराणसी) के प्रवर्तन बैठक में क्षेत्रीय निदेशक और अन्य क्षेत्रीय केन्द्रों के अधिकारियों ने भाग लिया
- बीपीसीसीएचएन इग्नू छात्रों ने प्रधान मंत्री आयुष्मान भारत योजना के लिए जागरूकता पैदा करने के लिए एक स्कीट प्ले का आयोजन किया। अध्ययन केंद्र ४८०५पी।
- शिकायतकर्ताओं की शिकायतों के निवारण के लिए हर महीने के दूसरे बुधवार को इग्नू क्षेत्रीय केंद्र, वाराणसी परिसर में नियमित रूप से शिकायत निवारण शिविर का आयोजन किया जाता है।

९.८. अन्तर्राष्ट्रीय केन्द्र

काशी हिन्दू विश्वविद्यालय का अन्तर्राष्ट्रीय केन्द्र (२००४ में स्थापित) मालवीय भवन संकुल के टैगोर भवन, जो काशी हिन्दू विश्वविद्यालय का एक प्राचीनतम् भवन है, में स्थित है। यह केन्द्र विदेशी नागरिकों के लिए एकल पटल प्रणाली के अन्तर्गत प्रवेश सम्बन्धी सम्पूर्ण जानकारियाँ एवं विश्वविद्यालय के पाठ्यक्रमों की उपलब्धता की जानकारियाँ प्रदान करता है। इसके साथ ही यहाँ बीएचयू पोर्टल पर आवेदन पत्र डाउनलोड/प्राप्त करने की सुविधा उपलब्ध है।

वर्तमान में ५४ देशों के अन्तर्राष्ट्रीय छात्र जिनमें यू.एस.ए., मॉरीशस, कनाडा, फ्रांस, जर्मनी, अफगानिस्तान, ईरान, यमन, नाइजीरिया, यूक्रेन, रूस, बांग्लादेश, नेपाल, श्रीलंका, थाईलैंड, भूटान, कम्बोडिया, म्यामर, फिजी और इस्टोनिया आदि के नागरिक इस विश्वविद्यालय में अध्ययनरत हैं। इसके अतिरिक्त सात विदेशी छात्र/शोध कर्ताओं को उनके सीमित समय के अध्ययन/शोध हेतु, विश्वविद्यालय द्वारा इसके सीमित समय पंजीकरण कार्यक्रम के अन्तर्गत, अनुमति प्रदान की गई।

इस अवधि के दौरान कुल ५११ छात्र (३३७ पुरुष तथा १ महिला) विभिन्न पाठ्यक्रमों में अध्ययन हेतु पंजीकृत हुए है इनमें १०३ पुरूष एंव ६६ छात्रायें हैं।

वर्तमान सत्र में २ अन्तर्राष्ट्रीय विश्वविद्यालय/संस्थाओं, जिसमें इण्टरनेशनल राइस रिसर्च इन्स्टीट्यूट, फिलिपींस और चियांग माई यूनिवर्सिटी, थाईलैंडस सम्मिलित है, द्वारा काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के साथ शैक्षिणक एवं अनुसंधान सहयोग के लिए समझौतो की सम्भावना तलाशी गई।

इस सत्र का सबसे महत्वपूर्ण प्रवासी भारतीय दिवस २०१९ का आयोजन जनवरी माह में हुआ था जिसमें माननीय श्री चेतन चौहान, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री, उत्तर प्रदेश सरकार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए थे।

९.९. समाचार पत्र प्रकाशन एवं प्रचार प्रकोष्ठ

(१) सुविधाएं: सूचना एवं जनसम्पर्क कार्यालय में मल्टीमीडिया कक्ष है जो वातानुकूलित है। यहाँ कम्प्यूटर के साथ इन्टरनेट सुविधा भी उपलब्ध है। कार्यालय के प्रथम तल पर अत्याधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित मीडिया कान्फ्रेंस हाल है, जिसमें इलेक्ट्रानिक एवं प्रिन्ट मीडिया के बैठने हेतु आकर्षक टेबल लगाई गयी है। मीडिया हॉल में दो कम्प्यूटर इन्टरनेट तथा प्रिंटर, फोटोकापी एवं फोन के साथ जुड़े हैं। इसके अतिरिक्त पावर प्वाइंट प्रोजेक्टर, टीवी सेट तथा पब्लिक एड्रेस सिस्टम भी उपलब्ध है। यह हॉल वातानुकूलित है।

(२) पत्रकार वार्ता एवं बैठक: मीडिया कान्फ्रेंस हाल में वर्तमान वर्ष के दौरान लगभग ४९ पत्रकारवार्ताओं का आयोजन किया गया जिसमें कुलपति जी की तीन पत्रकारवार्ताएं भी शामिल हैं। इसके अतिरिक्त यूनिवर्सिटी कॉन्फ्रेंस हाल में लगभग ३६ मीडिया सम्मेलन आयोजित किए गये थे जिनमें ४०-५० मीडियाकर्मी हिस्सा लेते हैं। यह हाल भी वातानुकूलित है। वर्तमान सत्र के दौरान कुलपति द्वारा विश्वविद्यालय के मुद्दों से सम्बन्धित ०४ प्रेस कान्फ्रेन्स को सम्बोधित किया गया।

(३) पूछताछ: सूचना एवं जनसम्पर्क कार्यालय में लगभग १३०० लोगों ने सीधे आकर पूछताछ की, जबकि दूरभाष से लगभग

३५०० व्यक्तियों ने विश्वविद्यालय के कार्यकलापों से संबन्धित जानकारी प्राप्त की।

(४) प्रेस विज्ञप्ति: गत वर्ष स्थानीय एवं राष्ट्रीय स्तर के संचार माध्यमों के लिए विश्वविद्यालय के कार्यकलापों से सम्बन्धित २१९७ से ज्यादा विज्ञप्तियाँ लिखित, तथा ईमेल द्वारा जारी की गयी।

(५) प्रकाशित समाचार: विभिन्न मुद्रित माध्यमों में विश्वविद्यालय की विकासात्मक गतिविधियों से सम्बन्धित १७५० समाचार विभिन्न समाचार पत्रों में प्रकाशित किए गए तथा इन्हें इलेक्ट्रॉनिक माध्यमों द्वारा प्रसारित भी किया गया।

(६) साक्षात्कार: विभिन्न संचार माध्यमों द्वारा माननीय कुलपति जी का पन्द्रह बार एवं विभिन्न अधिकारियों का व्यक्तिगत तौर पर लगभग २० बार साक्षात्कार लिया गया।

(७) विज्ञापन: संदर्भ वर्ष में जनसम्पर्क कार्यालय द्वारा विश्वविद्यालय से संबन्धित विभिन्न शैक्षणिक गतिविधियों तथा १२५ रोजगार हेतु राष्ट्रीय तथा स्थानीय समाचार पत्रों में विज्ञापन जारी किया गया।

(८) बैठकें: विश्वविद्यालय के विभिन्न बैठकों में इस कार्यालय द्वारा सहभागिता की गई तथा विश्वविद्यालय की छवि को उन्नत करने में सहयोग प्रदान/प्राप्त किया गया।

काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, प्रेस

काशी हिन्दू विश्वविद्यालय प्रेस अपने स्थापना वर्ष १९३६ से ही विश्वविद्यालय के विभिन्न पुस्तकों, पत्रिकाओं, पंजिकाओं, विश्व पञ्चांग पंजिकाओं, फार्मों एवं सर सुन्दरलाल चिकित्सालय, ट्रामा सेण्टर, आई.आई.टी. एवं परीक्षा नियन्ता कार्यालय के अतिआवश्यक मुद्रण एवं उत्तर पुस्तिकाओं की तैयारिओं के कार्यो में अपना योगदान करता आ रहा है।

वर्तमान वित्तीय वर्ष में सम्पादित मुख्य प्रिंटिंग कार्य

१	प्रिंटिंग आफ समशिक्षा पत्रिका	९०० प्रतियाँ	६८ पृष्ठ
२	इंडियन मॉरैल पेन्टिंग	२०० प्रतियाँ	७२ पृष्ठ
३	भारती जर्नल, ए.आई.एच.सी. और पुरातत्व	१८० प्रतियाँ	३३५ पृष्ठ
४	प्रज्ञा जर्नल	१००० प्रतियाँ	२१२ पृष्ठ
५	इंडोक्रिमिनोलाजी एण्ड मेटाबोलिज्म	२०,००० प्रतियाँ	४ पृष्ठ
६	टीचर्स डे बुकलेट	३०० प्रतियाँ	५६ पृष्ठ
७	प्रगति पत्रिका जर्नल (राजभाषा प्रकोष्ठ)	१००० प्रतियाँ	१६० पृष्ठ
८	एबस्ट्रैक्ट एवं सोवेनियर-जूलॉजी विभाग	१०० प्रतियाँ	३५० पृष्ठ
९	विश्व पंचांग २०७५-सं.वि.ध.वि. संकाय	२९,५०० प्रतियाँ	५० पृष्ठ
१०	लैप्सेबुल पासबुक फॉर टीचर्स	२००० प्रतियाँ	
११	एकेडमिक कौंसिल एजेण्डा	२७५ प्रतियाँ	११८५ पृष्ठ
१२	वार्षिक लेखा एवं प्रतिवेदन-बी.एच.यू	१५० प्रतियाँ	२१६पृष्ठ
१३	हार्वेस्ट प्लस डिक्शनरी (कृषि विज्ञान संस्थान)	२५० प्रतियाँ	८८ पृष्ठ
१४	दृष्टि अंक -७ भाग-१हिंदी भाग-२संस्कृत/अंग्रेजी	 २००प्रतियाँ २००प्रतियाँ	 ३०० पृष्ठ १९२ पृष्ठ
१५	स्टूडेन्ट पासबुक-छात्र अधिष्ठाता	१५,००० प्रतियाँ	२४ पृष्ठ
१६	ओ.पी.डी. प्रिसक्रिप्शन स्लिप रू.२०/- एस.एस. हॉस्पीटल	१० लाख	४ पृष्ठ
१७	स्टूडेन्ट डायरी-से.हि.गर्ल्स स्कूल	२०१२ प्रतियाँ	८८ पृष्ठ
१८	पेंशनर्स हेल्थ डायरी	९६०० प्रतियाँ	४८ पृष्ठ
१९	कम्पैटिबिलिटी रिपोंट-ब्लड बैंक, एस.एस.एच	५०५ प्रतियाँ	१००+१०० पृष्ठ
२०	स्टूडेन्ट सर्जिकल रिकार्ड, सर्जरी	१०० प्रतियाँ	१०० पृष्ठ
२१	गाय एवं दूध कूपन, डेरी फार्म	१०,००० प्रतियाँ	१०० पृष्ठ
२२	डिप्लोमा फार्मेट –परीक्षा विभाग	३००० प्रतियाँ	१पृष्ठ
२३	मेन डिग्री फार्मेट- परीक्षा विभाग	१७७०० प्रतियाँ	१पृष्ठ
२४	छात्र स्वास्थ्य डायरी- स्टूडेन्ट हेल्थ सेन्टर	४०,००० प्रतियाँ	२४+कवर पृष्ठ
२५	कैश बुक-आई.आई.टी.	७५ रजिस्टर	१०० पृष्ठ
२६	रिपोर्टिंग रजिस्टर ऑफ यू.ए.आई.टी. आर.सी., आई.एम.एस.	६० रजिस्टर	५०० पृष्ठ
२७	एक्सरे मेन रजिस्टर-रेडियोलॉजी	२०३	१०० पृष्ठ

२८	मूल्य विमर्श शोध पत्रिका	३००	२१०पृष्ठ
२९	उत्तर पुस्तिका (अ) सेन्ट्रल हिन्दू ब्वायज स्कूल	२०,०००	१६ पृष्ठ
३०	उत्तर पुस्तिका परीक्षा विभाग	४ लाख	३६ पृष्ठ
३१	प्रायोगिक उत्तर पुस्तिका उत्तर	८० हजार	१२ पृष्ठ
३२	ह्यूमैटोलॉजी प्रोफार्मा, आई.एम.एस.	५००प्रतियाँ	६+कवर पृष्ठ
३३	फीस एवं उपस्थिति पंजिका, से.हि. ब्वायज स्कूल, कमच्छा	१५० रजिस्टर	
३४	यूरिन टेस्ट रिपोर्टिंग रजिस्टर, सी.सी.आई.	२४	३०० पृष्ठ
३५	आडियोग्राम प्रोफार्मा, ई.एन.टी.	११०पैड	१०० पृष्ठ
३६	ट्रेड बिल रजिस्टर, आई.आई.टी.	३०	२०० पृष्ठ
३७	आवेदन पत्र, विश्वविद्यालय क्रीड़ा परिषद्	२,०००	२ पृष्ठ
३८	एडमिशन फार्म नर्सरी	५००	२० पृष्ठ
३९	ट्रेनिंग डायरी, टी.पी.ओ. आई.आई.टी.	५००पैड	२० पृष्ठ
४०	जर्नल आफ साइंटिफिक रिसर्च	१०० किताब	५०पृष्ठ
४१	स्टूडेंट डायरी (राजीव गाँधी साउथ कैंपस)	५०० प्रतियाँ	४४ पृष्ठ
४२	रीडिंग मैनुअल एग्रीकलचर	१००किताब	१५० पृष्ठ
४३	मिड सेमेस्टर उत्तर पुस्तिका आई.आई.टी.	९००००	२०पृष्ठ
४४	एंड सेमेस्टर उत्तर पुस्तिका आई.आई.टी.	९००००	३२ पृष्ठ
४५	सप्लीमेंट्री उत्तर पुस्तिका आई.आई.टी.	४००००	१६ पृष्ठ
४६	आब्जेक्शन मेमो, वित्त विभाग	२००पैड	१००पृष्ठ
४७	दूध वितरण रजिस्टर, एस.एस.एच.	१०	१०० पृष्ठ
४८	हिस्ट्री शीट, आर.टी.आर.एम.	२,०००	पृष्ठ ६
४९	जाँच फार्म, वि. छात्र स्वास्थ्य केन्द्र	४०.०००	
५०	आब्जेक्शन मेमो, आई.आई.टी.	१०० पैड	पृष्ठ १००
५१	लिफाफा	५००००	
५२	ओ.पी.डी. फालोअप बुकलेट, नेफ्रोलॉजी	५००० प्रतियाँ	पृष्ठ १६
५३	सर्टिफिकेट, रा. सेवा योजना	१०१०	
५४	रोगी फाईल. आर.टी. आर. एस.	२.०००	पृष्ठ २
५५	स्टेटमेन्ट ऑफ फेमिली मेम्बर्स,एल.टी.सी.	५.०००	पृष्ठ २
५६	यात्रा आवेदन एल.टी.सी.	५००	पृष्ठ ६
५७	ओ.पी.डी. प्रिशकिशन स्लिप, वि.क. स्वास्थ्य केन्द्र	२ लाख	
५८	ओटी रजिस्टर स.सु.हा	१००	२००
५९	वार्ड डायरी स.सु.हा	१००	४००
६०	ओ.पी.डी. रजिस्टर स.सु.हा	१००	४००
६१	जांच फार्म स.सु.हा	१५ लाख	
६२	फालोआफ बुकलेट,एस.एस.एच.	५.०००	१२ पृष्ठ
६३	एच.आई.वी.टेस्ट रिपोर्ट पैथोलोजी	४०.०००	२ पेज
६४	मीटर रिकार्ड बुक (ई.डब्लू.एस.एस.)	३७ रजिस्टर	१०० पेज
६५	बस कार्ड सेन्ट्रल हिन्दू गर्ल्स स्कूल, कमच्छा	१०००	४ पेज
६६	सर सुन्दर लाल हास्पिटल एवं ट्रामा सेन्टर के विविध प्रकार के फार्म	५० लाख	
६७	टेस्ट रिपोर्ट फार्म	६०,०००	पेज २
६८	कलर डाप्लर	५०००	पेज २
६९	अल्ट्रा सोनोग्राम रिपोर्ट फार्म	५०००	पेज २
७०	एम.आर.आई. एपाइनमेंट	१०,०००	पेज २

७१	२डी कलर डाप्लर	२०,०००	पेज २
७२	हिस्टोपैथोलाजी रिपोर्ट फार्म	५०	
७३	हिस्टोपैथोलाजी रिपोर्ट रजिस्टर		
७४	एच.आई.वी.रिपोर्ट फार्म	२०,०००	१ पेज
७५	आई.सी.टी.सी.रेक्विजिसन फार्म	१०,०००	१ पेज
७६	रिपोर्टिंग रजिस्टार फार इन्वेस्टीगेशन	१०,०००	
७७	पी.आई.डी. रजिस्टार आई.सी.टी.सी.	२०रजिस्टार	
७८	पी.सी.आर. रिपोर्ट फार्म	५०००	१ पेज
७९	टी.वी. फारमेट	५०००	१ पेज
८०	प्रोसेयेटिक वाल्व क्लिनिक	४००	८ पेज
८१	प्रश्नोत्तरी ब्लड बैंक	१००००	४ पेज
८२	पीरीयॉडिकल उत्तर पुस्तिका आई.एम.एस.	२००००	
८३	योग डिप्लोमा	१००००	२ पेज
८४	स्नातक कक्षोन्ति आवेदन फार्म कला संकाय	५०००	६ पेज
८५	एग्रीमेंट फार्म	२०००	
८६	ई.डब्ल्यू.एल. सर्टिफिकेट	५००	
८७	एमडीएवाई/एमएसएवाई परीक्षा फार्म	१०००	८ पेज
८८	सहमति पत्र	१०१पैड	१पृष्ठ
८९	कॉशन मनी फार्म	१५०००	१पृष्ठ

स्टोर

१	ए.आर.१	७००० बुक	डुप्लीकेट
२	ए.आर.२	५०० बुक	ट्रिपलीकेट
३	ए.आर.३ए	५००	२ पेज
४	ए.आर.४	३००	
५	इम्प्रेस्ट रजिस्टर	५००	
६	सेलरी बिल फार्म	१०,०००	
७	सेलरी बिल रजिस्टर	४०	
८	स्टॉक बुक १०० पेज, २०० पेज , ४००पेज	१५००	
९	परचेज रजिस्टर	५००	
१०	स्टूडेंट अटेनडेंस शीट	२०,०००	
११	स्टूडेंट अटेनडेंस कवर	८०००	
१२	उपस्थित पंजिका	२०००	
१३	प्यून बुक	१०००	
१४	डिस्पैच रजिस्टर	५००	
१५	इनवर्ड रजिस्टर	५००	
१६	हॉस्टल एलाटमेंट रजिस्टर	१००	
१७	ड्राइवर कार डायरी	१००	
१८	ए.पी.ए.आर.फार्म	२०००	८ पृष्ठ
१९	ए.सी.आर.फार्म १-७	७०००	१२ पृष्ठ
२०	ए.आर.३७	१०,०००	१पेज
२१	मास्टर रोल	५०००	
२२	इशू स्लिप	५००	
२३	लीव एप्लीकेशन फॉर्म	२५,०००	

ट्रामा सेंटर

१	ओ.पी.डी.स्लिप	१,०००	४ पृष्ठ
२	जाँच फार्म	२००,०००	
३	ड्रग स्लिप	२००,०००	
४	डॉक्टर्स ऑर्डर	१४०,०००	
५	नर्सेज डेली रिकॉर्ड	१,५०,०००	
६	केस समरी एण्ड डिस्चार्ज स्लिप	१,५०,०००	
७	एडमिशन रजिस्टर	५०रजिस्टर	४००पृष्ठ
८	इमरजेंसी रजिस्टर	५०रजिस्टर	४००पृष्ठ
९	ओ.पी.डी. रजिस्टर	५०रजिस्टर	४००पृष्ठ
१०	ट्रामा सेन्टर ब्लड बैंक रजिस्टर	५०रजिस्टर	२००पृष्ठ
११	ओ.टी. रजिस्टर	३०रजिस्टर	२००पृष्ठ
१२	रीक्यूजेशन फार्म फॉर ब्लड बैक	१००पैड	१००पृष्ठ
१३	एम.आर.आई.रीक्यूजेशन फार्म	२०पैड	५०पृष्ठ
१४	एम.आर.आई.अपोइन्टमेंट स्लिप	२०पैड	५०पृष्ठ
१५	कोम्पेक्टब्लीटी रिपोर्ट फार्म	१००पैड	२००पृष्ठ

९.१०. विद्युत, जल और दूरभाष केन्द्र

मुख्य परिसर	
1.	लगभग सभी छात्रावासों के मुख्य सड़क को एल.ई.डी. लाईट से उर्जीकृत किया गया।
2.	इण्टरनेशनल छात्रावास का विद्युत संयोजन हुआ।
3.	गुपतनाथ कैंण्टिन चौराहे से लेकर प्रिन्सपल कालोनी चौराहे तक अण्डरग्राउण्ड केबलिंग के माध्यम से नया स्ट्रीट लाईट पोल लगाकर एल.ई.डी. लाईट की व्यवस्था की गयी।
4.	२०० किलोवाट सोलर पावर पैनल की बिजली का संयोजन किया गया।
5.	सर सुन्दरलाल अस्पताल में नये भूमिगत केबल के माध्यम से ओ.पी.डी. के ए.सी. को विद्युत आपूर्ति बहाल की गयी।
6.	ज्योतिकुंज छात्रावास का री-वायरिंग का कार्य किया गया।
7.	इतिहास विभाग में री-वायरिंग का कार्य किया गया।
8.	महिला महाविद्यालय परिसर में स्थित विभिन्न छात्रावासों को भूमिगत केबिल के माध्यम से विद्युत आपूर्ति बहाल करने का कार्य किया गया।
9.	अम्बेडकर छात्रावास के री-वायरिंग का कार्य किया गया।
10.	ए.एन.डी., ब्रोचा एवं गार्गी ट्यूबवेल का री-डेवलपमेन्ट किया गया।
11.	बी.एच.यू. परिसर में चार इंच के नौ स्लोइसबाल बदले गये।
12.	बी.एच.यू. परिसर में छः इंच के तीन स्लोइसबाल बदले गये।
13.	एम.पी. थियेटर, रुइया, केमेस्ट्री एवं महिला महाविद्यालय नलकूपों के प्लेटफार्म का जीर्णोद्धार किया गया।
14.	कमच्छा परिसर में शिक्षा संकाय स्थित ट्यूबवेल का री-डेवलपमेट किया गया।
राजीव गाँधी दक्षिणी परिसर, बरकछा, मिर्जापुर	
1.	१.६ एमवीए ट्रान्सफार्मर की जगह ५ एमवीए ट्रान्सफार्मर को लगाकर उर्जीकृत किया गया।
2.	वेटेरिनरी साइंस के नये परिसर में विद्युत उपकेन्द्र को उर्जीकृत किया गया।
3.	लगभग सभी छात्रावासों के मुख्य सड़कों पर एल.ई.डी. स्ट्रीट लाईट का कार्य किया गया।
4.	वेटेरिनरी साइंस के नये परिसर में चेक डैम में स्थापित वाटर पम्प का विद्युत संयोजन किया गया।
5.	पशु विज्ञान संकाय हेतु जल संयोजन का कार्य पूरा किया गया।

दूरभाष केन्द्र

बी. एस. एन. एल. के पुराने एक्सचेन्ज के स्थान पर एक नया टेलीफोन एक्सचेन्ज स्थापति किया गया है, इसका रख-रखाव बी. एस. एन. एल. द्वारा किया जा रहा है। यह पूर्ण रूप से इलेक्ट्रॉनिक पद्धति से संचालित है। वर्तमान में एक्सचेन्ज में १००० लाइन का टेलीफोन कनेक्शन का प्रावधान किया गया है, जो कि समस्त संस्थानों/ संकायों/ विभागों/ कार्यालयों को टेलीफोन की सुविधा प्रदान करेगा। इसी प्रकार संस्थानों व सरसुन्दर लाल चिकित्सालय में अपने एक्सचेन्ज लगे हुए हैं।

- सर सुन्दरलाल चिकित्सालय में ४०० लाइनों का एक्सचेन्ज कार्यरत है।
- केन्द्रीय ग्रन्थागार में ७२ लाइनों का एक्सचेन्ज कार्यरत है।

इसी प्रकार विभिन्न विभागों में सुविधानुसार एक्सचेंज लगे हुए हैं।

विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा टेलीकम्यूनिकेशन सुविधा हेतु दिन प्रतिदिन प्रयासों का विकल्प विचाराधीन है। जिसके परिणाम स्वरूप काशी हिन्दू विश्वविद्यालय में नित्य अपने प्रयासों से बेहतर से बेहतर बनाने की दिशा में सन् २००८ में टाटा इन्डिकॉम ने २०७० कनेक्शन की टेलीफोन सुविधा विश्वविद्यालय के कार्यालयों, विभागों में उपलब्ध करायी गई है।

९.११. अनुरक्षण (भवन एवं उपकरण)

''विश्वविद्यालय निर्माण विभाग'' का गठन विश्वविद्यालय की स्थापना के समय से ही किया है। यह विश्वविद्यालय स्थित समस्त भवनों की वार्षिक मरम्मत के साथ-साथ, सड़क, मल एवं जल निकासी की लाइनों का अनुरक्षण, बरसाती पानी की निकासी नालों का निर्माण एवं पुराने नालों की मरम्मत, सफाई इत्यादि के साथ-साथ विभिन्न संस्थानों, संकायों, विश्वविद्यालय की बाहरी चहारदीवारी एवं आंतरिक चहारदीवारी का निर्माण एवं अनुरक्षण का भी कार्य करता है। साथ ही साथ विश्वविद्यालय के चिरईगाँव, नरायनपुर एवं टिकरी स्थित स्वास्थ्य केन्द्रों के भवनों का अनुरक्षण कार्य सम्पादित करता है। विश्वविद्यालय के राजीव गाँधी दक्षिणी परिसर, बरकछा, मीरजापुर के भवनों की मरम्मत तथा नवीन भवनों, सड़क, सीवर, चहारदीवारी इत्यादि का निर्माण कार्य भी सम्पादित करता है। विभाग मुख्य परिसर एवं राजीव गाँधी दक्षिणी परिसर, बरकछा, मीरजापुर में स्वीकृत नवीन भवनों का निर्माण कार्य भी अपने स्तर पर तथा केन्द्र व प्रदेश सरकार के उपक्रमों द्वारा सम्पादित कराता है। विभाग विभिन्न मदों में स्वीकृत अतिरिक्त निर्माण कार्य, भवनों के नवीनीकरण के कार्य के साथ-साथ विशेष मरम्मत का कार्य भी करता है। विभाग आंतरिक साज-सज्जा, योजना निर्माण के साथ-साथ विभिन्न छात्रावासों, विभागों, संकायों, अस्पतालों के लिये फर्नीचर के खरीद, निर्माण एवं मरम्मत का भी कार्य करता है।

विश्वविद्यालय निर्माण विभाग, विश्वविद्यालय के सभी मुख्य राष्ट्रीय पर्व- जैसे गणतन्त्र दिवस, स्वतन्त्रता दिवस एवं गाँधी जयन्ती के साथ विश्वविद्यालय के विभिन्न आयोजनों जैसे विश्वविद्यालय स्थापना दिवस समारोह, सरस्वती पूजन समारोह, कृष्ण जन्माष्टमी समारोह के साथ-साथ विभिन्न संस्थानों, संकायों, महाविद्यालय, विद्यालयों एवं छात्रावासों के वार्षिक समारोहों तथा स्थापना समारोहों में भी व्यापक भूमिका निभाता है। यह विभाग विश्वविद्यालय के दीक्षान्त समारोहो, विभिन्न सेमिनारों एवं संगोष्ठियों में भी आयोजकों के आवश्यकतानुसार कार्य सम्पादित करता है। विश्वविद्यालय में विभिन्न पाठ्यक्रमों के नियामक संस्थाओं के निरीक्षण के समय विभाग उनकी मान्यता प्राप्त करने के लिए एवं जारी रखने के लिए अपने संसाधनों द्वारा सहायता प्रदान करता है। यह विभाग विश्वविद्यालय के मुख्य भवनों जैसे- मालवीय भवन, टैगोर भवन, सुन्दरम लाज, भारत कला भवन, स्वतन्त्रता भवन, उडुप्पा प्रेक्षागृह, पं. ओंकारनाथ ठाकुर प्रेक्षागृह, कला संकाय प्रेक्षागृह, श्री विश्वनाथ मन्दिर का अनुरक्षण एवं वातानुकूलन का कार्य भी सम्पादित करता है। विभाग द्वारा सभी छात्रावासों, शैक्षिक भवनों व आवासीय भवनों की मरम्मत के साथ-साथ छतों पर जल अवरोधी उपचार, रसोईघरों व शौचालयों का नवीनीकरण व बाहरी दीवारों की रंगाई-पुताई इत्यादि का कार्य भी व्यापक तौर पर कराया गया।

वर्तमान वित्तीय वर्ष में विभिन्न मदों में विश्वविद्यालय निर्माण विभाग को प्राप्त मदों का विवरण निम्नलिखित है जिसका कि पूरा सदुपयोग किया गया:

१.	विशेष मद	रू.२९,९०,८८,४८०.००
२.	विश्वविद्यालय के भवनों के मरम्मत के लिए मद-आवर्ती मद	रू.८२,१६,१६८.००

कुछ बड़े कार्यों का विवरण निम्नलिखित है, जो कि केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग को विश्वविद्यालय द्वारा आवंटित किये गये थे और जो कार्य २०१८-१९ में के.लो.नि.वि. द्वारा निर्माण कार्य जारी है/पूर्ण किये गये:

क्र. सं.	**कार्य का नाम**	**प्रशासनिक अनुमोदन एवं व्यय स्वीकृति धनराशि**	**वर्तमान स्थिति**
१.	केन्द्रीय अनुसंधान केन्द्र का निर्माण कार्य, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय।	रू ६६.६१९० करोड़	कार्य प्रगति पर है।
२.	भारत अध्ययन केन्द्र (जी+५) के लिये शैक्षणिक भवन का निर्माण कार्य, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय।	रू १०.७७१४ करोड़	कार्य पूर्ण।
३.	दृश्य एवं मंच कला संकाय के लिये १५० कमरों वाले महिला छात्रावास का निर्माण कार्य, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय।	रू १४.७१७२ करोड़	कार्य पूर्ण।

४.	अन्तराष्ट्रीय पुरुष छात्रावास (जी+३) का निर्माण कार्य, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय।	रू २६.४२२७ करोड़	कार्य पूर्ण।
५.	राष्ट्रीय आपातकालीन लाइफ सपोर्ट स्कील सेन्टर के पास बचे हुए हिस्से में सीमोलेसन प्रयोगशाला का विकास कार्य, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय।	रू ०.७७७८ करोड़	कार्य पूर्ण।
६.	पं० मदन मोहन मालवीय राष्ट्रीय मिशन शिक्षक एवं शिक्षण -विकलांगता अध्ययन, करीकुलम रिसर्च, पालसी एवं शैक्षणिक विकास के सेन्टर के भवन का निर्माण लेक्चर थियेटर के भूतल एवं द्वितीय तल पर निर्माण कार्य, शिक्षा संकाय, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय।	रू २.२५८५ करोड़	कार्य पूर्ण।
७.	रणवीर संस्कृत पाठशाला सेकेन्डरी सेक्सन भूतल के ऊपर प्रथम तल एवं द्वितीय तल पर क्लासरूम का निर्माण कार्य, कमच्छा, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय।	रू १.६९६६ करोड़	कार्य पूर्ण।
८..	टीचिंग वेटेनरी क्लीनिकल कम्प्लेक्स (फेस-१) का निर्माण कार्य, राजीव गांधी दक्षिणी परिसर, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय।	रू १४.७०७१ करोड़	कार्य पूर्ण।
९.	१०० छात्रों के लिये ओ०बी०सी० पुरुष छात्रावास का निर्माण कार्य, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय।	रू ३.५२३० करोड़	कार्य पूर्ण।
१०.	१०० छात्राओं के लिये ओ०बी०सी० महिला छात्रावास का निर्माण कार्य, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय।	रू ३.५२३०	कार्य पूर्ण।
११.	शैक्षणिक भवन (जी+१) फेस-१ का निर्माण कार्य, पशु चिकित्सा व पशु विज्ञान संकाय, राजीव गांधी दक्षिणी परिसर, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय।	रू ६.५६६६ करोड़	कार्य पूर्ण।
१२.	शैक्षणिक भवन बी-१ (जी +२) के द्वितीय तल का निर्माण कार्य, पशु चिकित्सा व पशु विज्ञान संकाय, राजीव गांधी दक्षिणी परिसर, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय।	रू १.८९३३ करोड़	कार्य पूर्ण।
१३.	पशु घर (फेस-१) का निर्माण कार्य, पशु चिकित्सा व पशु विज्ञान संकाय, राजीव गांधी दक्षिणी परिसर, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय।	रू १४.३५४८ करोड़	कार्य पूर्ण।
१४.	व्याख्यान संकुल -ब्लाक-एच (जी +१) का निर्माण कार्य, पशु चिकित्सा व पशु विज्ञान संकाय, राजीव गांधी दक्षिणी परिसर, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय।	रू ५.२५७१ करोड़	कार्य पूर्ण।
१५.	शैक्षणिक भवन सी-१ का निर्माण कार्य, पशु चिकित्सा व पशु विज्ञान संकाय, राजीव गांधी दक्षिणी परिसर, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय।	रू १०.१४९८ करोड़	कार्य पूर्ण।

कमच्छा कम्पलेक्स, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय

कमच्छा कम्पलेक्स में शिक्षा संकाय, सेन्ट्रल हिन्दू ब्वायज स्कूल, सेन्ट्रल हिन्दू गर्ल्स स्कूल, रणवीर संस्कृत पाठशाला, कोल्हुआ प्राईमरी स्कूल, बैजनत्था कालोनी, डा. ए. बी. छात्रावास व डा. आर. पी. छात्रावास इत्यादि।

राजीव गाँधी दक्षिणी परिसर, बरकछा

राजीव गाँधी दक्षिणी परिसर, बरकछा लगभग २७०० एकड़ भूमि में फैला हुआ है। यहाँ पर शैक्षणिक कार्य का शुभारम्भ सन् २००६ ई. में हुआ। अधिक संख्या में भवन, छात्रावास, व्याख्यान कक्ष, महिला छात्रावास, प्रशासनिक, भवन, केन्द्रीय पुस्तकालय भवन, किसान आवास, टिसू कल्चर भवन, अतिथि गृह, बीज भण्डार, जलपान गृह इत्यादि पूर्णरूप से तैयार हैं। कुछ पहले से पूर्ण हो चुके हैं और वर्तमान में इस्तेमाल भी हो रहा है। प्रशिक्षण क्रिया-कलाप २००५-०६ से चल रहा है। राजीव गाँधी दक्षिणी परिसर, बरकछा में बहुत ही तीव्र गति से विकास कार्य चल रहा है। वर्तमान में भवन निर्माण, रोड, जल-आपूर्ति और विद्युतीकरण का कार्य, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय- डाइवर्सिटी पार्क तथा बड़ा बीज भण्डार के निर्माण का कार्य युद्ध स्तर पर किया गया।

विभाग में कर्मचारियों की बेहद कमी होने के बावजूद २०१८-१९ में १३३ से अधिक एग्रीमेन्ट तथा ७८६ वर्क आर्डर द्वारा विश्वविद्यालय के विभिन्न कार्यों को किया गया। बड़ी संख्या में कर्मचारियों के सेवा-निवृत्त हो जाने के कारण बहुत ही कठिन स्थिति और उच्च आशाओं में पूर्ण न्याय देने की कोशिश की गयी है। विगत साढ़े तीन वर्षों में बहुत सारे भवनों का निर्माण कार्य तथा भवनों की मरम्मत एवं रख रखाव का कार्य काफी बढ़गया है।

विश्वविद्यालय निर्माण विभाग ने एक लाख रू से ऊपर के कार्य को एवार्ड करने के लिये ई.टेण्डरिंग प्रक्रिया प्रारम्भ कर दिया है।

वर्तमान वित्तीय वर्ष में जो मुख्य सिविल कार्य शुरू किये गये उन का विवरण निम्नलिखित है:-

क्र.सं.	कार्य का नाम	वित्त पोषण	प्रशासनिक अनुमोदन एवं व्यय स्वीकृति धनराशि	स्थिति
१.	महिला महाविद्यालय के नये स्नातकोत्तर भवन एवं चिकित्सा विज्ञान संस्थान के पुराने प्रशासनिक भवन में १३ यात्री वाले लिफ्ट लगाने का कार्य, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय।	विकास योजना नं० ५०२७	रू ७२.८०.०००.००	कार्य प्रगति पर है।
२.	नर्सिंग छात्रावास भवन, ट्रामा सेन्टर का निर्माण कार्य, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय।	विकास योजना आबजेक्ट हेड-३५	रू १२.०० करोड़	कार्य प्रगति पर है।
३.	शिक्षक आवासीय फ्लैट (८० नं०), दो ब्लाक (४० नं० प्रति ब्लाक), काशी हिन्दू विश्वविद्यालय।	विकास योजना आबजेक्ट हेड-३५	रू४६.७१०३ करोड़	कार्य प्रगति पर है।
४.	व्याख्यान संकुल (जी+२) का निर्माण कार्य, राजीव गांधी दक्षिणी परिसर, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय।	वन टाइम ग्राण्ट	रू१९.०० करोड़	कार्य प्रगति पर है।
५.	केन्द्रीयकृत प्रयोगशाला परिसर (जी+२) का निर्माण कार्य, राजीव गांधी दक्षिणी परिसर, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय।	वन टाइम ग्राण्ट	रू१२.०० करोड़	कार्य प्रगति पर है।
६.	शैक्षणिक भवन डी-१ का निर्माण कार्य, पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान संकाय, राजीव गांधी दक्षिणी परिसर, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय।	विकास योजना	रू९.५० करोड़	कार्य प्रगति पर है।
७.	आर. के. वी. वाई. प्रोजेक्ट के अन्तर्गत पशु घर का निर्माण कार्य, राजीव गांधी दक्षिणी परिसर, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय	परियोजना ग्राण्ट	रू १९.९९ करोड़	कार्य प्रगति पर है।
८.	१०० बेड वाले (जी+५) एम.सी.एच. विंग के लिये भवन का निर्माण कार्य, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय।	विकास योजना नं. ६००८	रू४५.५० करोड़	कार्य प्रगति पर है।
९.	२०० नं. शिक्षक आवासीय फ्लैट (जी+१०), दो ब्लाक (१००नं. प्रति ब्लाक) का निर्माण कार्य, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय।	कैपिटल कंस्ट्रक्सन आफ बिल्डिंग	रू ५७.२५३९ करोड़	कार्य प्रगति पर है।
१०.	वैदिक विज्ञान केन्द्र (जी+३) एवं अपार्टमेन्ट (जी+२) शिक्षक व शोध छात्रों के लिये भवन का निर्माण कार्य, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय।	विकास योजना नं. ६००५	रू११.२९२१ करोड़	कार्य प्रगति पर है।
११.	रीजनल नेत्र संस्थान (जी+५) का निर्माण कार्य, सर सुन्दरलाल चिकित्सालय, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय।		रू२९.६३ करोड़	कार्य प्रगति पर है।
१२.	केन्द्रीय कार्यालय के पिछले भाग में भूतल एवं प्रथम तल पर भवन निर्माण का विस्तार कार्य, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय।	विकास योजना नं. ५०६८	रू५.८५९८ करोड़	कार्य प्रगति पर है।

विश्वविद्यालय यंत्र समुच्चय विज्ञान केन्द्र

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग, नई दिल्ली द्वारा विश्वविद्यालय विज्ञान यंत्र समुच्चय केन्द्र (यूसिक) लेवल-दो वर्ष १९८० में काशी हिन्दू विश्वविद्यालय में केन्द्रीय सुविधा के रूप में स्थापित किया गया। यूसिक लेवल-दो एक गैर-शैक्षणिक विभाग के अन्तर्गत आता है। भवन का निर्माण सन् १९८२-८३ तथा तकनीकी कर्मचारियों की नियुक्ति वर्ष १९८५ के अन्त में पूरी हुई।

क्रिया-कलाप

विश्वविद्यालय यंत्र समुच्चय विज्ञान केन्द्र सम्बन्धित सेवाएं त्वरित प्रदान करता है जैसे-

- इलेक्ट्रानिक्स/ इलेक्ट्रिकल/ मैकेनिकल/ एनलिटिकल यंत्रों/ उपकरणों/ मशीनों की मरम्मत एवं रख-रखाव करना।
- यू.वी. विसिवुल स्पेक्ट्रोफोटोमीटर तथा डबल डिस्टिल्ड वाटर इत्यादि।
- वर्तमान वर्ष के अंतर्गत यूसिक द्वारा किये गये मरम्मत कार्यों का विवरण नीचे दिया जा रहा है-

• विज्ञान संस्थान	२०
• कृषि विज्ञान संस्थान	०६
• पर्यावरण एवं धारणीय विकास संस्थान	०१
• चिकित्सा विज्ञान संस्थान	०१
• अन्य	०६
कुल योग	**३४**

वर्तमान सत्र तक ९५३ लीटर वाटर प्रयोग में लाये गये।

वर्तमान सत्र तक विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों में

शोधरत/अध्ययनरत छात्रों द्वारा उच्च कोटि के शोध हेतु प्रयोग में लाये गये उपकरण जैसे– यू.वी. स्पेक्ट्रोफोटोमिटर (शिमाड्जू एवं लैब इण्डिया) उपकरण द्वारा कुल ८३ सैम्पल किये गये।

९.१२. स्वास्थ्य देखभाल

सर सुन्दरलाल चिकित्सालय

सर सुन्दरलाल चिकित्सालय, चिकित्सा विज्ञान संस्थान, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के चिकित्सा विद्यार्थियों के पठन-पाठन एवं प्रशिक्षण हेतु संबंद्ध चिकित्सालय है जो अपने स्थापना वर्ष १९२६ से ही निरन्तर इस क्षेत्र के रोगियों की सेवा करता हुआ उत्तरोत्तर प्रगति पथ पर गतिमान है। वर्तमान सत्र के दौरान चिकित्सालय द्वारा निम्नवत चिकित्सा सेवाएं प्रदान की गयीं-

अस्पताल सांख्यिकी

कुल बहिरंग रोग	- १४,६९,२४५
भर्ती रोग	- ५७,३७९
कुल सर्जिकल आपरेशन	- २८,९६०
कुल जन्म	- ३,११५
कुल मृत्यु	- २,४६३
आपात चिकित्सा बहिरंग रोगी	- १,०३,८९५
कुल जांच	- २,४१,२४५
शैय्या की संख्या	- १,५८५

विश्वविद्यालय छात्र स्वास्थ्य निगरानी संकुल द्वारा उपलब्ध की जाने वाली सेवाएं/सुविधायें

विश्वविद्यालय छात्र स्वास्थ्य सेवा संकुल छात्रावास मार्ग पर स्थित है तथा विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों को आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श के साथ-साथ विभिन्न चिकित्सकीय सुविधाएं उपलब्ध कराता है। स्वास्थ्य सेवा संकुल में विभिन्न रोगों के विशेषज्ञ चिकित्सकों तथा प्रशिक्षित व समर्पित पैरामेडिकल स्टाफ के द्वारा मरीजों की देखभाल की जाती है। मुख्यचिकित्सा अधिकारी प्रभारी की देख-रेख में संचालित होने वाला विश्वविद्यालय छात्र स्वास्थ्य सेवा संकुल प्रत्येक कार्यदिवस पर प्रातः ८ बजे प्रारम्भ होकर सांय काल ८ बजे तक अपनी आकस्मिक चिकित्सा सुविधा प्रदान करता है। विश्वविद्यालय में अध्ययनरत विद्यार्थियों को स्वास्थ्य पुस्तिका निर्गत कर बहिरंग विभाग के साथ-साथ आवश्यकता होने पर भर्ती मरीज के रूप में भी स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की जाती हैं। स्वास्थ्य सेवा संकुल में सामान्य सर्जरी के साथ-साथ अस्थि रोग के भी चिकित्सक अपनी सेवाएं प्रदान करते हैं। संकुल में रक्त तथा अन्य से संबंधित सभी जांच की सुविधाएं भी उपलब्ध हैं। विश्वविद्यालय परिसर के साथ-साथ विद्यार्थियों को राजीव गांधी दक्षिणी परिसर, बरकच्छा में भी स्वास्थ्य केन्द्र की सुविधाएं उपलब्ध करायी जाती हैं। विद्यार्थियों से स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए रूपये ३५०.०० वार्षिक उनके फीस के माध्यम से लिये जाते हैं। वर्तमान शैक्षणिक सत्र में कुल २ लाख ६० हजार विद्यार्थियों को स्वास्थ्य संकुल की सेवाएं प्रदान की गईं।

स्वास्थ्य संकुल में उपलब्ध सुविधाएं

- सामान्य बहिरंग रोगी परामर्श विशेषज्ञ चिकित्सकों के माध्यम से
- आपातकालीन सुविधा रात्रि ८ बजे तक
- लघु शल्य सेवाएं
- अस्थि रोग संबंधित प्लास्टर तथा अन्य सुविधायें
- श्वास रोग क्लीनिक
- विशिष्ट चिकित्सा परामर्श (जनरल मेडिसिन, सर्जरी, आर्थोपेडिक, टी.बी. एवं चेस्ट तथा महिला रोग एवं अन्य)
- फार्मेसी एवं दवा वितरण सेवाएं
- दुर्घटना एवं सामान्य परिस्थिति में ड्रेसिंग सेवाएं
- हेपेटाइट्स-बी, टिटेनस, टाइफाइड, रैबीज इत्यादि टीकाकरण सेवाएं
- इंजेक्शन और टीकाकरण सेवाएं
- दंत रोग विशेषज्ञ द्वारा आधुनकि उपकरणों के साथ दंत क्लीनिक का संचालन
- होमियोपैथी क्लीनिक
- योग क्लिनिक
- फिज़ियोथेरेपी क्लीनिक सुविधा
- डिज़िटल एक्सरे क्लीनिक सुविधा
- स्वास्थ्य सलाह परामर्श सेवाएं

स्वास्थ्य सेवा संकुल में संचालित लैब सुविधा में टाइफाइड, डेंगू, लीवर, लिपिड प्रोफाइल, यूरिन आदि की जांच हेतु आधुनिक उपकरण के माध्यम से जांच की सुविधा उपलब्ध है।

अन्य सुविधाएं

- मेडिकल फिट्नेस प्रमाण पत्र
- चिकित्सा प्रतिपूर्ति
- आकस्मिक चिकित्सा हेतु दवा क्रय
- विश्वविद्यालय में आयोजित होने वाले विभिन्न खेल कूद एवं अन्य आयोजनों के अवसर पर आवश्यकता होने पर चिकित्सकीय सुविधा उपलब्ध करायी जाती है।

विश्वविद्यालय कर्मचारी स्वास्थ्य निगरानी संकुल उपलब्ध सेवायें

कर्मचारी स्वास्थ्य सेवा संकुल में विश्वविद्यालय के नियमित व सेवानिवृत्त कर्मचारी एवं उनके आश्रितों, रेजिडेन्ट डॉक्टर व केन्द्रीय विद्यालय (बी.एच.यू.) के कर्मचारियों को चिकित्सकीय सुविधा प्रदान की जाती हैं।

वर्तमान में लगभग ९५,८०० लाभार्थी कर्मचारी स्वास्थ्य सेवा संकुल में नामांकित हैं तथा स्वास्थ्य केन्द्र में ०५ चिकित्सकों के माध्यम से वर्तमान सत्र में १०३८७६ रोगियों को चिकित्सा परामर्श उपलब्ध कराया गया है। स्वास्थ्य केन्द्र में माडर्न मेडिसिन एवं आयुर्वेदिक औषधियों का वितरण योग्य फार्मासिस्टों द्वारा किया जाता है।

वर्तमान में विश्वविद्यालय कर्मचारी स्वास्थ्य सेवा संकुल में निम्नलिखित सेवाएं उपलब्ध हैं:

- सामान्य बहिरंग रोगी परामर्श
- शल्य परामर्श
- आर्थोपेडिक सेवायें
- विशेष चिकित्सा परामर्श

- स्त्री-रोग परामर्श
- फार्मेसी सेवायें
- ड्रेसिंग सुविधा
- इंजेक्शन व टीकाकरण की सुविधा
- चिकित्सा प्रमाण पत्र
- चिकित्सकीय दावाप्रतिपूर्ति
- ई.सी.जी. जाँच की सुविधा, नेबुलाईजेशन व ऑक्सीजन की सुविधा
- क्लिनिकल आब्जर्वेशन रूम में इलाज की सुविधा
- एक्सरे सुविधा
- डेन्टल क्लिनिक
- फिजियोथेरेपी

विश्वविद्यालय कर्मचारी स्वास्थ्य सेवा संकुल के मुख्य चिकित्सा अधिकारी (प्रभारी) की योजनाओं में आने वाले समय में स्वास्थ्य केन्द्र में रक्त एवं मूत्र इत्यादि परीक्षण सुविधा तथा आयुर्वेदिक बहिरंग रोगी परामर्श की सुविधा प्रारंभ करने की योजना है।

क्रियाकलाप

- ओपीडी : १०,३,८७६ पेसेंट प्रेजेंट (कर्मचारी, पेंशनर, सुपर पेंशनर, जे.आर. रेजिडेंट, एस.आर. रेजिडेंट, के.वी. बी.एच.यू. एवं उनके परिवार
- ईसीजी : २७७
- आरबीएस : ६६७०
- एक्स-रे : ३८२०
- ड्रेसिंग : २९०९
- प्रतिपूर्ति बिल की सं. : ११३५५८
- दवाएं और ड्रेसिंग सामान : ४,३९,००,०००/- (लगभग)

९.१३. विश्वविद्यालय क्रीड़ा परिषद्

कुलपति, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय की अध्यक्षता में विश्वविद्यालय क्रीड़ा परिषद का गठन १९७५ में किया गया, जिसका मूल नाम विश्वविद्यालय एथलेटिक संघ था। क्रीड़ा परिषद का उदेद्श्य सहायक निदेशकों/ उपनिदेशकों एवं उच्च स्तरीय प्रशिक्षित प्रशिक्षकों द्वारा शिक्षण एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन करना है जिससे विश्वविद्यालय की टीम अन्तर विश्वविद्यालय प्रतियोगिता में एवं राज्य/राष्ट्र स्तरीय में प्रतिभागिता कर उच्च स्तर को प्राप्त करे। परिषद आवश्यकतानुसार राष्ट्रीय क्रीड़ा संस्थान से प्रशिक्षित अतिरिक्त प्रशिक्षकों की सेवाएँ अल्पावधि के लिए लेता रहता है।

वर्तमान सत्र खेलकूद एवं उपलब्धियों की दृष्टि से विशिष्ट एंवम् उल्लेखनीय रहा है एवं खेल गतिविधियों में उत्तरोत्तर सुधार हुआ है।

विश्वविद्यालय क्रीड़ा परिषद द्वारा वर्तमान सत्र में आयोजित की गयी प्रतियोगिताएं

अन्तर संकाय प्रतियोगिता/चयन परीक्षण

क्र.स.	प्रतियोगिता का नाम
१.	अन्तर संकाय फुटबॉल (म.) प्रतियोगिता
२.	अन्तर संकाय तैराकी (पु.) प्रतियोगिता
३.	अन्तर संकाय तैराकी (म.) प्रतियोगिता
४.	अन्तर संकाय बास्केटबाल (पु.) प्रतियोगिता
५.	अन्तर संकाय बास्केटबाल (म.) प्रतियोगिता
६.	अन्तर संकाय हैंडबाल (पु.) प्रतियोगिता
७.	अन्तर संकाय क्रिकेट (पु.) प्रतियोगिता

अन्तर्राष्ट्रीय खेल दिवस (२९ अगस्त) पर विभिन्न स्पोटर्स प्रतियोगिताएं आयोजित की गयी।
पूर्वी क्षेत्र अन्तर विश्वविद्यालयी, प्रतियोगिता में काशी हिन्दू विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व करने वाली टीमों का विवरण:

क्रम संख्या	खेल का नाम	पुरुष/ महिला	अवधि	प्रतियोगिता का स्थान	स्थिति
१	बास्केटबाल	पुरुष	१८-२१.१०.२०१८	के.आई.आई.टी. भुवनेश्वर	सहभागिता
२	बास्केटबाल	महिला	०९-११.११,२०१८	गुवाहाटी विश्वविद्यालय, गुवाहाटी	सहभागिता
३	बैडमिंटन	पुरुष	२७-३०.१०,२०१८	गुवाहाटी विश्वविद्यालय, गुवाहाटी	सहभागिता
४	बैडमिंटन	महिला	१८-२१. १०. २०१८	के.आई.आई.टी. भुवनेश्वर	सहभागिता
५	कबड्डी	पुरुष	२९.१०.१८ से ०१.११.२०१८	डॉ. सी.वी. रमन विश्वविद्यालय, विलासपुर	सहभागिता
६	वालीबाल	पुरुष	१८-२१. १०. २०१८	के. आई.आई.टी. भुवनेश्वर	सहभागिता
७	वालीबाल	महिला	१३-१६. ११. २०१८	त्रिपुरा विश्वविद्यालय, अगरतला	सहभागिता
८	शतरंज	पुरुष	२१-२४.११,२०१८	के.आई.आई.टी. भुवनेश्वर	चर्तुथ स्थान
९	शतरंज	महिला	२१-२४.११,२०१८	के.आई.आई.टी. भुवनेश्वर	द्वितीय स्थान
१०	क्रिकेट	पुरुष	०६-२४.०१.२०१९	रावेनशॉ विश्वविद्यालय, कटक	सहभागिता
११	टेनिस	पुरुष	१८-२१.१०,२०१८	के.आई.आई.टी. भुवनेश्वर	तृतीय स्थान
१२	हैंडबाल	पुरुष	०१-०४. १२. २०८	वी.के.एस.विश्वविद्यालय, आरा	सहभागिता
१३	हैंडबाल	महिला	२५-३०.०१.२०१९	वी.बी.एस. पूर्वान्चल वि.वि. जौनपुर	सहभागिता
१४	टेबुल टेनिस	पुरुष	२९-३१. १०.२०१८	पं. आर.एस. विश्वविद्यालय, रायपुर	सहभागिता
१५	यू.पी. बास्केटबाल	पुरुष	०९-१४. १०.२०१८	एन.ई.रेलवे स्टेडियम, गोरखपुर	सहभागिता
१६	यू.पी. बास्केटबाल	महिला	०९-१४. १०.२०१८	एन.ई.रेलवे स्टेडियम, गोरखपुर	सहभागिता

अखिल भारतीय एवं अन्तर क्षेत्रीय अन्तर विश्वविद्यालय प्रतियोगिता में काशी हिन्दू विश्वविद्यालय की भागीदारी

क्रम संख्या	खेल का नाम	पुरुष/ महिला	अवधि	प्रतियोगिता का स्थान	स्थिति
१.	तैराकी	पुरुष	२८-३१.१०,२०१८	जैन विश्वविद्यालय, बंगलुरू	तृतीय एवं चतुर्थ स्थान
२.	तैराकी	महिला	०२-०४.११.२०१८	वी.टी.यू., वेलगावी	सहभागिता
३.	एथलेटिक्स	पुरुष	२४-२८. ११,२०१८	मंगलोर विश्वविद्यालय	सहभागिता
४.	एथलेटिक्स	महिला	२४-२८.११,२०१८	मंगलोर विश्वविद्यालय	सहभागिता
५.	बाक्सिंग	पुरुष	२१-२८.०२,२०१९	जे.आर.एन.विश्वविद्यालय,राजस्थान, विद्यापीठ	सहभागिता
६.	तीरंदाजी	पुरुष	२६-२९.१२,२०१८	के.आई.आई.टी. भुवनेश्वर	सहभागिता
७.	तीरंदाजी	महिला	२६-२९.१२,२०१८	के.आई.आई.टी. भुवनेश्वर	सहभागिता
८.	कुश्ती	पुरुष	१४-१८.११,२०१७	चौधरी बंसी लाल. विश्वविद्यालय, भिवानी	सहभागिता
९.	ताइक्वान्डो	पुरुष	१४-१७.०३,२०१९	एम. डी. यू., रोहतक	सहभागिता
१०.	ताइक्वान्डो	महिला	१४-१७.०३,२०१९	एम. डी. यू., रोहतक	सहभागिता
११.	शूटिंग	पुरूष	३१.१०.२०१८से ०५.११.२०१८	पंजाब विश्वविद्यालय, चंडीगढ़	सहभागिता
१२.	शूटिंग	महिला	३१.१०.२०१८से ०५.११.२०१८	पंजाब विश्वविद्यालय, चंडीगढ़	सहभागिता
१३.	वुशू	पुरुष	१२-१६.०३.२०१९	पंजाब विश्वविद्यालय, चंडीगढ़	सहभागिता

१४.	वुशू	महिला	१२-१६.०३,२०१९	पंजाब विश्वविद्यालय, चंडीगढ़	**रजत और कांस्य पदक**
१५.	योग	पुरुष	०४.०८.०२,२०१९	मद्रास, विश्वविद्यालय, चेन्नई	सहभागिता
१६.	योग	महिला	०४.०८.०२,२०१९	मद्रास, विश्वविद्यालय, चेन्नई	सहभागिता
१७.	जिमनास्टिक	महिला	१७-१९,११,२०१८	पंजाब विश्वविद्यालय चंडीगढ़	सहभागिता
१८.	क्रास कंट्री	पुरुष	०४.१०.२०१८	गुलबर्गा विश्वविद्यालय कर्नाटक	सहभागिता
१९.	क्रास कंट्री	महिला	०४.१०.२०१८	गुलबर्गा विश्वविद्यालय कर्नाटक	सहभागिता
२०.	कराटे	पुरुष	२०-२५.०२.२०१९	एम.डी.यू. रोहतक	सहभागिता
२१.	कराटे	महिला	२०-२५.०२.२०१९	एम.डी.यू. रोहतक	स्वर्ण और रजत पदक
२२.	टेनिस	पुरुष	२०-२३.०२.२०१९	एस.आर.एम. विश्वविद्यालय, चेन्नई	सहभागिता
२३.	शतरंज	पुरुष	१६-२०.१२.२०१८	सी.सी.एस.यू.मेरठ	सहभागिता
२४.	शतरंज	महिला	१०-१४.१२.२०१८	गुरू जम्भेश्वर विश्वविद्यालय	तृतीय स्थान

विश्वविद्यालय क्रीड़ा परिषद द्वारा तृतीय पैरालम्पिक दिव्यांग खेल कूद प्रतियोगिता, अंतर छात्रावास महिला टेनिस बाल क्रिकेट प्रतियोगिता और अंतर छात्रावास पुरुष टेनिस बाल क्रिकेट प्रतियोगिता आयोजित की गयी। साथ ही, प्रथम महामना पं. मदन मोहन मालवीय हॉकी (पुरूष) प्रतियोगिता आयोजित की गयी। खेल दिवस पर विभिन्न आयु वर्ग के लड़कों एवं लड़कियों की हॉकी प्रतियोगिता आयोजित की गयी। बी.एच.यू. कर्मचारी एवं उनके बच्चों हेतु फुटबॉल, तैराकी एवं क्रिकेट का ग्रीष्मकालीन शिविर आयोजित किया गया।

विश्वविद्यालय क्रीड़ा परिषद के पास हॉकी का अपना एक एस्ट्रो टर्फ है जिसकी क्षमता १५००० है। यहाँ एक खेल कूद छात्रावास भी बनकर तैयार हो चुका है जिसमें तथा भारतीय खेल प्रधिकरण की महिला खिलाड़ी रहकर एथलेटिक्स, हॉकी तथा बॉक्सिंग खेल का अभ्यास कर रही हैं।

विश्वविद्यालय क्रीड़ा परिषद से सम्बद्ध खेल: तीरन्दाजी (पु. एवं म.); ट्रेक एण्ड फिल्ड (पु. एवं म.); बैडमिन्टन (पु. एवं म.); बास्केटबाल (पु. एवं म.); मुक्केबाजी (पु. एवं म.); शतरंज (पु. एवं म.); क्रिकेट (पु. एवं म.); फुटबाल (पु. एवं म.); जिम्नास्टिक्स एवं मलखम्भ (पु. एवं म.); हैण्डबाल (पु. एवं म.); हॉकी (पु. एवं म.); कबड्डी (पु. एवं म.); खो-खो (पु. एवं म.); भारोत्तोलन एवं शरीर सौष्ठव (पु. एवं म.); स्क्वैश रैकेट (पु.); तैराकी (पु. एवं म.); टेबल टेनिस (पु. एवं म.); टेनिस (पु. एवं म.); वॉलीबाल (पु. एवं म.); कुश्ती (पु. एवं म.); क्रास कन्ट्री दौड़ (पु. एवं म.); नेट बाल (पु. एवं म.); ताइक्वान्डो (पु. एवं म.); पिस्टल शूटिंग (पु. एवं म.); वुशू (पु. एवं म.) कराटे (पु.एवं म.)।

विश्वविद्यालय क्रीड़ा परिषद के खेल प्रांगण

एम्फिथियेटर मैदान: **संख्या**

- ४०० मी. ८लेन मिट्टी का ट्रेक एण्ड फील्ड १
- सीमेंटेड एवं फ्लडलाइटेड बास्केट बाल कोर्ट १
- मैटिंग पिच क्रिकेट मैदान १
- सीमेंटेड नेट प्रैक्टिस क्रिकेट पिच १
- ओपेन फुटबाल स्टेडियम १
- हैन्डबॉल मैदान १
- नेट बाल मैदान १
- ग्रास हाकी मैदान १
- कबड्डी मैदान (पु. एवं म.) १+ १
- खो-खो मैदान १
- बजरी एवं सिंथेटिक टेनिस कोर्ट फ्लडलाइटेड २+ १
- फ्लडलाइटेड वालीबाल कोर्ट २

महाराजा डॉ. विभूतिनारायण सिंह अन्तरंग क्रीड़ांगन

- सीमेंटेड बैडमिंटन कोर्ट ४
- मुक्केबाजी रिंग २
- टेबुल टेनिस १ + १
- पोर्टेबल (हाइड्रोलिक) बास्केटबाल पोस्ट १
- ५० लक्ष्य का शूटिंग रेंज
- उचित मैटिग के साथ कबड्डी की सुविधा

छात्रपति शिवाजी व्यायामशाला

- कुश्ती एव जूडो मैट १ + १
- रोमन रिंग १ + १
- . हारिजन्टल बाल १ + १
- अनइवेन बार १ + १
- पैरलल बार १ + ४
- भारोत्तोलन वूडेन प्लेट फार्म १
- भारोत्तोलन स्टैंड स्टेशन जिम २ + ८

जम्मू कश्मीर बैडमिन्टन हाल

- वूडेन बैडमिन्टन कोर्ट (पु. एवं म.) १

जम्मू कश्मीर बैडमिंटन हाल में विश्वविद्यालय कर्मचारी (शैक्षणिक, गैर शैक्षणिक) एवं सभी छात्रों हेतु हर सम्भव सुविधा प्रदान की जाती है)

तरण - ताल

- ८ लेन ५० मी तरण-ताल १
- डाइविंग बोर्ड एवं वाटर पोलो सहित १
- निर्माणाधीन प्रशिक्षुक तरण-ताल १

इसमें विश्वविद्यालय के शैक्षणिक, गैर शैक्षणिक कर्मचारियों उनके वार्ड तथा विद्यार्थियो हेतु समय समय पर प्रशिक्षण कार्यक्रम भी संचालित किए जाते है।

स्क्वैश कोर्ट

वूडेन स्क्वैश कोर्ट ४

फुटबाल ग्राउण्ड

हाकी सिन्थेटिक स्टेडियम

९.१४. छात्र अधिष्ठाता कार्यालय द्वारा आयोजित कार्यक्रम

काशी हिन्दू विश्वविद्यालय की संस्थापना का मूल मंत्र है कि अध्ययन के साथ-साथ चरित्र निर्माण भी हो। संस्थापक पूज्य पंडित मदन मोहन मालवीयजी के अनुसार ज्ञान व चरित्र दोनों का मेल होने पर संसार में मान होगा और गौरव प्राप्त होगा। जीवन का सर्वांगीण विकास शिक्षा का मूलमंत्र है। शिक्षा की ऐसी व्यवस्था होनी चाहिए कि विद्यार्थी अपनी भावनात्मक, शारीरिक एवं मानसिक शक्तियों का विकास करते हुए अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सके। सच्चाई और ईमानदारी से अपना जीवन निर्वाह कर सके, कलापूर्ण सौहार्द जीवन व्यतीत कर सके, समाज में आदरणीय व विश्वासपात्र बन सके। देश भक्ति व राष्ट्रीयता से, जो मनुष्य को उच्चकोटि की सेवा को प्रेरित करती हो, अपने जीवन को अलंकृत कर राष्ट्र की सेवा कर सके।

तदनुरूप काशी हिन्दू विश्वविद्यालय में अनेक विधाओं से उत्सव, समारोह एवं विभिन्न प्रतियोगितायें आयोजित की जाती हैं, जिससे विद्यार्थियों की सृजनात्मकता को उचित प्रोत्साहन मिले तथा वे एक चरित्रनिष्ठ युवा के रूप में देश की सेवा कर सकें। वर्तमान सत्र में आयोजित क्रियाकलापों का विवरण निम्नवत है:

उत्सव एवं समारोह प्रकोष्ठ के अधीन आयोजित कार्यक्रम

- **शैक्षणिक सत्र २०१७-१८ का शुभारम्भ:** विश्वविद्यालय की परम्परा के अनुरूप नये शैक्षणिक सत्र के शुभारम्भ के अवसर पर माननीय कुलपति महोदय ने ०४.०७.२०१८ को प्रात: परिसर स्थित श्री विश्वनाथ मंदिर में रुद्राभिषेक एवं पूजन किया।
- **श्री कृष्ण जन्माष्टमी समारोह:** मालवीय भवन में सायं ५ बजे से श्री कृष्ण जन्माष्टमी समारोह का आयोजन किया गया। हर वर्ष की भाँति छात्रावासों में श्री कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर झांकी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।
- **स्वतंत्रता दिवस समारोह १५.०८.२०१८:** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर एम्पीथियेटर मैदान में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया।
- **शिक्षक दिवस समारोह:** डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती के अवसर पर ५ सितंबर २०१८ को विश्वविद्यालय में शिक्षक दिवस समारोह मनाया गया।
- **गांधी जयन्ती:** २ अक्टूबर २०१८ को गांधी जयन्ती के अवसर पर विश्वविद्यालय का मुख्य आयोजन मालवीय भवन में किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि प्रो. आनन्द कुमार, जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय, नई दिल्ली ने अपने विचार व्यक्त किये। समारोह में सर्व धर्म प्रार्थना के साथ ही राष्ट्रपिता का प्रिय भजन 'वैष्णव जन...' की प्रस्तुति की गयी। गांधी जयन्ती के अवसर पर कुलपति महोदय ने विश्वविद्यालय के १२४ प्रज्ञाचक्षु विद्यार्थियों को शिक्षण सहायता के रूप में रु. ५०००/- (पाँच हजार), ३६ अतिविकलांग विद्यार्थियों को तिपहिया साईकिल क्रय करने हेतु रू.४०००/- (चार हजार) तथा ३१ मूकबधिर विद्यार्थियों को रु. ३०००/- (तीन हजार) प्रत्येक को नगद प्रदान किया।
- **महामना पंडित मदन मोहन मालवीय की पुण्य तिथि:** राष्ट्रीय हिन्दी पंचांग के अनुसार मार्गशीर्ष, कृष्णपक्ष, चतुर्थी तद्नुसार दिनांक २६.११.२०१८ को मालवीय भवन सभागार में महामना पंडित मदन मोहन मालवीय जी की पुण्य तिथि आयोजित की गयी। इस अवसर पर संस्थानों के निदेशक, संकायों के प्रमुख, प्राचार्या, महिला महाविद्यालय, छात्र अधिष्ठाता, मुख्य आरक्षाधिकारी सहित अध्यापकों व विद्यार्थयों ने महामना की प्रतिमा पर पुष्प चढ़ाकर श्रद्धांजली अर्पित की साथ ही शांति एवं गीता पाठ किया गया तथा दो मिनट का मौन रखा गया।
- **महामना पंडित मदन मोहन मालवीय जयंती:** विश्वविद्यालय के संस्थापक महामना पंडित मदन मोहन मालवीय जयंती बड़े ही हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न हुआ। २५ दिसंबर २०१८ को मालवीय दीपावली का उद्घाटन कुलपति जी द्वारा किया गया। दिनांक २३.१२.१८ को देवादिपूजन के साथ सप्ताहव्यापी श्रीमद्भागवत परायण एवं श्रीमद्भागवत् प्रवचन का शुभारम्भ एवं २९.१२.१८ को हवन पूर्णाहुति एवं प्रसाद वितरण किया गया। मालवीय जयंती पखवाड़ा के दौरान विभिन्न प्रतियोगिताएँ-तत्काल चित्र कला, फैन्सी ड्रेस, लोकगीत व समूहगान, तत्काल स्लोगन, शास्त्रार्थ, संगीतमय कण्ठस्थ गीतापाठ आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस दौरान भजन, भक्ति संगीत व वेदशाखास्वाध्याय का भी आयोजन किया गया। उपरोक्त प्रतियोगिताओं का पुरस्कार वितरण २९.१२.२०१८ को किया गया। मालवीय जयंती के अवसर पर विभिन्न प्रतियोगिताएँ राजीव गाँधी दक्षिणी परिसर में भी आयोजित की गईं।
- **गणतंत्र दिवस समारोह:** २६ जनवरी २०१९ को एम्फीथियेटर मैदान में गणतंत्र दिवस समारोह का आयोजन किया गया। प्रात: ९.०० बजे एन.सी.सी. के ग्रुप कमांडर ने समारोह के मुख्य अतिथि कुलपति जी का स्वागत किया। तदुपरान्त राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया तथा राष्ट्रगान के उपरान्त कुलपति जी ने परेड का निरीक्षण किया।
- सुश्री शैव्या सिंह, बी एससी. (एग्रीकल्चर), कृषि विज्ञान संस्थान को उनके उत्कृष्ट शैक्षणिक ज्ञान, उत्तम साधारण बोध एवं सर्वोत्तम आचरण के लिये पूर्व राष्ट्रपति डा. शंकर दयाल शर्मा स्वर्ण पदक २०१७-१८ तथा प्रमाण-पत्र द्वारा अलंकृत किया गया।
- श्री ज्ञानेश ओझा, जैन बौद्ध दर्शन विभाग, संस्कृत विद्या धर्म विज्ञान संकाय को संस्कृत में आयोजित निबन्ध प्रतियोगिता में सर्वोच्च स्थान प्राप्त करने पर महामना संस्कृत पुरस्कार २०१८-१९ प्रदान करते हुए पदक तथा प्रमाण –पत्र द्वारा अलंकृत किया गया।

- श्री कमल कुमार साहनी, कला संकाय को सर्वोच्च एथलीट के रूप में मेजर एस.एल. दर रजत पदक २०१८-१९तथा प्रमाण पत्र द्वारा अलंकृत किया गया।
- २८ यू.पी. गर्ल्स बटालियन की कैडेट कामना मिश्रा को सर्वोत्तम एन.सी.सी. कैडेट के रूप में मेजर एस.एल. दर रजत पदक २०१८-१९ तथा प्रमाण –पत्र द्वारा अलंकृत किया गया।
- समारोह में निम्नलिखित गैर शिक्षण कर्मचारियों को उनके सराहनीय सेवाओं के लिये ''सर्वोत्तम कर्मचारी पुरस्कार २०१८-१९'' प्रदान किया गया।

तृतीय श्रेणी सचिवीय वर्ग

श्री नागेन्द्र प्रसाद सोमवझला, वैयक्तिक सहायक, संकाय प्रमुख कार्यालय, चिकित्सा विज्ञान संस्थान को उनके कर्तव्यों एवं दायित्व के प्रति अत्यन्त निष्ठा एवं सक्रियता के लिये गैर-शिक्षण सर्वोत्तम कर्मचारी पुरस्कार प्रदान करते हुए अंगवस्त्र, स्मृति चिन्ह तथा प्रमाण-पत्र द्वारा अलंकृत किया गया।

तृतीय श्रेणी लिपिकीय वर्ग

श्री मुर्तुजा आलम, वरिष्ठ सहायक, (सामान्य प्रशासन), कुलसचिव कार्यालय को उनके कर्तव्यों एवं दायित्व के प्रति अत्यन्त निष्ठा एवं सक्रियता के लिये गैर-शिक्षण सर्वोत्तम कर्मचारी पुरस्कार प्रदान करते हुए अंगवस्त्र, स्मृति चिन्ह तथा प्रमाण-पत्र द्वारा अलंकृत किया गया।

तृतीय श्रेणी तकनीकी वर्ग

डॉ. बाबू नन्दन मौर्य, वरिष्ठ तकनिकी सहायक, रेडियोडाइग्नोसिस एवं इमेजिंग विभाग, चिकित्सा विज्ञान संस्थान को उनके कर्तव्यों एवं दायित्व के प्रति अत्यन्त निष्ठा एवं सक्रियता के लिये गैर-शिक्षण सर्वोत्तम कर्मचारी पुरस्कार प्रदान करते हुए अंगवस्त्र, स्मृति चिहन तथा प्रमाण-पत्र द्वारा अलंकृत किया गया।

चतुर्थ श्रेणी लिपिकीय वर्ग

श्री रमेश चन्द्र दास, अनुसेवक सेन्ट्रल हिन्दू गर्ल्स स्कूल, कमच्छा को उनके कर्तव्यों एवं दायित्व के प्रति अत्यन्त निष्ठा एवं सक्रियता के लिये गैर-शिक्षण सर्वोत्तम कर्मचारी पुरस्कार प्रदान करते हुए अंगवस्त्र, स्मृति चिन्ह तथा प्रमाण-पत्र द्वारा अलंकृत किया गया।

स्थापना दिवस समारोहः परम्परा के अनुसार इस अवसर पर सर्वप्रथम हवन-पूजन करने के उपरान्त कुलपति महोदय द्वारा सरस्वती पूजन किया गया। विश्वविद्यालय परिवार के कुलगुरु, अध्यापक, अधिकारी, कर्मचारी तथा विद्यार्थी भी पूजन समारोह में उपस्थित रहे।

विश्वविद्यालय के स्थापना दिवस के अवसर पर सभी संकायों एवं विभिन्न यूनिटों द्वारा करीब ५० आकर्षक झांकियां निकाली गयीं।

छात्रावास उत्कृष्टता पुरस्कारः इस वर्ष दिनांक ७ से ९ मार्च २०१९ तक छात्रावास उत्कृष्टता पुरस्कार प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में कुल ७० छात्रावासों (महिला व पुरुष) को शामिल किया गया। प्रतियोगिता में छात्रावास रखरखाव, स्वच्छता, उपलब्ध सुविधाएँ, खेल, छात्रों की संतुष्टि आदि विषयों पर मूल्यांकन किया गया। इसका पुरस्कार वितरण समारोह दिनांक २७ मार्च २०१९ को आयोजित किया गया जिसकी अध्यक्षता माननीय कुलपति जी ने की, इस समारोह में कुलगुरु, कुलसचिव, वित्ताधिकारी सहित अधिकारीगण, कर्मचारीगण एवं अन्य उपस्थित रहे। प्रतियोगिता का आयोजन तीन वर्गों क्रमशः पुरुष छात्रावास, महिला छात्रावास एवं दक्षिणी परिसर के सभी छात्रावासों में कराया गया। इस प्रतियोगिता का परिणाम निम्नलिखित है।

पुरुष छात्रावासः डॉ. एस.आर.के. छात्रावास प्रथम पुरस्कार, बाल गंगाधर तिलक छात्रावास द्वितीय पुरस्कार, डालमिया छात्रावास तृतीय पुरस्कार

महिला छात्रावासः रानी लक्ष्मी बाई छात्रावास प्रथम पुरस्कार, यमुना छात्रावास द्वितीय पुरस्कार, गोमती छात्रावास तृतीय पुरस्कार

राजीव गाँधी दक्षिणी परिसरः शिवालिक ब्वायज छात्रावास ओवरआल रा.गां.द.प. विन्ध्यवासिनी महिला छात्रावास प्रोत्साहन पुरस्कार

विद्यार्थियों के बहुमुखी व्यक्तित्व विकास एवं कल्याण के कार्यक्रम

पूर्वी क्षेत्र अन्तर विश्वविद्यालय युवा महोत्सवः पूर्वी क्षेत्र अन्तर्विश्वविद्यालयीय युवा महोत्सवः ०३ जनवरी से ०७ जनवरी २०१९

अन्तर्विश्वविद्यालयीय ३४वां पूर्वी क्षेत्र ईस्ट जोन राष्ट्रीय युवा महोत्सव २०१८-१९ भारतीय विश्वविद्यालय संघ तथा युवा मामले एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के संयुक्त तत्वाधान में मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा में आयोजित किया गया जिसमें काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के ३९ सदस्यीय दल ने भाग लिया।

अन्तर्विश्वविद्यालयीय राष्ट्रीय युवा महोत्सव

अखिल भारतीय विश्वविद्यालय संघ द्वारा आयोजित ३४वां अन्तविश्वविद्यालयीय राष्ट्रीय महोत्सव चंडीगढ़विश्वविद्यालय, मोहाली में १ से ५ फरवरी २०१९ तक आयोजित हुआ जिसमें विश्वविद्यालय की २७ सदस्यीय टीम ने भाग लिया।

अन्तर संकाय युवा महोत्सव ''स्पंदन- २०१९''

दिनांक २२ फरवरी से २६ फरवरी २०१९ तक अंतर संकाय युवा महोत्सव ''स्पंदन-२०१९'' का आयोजन किया गया। इस आयोजन में सभी १७ संकाय, महिला महाविद्यालय, राजीव गाँधी दक्षिणी परिसर व संबद्ध महाविद्यालयों के कुल २३ टीमों के लगभग २००० विद्यार्थियों ने

22-26 फरवरी
संदन

22-26 फरवरी
संदन

संदन

भाग लिया। विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु इस आयोजन में संगीत, नृत्य, नाट्य, दृश्य कला व साहित्यिक स्पर्धाओं की कुल ३७ प्रतियोगिताओं को शामिल किया गया।

पांच दिवसीय अन्तर संकाय युवा महोत्सव 'स्पंदन-२०१९' का समापन दिनांक २६ फरवरी २०१९ को हुआ। विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को मुख्य अतिथि एवं कुलपति जी द्वारा पुरस्कृत किया गया।

प्रतियोगिताओं में छात्रों की भागीदारी

काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के स्नातक द्वितीय एवं तृतीय वर्ष के छात्रों ने जयपुरिया इन्सटीट्यूट आफ मैनेजमेंट द्वारा छात्र कल्याण केन्द्र में १५.९.२०१८ को प्रात: ११.०० पर आयोजित हुए सामान्य ज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में भाग लिया। जीतने वाली टीम को नकद पुरस्कार प्रदान किया गया।

- नार्थ ईस्टर्न हिल यूनिवर्सिटी, मेघालय में एक भारत श्रेष्ठ भारत के अन्तर्गत दिनांक १६ से १८ नवम्बर, २०१८ तक एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय की १२ सदस्यीय टीम ने भाग लिया।
- राष्ट्रीय महिला आयोग द्वारा प्रायोजित राष्ट्रव्यापी कानूनी जागरुकता प्रतियोगिता का आयोजन दिनांक १९ नवम्बर २०१८ को छात्र अधिष्ठाता द्वारा किया गया। इस प्रतियोगिता में महिलाओं के कानूनी अधिकार संबंधित विषय पर प्रश्न पूछे गये थे। प्रतियोगिता में शामिल सभी १०८ विद्यार्थियों को सहभागिता प्रमाण पत्र एवं प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पाने वाले विजेताओं को नकद पुरस्कार एवं प्रतिभा प्रमाण-पत्र भी प्रदान किया गया।
- बुनियादी प्रशिक्षण कार्यक्रम राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग द्वारा प्रायोजित एक दिवसीय बुनियादी प्रशिक्षण कार्यक्रम ''मानवाधिकार मुद्दे एवं कानून'' पर दिनांक १० दिसम्बर २०१८ के छात्र-अधिष्ठाता के द्वारा किया गया। कार्यक्रम समन्वयक प्रो० डी०के० मिश्रा ने विभिन्न संकायों के ११४ विद्यार्थियों को इस कार्यक्रम में प्रशिक्षण दिया। सभी को सहभागिता प्रमाण-पत्र प्रदान किये गये।
- काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के कृषि विज्ञान संस्थान से ३ तथा कला संकाय से १ (कुल ४) विद्यार्थियों ने जी.बी. पंत कृषि विज्ञान विश्वविद्यालय द्वारा १२ से १५ जनवरी २०१९ तक आयोजित स्वामी विवेकानन्द जयंती समारोह के अन्तर्गत वाद-विवाद प्रतियोगिता में भाग लिया। इस प्रतियोगिता का विषयवस्तु 'भारत का वर्तमान सामाजिक परिदृश्य यह सिद्ध करता है कि भारतीय युवा सामाजिक परिवर्तन हेतु प्रतिबद्ध है।
- काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के संस्कृत विद्या धर्म विज्ञान संकाय की छात्रा ने शिक्षा मंडल के ४४वीं कमलनयन बजाज मेमोरियल नेशनल इंटर यूनिवर्सिटी प्रतियोगिता-२०१९ वर्धा द्वारा दिनांक २२.०१.२०१९ से २३.०१२०१९ तक भाग लिया। इस प्रतियोगिता की विषयवस्तु कल के गांधीवादी पर्याय थी।
- भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय द्वारा प्रति वर्ष एक्सचेंज प्रोग्राम हेतु विद्यार्थियों के नाम मांगे जाते हैं। इस वर्ष काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के कला संकाय, पर्यावरण एवं धारणीय विकास संस्थान, कृषि विज्ञान संस्थान, सामाजिक विज्ञान संकाय, विज्ञान संस्थान एवं संस्कृत विद्या धर्म विज्ञान संकाय, प्रबन्धशास्त्र संस्थान, दंत चिकित्सा विज्ञान, मंचकला संकाय, दृश्य कला संकाय से एक-एक एवं विश्वविद्यालय स्तर पर कुल १० विद्यार्थियों (५ छात्र एवं ५ छात्राओं) को नामित किया गया।

छात्र-अधिष्ठाता कार्यालय द्वारा सह-आयोजित कार्यक्रम

लाला लाजपत राय पाठशाला में नि:शुल्क गर्म वस्त्रों का वितरण: काशी हिन्दू विश्वविद्यालय में सुन्दर बगिया स्थित लाला लाजपत राय पाठशाला में अध्ययन करने वाले निर्धन विद्यार्थियों को पाठशाला में नि:शुल्क शिक्षा प्रदान की जाती है। दिनांक १ दिसम्बर २०१८ को कुलपति महोदय द्वारा विद्यालय के ८९ विद्यार्थियों को नि:शुल्क स्वेटर वितरित किया गया।

छात्र कल्याण योजना के अधीन विद्यार्थियों को प्रदान की जाने वाली सुविधाएं

- छात्रावासों में रहने वाले समस्त प्रज्ञाचक्षु विद्यार्थियों को उनके संबंधित मेसों में २ अक्टूबर २०१८ से ३० अप्रैल २०१९ तक नि:शुल्क भोजन उपलब्ध कराया गया। विकलांग विद्यार्थियों को भी उनके संबंधित मेसों में रियायती भोजन प्रदान किया गया। निर्धन व मेधावी विद्यार्थियों को 'छात्र कल्याण योजना' के अधीन विश्वविद्यालय स्थित श्री अन्नपूर्णा भोजनालय में नि:शुल्क मध्याह्न एवं रात्रि भोजन प्रदान किया गया। इस योजना के अन्तर्गत मुख्य परिसर व राजीव गाँधी दक्षिणी परिसर के विद्यार्थी लाभान्वित हुए।
- छात्र कल्याण योजना के अंन्तर्गत दिनांक २ अक्टूबर २०१८ को मालवीय भवन में आयोजित गाँधी जयंती के अवसर पर कुलपति महोदय ने विश्वविद्यालय में अध्ययनरत १२४ प्रज्ञाचक्षु विद्यार्थियों को पठन सामग्री क्रय किये जाने हेतु रु.५०००/- प्रति विद्यार्थी प्रदान किये।
- छात्र कल्याण योजना के अंन्तर्गत विश्वविद्यालय के अतिविकलांग विद्यार्थियों को तिपहिया साईकिल प्रदान किये जाने का प्रावधान है। इस वर्ष गाँधी जयंती के अवसर पर कुलपति महोदय ने ३६ अतिविकलांग विद्यार्थियों को तिपहिया साईकिल क्रय किये जाने हेतु रु.४०००/- प्रति विद्यार्थी प्रदान किये।
- गाँधी जयंती के अवसर पर कुलपति महोदय द्वारा ३१ मूकबधिर विद्यार्थियों को भी रु.३०००/- प्रति विद्यार्थी नगद उपकरण हेतु सहायता प्रदान किया गया।
- विभाग स्तर पर विद्यार्थियों के लिये आयोजित किये जाने वाले सेमिनार, कार्यशाला व व्याख्यान हेतु विभिन्न संबंधित विभागों को रु.५०००/- का आर्थिक सहयोग प्रदान किया गया।
- शोधार्थी एवं परास्नातक विद्यार्थियों को कान्फ्रेन्स, सेमिनार, कार्यशाला आदि में शामिल होने व पंजीकरण हेतु छात्र कल्याण योजना के अंतर्गत आर्थिक सहायता प्रदान की गई।
- केन्द्रीय ग्रन्थालय में प्रज्ञाचक्षु विद्यार्थियों से संबंधित पठन सामग्री की आडियो रिकार्डिंग के कार्य में संलग्न विद्यार्थियों को 'अर्न वाइल लर्न' योजना के तहत लगभग रुपये ६५०००/- पारिश्रमिक प्रदान किया गया।

९.१५. कैरियर विकास केन्द्र

विश्वविद्यालय में इस केन्द्र की स्थापना छात्रों के भावी जीवन की सम्भावनाओं को बेहतर बनाने एवं उनके सम्पूर्ण व्यक्तिव विकास को गतिशील बनाने हेतु की गई है। स्कील डेवलपमेंन्ट सेन्टर की स्थापना अधिसूचना सं.आर/जीएडी/स्कील डेवलेपमेंन्ट सेन्टर/४२१८१ दिनांक १९.०१.२०१६ के द्वारा की गई है। तदोपरान्त इसका नाम बदल कॅरियर डेवलपमेंट सेन्टर कर दिया गया। कॅरियर डेवलपमेंट सेन्टर विश्वविद्यालय के हॉबी सेन्टर में स्थित है। इसका सेन्टर ने प्रतिवेदन अवधि के दौरान १६१ व्यक्तित्व विकास सत्र, ८२ एन्ड्रोयड एप्लीकेशन डेवलपमेंन्ट सत्र, ८६ बेसिक कम्प्यूटर, ४८ सी प्रोग्रामींग सत्र, ३८ बेबसाइट मेकींग सत्र, ८ क्लिनिंग ड्राइवर, ७ अभिवृत्ति सत्र, साप्ताहिक गीता, दैनिक योग सत्र, ४ उद्यमिता सत्र, १० इंग्लिश स्पोकेन सत्र, आई.आर.डी.एम. परास्नातक छात्रों के लिए सामूहिक चर्चा पर एक कार्यशाला, लोक प्रशासन परास्नातक छात्रों के मॉक साक्षात्कार एवं विश्वविद्यालय के छात्रों को यू.पी.एस.सी. के तैयारी हेतु १५ सत्रों का आयोजन किया। कैरियर डेवलपमेंट सेंटर की प्रमुख उपलब्धियों में छात्रों के मामलों, कैरियर मार्गदर्शन और परामर्श, व्यक्तित्व विकास सत्र, प्लेसमेंट पूर्व वार्ता, कैरियर ड्रॉप-इन एडवाइजिंग, करियर संबंधी गतिविधियों पर व्याख्यान, स्वच्छ भारत ग्रीष्म कालीन इंटर्नशिप २०१८, छात्रों के बीच आत्महत्या की प्रवृत्ति की पहचान पर कार्यशाला, नवीन संकायों हेतु संकाय अधिष्ठापन कार्यक्रम में व्याख्यान, कैरियर मार्गदर्शन और महिला महाविद्यालय के स्नातक की छात्राओं के साथ वार्ता सत्र, कैरियर परामर्श योजना की तैयारी और मॉड्यूल की तैयारी शामिल है। उपरोक्त के अतिरिक्त कैरियर डेवलपमेन्ट सेन्टर ७ नवम्बर, २०१६ से समर्थ ग्राम अभियान में सक्रिय रूप से शामिल था जिसकी प्रमुख उपलब्धियाँ निम्नानुसार हैं:

- ६ ट्रिप में ३२ गाँवों का भ्रमण किया।
- जैविक कृषि सम्मेलन
- मधुपुर और मुरादेव में दंत चिकित्सा स्वास्थ्य शिविर और वृक्षारोपण
- तारापुर और नरोत्तमपुर में महिला स्वास्थ्य शिविर और वृक्षारोपण
- सामने घाट, वाराणसी में पशु चिकित्सा स्वास्थ्य शिविर

परामर्श और मार्गदर्शन केंद्र

इस प्रकोष्ठ की स्थापना मुख्य रूप से बीएचयू के छात्रों, कर्मचारियों और कर्मचारियों के परिवारों की आवश्यकतों को पूरा करने, विशेषकर कैरियर मार्गदर्शन के क्षेत्र में और साथ ही उनके व्यक्तिगत, मनोवैज्ञानिक, और सामाजिक समस्याओं के लिए समाधान खोजने में उनकी मदद करने के उद्देश्य से किया गया था। केंद्र छात्रों के लिए उनके व्यक्तित्व और सामाजिक कौशल को बढ़ाने के लिए कार्यशालाओं और विशेषज्ञों के लोकप्रिय व्याख्यानों को आयोजित करता है। केंद्र छात्रों को विभिन्न विषयों, पाठ्यक्रमों और शैक्षिक विकल्पों और कैरियर के नियमों के बारे में जानने में मदद करने के लिए कैरियर परामर्श सत्र आयोजित करता हैय इस प्रकार, छात्र एक अवगत विकल्प बना सकते हैं, और उक्त कैरियर का मूल्यांकन कर सकते हैं जो कैरियर के निर्णय लेने में जोखिम से बचने में मदद करता है। यह मनोबल और आत्मविश्वास को बढ़ा सकता है और छात्रों को नई दिशा दे सकता है। इसके अलावा, यह प्रकोष्ठ बीएचयू के छात्रों के लिए शैक्षिक और व्यावसायिक मार्गदर्शन, मनोवैज्ञानिक परामर्श सेवाएँ और जागरूकता और शिक्षाप्रद प्रक्रियाओं जैसे विभिन्न प्रकार की सेवाएँ प्रदान करता है।

९.१६. जलपान गृह

मैत्री जलपान गृह की कई शाखाएँ हैं, जो कि विश्वविद्यालय के विभिन्न स्थानों पर स्थित हैं, जिनका संचालन विश्वविद्यालय द्वारा नियुक्त प्रबंध समिति द्वारा होता है। मैत्री जलपान गृह का संचालन लाभार्जन के उद्देश्य से नहीं किया जाता है। यहाँ पर खाद्य पदार्थों की पूर्ति साफ-सफाई को ध्यान में रखकर की जाती है। विगत वर्षों की तरह जलपान गृह के द्वारा विश्वविद्यालय के शिक्षकों, गैर-शिक्षण कर्मचारियों एवं छात्रों को नाश्ता, दोपहर का भोजन तथा अन्य खाद्य पदार्थों की पूर्ति की जाती है। ये सुविधाएँ विश्वविद्यालय के प्रवेश परीक्षा में सम्मिलित अभ्यर्थियों को भी दी जाती है। जब कभी विश्वविद्यालय में सेमिनार, कान्फ्रेंस होते हैं, तब इनके लिए आवश्यकता के अनुरूप नाश्ते एवं भोजन की व्यवस्था भी मैत्री जलपान गृह के द्वारा की जाती है।

वर्तमान सत्र में विस्तृत विवरण निम्नलिखित है:

- लगभग २००० से २५०० व्यक्ति प्रतिदिन जलपान गृह से लाभ लेते है।
- लगभग रू.२५००० से रू.३००००/- प्रतिदिन की बिक्री है।

इस समय का.हि.वि.वि. परिसर में निम्न कैन्टीन कार्यरत हैं:

१. मैत्री जलपान गृह एवं इसकी निम्नलिखित शाखाएँ
   (क) चिकित्सा विज्ञान संस्थान जलपान गृह
   (ख) विश्वविद्यालयी चिकित्सालय जलपान गृह
   (ग) चिकित्सा ऑपरेशन थियेटर जलपान गृह
   (घ) रूचिरा, महिला महाविद्यालय जलपान गृह
   (ड.) मधुबन जलपान गृह
   (च) केन्द्रीय कार्यालय जलपान गृह
   (छ) केन्द्रीय विद्यालय जलपान गृह

२. एग्रो जलपान गृह

९.१७. राष्ट्रीय सेवा योजना (एन.एस.एस.)

- राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यालय पर १५ अगस्त २०१८ को स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया।
- शहीदे आजम भगत सिंह की १११ जयंती नशाखोरी न करने की प्रतिबद्धता के साथ मनायी गयी।
- बीएचयू के राष्ट्रीय सेवा योजना की छात्राओं द्वारा 'मेरा मोबाइल मेरा बटुआ' जन जागरूकता आरम्भ किया गया।
- सात दिवसीय विशेष शिविर के दौरान राष्ट्रीय सेवा योजना के शिविरार्थियों द्वारा विशेषकर कन्दवा, सुसुवाही, आदित्य नगर, के कुओं, तालाबों और घाटों पुष्कर तालाब, कुरूक्षेत्र तालाब के साथ बी.एच.यू. परिसर के विभिन्न स्थानों पर सफाई की गयी।
- विशेष शिविर के दौरान एड्स जागरूकता, मतदाता जागरूकता, जल संरक्षण एवं साम्प्रदायिक सद्भाव रैलियों का आयोजन महिला महाविद्यालय, बसन्त कन्या महाविद्यालय, वसन्त महिला महाविद्यालय राजघाट, आर्य महिला एवं डी.ए.वी. डिग्री कालेज विज्ञान संकाय, कला एवं समाज विज्ञान संकाय द्वारा किया गया।
- शिविरों में शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता जागरूकता एवं अन्य कई

प्रकार के कार्यक्रम भी किये गये। राष्ट्रीय सेवा योजना से जुड़े बीएचयू के सामाजिक विज्ञान संकाय के स्वयंसेवकों ने 'बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओं' का आह्वान किया।

९.१८. राष्ट्रीय कैडेट कोर (एन.सी.सी.)

एन.सी.सी. ग्रुप हेडक्वार्टर 'ए' की स्थापना काशी हिन्दू विश्वविद्यालय में १४ फरवरी १९६३ को हुई। ग्रुप हेडक्वार्टर ए की नौ यूनिटें हैं जिनमें से पाँच यूनिटें काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के प्रांगण में, दो यूनिटें बलिया, एक गाजीपुर तथा एक मुगलसराय में स्थित है। उपर्युक्त सभी यूनिटों का उदय वर्ष **१९६३ से पहले हुआ।** उल्लेखनीय है कि २ उ.प्र. ई.म.ई कम्पनी की स्थापना ०५ अगस्त १९२१ को बनारस इंजिनियरिंग कॉलेज (बीईएनसीओ) के रूप में हुई थी। इस ग्रुप हेडक्वार्टर के प्रथम ग्रुप कमान्डर लेफ्टिनेन्ट कर्नल बृजपाल सिंह (राजपूत रेजीमेन्ट) थे। तब से लेकर अब तक २४ ग्रुप कमांडर ग्रुप हेडक्वार्टर को अपनी सेवा दे चुके हैं। ०१ अप्रैल २००८ से ब्रिगेडियर प्रबीर बारीक ग्रुप कमांडर हैं।

राष्ट्रीय कैडेट कोर का विस्तार

ग्रुप हेडक्वाटर 'ए' का मुख्यालय काशी हिन्दू विश्वविद्यालय में स्थित है। इसमें वाराणसी, चन्दौली, गाजीपुर, बलिया तथा मऊ जनपद के कुल ६११६ लड़के तथा २४५१ लड़कियाँ कैडेट के रूप में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। इस मुख्यालय का विस्तार ३ विश्वविद्यालय, १८ विद्यालय, ६२ इण्टरमीडिएट तथा डिग्री कॉलेजों में है। इस मुख्यालय तथा उसके अधीनस्थ एनसीसी इकाईयों में १४ कमीशन-प्राप्त सैन्य अधिकारी, ३९ कनिष्ठ कमीशन-प्राप्त अधिकारी, ८६ गैर कमशीन प्राप्त अधिकारी, ४४ वरिष्ठ डिवीजन सहयोगी एनसीसी अधिकारी, १९ कनिष्ठ डिवीजन सहयोगी एनसीसी अधिकारी तथा १३१ असैन्य कर्मचारी हैं।

उपलब्धियाँ

- इस मुख्यालय को इस वर्ष एन.सी.सी. निदेशालय, उत्तर प्रदेश में आठवाँ स्थान प्राप्त हुआ।
- ०९ कैडेटों ने थल सैनिक शिविर, दिल्ली में सहभागिता की।
- ११ कैडेटों ने नौ सैनिक शिविर, विशाखापट्टनम में सहभागिता की।
- ०८ कैडेटों ने गणतंत्र दिवस शिविर, नई दिल्ली में सहभागिता की।
- एक कैडेट ने भारतीय सैन्य अकादमी, देहरादून में १३-२४ जून २०१८ तक विशेष प्रशिक्षण प्राप्त किया। ।
- १३ संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर आयोजित किए गए जिसमें ४५४४ कैडेटों ने सहभागिता की।
- राष्ट्रीय एकीकरण शिविर में १४२ कैडेटों ने सहभागिता की, जिनका आयोजन अखिल भारतीय स्तर पर हुआ था। इसी क्रम में उत्तर प्रदेश एनसीसी निदेशालय के निर्देश पर वाराणसी में भी १०से २१ अक्टूबर २०१८ को इस शिविर का आयोजन किया गया जिसमें उत्तर प्रदेश एवं पूर्वोत्तर भारत एनसीसी निदेशालय के ६०० कैडेट ने सहभागिता की।
- २३६ कैडेटों ने आर्मी अटैचमेन्ट कैम्पों के माध्यम से सेना की गतिविधियों की जानकारी प्राप्त की।
- ८० कैडेटों ने दो अलग-अलग ट्रेकिंग में भाग लिया, जिसका आयोजन अलग-अलग एनसीसी निदेशालयों द्वारा किया गया।
- ८३ भूतपूर्व एनसीसी कैडेटों ने एनसीसी के 'ए', 'बी' तथा 'सी' प्रमाणपत्र के आधार पर सेना में तथा केन्द्र एवं राज्य सरकार की नौकरियां प्राप्त की।
- अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस २०१८ के अवसर पर ५८५५ कैडेटों ने सहभागिता की।
- कैडेट अमन कुमार, ९१ उप्र एनसीसी मुगलसराय ने ६२वीं राष्ट्रीय निशानेबाजी प्रतियोगिता दिनांक १६- ३० नवम्बर २०१८ को भाग लिया, जिसमें उसे टीम स्पर्धा में तृतीय स्थान प्राप्त हुआ।
- कैडेट राहुल शर्मा, ३ उप्र एनसीसी, वाराणसी का चयन २०१९-२० के यूथ एक्सचेंज कार्यक्रम के लिए हुआ, जिसमें भारत के मित्र देशों में भ्रमण शामिल है।
- कैडेट मनिकांत उपाध्याय, ३ उप्र एनसीसी, वाराणसी का चयन भारतीय सेना में अधिकारी के रूप में हुआ और वह अक्टूबर २०१८ से अधिकारी प्रशिक्षण अकादमी, चेन्नई में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहा है।

सम्मान एवं पुरस्कार

- कैडेट कामना मिश्रा, २८ उप्र गर्ल्स बटालियन एन.सी.सी. को मेजर एस. एल. दर रजत पदक से काशी हिन्दू विश्वविद्यालय द्वारा सम्मानित किया गया।
- इस मुख्यालय के कैडेट पी के यादव तथा कैडेट कामना मिश्रा को एनसीसी दिवस के उपलक्ष्य में एनसीसी निदेशालय, लखनऊ में मुख्यमंत्री पदक द्वारा सम्मानित किया गया।

सामुदायिक विकास और सामाजिक सेवा योजना: इस मुख्यालय ने निम्नलिखित सामाजिक सेवा गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी की-

आयोजन	इकाइयाँ	अवधि	कैडेटों की संख्या
फुट पालिसिंग	सभी इकाइयाँ	प्रत्येक माह में अन्तिम शनिवार	४०३२
विश्व पर्यावरण दिवस	सभी इकाइयाँ	०५ जून २०१८	६५
स्वच्छता अभियान	सभी इकाइयाँ	१५ जून २०१८	१५०
रक्तदान	९०, ९१, ९३ वाहिनी, ३ आर्मड, २ इमई	१७ जून एवं २६ जुलाई २०१८	४८
विश्व जल दिवस	८९ एनसीसी	१७ जून २०१८	२००
रक्तदान व्याख्यान	वाराणसी	०७ जून २०१८	२११

अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस	सभी इकाइयाँ	२१ जून २०१८	५८१८
वृक्षारोपण कार्यक्रम	सभी इकाइयाँ	३० जुलाई - ५ अगस्त २०१८	८४८
स्वच्छता ही सेवा	सभी इकाइयाँ	१५ सितम्बर – ०२ अक्टुबर २०१८	५७७१
पराक्रम पर्व-सर्जिकल स्ट्राईक डे	सभी इकाइयाँ	२९ सितम्बर २०१८	८९०
स्वच्छता पखवाड़ा	सभी इकाइयाँ	०१-१५ दिसम्बर २०१८	४९३३
युवा दिवस	सभी इकाइयाँ	१२ जनवरी २०१९	६५
मतदाता जागरूकता रैली	९१ उप्र एनसीसी	२३ फरवरी २०१९	९०
यातायात नियंत्रण जागरूकता कार्यक्रम	वाराणसी स्थित सभी इकाइयाँ	२३ फरवरी २०१९	२६७

अतिमहत्वपूर्ण व्यक्तियों का आगमन

- मेजर जनरल ए के सप्रा, वी.एस.एम. अपर महानिदेशक, एन.सी.सी. निदेशालय, लखनऊ द्वारा १५ अक्टूबर एवं २१ नवंबर २०१८ को इस मुख्यालय तथा अधीनस्थ इकाइयों का निरीक्षण किया गया।
- ब्रिगेडियर, अरविन्द कुमार, उप महानिदेशक, एन.सी.सी. निदेशालय, लखनऊ ने ०९ जुलाई २०१८ को इस मुख्यालय का निरीक्षण किया।

विविध

- स्वतंत्रता दिवस और गणतंत्र दिवस के अवसर पर कैडेटों द्वारा काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति को गार्ड आफ आनर प्रदान किया गया। इस अवसर पर मार्च पास्ट तथा अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित हुए।
- काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के स्थापना दिवस **बसन्त पंचमी** के अवसर पर दिनांक १० फरवरी २०१९ को इस मुख्यालय की एक झाँकी भी प्रदर्शित की गई, जिसमें तीनों सेनाओं तथा एनसीसी की गतिविधियों को प्रदर्शित किया गया।
- **एन.सी.सी. प्रमाण-पत्र परीक्षा -** २५९१ कैडेटों ने इस वर्ष निम्नलिखित एन.सी.सी. प्रमाण पत्र परीक्षाएं उत्तीर्ण की -

  (क) 'ए' प्रमाण पत्र - ७०३ कैडेट

  (ख) 'बी' प्रमाण पत्र - १४२४ कैडेट

  (ग) 'सी' प्रमाण पत्र - ४६४ कैडेट

- **मोस्ट इंटरप्राइजिंग नेवल यूनिट (मेनु)** इस मुख्यालय के अधीनस्थ ७ उप्र नौसेना यूनिट द्वारा नौका से साहसिक यात्रा का आयोजन उत्तर प्रदेश एनसीसी निदेशालय के निर्देशानुसार दिनांक १२ से २१ नवम्बर २०१८ को किया गया। २२० किसी लम्बा यह साहसिक नौकायन प्रयागराज से वाराणसी के बीच सम्पन्न हुआ।
- **रक्तदान शिविर** का अयोजन 'रक्तदान महादान' इस ध्येय वाक्य को ध्यान में रखते हुए इस मुख्यालय द्वारा प्रतिवर्ष रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाता है। वर्ष २०१८ में ४८ कैडेटों ने सर सुन्दरलाल चिकित्सालय, बीएचयू में रक्तदान किया।

९.१९ बैंक एवं डाक घर

बैंक

विश्वविद्यालय परिसर में दो राष्ट्रीयकृत बैंकों की शाखाएँ हैं जो छात्रों, कर्मचारियों एवं उनके परिवार के सदस्यों को बैंकिंग सुविधाओं के साथ-साथ निवेश सम्बन्धि समस्त जरूरतों को भी पूरा करता है।

१. भारतीय स्टेट बैंक की निम्नलिखित चार शाखाएँ परिसर में कार्यरत हैं:

(अ) बी.एच.यू. मुख्य शाखा

(ब) शापिंग सेन्टर बी.एच.यू. शाखा

(स) आई.एम.एस. बी.एच.यू. शाखा

(द) आई.टी. शाखा (बी.एच.यू.)

वित्त मंत्री श्री अरुण जेटली ने २३ नवम्बर २०१७ को एसबीआई योनो (yono) ऐप को देश को समर्पित किया। इस ऐप के माध्यम से १४ अलग-२ श्रेणी में आपके लिए किताबें, कैब बुकिंग, मनोरंजन, खाना पीना, यात्रा, चिकित्सा सेवाएं, आनलाइन शॉपिंग इत्यादि शामिल होंगी।

२. बैंक आफ बड़ौदा, सर सुन्दरलाल चिकित्सालय परिसर, का.हि.वि.वि.

उपरोक्त बैंकों के ४ एटीएम केन्द्र भी विश्वविद्यालय परिसर में कार्यरत हैं।

डाकघर

विश्वविद्यालय परिसर में डाकघर (कोर बैंकिंग सर्विस) निम्नलिखित तीन शाखाएँ कार्यरत हैं:

(अ) मुख्य विश्वविद्यालय डाकघर

(अ) बी.एच.यू. चिकित्सालय डाकघर

(ब) मालवीयनगर डाकघर

एच.वी.वी. डाकघर में उपलब्ध सुविधाएँ:

१. सभी तरह की बचत बैंक सुविधाएँ

२. मेघदूत मिलेनियम

३. बिजनेस पोस्ट

४. खुदरा पोस्ट

५. बी.एन.पी.एल. सर्विस

६. डाक जीवन बीमा पॉलिसी

७. आधार नामाकंन और अद्यतन सेवा

९.२०. बी.एच.यू. कम्प्यूटरीकृत रेलवे आरक्षण केन्द्र

बी.एच.यू. परिसर स्थित उत्तर रेलवे के आरक्षण केन्द्र ने १३ जून, २००६ से कार्य प्रारम्भ किया। इस केन्द्र में प्रात: ९ बजे से अपराह्न ३ बजे तक (रविवार को छोड़कर) परिसर एवं परिसर के बाहर के लोगों को रेलवे आरक्षण की सुविधा प्राप्त होती है।

९.२१. एयर स्ट्रिप एवं हेलीपैड

विश्वविद्यालय के छात्रों के बहुआयामी व्यक्तित्व को निखारने के उद्देश्य से ७ यू.पी. एयर दल के सहयोग से परिसर में एक हवाई पट्टी/हेलीपैड की भी व्यवस्था है, जहाँ भारी संख्या में विश्वविद्यालय के छात्र/कैडेट (कनिष्ठ व वरिष्ठ) को राष्ट्रीय स्तर का तकनीकी प्रशिक्षण के विस्तार की सुविधा है।

९.२२. विपणन संकुल

मरीजों एवं उनके सहयोगियों, आगन्तुओं, छात्रों एवं विश्वविद्यालय कर्मचारियों को उच्च गुणवत्तायुक्त अल्पाहार, शीतल पेय, कॉफी, चाय इत्यादि प्रदान करने के लिए १६५ दुकाने/ कियास्क/ आउटलेट / बैंक इत्यादि (राजीव गांधी दक्षिणी परिसर बरकच्छा) विश्वविद्यालय के विभिन्न भागों पर संचालित है।

९.२३. काशी हिन्दू विश्वविद्यालय क्लब

महामना ने एक समग्र एवं अनूठे शैक्षणिक संस्थान के रूप में इस विश्वविद्यालय की स्थापना की जहाँ पूर्वी धर्म तथा पाश्चात्य विचार आपस में घुलमिल सकें और उनके बीच जीवन्त संवाद हो सके। यह मेल जोल और संवाद न केवल पृथक-पृथक माध्यम से हो बल्कि एक महत्वपूर्ण सामूहिक भवन के जरिए अनौपचारिक तरीके से हो जिसे वह विश्वविद्यालय क्लब कहा करते थे। उन्होंने सन् १९३४ में इसकी स्थापना इस उद्देश्य की थी कि यह क्लब योग्यता व उत्कृष्टता की संस्थागत विचारधारा की पूर्ति अपने बहु-विषयी श्रेष्ठ ज्ञान के आदान-प्रदान के जरिए करेगा। तब से लेकर पिछली शताब्दी के अन्त तक, यह क्लब अनिवार्य रूप से एक संवाद केन्द्र रहा है, जहाँ काली चाय का स्वाद लेते हुए, विविध प्रदेशों के सदस्य इनडोर खेलो, जिसमें दाव रहित ताश के खेल भी शामिल थे, का आनन्द लेते थे, विभिन्न मतावलंबी काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के सम्पूर्ण शैक्षणिक तथा प्रशासनिक समुदाय के प्रति अपनेपन के भाव के साथ एक विशेष माहौल पैदा करते थे। यह एक अनौपचारिक मिलन केन्द्र था, जहाँ एक समय किसी को भी यह 'लघु भारत' प्रतीत होता था, समवेत रूप में सुन्दरम् सांस्कृतिक अभिव्यक्ति थी। विभिन्न प्रकार के दावतों का आनंद उठाते थे। तथा विविध गतिविधियों में बिना किसी पदानुक्रम के नियमों के, अनुशासित रूप से, विभिन्न कार्यक्रमों की प्रस्तुति देते थे। विश्वविद्यालय क्लब अपने संकाय तथा प्रशासकों के सुन्दरतम् सांस्कृतिक शिष्टता को प्रतिबिंबित करता था।

नई शताब्दी के आरम्भ के साथ ही, विश्वविद्यालय क्लब की भूमिका भी परिवर्तित हो गयी है। जहाँ पहले इसकी भूमिका विश्वविद्यालय के प्रतिनिधि के रूप में थी, वही अब यह विश्वविद्यालय के लिए आय का स्रोत बन गया है। प्रतिवर्ष इसमें विवाह तथा अन्य कार्यक्रमों के आयोजन से अच्छी-खासी आय प्राप्त हो जाती है। विश्वविद्यालय क्लब विश्वविद्यालय के सामासिक संस्कृति का कई वर्षों से प्रतिनिधित्व कर रहा है।

९.२४. छात्र कल्याण

९.२४.१ संस्थापन सेवा

कृषि विज्ञान संस्थान

पर्यावरण और धारणीय विकास संस्थान

शिक्षण और अनुसंधान के अलावा, आईईएसडी के संकायों ने ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण के एक भाग के रूप में छात्रों को वैज्ञानिक कार्य के लिए प्रशिक्षित किया। एम.एससी. टेक एनवायरनमेंट साइंस एंड टेक्नोलॉजी के अंतिम वर्ष के ५ छात्रों का वर्तमान सत्र में रैमकी एनवायरो इंजीनियर्स लिमिटेड, हैदराबाद में चयन हुआ।

प्रबंधशास्त्र संस्थान

विभिन्न क्षेत्रों की प्रतिष्ठित कंपनियों की भागीदारी और प्रतिष्ठित नौकरियों के प्रस्ताव के साथ २०१७-१९ बैच के एमबीए, एमबीए इन्टरनेशनल बिजनेस और एमबीए एग्री बिजनेस के छात्रों के लिए प्लेसमेंट की एक सराहनीय शुरुआत हुई। बीएफएसआई (बैंकिंग,

कंपनी का नाम	बी.एससी.	एम.एससी.	पीएच.डी.	कुल चयनित
एचडीएफसी	४	-	-	४
जुबिलेंट लाइफ साइंसेज	४	-	-	४
एडवेंट्ज	३	-	-	३
बीआरएलपीएस	२	४	-	६
एएसआईएनटीएल	३	२	-	५
एनएसपीडीटी	६	-	-	६
वीएनआर सीड्स	५	५	-	१०
सिनजेन्टा फाउंडेशन	२	१	-	३
प्रदान	२	१	-	३
रैलीज इंडिया	२	-	-	२
एनईएमएल	-	१	-	१
यूपीएसआरएलएम	-	६	-	६
नुजीवेडु	-	२	-	२
रासी	-	३	-	३
धनुका	-	१	-	१
कैशफर	-	३	-	३
जैन इरीगेशन	-	३	-	३
सहगल फाउंडेशन	-	२	१	३
एमआरएसआरएलएम	-	४	-	४
केलग्स	-	२	-	२
जीएसके	-	१	-	१
नेस्ले	-	२	-	२
एएकेएएमएएनआई	-	१	-	१
कोंपो एक्सपर्ट	-	१	-	१
नागार्जुन फर्टिलाईजर	-	४	-	४
अल्केम	-	१	-	१
रेकीट बैन्काइजर	१	१	१	३
कुल	**३४**	**५१**	**२**	**८७**

वित्तीय सेवा और बीमा) के क्षेत्र में आईसीआईसीआई बैंक, उज्जीवन, आईडीबीआई कैपिटल, एसबीआई लाइफ, आईडीएफसी बैंक, महिंद्रा फाइनेंस, आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल एएमसी, उत्कर्ष बीएसबी जैसी प्रतिष्ठित कंपनियां आईं और कॉर्पोरेट बैंकिंग और वित्तीय सेवाओं में एमबीए, एमबीए इंटरनेशनल बिजनेस और एमबीए एग्री बिजनेस के छात्रों को आकर्षक भूमिकाएं और अवसर प्रदान किया।

विज्ञान संस्थान

भूविज्ञान विभाग

एम.एससी (टेक) और एम.एससी के बहुतायत छात्रों को ओएनजीसी, कोल इंडिया लिमिटेड, एटॉमिक मिनरल्स डिवीजन (एएमडी), मिनरल एक्सप्लोरेशन कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एमईसीएल) मोनेट इस्पात, विप्रो, टाटा स्टील, बीएआरसी, एचजेडएल, वेदांता आदि जैसी कंपनियों से चयन का प्रस्ताव मिला। अंतिम वर्ष के तीन छात्रों का चयन प्रिज्म सीमेंट, वेदांत और बीएआरसी जैसी कंपनियों में हुआ है।

विभाग के अधिकांश स्नातकोत्तर छात्र वाडिया इंस्टीट्यूट ऑफ हिमालयन जियोलॉजी, नेशनल जियोफिजिकल रिसर्च इंस्टीट्यूट (एनजीआरआई), फिजिकल रिसर्च लेबोरेटरी (पीआरएल), सीआईएमएफईआर, जीएसआई, इसरो और बीएआरसीआदि जैसे प्रतिष्ठित अनुसंधान संस्थानों में ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण के लिए जाते हैं।

भूभौतिकी विभाग

एमएससी (टेक) के अंतिम वर्ष के छात्रों के साथ-साथ पिछले वर्ष उत्तीर्ण छात्रों को यूपीएससी के माध्यम से जीएसआई में, अन्य सरकारी, अर्ध-सरकारी और निजी संगठनों मे चयन हुआ है। वर्तमान सत्र के दौरान कैंपस साक्षात्कार के माध्यम से भूभौतिकी के सात छात्रों का चयन ओएनजीसी मे हुआ। दिसंबर २०१८ और जनवरी २०१९ में सेमेस्टर ब्रेक के दौरान प्रथम और द्वितीय वर्ष (अन्वेषण और साथ ही मौसम विज्ञान विशेषज्ञता) के छात्रों को शैक्षिक दौरे/क्षेत्र प्रशिक्षण के लिए भेजा गया था।

रसायन विज्ञान विभाग

वर्तमान वर्ष के दौरान, सिप्ला और रेड्डी नामक दो कंपनियों ने विभाग में कैंपस चयन किया और पच्चीस में से सात छात्रों का चयन किया।

भौतिकी विभाग

हमारे अधिकांश छात्र आईआईटी, आईआईएससी, टीआईएफआर, आईआईएसईआरएस, एनआईएसईआर, डीआरडीओ, सीएसआईआर अनुसंधान प्रयोगशालाओं, डीएई संस्थानों जैसे विभिन्न संगठनों में उच्च शिक्षा के लिए जाते हैं।

जैव प्रौद्योगिकी स्कूल

सीएसआईआर/यूजीसी -नेट, आईसीएमआर और डीबीटी जेआरएफ जैसे राष्ट्रीय प्रवेश परीक्षाओं में हमारे छात्रों का प्रदर्शन और सफलता दर ८०% से ऊपर है।

मंच कला संकाय

सोलह छात्रों की नियुक्ति देश के विभिन्न केंद्रीय विद्यालयों में हुई; पांच नवोदय विद्यालय में, दो छात्रों की नियुक्ति पीजीटी शिक्षक के रूप में हुई, एक टीजीटी ग्रेड के रूप में, एक डीएवी स्कूल, खारघर, नवी मुंबई में और एक की नियुक्ति परमाणु ऊर्जा शिक्षा सोसायटी में हुई। वर्तमान सत्र के दौरान चार छात्रों की नियुक्ति सहायक प्रोफेसर के रूप में देश और विदेश के विश्वविद्यालयों में हुई।

शिक्षा संकाय

इस सत्र के दौरान, कई शैक्षणिक संस्थानों जैसे टैगोर शिक्षण संस्थान, नागौर, राजस्थान, सी. पी. शिक्षा अकादमी, नोएडा, सनबीम मुगलसराय और इंटरनेशनल हिंदू स्कूल, नगवा ने कैंपस प्लेसमेंट के लिए दौरा किया। इस कैंपस प्लेसमेंट में कुल अठहत्तर छात्र शामिल हुए और जिनमे से स्कूलों में नियुक्तियों के लिए सैंतालीस छात्रों का चयन किया हुआ।

आनुवांशिक विकार केंद्र

गुणसूत्र, आनुवांशिक और आणविक निदान में एक वर्षीय पी.जी.डिप्लोमा पाठ्यक्रम को यूजीसी ने अपने इनोवेटिव रिसर्च प्रोग्राम के तहत फंडिंग के लिए चुना है। केंद्र ने प्लेसमेंट के लिए फार्मास्युटिकल उद्योगों और अन्य आर एंड डी प्रयोगशालाओं आदि से संपर्क किया। हमारे कुछ पूर्व छात्रों का चयन एसजीपीजीआईएमएस, लखनऊ, आईएमएस बीएचयू, सरकारी स्कूल, डीबीटी और आईसीएमआर इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस, बीएचयू, सर गंगा राम हास्पिटल, नई दिल्ली आदि जैसे संस्थानों में हुआ।

खाद्य विज्ञान और प्रौद्योगिकी केंद्र

एक छात्र का चयन खाद्य सुरक्षा अधिकारी के रूप हुआ; दो छात्रों का बैंक में चयनय अधिकांश छात्र प्रतिष्ठित खाद्य उद्योगों में चयनित हुए; तीन छात्रों का चयन बीएचयू कैंपस प्लेसमेंट में हुआ है

समन्वित ग्रामीण विकास केंद्र

दो छात्रों को का चयन झारखंड राज्य आजीविका संवर्धन सोसायटी मुख्यालय: रांची, झारखंड मे हुआ; छ: छात्र कैशपोर माइक्रो क्रेडिट मुख्यालय: वाराणसी, उत्तर प्रदेश में; दो छात्र एक्शन फॉर सोशल एडवांसमेंट (एएसए) मुख्यालय: भोपाल, मध्य प्रदेश में; नौ छात्र पीरामल फाउंडेशन (गांधी फैलोशिप) मुख्यालय: मुंबई, महाराष्ट्र में; तेरह छात्र केयर इंडिया, बिहार मुख्यालय: पटना, बिहार; एक उत्कर्ष लघु वित्त बैंक मुख्यालय: वाराणसी, उत्तर प्रदेश में; एक मेधा मुख्यालय: लखनऊ, उत्तर प्रदेश में; एक गूंज मुख्यालय: नई दिल्ली में चयनित हुआ।

राजीव गांधी दक्षिणी परिसर

- रा.गा.द.प. का एमबीए (एग्रीबिजनेस) पाठ्यक्रम प्रशिक्षण और रोजगार के लिए विभिन्न प्रतिष्ठित कंपनियों और संगठनों जैसे पर्ल अकादमी, शवाना सीड्स, सिनोकैम, चंबल फर्टिलाइजर्स, डु-पोंट पायनियर, अंसल एपीआई, बैंडेड माइक्रोफाइनेंस, महिंद्रा टेक, पान बीज, धानुका एग्रीटेक, इंडोगल्फ फर्टिलाइजर्स, एएसए माइक्रोफाइनेंस, कैशपोर माइक्रोफाइनेंस, जेवीएल एग्रो, डाबर आयुर्वेद आदि से जुड़ा हुआ है।
- मास्टर ऑफ ट्रैवल एंड टूरिज्म के छात्रों की नियुक्ति कॉक्स एंड किंग्स, ग्रीट होलिडेज, यात्रा डॉट कॉम, मौजी डॉट कॉम आदि जैसी प्रतिष्ठित कंपनियों में सफलतापूर्वक हुई है।
- पत्रकारिता और जनसंचार में स्नातकोत्तर डिप्लोमा पाठ्यक्रम के छात्र विभिन्न मीडिया हाउसों जैसे ईटीवी भारत, टाइम्स ऑफ इंडिया, दैनिक जागरण और हिंदुस्तान टाइम्स से जुड़े हैं।
- एम.एससी (मृदा विज्ञान- मृदा और जल संरक्षण) और एम.एससी (एग्रोफॉरेस्ट्री) के छात्र वीएनआर सीड्स प्राइवेट लिमिटेड, झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी, उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, एग्रीबिजनेस सिस्टम इंटरनेशनल (एनजीओ) और भारत के अन्य सरकारी और गैर-सरकारी कृषि संगठनों में कार्यरत हैं। छात्र अपनी ग्रीष्मकालीन इंटर्नशिप आईसीएआर भारतीय मृदा एवं जल संरक्षण संस्थान- (देहरादून) में कर रहे हैं। एम.एससी (एग्रोफोरेस्ट्री) के श्री पासुपुलति सुमन्थ का चयन आंध्र प्रदेश की राज्य सरकार में कृषि विस्तार अधिकारी के रूप में हुआ है।
- बी. फार्मा (आयुर्वेद) और एम.फार्मा (आयुर्वेद), के छात्रों को श्री बैद्यनाथ आयुर्वेद भवन प्राइवेट लिमिटेड में प्रशिक्षण के लिए चुना गया है। साथ ही छात्रों की नियुक्ति श्री बैद्यनाथ आयुर्वेद भवन प्राइवेट लिमिटेड, इमामी लिमिटेड, पतंजलि आयुर्वेद और चरक जैसी प्रतिष्ठित कंपनियों में हुई।
- रा.गा.द.प. बी.एससी (कृषि) के छात्रों का बैंकिंग क्षेत्र, भारत के सरकारी और गैर-सरकारी कृषि संगठनों में सफल चयन हुआ है। सुश्री नेहा टंडन का प्रवेश भारतीय प्रबंधन संस्थान (अहमदाबाद) में तथा सुश्री चंचल सिंह का प्रवेश भारतीय विज्ञान संस्थान (हैदराबाद) में हुआ। छात्र भारतीय गन्ना अनुसंधान संस्थान (लखनऊ) में अपनी ग्रीष्मकालीन इंटर्नशिप कर रहे हैं।
- एम.एससी. (टेक.) पर्यावरण विज्ञान के छात्रों का विभिन्न संगठनों जैसे रामकी एन्वायरों इंजीनियर्स लिमिटेड में सफल चयन हुआ। कुछ छात्रों ने नेट परीक्षा उत्तीर्ण की।
- डीडीयू कौशल केंद्र, बीएचयू में मेडिकल लैब टेक्नोलॉजी, रिटेल लॉजिस्टिक एवं मैनेजमेंट तथा हॉस्पिटैलिटी एंड टूरिज्म मैनेजमेंट के छात्रों के लिए कैंपस चयन हेतु साक्षात्कार का आयोजन किया गया। जिसमे भारतीय और अंतर्राष्ट्रीय कंपनियां जैसे पैथकाइंड लैब्स, पैथकेयर लैब्स, रामकृष्णा मिशन और स्वीडन के एम हॉस्पिटल आदि ने छात्रों को अच्छे पैकेज चयन हुआ।

वसंता कॉलेज फॉर वुमेन

देश भर में विभिन्न शिक्षण और प्रशासनिक पदों कुल ०८ छात्राओं का चयन हुआ।

वसंत कन्या महाविद्यालय

गृह विज्ञान के स्नातकोत्तर की छात्राओं की इंटर्नशिप के लिए दो कंपनियों, सम्यक क्रिएशन्स और उमराई फैशन, इंडस्ट्रियल इस्टेट, लहतारा से संपर्क किया गया।

९.२४.२. विश्वविद्यालय सेवायोजन सूचना एवं मंत्रणा केन्द्र

'माडल ब्यूरो' के नाम से ख्याति-प्राप्त विश्वविद्यालय सेवायोजन सूचना एवं मन्त्रणा केन्द्र देश का सम्भवत: प्रथम केन्द्र है, जिसकी स्थापना जून १९५९ में काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, रुइया हॉस्टल, मेडिकल ब्लाक में की गयी थी। राष्ट्रीय नियोजन सेवा की ऐसी इकाइयां इस समय देश के लगभग ८२ विश्वविद्यालयों में कार्यरत हैं। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग तथा शिक्षा मन्त्रालय, भारत सरकार का प्रयास है कि देश के सभी विश्वविद्यालयों में सेवायोजन सूचना एवं मंत्रणा केन्द्रों की स्थापना की जाय। विश्वविद्यालय जीवन में केन्द्र की भूमिका अत्यन्त महत्वपूर्ण तथा चुनौतियों से भरपूर है। शिक्षित नवयुवकों तथा युवतियों को समुचित शैक्षणिक और व्यावसायिक मार्ग निर्देशन देकर, उनका भविष्य निर्माण करना, इन केन्द्रों का प्रमुख दायित्व है। विश्वविद्यालय के छात्र तथा छात्राओं को परिसर में ही शैक्षणिक तथा व्यावसायिक मार्ग निर्देशन सेवाएं उपलब्ध करायी जा सकें, इस उद्देश्य से इस केन्द्र का सूत्रपात किया गया था। विश्वविद्यालय की प्राचीन

परम्पराओं तथा गरिमा के अनुकूल छात्रोपयोगी सेवाएं अर्पित करने की दिशा में केन्द्र सर्वथा प्रतिबद्ध रहा है।

पंजीयन, सम्प्रेषण और प्लेसमेण्ट,कॅरियर स्टडीज एंव व्यावसायिक शोध, रोजगार एवं स्वरोजगार सम्बन्धी सूचना, शिक्षण-प्रशिक्षण, छात्रवृत्ति/अधिवृत्ति से सम्बन्धित सूचना,व्यावसायिक निर्देशन एवं कैरियर काउंसिलिंग : व्यक्ति एवं सामूहिक,कैम्पस भर्ती।

व्यावसायिक सूचना कक्ष की स्थापना एक बड़े हाल में की गयी है। इस कक्ष को केन्द्र की सूचना सेवाओं का मेरूदण्ड कहना अधिक उपयुक्त होगा। कक्ष में कुल ८० फोल्डर है जिनका वर्गीकरण संकाय, उद्योग, संस्था तथा विभिन्न अनुभागों में किया गया है। कक्ष का महिला अनुभाग, अपना रोजगार अनुभाग, चिकित्सा तथा प्राविधिक शिक्षा अनुभाग, प्रतियोगितात्मक अनुभाग, राष्ट्रीय विकास और प्रतिरक्षा अनुभाग, रोजगार क्षेत्र सूचना अनुभाग आदि छात्रों में विशेष लोकप्रिय है। देश तथा विदेशों में उपलब्ध शिक्षा, प्रशिक्षण, रोजगार, छात्रवृत्ति, अधिवृत्ति आदि सम्बन्धित सूचना वर्गीकृत रूप से कक्ष में उपलब्ध करायी गयी हैं।

व्यावसायिक सूचनाओं का संकलन, अध्ययन, अनुशीलन, संदर्शन, वर्गीकरण तथा संरक्षण करना केन्द्र का प्रमुख दायित्व है। केन्द्र की समस्त सूचना तथा निर्देशन सेवाएं उपयुक्त सूचना साहित्य की उपलब्धि तथा उपादेयता पर ही आधारित है। छात्रों की व्यक्तिगत तथा सामूहिक आवश्यकताओं के अनुसार ही सूचना साहित्य का संग्रहण तथा सन्दर्शन किया जाता है। वांछित सूचना तत्काल उपलब्ध न होने पर सम्बन्धित स्थानों से मंगा कर अभ्यर्थियों को उपलब्ध करायी जाती है।

व्यावसायिक परामर्श इकाइयों का संचालन केन्द्र के निर्देशन में, विश्वविद्यालय से सम्बद्ध विद्यालयों तथा महाविद्यालयों में किया जा रहा है। ऐसी इकाइयां हमारी सेवाओं को लघु रूप में अपने छात्रों को उपलब्ध कराती है। किशोरावस्था में निर्देशन की महत्ता का अनुभव करते हुए केन्द्र इन इकाइयों को अधिकाधिक सूचना सम्पन्न तथा सुदृढ़ बनाने की दिशा में प्रयत्नशील है। केन्द्र इन्हीं के माध्यम से सम्बन्धित संस्थाओं में व्यावसायिक वार्ताओं का आयोजन कर, छात्रों को भावी जीवन की ठोस व्यावसायिक योजना बनाने में सहायता करता है।

केन्द्र के पुस्तकालय में कीमती तथा उपयोगी सन्दर्भ साहित्य उपलब्ध है। पत्र-पत्रिकाओं के अतिरिक्त विश्वविद्यालयों के पाठ्यक्रम, नियमावली, प्रतियोगितात्मक परीक्षाओं के निर्देशन-साहित्य, स्वत: नियोजन, व्यवसाय प्रोन्नयन, व्यावसायिक मार्ग निर्देशन, आत्मविकास आदि से सम्बन्धित छात्रोपयोगी साहित्य पुस्तकालय में एकत्रित किया जा रहा है।

केन्द्र द्वारा व्यावसायिक शोध, अध्ययन, साहित्य सृजन तथा प्रकाशन सम्बन्धी कार्य अनवरत रूप से किया जा रहा है। प्रकाशन की तीन मालाओं 'प्लान ए कैरियर सीरीज' 'नो योर सब्जेक्ट सीरीज' तथा 'गाइडेन्स लीफ्लेट सीरीज' में अब तक कुल ५१ पुस्तकों, पुस्तिकाओं तथा विवरणिकाओं का प्रकाशन किया जा चुका है। समय-समय पर रोजगार सर्वेक्षण आयोजित कर प्रतिवेदन प्रकाशित किए जाते हैं।

प्लान ए कॅरियर सीरीज के अन्तर्गत प्रकाशित साहित्य का विषय-वस्तु अपेक्षाकृत अधिक विस्तृत तथा सारगर्भित होता है। ये पुस्तकें विविध पाठ्य-विषयों से सम्बन्धित उच्चशिक्षा, प्रशिक्षण, रोजगार, स्वत: रोजगार आदि के साथ-साथ विदेशों में उपलब्ध विशेषीकरण और व्यावसायिक अवसरों की जानकारी देती है। व्यक्तिगत निर्देशन के अवसर पर छात्रों तथा अभ्यर्थियों को उनकी आवश्यकतानुसार इन पुस्तकों की प्रतियां उपलब्ध करायी जाती हैं। केन्द्र के सभी प्रकाशन नि:शुल्क रूप से देश के समस्त व्यवसाय निर्देशन से सम्बन्धित अभिकरणों, प्रमुख पुस्तकालयों, संस्थाओं आदि को प्रेषित किए जाते हैं।

पत्राचार निर्देशन सेवा केन्द्र की विशिष्ट सेवाओं में एक है। देश के सभी भूभागों से छात्रों, अभ्यर्थियों, संस्थाओं तथा अभिभावकों से पृच्छाएं प्राप्त होती रहती हैं जिनका समुचित उत्तर दिया जाता है। कभी-कभी केन्द्र को बड़ी जटिल तथा समस्यापरक पृच्छाओं का भी निराकरण करना पड़ता है।

विदेशों में उच्चाध्ययन तथा रोजगार के प्रति विश्वविद्यालय के छात्रों तथा अध्यापकों में विशेष आकर्षण दृष्टिगत होता है। सूचना कक्ष में अमेरिका, कनाडा, इंग्लैण्ड, आस्ट्रेलिया, जर्मनी, फ्रांस, रूस, जापान, आदि देशों से सम्बन्धित शिक्षा, छात्रवृत्ति, प्रवेश नियम, भौगोलिक परिस्थितियाँ आदि सम्बन्धी सूचना अलग-अलग पत्रावलियों में सन्दर्शित की गई है। विदेशी विनिमय, पारपत्र, वीजा, पूर्व परीक्षा आदि में भी अद्यावधिक जानकारी दी जाती है।

रोजगार सूचना सहायता सभी इच्छुक अभ्यर्थियों को दी जाती है किन्तु पंजीयन की सुविधा केवल स्नातकोत्तर तथा व्यावसायिक स्नातकों (कृषि, चिकित्सा, तकनीकी, प्रौद्योगिकी, कानून, शिक्षा, पुस्तकालय विज्ञान, प्रबन्ध शास्त्र आदि) तक ही सीमित है।

नियोजन हेतु पंजीकृत अभ्यर्थियों के विवरण तथा आवेदन पत्र सम्बन्धित नियोजको को, उनकी मांगों के सन्दर्भ में, प्रेषित किए जाते है। ऐसी रिक्तियों की सूचना केन्द्र को सीधे नियोजक से, स्थानीय तथा देश के अन्य सेवायोजन कार्यालयों तथा केन्द्रीय सेवायोजन कार्यालय, नई दिल्ली से प्राप्त होती है।

प्लेसमेन्ट सेल: केन्द्र में स्थापित प्लेसमेन्ट सेल द्वारा समय-समय पर विभिन्न कम्पनियों के लिए कैम्पस प्लेसमेन्ट पर कार्य किया जा रहा है।

इण्टरनेट की सुविधा: केन्द्र में आने वाले आगन्तुकों एवं अभ्यर्थियों को उनकी आवश्यकता अनुसार सेवायोजन, प्रवेश से सम्बन्धित जानकारी, छात्रवृत्ति/अधिवृत्ति आदि से सम्बन्धित सूचना इण्टरनेट के माध्यम से प्रदान की जाती हैं।

कैरियर परामर्श

समय –समय पर कैरियर परामर्श सत्रों का आयोजन किया जाता है जिससे छात्रों को अपने कौशल और अपनी नौकरी की उम्मीदों के अनुरूप एक क्षेत्र चुनने में मदद मिलती है। इस प्रकार कैरियर परामर्श की सहायता से अधिकांश उम्मीदवार सही कैरियर का चयन करते हैं और अपने स्तर पर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हैं जो अंतत: उन्हें सफल होने में मदद करता है।

एक कैरियर चुनने के लिए एक सूचित विकल्प बताने का कार्य करती है।

कैरियर परार्मश कार्यक्रम (समाधान अवसर)

समाधान अवसर का आयोजन ०१ अप्रैल २०१८ से ३१ जुलाई २०१८ के दौरान किया गया है। इस कार्यक्रम को आयोजित करने का मुख्य उद्देश्य छात्रों को कैरियर अन्वेषण, कैरियर परिवर्तन, व्यक्तिगत कैरियर विकास और अन्य कैरियर से संबंधित चीजों के बारे में जानना और समझना है। कुल ११७१ छात्रों ने विश्वविद्यालय रोजगार सूचना एवं मार्गदर्शन ब्यूरो और वाराणसी के विभिन्न कॉलेजों के परिसर में आयोजित १३ कार्यक्रमों से कैरियर की जानकारी प्राप्त की।

अपना व्यवसाय चुनिए पखवाड़ा

अपना व्यवसाय चुनिए पखवाड़ा का आयोजन छात्रों व नौकरी चाहने वालों व नियोक्ता और आम जनता के बीच ब्यूरो की व्यावसायिक मार्गदर्शन सेवाओं के लिए व्यापक प्रचार हेतु १५ अगस्त २०१८ से ३१ अगस्त २०१८ के दौरान आयोजित किया गया। कार्यक्रम में कैरियर योजना के साथ कई संबंधितों से सराहनीय प्रतिक्रिया मिली। स्कूलों और कॉलेजों में ब्यूरो द्वारा ०५ कार्यक्रम आयोजित किए गए थे और इससे ८१५ जॉबसीकर्स को फायदा हुआ।

कैरियर काउंसिलिंग तथा व्यक्तित्व विकास (अवसर शिविर): प्रोग्राम अगस्त २०१८ से मार्च २०१९ के महीने तक आयोजित हुआ। कार्यक्रम में वाराणसी, मिर्जापुर और जौनपुर के ३५ कॉलेजों के ४३२३ छात्र व छात्राओं को कैरियर की जानकारी दी गई।

कैरियर काउंसिलिंग कार्यक्रम (अवसर शिविर): जनवरी २०१९ के महीने में आयोजित इस कार्यक्रम ने मां शांति देवी महाविद्यालय, नारायणपुर, मिर्जापुर कॉलेज में ४९ छात्रों को लाभान्वित किया गया है।

विश्वविद्यालय सेवायोजना सूचना एवं मंत्रणा केन्द्र ने नेशनल सर्विस, श्रम और रोजगार मंत्रालय के तहत भारत सरकार के मिशन मोड परियोजना का स्वागत किया है। इस योजना के तहत ब्यूरो के परिसर में मॉडल कैरियर सेंटर की स्थापना की जा रही है।

